3 | **राजधानी** मरीज को दी नयी जिन्दगी

6 | **अभिमत** गुजरात में परिवर्तन की प्रक्रिया

11 | **विदेश** अमेरिकी चेतावनी का तुर्की पर असर नहीं

12 | **विविध** वैश्विक अनुभव पाने के लिए आवश्यक

RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 332
लखनऊ, सोमवार, 27 सितम्बर, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




सीनियर खिलाड़ी के तौर पर जिम्मेदारी लेना चाहती थी

स्पोर्ट्स-10

# योगी मंत्रिमंडल में सात नए मंत्री शामिल

● जितिन प्रसाद ने कैबिनेट तथा पलटू राम, धर्मवीर प्रजापति, छत्रपाल गंगवार, संगीता बलवंत, संजीव कुमार गोंड़ और दिनेश खटिक ने राज्य मंत्री के रूप में शपथ ली

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



लखनऊ में रविवार को शपथ लेने वाले सात नए मंत्रियों के साथ सामूहिक चित्र खिंचाते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल

**उप्र** मंत्रिमंडल के बहुप्रतीक्षित विस्तार के तहत रविवार को कांग्रेस के पूर्व वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री रह चुके जितिन प्रसाद समेत सात मंत्रियों को शपथ दिलाई गई। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राजभवन के गांधी सभागार में आयोजित एक सादे समारोह में जितिन प्रसाद, पलटू राम, धर्मवीर प्रजापति, छत्रपाल गंगवार, संगीता बलवंत, संजीव कुमार गोंड और दिनेश खटिक को मंत्री पद की शपथ दिलाई।

प्रसाद को कैबिनेट मंत्री जबकि अन्य को राज्य मंत्री पद की शपथ दिलायी गयी। प्रदेश मंत्रिमंडल का विस्तार ऐसे समय किया गया है जब राज्य विधानसभा चुनाव में बमुश्किल पांच महीने रह गए हैं। छत्रपाल सिंह गंगवार बहेड़ी से विधायक हैं, बरेली क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते है। दो बार विधायक रहे हैं। पहली बार वर्ष 2007 और दूसरी बार मार्च 2017 में विधायक बने। रुहेलखंड में कुर्मियों को तरजीह देना भी बीजेपी का मकसद है और पूर्व सिंचाई मंत्री धर्मपाल व पूर्व वित्त मंत्री राजेश अग्रवाल के हटाए जाने के बाद रुलेहखंड में पिछड़ी जातियों को प्रतिनिधित्व नहीं मिल रहा था। दिनेश खटीक हस्तिनापुर मेरठ से विधायक है। पहली बार 2017 में विधायक बने, दिनेश के जरिए बीजेपी पश्चिमी यूपी में दलितों को संदेश देना चाहती है। खासतौर पर बसपा और आजाद समाज पार्टी का वर्चस्व कम करने की कोशिश भी है। मेरठ और आसपास के जिलों में खटीक समाज में अच्छी पकड़ है। पल्टूराम बलरामपुर से विधायक चुनकर आते है। पहली बार विधायक चुने गए है और बीजेपी ने इन्हें दलित चेहरे के रूप में शामिल किए गए हैं। खासतौर पर देवीपाटन मंडल में दलितों को लुभाने का प्रयास भी है। संजय गौड़ ओबरा सोनभद्र से आते हैं और पहली बार विधायक बने है। वर्ष 1990 से संघ से जुड़ाव रहा है। भाजपा में सामान्य कार्यकर्ता रहे है। आदिवासी बहुल जिला सोनभद्र में आदिवासियों में अपनी पकड़ मज़बूत बनाये रखना भी बीजेपी का एक मकसद है।

डॉ. संगीता बलवन्त गाजीपुर सदर से पहली बार विधायक बनी हैं। स्नातकोत्तर, बीएड, एलएलबी, पीएचडी डिग्री धारक हैं। अपने राजनीतिक सफर की शुरुआत संगीता ने 2002 में पीजी कालेज से छात्रसंघ उपाध्यक्ष बनकर की, 2005 में जमानियां से जिला पंचायत सदस्य रहीं, वर्ष 2017 में पहली बार गाजीपुर सदर विधानसभा क्षेत्र से विधायक बनी। पहले बसपा में थीं लेकिन 2014 लोकसभा चुनाव से भाजपा में सक्रिय रहीं। इसके बाद पार्टी ने 2017 में इन्हें सदर से टिकट दिया। संगीता बलवंत बिंद ओबीसी से आती हैं। गाजीपुर समेत पूर्वांचल में ये वोट बैंक काफी संख्या में है। उनमें सेंधमारी रोकने और प्रभाव बढ़ाने के लिए मंत्री ( शेष पेज 9 )

# सरकार का किसानों को तोहफा गन्ना समर्थन मूल्य 25 रुपए बढ़ा

● किसान सम्मेलन में मुख्यमंत्री का ऐलान, बिजली बिल के बकाये पर नहीं लगेगा ब्याज

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



लखनऊ में किसान सम्मेलन में लगी प्रदर्शन देखते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**मुख्यमंत्री** ने किसानों के मन की मुराद पूरी कर दी है। योगी आदित्यनाथ ने गन्ना मूल्य 25 रुपये प्रति कुंतल बढ़ाने का ऐलान किया है। सीएम योगी ने कहा कि 315 रुपये वाले गन्ने का मूल्य अब 340 रुपये प्रति कुंतल दिया जाएगा वहीं 325 रुपये वाले गन्ने का दाम अब 350 होगा। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने किसानों के बिजली बिल के बकाये पर ब्याज माफ करने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने रविवार को लखनऊ स्थित डिफेन्स एक्सपो कार्यक्रम स्थल पर आयोजित किसान सम्मेलन में यह बड़ी घोषणाएं कीं।

किसानों को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का आधार किसान और गरीब कल्याण है। गन्ना मूल्य बढ़ोतरी की बहुप्रतीक्षित आस पूरी करते हुए सीएम योगी ने कहा किए प्रदेश के 45.44 लाख किसानों को इस वर्ष बढ़े हुए गन्ना मूल्य से लगभग रुपए 4,000 करोड़ की अतिरिक्त धनराशि की प्राप्ति होगी। सपा-बसपा सरकारों के कार्यकाल में चीनी मिलों की बंदी की याद दिलाते हुए सीएम ने 2004 से 2014 तक के कार्यकाल को देश और प्रदेश के लिए अंधकार युग बताया। उन्होंने कहा कि तब यहां अराजकता और गुंडागर्दी का बोलबाला था। प्रदेश का किसान आत्महत्या को मजबूर था और गरीब भूख से मर रहा था।

सपा शासन काल के मुजफ्फरनगर दंगों की याद दिलाते हुए योगी ने कहा कि मुजफ्फरनगर दंगे में मरने वाला अगर कोई था तो किसान था। किसानों के बेटे थे। हमारी सरकार में कोई दंगा नहीं हुआ। अगर किसी ने दंगा करने की कोशिश की तो उसकी 7 पीढ़ियां जुर्माना भरते भरते खप जाएंगी। उत्साह से लबरेज किसानों से मुखातिब योगी ने विपक्ष से पूछा कि जब किसान आत्महत्या कर रहा था तब सपा-बसपा और कांग्रेस के लोग कहां थे।

सीएम ने कहा कि पिछली सरकारें किसानों के पेट पर लात मार रही थी। वहीं कांग्रेस की दुर्दशा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि किसानों से छल करने वाली कांग्रेस को जनता ने बोलने लायक नहीं छोड़ा। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 के पहले पश्चिमी उत्तर प्रदेश में लोगों के गाय भैंस गायब हो जाते थे, चोरी कर लिए जाते हैं। पर आज स्थिति बदल चुकी है। किसान सम्मेलन में योगी ने पिछली सरकारों में गन्ना मूल्य बकाये से लेकर ( शेष पेज 9 )

# नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन होंगे तेज, वित्तीय मदद भी रुकेगी

● नक्सल प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ गृह मंत्री अमित शाह की बैठक में बनी रणनीति

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में नक्सल प्रभावित राज्यों के साथ उच्चस्तरीय बैठक में भाग लेने पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में रविवार को यहां हुई एक उच्च स्तरीय बैठक में नक्सलियों के खिलाफ अभियान तेज करने और उन्हें मिलने वाली वित्तीय सहायता को रोकने के दो प्रमुख मुद्दों पर चर्चा हुई। इस बैठक में छह मुख्यमंत्रियों और चार अन्य राज्यों के शीर्ष अधिकारियों ने भाग लिया।

लगभग तीन घंटे तक चली बैठक के दौरान माओवादियों के मुख्य संगठनों के खिलाफ कार्रवाई, सुरक्षा के क्षेत्र में खालीपन को भरने और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) एवं राज्य पुलिस द्वारा ठोस कार्वाई जैसे अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी चर्चा की गई। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि बैठक में ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक, तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भाग लिया। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई एस जगन मोहन रेड्डी और केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन बैठक में शामिल नहीं हुए, लेकिन इन चार राज्यों का प्रतिनिधित्व वरिष्ठ अधिकारियों ने किया।

सूत्रों ने बताया कि बैठक में नक्सलियों के खिलाफ अभियान तेज करने, सुरक्षा के क्षेत्र में पैदा हुए खालीपन को भरने, चरमपंथियों को मिलने वाली आर्थिक मदद का प्रवाह रोकने और ईडी, एनआईए और राज्य पुलिस द्वारा ( शेष पेज 9 )

## चार नेताओं के नाम विधान परिषद के लिए भेजे गए

**लखनऊ।** मंत्रिमंडल विस्तार में कैबिनेट मंत्री बनाए गए जितिन प्रसाद समेत चार नेताओं के नाम विधान परिषद सदस्य के तौर पर मनोनयन के लिए भेजे गए हैं। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक सरकार ने जितिन प्रसाद के साथ-साथ निषाद पार्टी के मुखिया संजय निषाद (गोरखपुर), चौधरी वीरेंद्र सिंह गुर्जर (शामली) तथा गोपाल अंजान भुर्जी (मुरादाबाद) के नाम विधान परिषद सदस्य के तौर पर मनोनीत किए जाने के लिए राजभवन भेजे हैं। प्रदेश की 100 सदस्यीय विधान परिषद में समाजवादी पार्टी के सबसे ज्यादा 48 सदस्य हैं। इसके अलावा भाजपा के 33, बसपा के छह, निर्दलीय चार, शिक्षक दल के दो तथा अपना दल और कांग्रेस का एक-एक सदस्य है। इस तरह वर्तमान में उच्च सदन की पांच सीटें रिक्त हैं। गत लोकसभा चुनाव में भाजपा की सहयोगी रही निषाद पार्टी के अध्यक्ष संजय निषाद पिछले दिनों खुद को आगामी विधानसभा चुनाव में उप मुख्यमंत्री पद के दावेदार के तौर पर पेश करने की मांग को लेकर चर्चा में थे।

# डिजिटल लेनदेन से अर्थव्यवस्था में आ रही पारदर्शिताः प्रधानमंत्री

**मन की बात**

● कहा, कोविड-19 रोधी टीकाकरण के सुरक्षा चक्र से कोई छूटे नहीं

**भाषा।** नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि डिजिटल लेनदेन से देश की अर्थव्यवस्था में स्वच्छता और पारदर्शिता आ रही है तथा इसके कारण भ्रष्टाचार जैसी रुकावटों में बहुत कमी आई है। पर्व और त्योहारों के मौसम से पहले प्रधानमंत्री ने देशवासियों से कोविड-19 से बचाव के सभी उपायों का पालन करने का आग्रह किया और यह सुनिश्चित करने को कहा कि टीकाकरण अभियान में कोई भी पीछे न छूटे। आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 81वीं कड़ी में देश और दुनिया के लोगों के साथ अपने विचार साझा करते हुए प्रधानमंत्री ने नदियों को प्रदूषण से मुक्त करने, स्वच्छता अभियान को निरंतर जारी रखने और खादी तथा स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित करने पर बल दिया।

उन्होंने कहा कि जिस तरह घर-घर शौचालय निर्माण की केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना ने गरीबों की गरिमा बढ़ाई, वैसे ही आर्थिक स्वच्छता गरीबों के अधिकार सुनिश्चित करती है, उनका जीवन आसान बनाती है। मोदी ने कहा कि जन-धन खातों के अभियान की वजह से आज गरीबों को उनके हक का पैसा सीधा उनके खाते में जा रहा है जिसके कारण भ्रष्टाचार जैसी रुकावटों में बहुत अधिक कमी आई है। डिजिटल लेनदेन के बढ़ते प्रचलन का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आर्थिक स्वच्छता में प्रौद्योगिकी बहुत मदद कर सकती है। उन्होंने कहा, पिछले अगस्त महीने में यूपीआई से 355 करोड़ रुपए का लेनदेन हुआ। आज औसतन छह लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का डिजिटल भुगतान यूपीआई से हो रहा है। इससे देश की अर्थव्यवस्था में स्वच्छता और पारदर्शिता आ रही है।

स्वच्छ भारत अभियान का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जिस प्रकार महात्मा गांधी ने स्वच्छता को स्वाधीनता के सपने के साथ जोड़ दिया था, उसी प्रकार इतने दशकों बाद स्वच्छता आंदोलन ने एक बार फिर देश को नए भारत के सपने के साथ जोड़ने का काम किया है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता का अभियान साल-दो साल या एक सरकार-दूसरी सरकार का विषय नहीं है, बल्कि पीढ़ी दर पीढ़ी स्वच्छता के संबंध में सजगता से लगातार बिना थके-बिना रुके बड़ी श्रद्धा के साथ जुड़े रहना है और स्वच्छता के अभियान को ( शेष पेज 9 )

## पंजाब में 15 मंत्रियों ने ली शपथ, सात नए चेहरे

**भाषा।** चंडीगढ़

**पंजाब** के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने रविवार को राज्य मंत्रिपरिषद का पहला विस्तार कर 15 कैबिनेट मंत्रियों को शामिल किया, जिसमें सात नए चेहरे हैं। राज्य में पांच महीने बाद होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर इस कवायद से सत्तारूढ़ दल कांग्रेस ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। चन्नी के मंत्रिपरिषद में रणदीप सिंह नाभा, राजकुमार वेरका, संगत सिंह गिलजियां, परगट सिंह, अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग और गुरकीरत सिंह कोटली नए चेहरे हैं। राणा गुरजीत सिंह ने 2018 में अमरिंदर सिंह के नेतृत्व वाले मंत्रिमंडल से इस्तीफा देने के बाद वापसी की है। पंजाब के राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित ने सभी मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। अमरिंदर सिंह के नेतृत्व वाले मंत्रिमंडल में मंत्री रहे ब्रह्म मोहिंद्रा, मनप्रीत सिंह बादल, तृप्त राजिंदर सिंह बाजवा, अरुणा चौधरी, सुखबिंदर सिंह सरकारिया, रजिया सुल्ताना, विजय इंदर सिंगला, भारत भूषण आशु को फिर से मंत्रिपरिषद में जगह ( शेष पेज 9 )

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 60,048 | |
| निफ्टी | 17,853 | |
| सोना | 45,141 | /10g |
| चांदी | 59,429 | /kg |

## क्विक न्यूज

### सुरक्षा बलों ने कश्मीर में दो आतंकवादी किए ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के बांदीपुरा जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में रविवार को दो आतंकवादी मारे गए जो पिछले साल भारतीय जनता पार्टी के नेता वसीम बारी और उनके परिवार के दो सदस्यों की हत्या में शामिल थे। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि उत्तरी कश्मीर में बांदीपुरा के वतरीना इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने 14 राष्ट्रीय राइफल्स और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के साथ मिलकर इलाके की घेराबंदी की और तलाशी अभियान चलाया। उन्होंने बताया कि तलाशी अभियान के दौरान तब मुठभेड़ शुरू हो गई जब आतंकवादियों ने आत्मसमर्पण के लिए दिए गए अनेक मौकों पर ध्यान नही देते हुए सुरक्षा बलों पर गोलियां चलानी शुरू कर दी जिसके बाद बलों ने भी जवाबी कार्रवाई की।

# अवैध धर्मांतरण मामले में तीन और गिरफ्तार, खातों में मिले 20 करोड़

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



इदरीस



सलीम



कुणाल उर्फ आतिफ

**अवैध** धर्मांतरण मामले में पिछले दिनों गिरफ्तार कलीम सिद्दीकी से जुड़े तीन और लोगों को यूपी एटीएस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए लोगों में मुजफ्फरनगर के फुलत के रहने वाला मोहम्मद इदरीस कुरैशी व मोहम्मद सलीम है जबकि तीसरे व्यक्ति का नाम कुणाल अशोक चौधरी उर्फ आतिफ है जो नासिक का रहने वाला है।

एडीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार ने बताया कि 10 दिनों की रिमांड पर आए कलीम सिद्दीकी से पूछताछ के बाद इन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। 21 सितंबर को मेरठ से गिरफ्तार किए गए मौलाना कलीम सिद्दीकी से पूछताछ में कई अहम जानकारी मिली है। इसमें कलीम की संस्था जमीयते इमाम वलीउल्लाह अल इस्लामिया ट्रस्ट से जुड़े खातों में 20 करोड़ रुपये आने की बात शामिल है। इसमें से बड़ी राशि कलीम ने अपने साथ धर्मांतरण का काम करने वालों को भेजा है। जो पैसे ट्रस्ट के खातों में आए उसके आने का स्रोत कलीम नहीं बता सका।

कलीम ने बताया कि उसने उम्मत को बढ़ाने की जिम्मेदारी को अपना फर्ज बनाया। कलीम ने पूछताछ में बताया है कि धर्म परिवर्तन कराने पर विदेशों में बैठे सहयोगियों को वह अवगत करा देता है। जिसके बदले मोटा पैसा मिलता है। एटीएस के मुताबिक कलीम जहां भी धर्मांतरण के कार्यों के लिए जाता है वहां उसके सहयोग के लिए हाफिज इदरीस, मोहम्मद सलीम और कुणाल अशोक चौधरी उर्फ आतिफ साथ-साथ रहते हैं। सलीम 17 साल से और इदरीस 20 साल से कलीम के साथ है। यह दोनों धर्मांतरण के लिए लोगों से संपर्क करते थे और इस्लाम धर्म में शामिल होने की ( शेष पेज 9 )

## सीमा प्रबंधन को लेकर भ्रम न फैलाए, शांति कायम करे चीनः भारत

**बीजिंग।** भारत ने चीन से गोलपोस्ट न बदलने और सीमा मामलों के प्रबंधन में भ्रम पैदा न करने तथा सीमा के सवाल को हल करने के वृहद मुद्दे के साथ सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति बहाल करने को कहा है। पिछले साल मई में पूर्वी लद्दाख में पैदा हुए गतिरोध के बाद भारत लगातार कहता रहा है कि सीमावर्ती इलाकों में शांति दोनों देशों के संबंधों के संपूर्ण विकास के लिए आवश्यक है। चीन में भारत के राजदूत विक्रम मिसरी ने 23 सितंबर को चीन-भारत संबंधों पर चौथे उच्च स्तरीय ट्रैक-2 संवाद में कहा कि पड़ोसी होने के अलावा भारत और चीन बड़ी और उभरती अर्थव्यवस्थाएं हैं एवं मतभेद तथा समस्याएं होना असामान्य नहीं है। मिसरी ने कहा, महत्वपूर्ण सवाल यह है कि इनसे कैसे निपटा जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि हमारी सीमाओं पर शांति बनाए रखने के लिए नतीजे ( शेष पेज 9 )

# न्यायपालिका में शामिल हों 50% महिलाएं

● प्रधान न्यायाधीश एनवी रमण ने कहा, देश के सभी विधि संस्थानों में भी लागू हो यही व्यवस्था

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**भारत** के प्रधान न्यायाधीश एनवी रमण ने रविवार को महिला वकीलों का आह्वान किया कि वे न्यायपालिका में 50 प्रतिशत आरक्षण के लिए जोरदार तरीके से मांग उठाएं। प्रधान न्यायाधीश ने इस मांग को अपना पूरा समर्थन जताते हुए कहा, मैं नहीं चाहता कि आप रोएं, बल्कि आपको गुस्से के साथ चिल्लाना होगा और मांग करनी होगी कि हम 50 प्रतिशत आरक्षण चाहती हैं।

उन्होंने कहा कि यह हजारों सालों के दमन का विषय है और महिलाओं को आरक्षण का अधिकार है। न्यायमूर्ति रमण ने कहा, यह अधिकार का विषय है, दया का नहीं। उन्होंने कहा, मैं देश के सभी विधि संस्थानों में महिलाओं के लिए एक निश्चित प्रतिशत आरक्षण की मांग की पुरजोर सिफारिश और समर्थन करता हूं ताकि वे न्यायपालिका में शामिल हो सकें।

उच्चतम न्यायालय की महिला अधिवक्ताओं द्वारा तीन महिला न्यायाधीशों समेत नव नियुक्त नौ न्यायाधीशों के सम्मान में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए प्रधान न्यायाधीश ने कहा, आप सब हंस रही हैं। मैं भी यही चाहता हूं कि आपको रोना नहीं पड़े, बल्कि आप गुस्से के साथ चिल्लाएं और मांग उठाएं कि हमें 50 प्रतिशत आरक्षण चाहिए। यह छोटा मुद्दा नहीं है बल्कि हजारों सालों के दमन का विषय है। यह उचित समय है जब न्यायपालिका में महिलाओं का 50 प्रतिशत प्रतिनिधित्व होना चाहिए। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य की बात है कि कुछ चीजें बहुत देरी से आकार लेती हैं और इस लक्ष्य की प्राप्ति होने पर उन्हें बहुत खुशी होगी।

न्यायमूर्ति रमण ने कहा कि लोग अक्सर बड़ी आसानी से कह देते हैं कि 50 प्रतिशत आरक्षण मुश्किल है क्योंकि महिलाओं की अनेक समस्याएं होती हैं लेकिन यह सही नहीं है। उन्होंने कहा, मैं मानता हूं कि असहज माहौल है, बुनियादी सुविधाओं की कमी है, खचाखच भरे अदालत कक्ष हैं, प्रसाधन गृहों की कमी है, बैठने की जगह कम है। जो कुछ बड़े मुद्दे हैं।

# सूबे में कोरोना संक्रमण नियंत्रित स्थिति में

● 17 अक्टूबर से 16 नवम्बर तक चलेगा प्रदेशव्यापी संचारी रोग नियंत्रण अभियान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री योगी** आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश सरकार की प्रभावी रणनीति का परिणाम है कि राज्य में कोरोना संक्रमण नियंत्रित स्थिति में है। प्रदेश में कोरोना की दूसरी लहर के प्रभावी नियंत्रण के पश्चात जनजीवन तेजी से सामान्य हो रहा है। कोरोना संक्रमण अभी समाप्त नहीं हुआ है। इसलिए थोड़ी लापरवाही भी भारी पड़ सकती है। उन्होंने कोविड 19 से बचाव और उपचार की व्यवस्था को प्रभावी ढंग से जारी रखने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री रविवार को अपने सरकारी आवास पर आहूत एक उच्चस्तरीय बैठक में प्रदेश में कोविड 19 की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में मुख्यमंत्री को बताया गया कि पिछले 24 घण्टों में राज्य में कोरोना संक्रमण के 11 नए मामले सामने आए हैं। इस अवधि में 12 व्यक्तियों को सफल उपचार के उपरान्त डिस्चार्ज किया गया। वर्तमान में प्रदेश में कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या 176 है। जनपद अलीगढ़, अमेठी, अमरोहा, औरैया, अयोध्या, आजमगढ़, बदायूं, बागपत, बलिया, बांदा, बहराइच, बिजनौर, फर्रूखाबाद, गाजीपुर, गोण्डा, हमीरपुर, हापुड़, हरदोई, हाथरस, कानपुर देहात, कासगंज, महोबा, मीरजापुर, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, पीलीभीत, रामपुर, संतकबीर नगर, शामली, श्रावस्ती, सीतापुर और सोनभद्र में कोविड का एक भी मरीज नहीं है। प्रदेश में कोरोना संक्रमण की रिकवरी दर 98.7 प्रतिशत है। पिछले



24 घण्टे में प्रदेश में 2,17,730 कोरोना टेस्ट किए गए। अब तक राज्य में 07 करोड़ 77 लाख 98 हजार 860 कोविड टेस्ट सम्पन्न हो चुके हैं।

मुख्यमंत्री ने कोविड वैक्सीनेशन कार्य को पूरी सक्रियता से संचालित करने के निर्देश देते हुए कहा कि कोरोना संक्रमण से बचाव में कोविड टीकाकरण एक महत्वपूर्ण सुरक्षा कवच है। बैठक में मुख्यमंत्री को बताया गया कि प्रदेश में कोविड टीकाकरण की प्रक्रिया तीव्र गति से चल रही है। राज्य में गत दिवस तक 10 करोड़ 02 लाख 89 हजार से अधिक कोरोना वैक्सीन की डोज लगाई जा चुकी हैं। यह किसी भी प्रदेश में किया गया सर्वाधिक टीकाकरण है।

मुख्यमंत्री ने डेंगू व अन्य वायरल बीमारियों के सम्बन्ध में प्रदेशव्यापी सर्विलान्स कार्यक्रम को और प्रभावी बनाए जाने के निर्देश दिये। बुखार व संक्रमण के अन्य लक्षणों के संदिग्ध मरीजों की पहचान कर उन्हें उचित परामर्श दिया जाए। अस्पतालों में बेड एवं दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता बनायी रखी जाए। मुख्यमंत्री जी को अवगत कराया गया कि 17 अक्टूबर से 16 नवम्बर 2021 तक प्रदेशव्यापी संचारी रोग नियंत्रण अभियान संचालित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस दौरान आमजन को संचारी रोग के सम्बन्ध में जागरूक किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने ग्राम स्वराज की जो संकल्पना की थी उसे वर्तमान सरकार साकार रूप देने का कार्य कर रही है। इसके दृष्टिगत सम्पूर्ण प्रदेश में गांधी जयन्ती के अवसर पर ग्राम पंचायतों की विशेष बैठकें आयोजित की जाएं जिसमें स्वच्छ भारत मिशन और जल जीवन मिशन पर चर्चा की जाए। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर गांवों को आत्म निर्भर बनाए जाने के सम्बन्ध में भी सार्थक विमर्श किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ प्रभावित जनपदों में कृषि व राजस्व विभाग संयुक्त रूप से कृषि फसलों की क्षति का आकलन करें और उन्हें नियमानुसार क्षतिपूर्ति देने की व्यवस्था करें। उन्होंने कहा कि बाढ़ध्अतिवृष्टि से प्रभावित लोगों को तत्काल राशन तथा अन्य आवश्यक सहायता उपलब्ध करायी जाए।



सीएम योगी आदित्यनाथ लखनऊ में अपने सरकारी आवास पर आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में लोगों की समस्याएं सुनते हुए

## भाजपा सरकार की प्राथमिकता में गांव, गरीब व किसान



**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा गन्ना किसानों के हित में गन्ने के मूल्य में ऐतिहासिक वृद्धि किये जाने पर गन्ना किसानों का बधाई दी है और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि पहले दिन से ही भाजपा सरकार की प्राथमिकता में गांव, गरीब, किसान, है। रिकार्ड गन्ने के भुगतान के साथ अब गन्ने के समर्थन मूल्य में वृद्धि सरकार द्वारा किसानों को समृद्धशाली बनाने की प्रतिबद्धता है। उन्होंने कहा कि गन्ना समर्थन मूल्य में वृद्धि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर किसान से आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार रूप प्रदान करने में कारगर साबित होगा। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि अब गन्ना किसानों को 325 की जगह 350 रुपये प्रति कुंटल के हिसाब से भुगतान किया जाएगा। जबकि सामान्य गन्ने के लिए 315 के बजाय 340 रुपये का भुगतान किया जाएगा। श्री सिंह ने कहा कि सीएम योगी द्वारा लगातार प्रदेश के किसानों के हित में निर्णय लिए जा रहे है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश के किसानों की हर समस्याओं का समाधान भाजपा सरकार कर रही है। उन्होंने कहा कि आज किसानों के हित में पिछले साढ़े चार वर्ष के दौरान किसानों के हित में भाजपा सरकार की योजनाओं व उपलब्धियों से भरी एक लम्बी फेहरिस्त है।

## मंत्रिमंडल में बदलाव करने से अब कुछ हासिल होने वाला नहीं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी पार्टी** के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि प्रदेश अपराधों की आग में झुलस रहा है। भाजपा के रामराज में ठोको पुलिस जनता की रक्षा के बजाय फर्जी केस बनाने और फर्जी एनकाउंटर करने में लगी रहती है। इसका फायदा उठाकर अपराधी बेखौफ हत्या, लूट, अपहरण और दुष्कर्म की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। प्रदेश को भाजपा ने अपनी कुनीतियों से बर्बाद किया है। उन्होंने कहा कि अब मंत्रिमण्डल में बदलाव करने से भी भाजपा को कुछ हासिल नहीं होगा क्योंकि चेहरे बदलने की कवायद के बाद भी सरकार तो भाजपा की ही रहेगी। जनता भाजपा सरकार से ऊब गयी है और वह अब उसे सत्ता से बेदखल करने का अंतिम निर्णय कर चुकी है। अखिलेश ने कहा कि मुख्यमंत्री अपने जुमलों में रोज अपराधों पर जीरो टॉलरेंस की बातें करते रहते हैं पर कोई उनको सुनता नहीं है। भाजपा सरकार में मंत्री से लेकर अधिकारी तक सब अपनी मनमानी कर रहे हैं किसी का किसी पर कोई नियंत्रण नहीं रह गया है।



अखिलेश ने कहा कि गोरखपुर अपराधियों का अड्डा बन गया है। अभी उनवल के नाले में युवती की लाश मिली। गुलरिया में बच्चों का शव मिला। महिला की चेन व पर्स चोरी हो गया। जब जिला ही नहीं सम्हल रहा है तो देश का सबसे बड़ा प्रदेश कैसे सम्हल पाएगा, अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा राज में साधु संतों की जिंदगी भी खतरे में है। उन पर जानलेवा हमलों की सूची लम्बी हैं विगत 4 सालों में 42 साधु संतों की हत्या हो चुकी है। किसी को गोली मारी गई तो किसी की संदिग्ध स्थितियों में मौत हुई। अभी तक किसी को न्याय नहीं मिल पाया है। सहारनपुर में सत्ता संरक्षित दबंगों ने दम्पत्ति को जिंदा फूंक दिया। कानपुर में दुष्कर्म के बाद युवती को 10वीं मंजिल से फेंक दिया गया। बुलन्दशहर में किशोरी से दुष्कर्म हुआ। गोण्डा में एक दिन में दो विवाहिताओं की दिल दहलाने वाली हत्यायें हो गई। अलीगढ़ में अपहरण की घटना हुई।

## आठ आईपीएस को मिली तैनाती

**लखनऊ।** लंबे इंतजार के बाद शनिवार देर रात प्रमोशन पाए अधिकारियों को शासन ने उसी जगह पर तैनाती दे दी है। शासन की ओर से आधी रात को जारी आठ आईपीएस अधिकारियों की तबादला सूची के मुताबिक एडीजी रैंक के अधिकारियों में विजय प्रकाश को फायर सर्विसेज में ही एडीजी के पद पर तैनाती दी गई है। वह पहले यहीं आईजी के पद पर तैनात थे। एसटीएफ में तैनात अमिताभ यश को वहीं आईजी से एडीजी एसटीएफ बना दिया गया है। नवनीत सिकेरा को पुलिस मुख्यालय से भवन एवं कल्याण का एडीजी बना दिया गया है। आईजी रैंक के अधिकारियों में अभियोजन में डीआईजी के रूप में तैनात विनय कुमार यादव को वहीं आईजी के रूप में तैनाती दे दी गई है। आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन में डीआईजी के रूप में तैनात हीरा लाल को वहीं आईजी बना दिया गया है। पीटीसी मुरादाबाद में डीआईजी के रूप में तैनात शिव शंकर सिंह को वहीं आईजी बनाया गया है। इसी तरह 1 जनवरी को एसपी से डीआईजी बने रवि शंकर छवि को वूमन पावर लाइन में ही डीआईजी के पद पर तैनाती दी गई है। वह यहीं पर एसपी के रूप में काम कर रहे थे। इसी तरह तकनीकी सेवा में एसपी के रूप में तैनात प्रतिभा अंबेडकर को तकनीकी सेवा में ही डीआईजी के पद पर तैनाती दी गई है। इसके अलावा प्रतापगढ़ की सांगीपुर में आयोजित एक सरकारी कार्यक्रम में सांसद संगम लाल गुप्ता पर हुए हमले के मामले में लालगंज के क्षेत्राधिकारी जगमोहन सिंह यादव को शासन ने निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई प्रयागराज जोन के एडीजी प्रेम प्रकाश की रिपोर्ट पर की गई है। जगमोहन सिंह पर कार्यक्रम में जुटने वाली भीड़ और उसकी संवेदनशीलता का पूर्वानुमान न कर पाने का आरोप है।

बीजेपी का मिशन 2022

## पिछड़ों-दलितों के जरिए चुनावी दरिया में लहर पैदा करने की कोशिश

● भाजपा की सोशल इंजीनियरिंग से विपक्ष का बढ़ा सरदर्द

● विस्तार में योगी ने अपनाया मोदी पैटर्न

अभिषेक रंजन। लखनऊ

**यूपी विधान** सभा चुनाव जैसे-जैसे करीब आ रहा है वैसे-वैसे क्षेत्रीय और जातीय गणित को सही खांचे में बैठाने की कोशिश हर दल कर रहा है। फिलहाल योगी सरकार ने रविवार को अपने दूसरे मंत्रिमंडल विस्तार के जरिए विपक्ष के लिए सरदर्द बढ़ा दिया है। या यूं कहे कि सोशल इंजीनियरिंग फार्मूल के जरिए बीजेपी ने चुनावी दरिया में लहर पैदा करने की कोशिश की है ताकि चुनाव के समय भाजपा इन लहरों के जरिए चुनावी वैतरणी पार कर सके। महत्वपूर्ण बात कि सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूसरे मंत्रिमंडल विस्तार का ही पैटर्न फालो किया है। पीएम मोदी ने ाा अपने सरकार के दूसरे मंत्रिमंडल विस्तार में एक ब्राहमण और दलित, एससी को रखकर समाजिक संतुलत को बनाया था। खासबात यह भी है कि यूपी में संभवत: यह पहला मंत्रिमंडल विस्तार होगा जो कि विधान सभा चुनाव से कुछ ही माह पहले हुआ है।

जहां एक तरफ सपा का प्रबुद्ध सम्मेलन और बसपा का ब्राहमण स मेलन प्रदेश में जारी है तो वही धौरहरा से दो बार सांसद और केंद्रीय राज्यमंत्री रहे जितिन प्रसाद की योगी सरकार में शामिल करने से विपक्ष को करारा जवाब सत्तारूढ़ दल ने दिया है। ब्राहमण वोट को अपने पाले में करने की सपा और बसपा की रणनीति को भी झटका लगा है। बीजेपी ने विधान सभा चुनाव से ठीक पहले सोशल इंजीनियरिंग के फार्मूला का प्रयोग दलगत राजनीति को संतुलित करने में किया है। पूर्वांचल और पश्चिम के क्षेत्रीय संतुलन पर भी फोकस किया है। मोदी ने भी अपनी कार्यकाल के दूसरे मंत्रिमंडल विस्तार में मिर्जापुर से सांसद अनुप्रिया पटेल, खीरी सांसद अजय कुमार मिश्रा टेनी, राज्यसभा सांसद बीएल वर्मा, मोहनलालगंज लखनऊ के सांसद कौशल किशोर, आगरा सांसद एसपी सिंह बघेल, महराजगंज सांसद पंकज चौधरी और जालौन सांसद भानु प्रताप वर्मा को जगह दी थी। मोदी सरकार के इस कैबिनेट विस्तार के जरिए भाजपा उत्तर प्रदेश में जातीय और क्षेत्रीय संतुलन साधने की कोशिश की और फोकस गैर यादव ओबीसी वोट बैंक पर किया। इसी वोट बैंक को साधकर भाजपा ने साल 2017 में यूपी में प्रचंड बहुमत की सरकार बनाई थी। वहीं राज्य में ब्राह्मण और दलित वोट बैंक को साधने के लिए इस जाति समूह से भी एक-एक नेताओं को मोदी मंत्रिमंडल में स्थान दिया गया था। योगी ने भी रविवार को अपना तीसरा मंत्रिमंडल विस्तार किया जिसमें जितिन प्रसाद ब्राहमण समाज, छत्रपाल सिंह गंगवार बहेड़ी विधान सभा से बरेली जिला और पिछड़ी जाति कुर्मी से है। पलटू राम बलरामपुर सुरक्षित से आते है और अनुसूचित जाति खटिक समाज का प्रतिनिधित्व करते हैं। डा संगीता बलवंत पहली बार गाजीपुर सदर से हैं और पिछड़ी जाति बिंद समाज की है। धर्मवीर प्रजापति एमएलसी हैं आगरा से आते है और पिछड़ी जाति का प्रतिनिधित्व करते हैं। दिनेश खटिक हस्तिनापुर मेरठ सुरक्षित सीट से हैं अनुसूचित जाति खटिक समाज और संजीव कुमार गोंड ओबरा सोनभद्र से आते हैं जो कि अनुसूचित जाति जनजाति गोंड समाज के लंबरदार है।

### क्षेत्रीय और जातिगत संतुलत पर बीजेपी का पूरा फोकस

**जितिन प्रसाद** दो बार सांसद रह चुके हैं और उनके पिता जितेंद्र प्रसाद दो प्रधानमंत्री राजीव गांधी और पीवी नरसि हाराव के सलाहकार रह चुके है। जितेंद्र प्रसाद कांग्रेस के उपाध्यक्ष भी रह चुके है। जितिन प्रसाद मनमोहन सरकार में मंत्री रहे और अब वह योगी सरकार में शामिल हो गया हैं। जितिन प्रसाद के दादा ज्योति प्रसाद भी कांग्रेस के नेता थे और उनकी परनानी पूर्णिमा प्रसाद देवी नोबेल विजेता रविंद्रनाथ टैगोर के भाई हेमेंद्रनाथ टैगोर की बेटी थी। जितिन प्रसाद 2001 में युवा कांग्रेस में सचिव बने और 2004 में शाहजहांपुर से 14वीं लोकसभा चुनाव में किस्मत आजमाकर लोकसभा पहुंचे, जितिन प्रसाद को 2008 में केन्द्रीय राज्य इस्पात मंत्री नियुक्त किया गया। 2009 में जितिन प्रसाद 15 वीं लोकसभा चुनाव लोकसभा धौरहरा से लड़े और 184509 वोटों से विजयी भी हुए। जितिन प्रसाद 2009 से जनवरी 2011 तक सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, 19 जनवरी 2011 से 28 अक्टूबर 2012 तक पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय और 28 अक्टूबर 2012 से मई 2014 तक मानव संसाधन एवं विकास मंत्रालय में केन्द्रीय राज्यमंत्री रहें हैं। जितिन प्रसाद शाहजहांपुर, लखीमपुर और सीतापुर में काफी लोकप्रिय नेता हैं। जितिन प्रसाद ने 2014 का लोकसभा चुनाव धौरहरा सीट से लड़ा लेकिन हार गए। 2017 के विधानसभा चुनाव में शाहजहांपुर की तिलहर विधानसभा सीट से खड़े हुए लेकिन वहां से भी हार गए।

### संजय निषाद को शामिल न करना चौकाने वाला निर्णय

**संजय निषाद** को मंत्रिमंडल में शामिल नहीं करना यह बड़ा चौकाने वाला निर्णय बीजेपी संगठन का रहा। हालांकि भाजपा ने संजय निषाद को एमएलसी मनोनीत करने के लिए राज्यपाल को प्रस्ताव भेज दिया है। वहीं बीजेपी ने बिंद समाज की संगीता बलवंत को मंत्री बनाकर संजय निषाद पर एक दबाव भी बनाने की कोशिश की है। अभी हाल ही केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की मौजूदगी में बीजेपी मु यालय पर प्रधान ने निषाद पार्टी और बीजेपी के राजनीतिक गठबंधन की घोषणा की थी और माना भी यही जा रहा था कि संजय निषाद योगी सरकार के सहयोगी बनेंगे लेकिन रविवार को ऐसा कुछ भी नहीं हुआ जो अपने आप में चौकाने वाला दिखाई पड़ता है।

पायनियर वर्गीकृत

सूचना

मैं दिग्विजय कुमार मिश्रा पुत्र स्व0 राजीनन्द मिश्रा निवासी-प्लाट नं0 685 कच्ची बस्ती गोविन्द नगर कानपुर मैंने अपना नाम बदलकर दिग्विजय मिश्रा कर लिया है।

सूचना

सूच्य हो कि मेरे हाईस्कूल संस्थागत परीक्षा वर्ष 2018 अनुक्रमांक 1143124 व इण्टरमीडिएट संस्थागत परीक्षा वर्ष 2020 अनुक्रमांक 0854490 के अंक पत्र सह प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गये हैं। स्मृति पुत्री सुधीर कुमार निवासी-ग्राम ढकिया निधुवामऊ, थाना मछरेहटा, तहसील-मिश्रिख, जिला-सीतापुर

REQUIRED

JAHANGIRABAD EDUCATIONAL TRUST GROUP OF INSTITUTIONS (Faculty of Arts)

REQUIREMENT OF TEACHER FOR ARTS & COMMERCE FOR UNDERGRADUATE LEVEL TEACHING

Application are invited for the post of Principal and Assistant Professor for the following subjects Hindi, English, Urdu, Education, Political Science, Sociology & Ancient History, Commerce

SALARY AS PER EXISTING UNIVERSITY NORMS

Candidates meeting criteria as laid down in UGC Regulations 2016

You may send application via email or a hard copy at

Trustee JETGI
Jahangirabad Fort, Jahangirabad, Barabanki-225203, UP
Tel : 7380832222, 7380632222
Email ID : hr@jit.edu.in or careers @jit.edu.in

## केशव व स्वतंत्र देव ने मंत्रिमंडल में शामिल नए मंत्रियों को दी बधाई

**लखनऊ।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल में शामिल किए गए सभी 7 नए मंत्रियों को अपनी मंगलमय हार्दिक शुभकामनाएं व बधाई दी है तथा सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की है। केशव प्रसाद मौर्य ने विश्वास व्यक्त किया है कि मंत्रिमंडल के जिन सदस्यों ने आज शपथ ली है वह सभी पूरी ऊर्जा और क्षमता के साथ प्रदेश के विकास मे अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे। वही प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि उन्होंने कहा कि सबका साथ-सबका विकास के मूल मंत्र के साथ प्रदेश की योगी सरकार काम कर रही है । भाजपा का एक एक कार्यकर्ता व भाजपा सरकार प्रदेश की जनता की सेवा के लिए प्रतिबद्ध होकर काम कर रही है ।

## किसानों के भारत बंद को बसपा का समर्थनः मायावती

● केंद्र सरकार से कृषि कानूनों को वापस लेने की मांग की

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बसपा सुप्रीमो** मायावती ने तीन कृषि कानूनों के खिलाफ संयुक्त किसान मोर्चा के भारत बंद का समर्थन किया है। साथ ही उन्होंने केंद्र सरकार से इन कानूनों को वापस लेने की मांग की है। रविवार को ट्वीट करते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि केन्द्र द्वारा जल्दबाजी में बनाए गए तीन कृषि कानूनों से असहमत व दु:खी देश के किसान इनकी वापसी की माँग को लेकर लगभग 10 महीने से पूरे देश व खासकर दिल्ली के आसपास के राज्यों में तीव्र आन्दोलित हैं व कल भारत बंद का आह्वान



किया है जिसके शान्तिपूर्ण आयोजन को बीएसपी का समर्थन। अपने दूसरे ट्वीट में उन्होंने कहा कि साथ ही, केन्द्र सरकार से भी पुन: अपील है कि किसान समाज के प्रति उचित सहानुभूति व संवेदनशीलता दिखाते हुए तीनों विवादित कृषि कानूनों को वापस ले तथा आगे उचित सलाह मश्विरा व इनकी सहमति से नया कानून लाए ताकि इस समस्या का समाधान हो। किसान खुश व खुशहाल तो देश खुश व खुशहाल।

## 450 रुपये प्रति क्विंटल से कम का मूल्य देना गन्ना किसानों के साथ अन्यायः अनिल दुबे

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय सचिव अनिल दुबे ने प्रदेश की भाजपा सरकार को किसान और गरीब विरोधी बताते हुए कहा है कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गन्ने का मूल्य मात्र 25 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाना भाजपा सरकार को काफी महंगा साबित होगा। प्रदेश के गन्ना किसानों को उम्मीद थी कि सरकार गन्ने का रेट अपने पूर्व घोषित वायदे के अनुसार लागत का डेढ़ गुणे के हिसाब से तय करेगी लेकिन सरकार ने ऐसा नहीं किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में गन्ने की पैदावार पर 450 रुपया प्रति क्विंटल से कम का मूल्य देना, गन्ना किसानों के साथ सरासर अन्याय हैं। जबकि उत्तर प्रदेश में गन्ने से प्रतिवर्ष 32000 करोड़ रुपए राजस्व सरकार को प्राप्त होता है, इसके बावजूद भी प्रदेश के गन्ना किसानों को सरकार ने उचित रेट ना देकर यह साबित किया है कि उनकी नीति और नियत चीनी मिल मालिकों के साथ हैं।

## बहुजन कल्याण यात्रा के जरिए आरपीआई यूपी में दिखाएगी अपनी ताकतः आठवले

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**रिपब्लिकन पार्टी** ऑफ इंडिया आठवले के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा रामदास आठवले ने आरपीआई की बहुजन कल्याण यात्रा की शुरुआत सहारनपुर से की। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने ही रिपब्लिकन पार्टी आरंभ की थी इसलिए सभी दलितों को एक पार्टी के मंच पर आ जाना चाहिए। उन्होंने आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर के बारे में कहा कि वह भी रिपब्लिकन पार्टी में शामिल हो तो राष्ट्रीय स्तर पर उनको पद दिया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि देश में आंदोलन करने की आजादी है, लेकिन किसी कानूनों के नाम पर 10 महीने से जो आंदोलन चल रहा है। वह ठीक नहीं है क्योंकि केंद्र सरकार ने कई दौर में किसानों के साथ वार्ता की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में फिर भाजपा की सरकार बनेगी, बहुजन कल्याण यात्रा के जरिए उनकी पार्टी अपनी ताकत दिखाएगी और प्रदेश के चुनाव में 10 सीटों पर प्रत्याशी उतारने का दावा करेगी।



पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पवन भाई गुप्ता ने कहा कि आज से रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया की बहुजन कल्याण यात्रा की शुरुआत सहारनपुर से हो रही है। पिछले 3 सालों में जिस मेहनत, समर्पण, निष्ठा के साथ पार्टी के लिए आप सबने काम किया है उसकी जितनी प्रशंसा की जाए कम है। इसलिए आज आरपीआई उत्तर प्रदेश की जनता के लिए एक नए विकल्प के रूप में सामने हैं। उन्होंने कहा कि पिछले ढाई-तीन साल से लगातार उत्तर प्रदेश का दौरा कर रहा हूँ। बीच मे कोरोना महामारी ने संगठन विस्तार और पार्टी को बढ़ाने में काफी ब्रेक लगाया लेकिन बिना डरे, भयभीत हुए हम बाबा साहेब के मिशन को आगे बढ़ाने में लगे रहे। कई साथी, उनके परिजन कोरोना से इस दुनिया में नहीं रहे, मैं उनकी निष्ठा, समर्पण को याद करते हुए विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। पवन भाई गुप्ता ने कहा कि आज का दिन हम सबके लिए खास है। बहुजन कल्याण यात्रा की शुरुआत प्रदेश में पार्टी को एक नई धार देगी। बहुजन कल्याण यात्रा प्रदेश के हर जनपद से होकर गुजरेगी। हर जनपद में आज हमारा संगठन खड़ा हो चुका है। पार्टी पदाधिकारी लगातार विभिन्न मुद्दों पर जनता की आवाज को बुलंद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब हम उत्तर प्रदेश के दौरे पर निकले तब हमें पता लगा कि प्रदेश का बहुजन समाज से लेकर हर वर्ग एक अच्छे विकल्प की तलाश में है। बाबा साहेब को मानने वाले लोग पूरे उत्तर प्रदेश के गांवों-शहरों में हैं लेकिन विकल्प के अभाव में वह कहीं और जाने को मजबूर हैं। ऐसे में जब आरपीआई के रूप में उन्हें समान विचारधारा का विकल्प मिल रहा है तो वह तेजी से पार्टी से जुड़ रहे हैं।

ग्राम पंचायत फरीदाबाद टिकरी, वि. ख. असोथर, जनपद फतेहपुर

निविदा सूचना

कार्य का नाम- नहर की पटरी से छेदी लाल लोहार के घर तक इंटरलाकिंग/नाली निर्माण, 140 मीटर, चौड़ाई 03 मीटर, अनुमानित लागत 05 लाख रुपये, समय 01 सप्ताह, निविदाएं दिनांक 28/09/2021 तक डाली जायेंगी, निविदाएं दिनांक 01/10/2021 को खोली जायेंगी।

ग्राम प्रधान-उदय सिंह मौर्य
ग्राम पंचायत अधिकारी (सीक्रेटरी)- प्रकाश चंद्र तिवारी

कार्यालय ग्राम पंचायत इण्डलवल ग्रन्ट
विकास खण्ड मिश्रिख-सीतापुर

पत्रांक- मेमो/14वां वित्त/निविदा पत्रा./2021-22 दिनांक : 25.09.2021

अल्पकालीन निविदा सूचना

विकास खण्ड मिश्रिख, जनपद सीतापुर की ग्राम पंचायत इण्डलवल ग्रन्ट में 14वॉ वित्त योजनान्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु इच्छुक पंजीकृत फर्मों से सीलबंद निविदाएं दिनांक - 27-09-2021 से 04-10-2021 की अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। प्राप्त निविदाएं दिनांक 04-10-2021 को अपरान्ह 4 बजे सक्षम अधिकारी के समक्ष खोली जायेंगी।

| कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (लाख में) | आपूर्ति की जाने वाली सामग्री का विवरण |
|---|---|---|
| (1) A.N.M. सेन्टर में बाउण्ड्री वाल निर्माण कार्य | 2,49,900/- | सीमेन्ट, मौरंग, बालू, ईंटा, ईंटा रोड़ी पत्थर |
| (2) प्रा0 वि0 भगवानपुर में शौचालय मरम्मत कार्य | 1,52,900/- | सीमेन्ट, मौरंग, बालू, ईंटा, ईंटा रोड़ी पत्थर |
| (3) प्रा0 वि0 इण्डलवल ग्रन्ट में शौचालय मरम्मत कार्य | 1,55,400/- | सीमेन्ट, मौरंग, बालू, ईंटा, ईंटा रोड़ी पत्थर |
| (4) प्रा0 वि0 भगवानपुर में बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य | 4,97,600/- | सीमेन्ट, मौरंग, बालू, ईंटा, ईंटा रोड़ी पत्थर |

प्रधान सचिव

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# शराब के नशे में दोस्त की हत्या

## ● विकासनगर क्षेत्र स्थित एक मैरिज लॉन में हुई घटना, आरोपी गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**विकासनगर** क्षेत्र के एक मैरिज लॉन में शराब के नशे में दो दोस्तों में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। मामला इतना बढ़ गया कि दोनों में गाली गलौज और मारपीट होने लगी। इस पर गुस्साए एक युवक ने अपने दोस्त पर चाकू से हमला कर दिया जिसमें बाजारखाला निवासी ऋषि थापा (21) की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची विकासनगर पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के चाचा की तहरीर पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज ली गई है। एसीपी महानगर का कहना है कि मृतक और आरोपी के बीच कोई पुरानी रंजिश



फाइल फोटो ऋषि थापा

नहीं थी। नशे की हालत में हुए विवाद में हत्या हुई है।

इंस्पेक्टर विकासनगर आनंद तिवारी ने बताया कि कुर्सी रोड सब्जी मंडी के पास दिव्यांश पैलेस नाम से मैरिज लॉन है। मैरिज लॉन के संचालक सुमित ने बताया कि 5 सितम्बर से महाबली किचेन शुरू किया गया है। किचेन में राजाजीपुरम निवासी आमिर नाम का युवक काम करता है। करीब 10 दिन पहले आमिर ने राजाजीपुरम निवासी ऋषि थापा को अपने हेल्पर के रूप में रखा था। ऋषि तीन दिन काम करने के बाद चला गया था। सुमित ने बताया कि शनिवार को दोबारा ऋषि मैरिज लॉन आया। बातचीत के बाद उसे अगले दिन से काम पर आना था।

पुलिस के मुताबिक ऋषि मैरिज लॉन में ही वहां काम करने वाले स्टाफ के साथ रुक गया। रात में ऋषि व उसके साथियों ने शराब पी। खाना खाने के दौरान उनके बीच विवाद शुरू हो गया। दोस्तों में कहासुनी और गाली गलौज होने लगी। इसी बीच बटहा सबौली निवासी लकी रावत ने ऋषि के ऊपर वहां रखे चाकू से सीने पर हमला कर दिया। जिससे ऋषि थापा की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं पुलिस ने मुख्य आरोपी लकी रावत व अन्य पांच युवकों को हिरासत में ले लिया। मृतक के चाचा बाल बहादुर ने लकी रावत के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। एसीपी महानगर सैयद मोहम्मद अली अब्बास ने बताया कि मृतक और आरोपी सभी आपस में दोस्त हैं। उन्होंने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर आला कत्ल चाकू बरामद कर लिया गया है।

# ट्रांसफार्मर के पास मिला युवक का शव

**लखनऊ।** कृष्णानगर आशुतोष नगर भोला खेड़ा में ट्रांसफार्मर के पास रविवार सुबह संदिग्ध परिस्थिति में युवक का शव मिला। युवक के शरीर पर चोट के निशान थे। मुंह के पास से खून निकल रहा था। स्थानीय लोग हत्याकर शव फेंके जाने की आशंका जता रहे हैं। कृष्णानगर इंस्पेक्टर आलोक कुमार राय के मुताबिक आशुतोष नगर पार्क के सामने स्थित ट्रांसफार्मर की जाली के अंदर फ्यूज के पास युवक चिपका हुआ मिला। पैंट की जेब में मिले आधार कार्ड के अनुसार मृतक की पहचान मुन्नीखेड़ा आशियाना निवासी दिलीप कुमार 28 वर्ष के रूप में हुई है। अनुमान है कि लघु शंका के दौरान करंट की चपेट में आने से युवक की मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक एक मेडिकल अफसर का वाहन चलाक था। परिजनों ने कोई तहरीर नहीं दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# राजधानी में मिले डेंगू के 12 नए मरीज

## ● मच्छरों पर नियंत्रण को लेकर चला हर रविवार-मच्छर पर वार अभियान

## ● मच्छरजनित स्थितियां पाये जाने पर 20 को नोटिस जारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजधानी** में डेंगू का प्रकोप थम नही रहा है। रविवार को 12 डेंगू के नए मरीज टूडियागंज, अलीगंज, एनके रोड, चन्दरनगर, सिल्वर जुबली, इन्दिरानगर आदि क्षेत्र में पाये गये हैं। इसके साथ ही आज कुल 2017 घरों तथा विभिन्न मच्छरजनित स्थितियों का सर्वेक्षण किया गया और कुल 20 घरों में मच्छरजनित स्थितियां पाये जाने पर नोटिस जारी किया गया।

मच्छरजनित बीमारियों संग डेंगू



पर नियंत्रण को लेकर स्वास्थ्य विभाग की तरफ से रविवार को हर रविवार-मच्छर पर वार अभियान चलाया गया। अभियान के अन्तर्गत डिप्टी सीएमओ डा केपी त्रिपाठी, जिला मलेरिया अधिकारी डीएन शुक्ला ने मोहिनीपुरवा हुसैनाबाद वार्ड के आस पास के क्षेत्रों का भ्रमण किया। अभियान के दौरान उक्त क्षेत्र में सघन एण्टी लार्वा का छिडकाव, इण्डोर स्प्रेए आईसी व सोर्स रिडक्शन की कार्यवाही करायी गयी तथा मच्छर जनित स्थितियां पाये जाने पर पॉच क्षेत्रवासियों को नोटिस दिया गया। नगरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिल्वर जुबली के प्रभारी को उक्त सम्पूर्ण क्षेत्र में फीवर ट्रेकिंग व जरूरी औषधि प्रदान करने के लिए निर्देशित किया गया। नगर निगम जोन 6 के अधिकारियों को उक्त क्षेत्र में व्यापक साफ-सफाई एवं फागिंग एवं खाली पड़े प्लाटों के स्वामियों को नोटिस देने की कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त नगर मलेरिया इकाई एवं जिला मलेरिया अधिकारी की टीम द्वारा दौलतगंज, न्यू हैदरगंज, फैजुल्लागंज.2, जानकीपुरम.2, लोहियानगर, जामनगर, शारदानगर.2, रफी अहमद किदवई वार्ड के आस पास के क्षेत्रों का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान क्षेत्रीय जनता को घर के आस पास पानी जमा न होने देने, पानी से भरे हुए बर्तनों एवं टंकियों को ढक कर रखने, कुछ समय अन्तराल पर कूलर को खाली करके साफ कपड़े से पोछ कर सुखा देने एवं साफ करने के बाद ही पुन: प्रयोग में जाने, पूरे बांह के कपड़े पहनने, बच्चों को घर से बाहर न निकलने एवं मच्छर रोधी क्रीम लगाने एवं मच्छरदानी में रहने हतु स्वास्थ्य शिक्षा दी गयी।

# तुलसियानी इंफ्रा के निदेशकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**लखनऊ।** कानपुर के व्यापारी से लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में कोर्ट के आदेश पर तुलसियानी इंफ्रा के निदेशकों के खिलाफ विभूतिखंड कोतवाली में मुकदमा दर्ज हुआ है। कानपुर आनन्दपुरी निवासी मनीष धवन जिम चलाते हैं। उन्होंने लखनऊ आकर कम्पनी निदेशक अनिल तुलसियानी और हेमंत से मुलाकात की थी जिन्होंने बताया था कि सुशांत गोल्फ सिटी में शहीद पथ के पास प्लासियो इम्पीरियल के नाम से फ्लैट बनाए गए हैं। निदेशकों ने मनीष से फ्लैट के लिए 36 लाख रुपये लिए थे लेकिन कब्जा नहीं दिया। रुपये वापस मांगने पर उन्हें कम्पनी की तरफ से पोस्ट डेटेड चेक देते हुए हर महीने 16 हजार रुपये दिए जाने का दावा कम्पनी निदेशकों ने किया था। कुछ महीनों तक मनीष के खाते में रुपये जमा किए गए थे। फिर उनसे पोस्ट डेटेड चेक कम्पनी ने वापस मांग लिए।

# पीजीआई इलाके के शनि मंदिर चौराहे से किशोर के अपहरण से मचा हड़कंप

## ● घायल अवस्था में किशोर देर रात पहुंचा घर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पीजीआई** इलाके के शनिदेव चौराहे से बीती शनिवार शाम ई रिक्शा चालक का 16 वर्षीय बेटा शनिमंदिर चौराहे गायब हो गया। अपहरण की सूचना पर ई-रिक्शा चालकों में सनसनी फैल गई, सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने चौराहे पर पूछताछ एव जॉच पड़ताल शुरु की तो पता चला कि अज्ञात लोगों द्वारा किशोर को ले जाया गया है। वहीं देर रात किशोर घायल अवस्था में घर लौट आया। मिली जानकारी के अनुसार अकील अहमद दिव्यांग है और अम्मा कालोनी वृन्दावन योजना रायबरेली रोड कोतवाली पीजीआई में परिवार के साथ रहते हैं और ई-रिक्शा चलाकर परिवार का भरण पोषण करते है। शनिवार शाम को बड़ा बेटा समीर 16 वर्ष पिता के साथ ई-रिक्शा पर शनिदेव मंदिर तेलीबाग गया हुआ था। आसपास के लोगों के मुताबिक शनिवार की देर शाम अकील ई रिक्शा लेकर चौराहे के पास सवारी का इन्तजार कर रहा था, रिक्शा में समीर भी बैठा हुआ था, उसी समय एक व्यक्ति आया और समीर को पकड़ कर लेकर चला गया। दिव्यांग अकील अहमद को जब बेटे के गायब होने की जानकारी हुई तो उन्होंने डायल 112 पर पुलिस को सूचना देते हुए तेलीबाग पुलिस चौकी पहुंच कर पुलिस को भी सूचना दी।

# ब्रेन टयूमर व हृदय रोग से जूझ रहे मरीज को दी नयी जिन्दगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सहारा** हॉस्पिटल के डाक्टरों ने ब्रेन टयूमर और हृदय रोग से पीड़ित राजधानी के चिनहट मटियारी निवासी 52 वर्षीय व्यक्ति का त्वरित इलाज कर नया जीवन दिया है मरीज अब पूर्णतया स्वस्थ है।

मरीज के परिजनों के मुताबिक वह एक दिन अचानक चक्कर आने पर अपने घर में बेहोश हो गए थे। उन्हें डाक्टर को दिखाया गया तो पता चला कि उनको ब्रेन ट्यूमर है। ऑपरेशन के अलावा इसका और कोई इलाज नहीं है। जब तक आपरेशन के लिए तैयार हो पाते, उससे एक दिन पहले ही उनको वाशरूम में फिर से चक्कर आ गया। इस बार परिजनों ने मरीज को गोमतीनगर स्थित सहारा हॉस्पिटल के सीनियर न्यूरो सर्जन डा मजहर हुसैन से परामर्श लिया। डा मजहर हुसैन की सलाह के बाद ब्रेन ट्यूमर का सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया गया। ढाई साल तक मरीज की दवा



चलती रही लेकिन एक दिन अचानक उनके सीने में तेज दर्द के साथ पसीना आने लगा और घबराहट होने लगी। परिजन उनको लेकर सहारा हॉस्पिटल की इमरजेंसी पहुंचे जहां वरिष्ठ कार्डियोलॉजिस्ट डा वी के तिवारी ने तुरन्त एंजियोग्राफी करवायी तो पता चला मरीज को हार्ट अटैक हुआ है। हार्ट की नसों में ब्लॉकेज है। मरीज का ब्रेन ट्यूमर का ऑपरेशन पहले ही हो चुका था इसलिए तुरन्त सर्जरी करना चुनौतीपूर्ण था लेकिन डा तिवारी ने कुशलता के साथ मरीज की तुरन्त एंजियोप्लास्टी करके ब्लॉकेज को खोल दिया जिससे उसकी जान बच गयी।

# मिठाई दुकानदार की विवाद के दौरान मौत

**लखनऊ।** गाजीपुर थानाक्षेत्र में आम्रपाली चौराहे के पास रविवार दोपहर मिठाई दुकानदार और एक साड़ी दुकानदार के बेटे का विवाद हो गया। इस दौरान बीच बाचव करने पहुंचे मिठाई दुकानदार नरेश गुप्ता की मौत हो गई। उनके परिजनों ने चौराहे पर शव रख साड़ी शोरूम के मालिक पर हत्या का आरोप लगाते हुए जाम लगा दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई का आश्वासन देकर लोगों को शांत कराया। गीजीपुर इंस्पेक्टर अनिल कुमार के मुताबिक इंदिरानगर सेक्टर.22 निवासी नरेश गुप्ता की आम्रपाली चौराहेपर मिठाई की दुकान है। दोपहर में नरेश के बेटे निखिल का पास ही स्थित साड़ी शोरूम के मालिक के बेटे से विवाद हो गया।

# प्रदर्शन के बाद प्रेमिका व उसकी बुआ के खिलाफ मुकदमा दर्ज

## ● युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर की थी खुदकुशी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मडियांव** पुलिस ने मोहिबुल्लापुर निवासी असीम शुक्ला उर्फ हर्षित की आत्महत्या में कथित प्रेमिका व उसकी बुआ के खिलाफ रविवार को युवक को आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज किया है। जांच के नाम पर पिछले दो दिन से मुकदमा लिखने में टालमटोल कर रही मडियांव पुलिस के खिलाफ परिवारीजनों व कालोनी के दर्जनों लोगों को थाने पर करीब तीन घण्टे प्रदर्शन करना पड़ा। इंदलगंज, मोहिबुल्लापुर निवासी सन्तोष कुमार शुक्ला ने बताया कि 20 सितम्बर की देर शाम उनका बेटा असीम शंकर शुक्ला उर्फ हर्षित घर से निकला था। लेकिन देर रात तक वापस नहीं आया। जिसपर उन्होंने 21 सितम्बर को मड़ियांव थाना पर गुमशुदगी का प्रार्थना पत्र दिया। 24 सितम्बर को उन्हें जानकीपुरम पुलिस से बेटे द्वारा सुसाइड करने की जानकारी हुई। सन्तोष ने बताया कि बेटे के मोबाइल को चेक करने पर सीतापुर निवासी जान्हवी नामक एक युवती से उसके प्रेम प्रसंग के बारे में पता चला। फोन में बेटे व युवती के चैट को देखने व कॉल रिकार्डिंग सुनने से पता चला कि युवती व इंदिरानगर निवासी उसकी बुआ सुषमा मिश्रा दोनों मिलकर बेटे हर्षित का काफी समय से आर्थिक व मानसिक शोषण कर रही थी।




# मोदी-योगी के शासन में हर समस्या का समाधान मिलेगा: राधामोहन

## ● भाजपा सरकार ने किसानों के हित में जनकल्याणकारी फैसले लिये: कामेश्वर सिंह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**भारतीय** जनता पार्टी किसान मोर्चा उत्तर प्रदेश के द्वारा आयोजित किसान सम्मेलन डिफेंस एक्सपो ग्राउण्ड वृन्दावन योजना में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। किसान सम्मेलन में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष भाजपा स्वतंत्र देव सिंह, प्रदेश प्रभारी राधा मोहन सिंह, भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद राजकुमार चाहर, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही तथा गन्ना मंत्री सुरेश राणा रहे। किसान मोर्चा द्वारा आयोजित सम्मेलन में उत्तर प्रदेश की हर विधानसभा से किसान कार्यक्रम स्थल पर आकर लगभग 25 हजार किसानों की संख्या में किसानों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यानाथ को सम्मानित किया।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश प्रभारी राधामोहन सिंह ने किसान सम्मेलन के माध्यम से कहा कि कुछ परिवारों ने लंबे समय से शासन किया लेकिन किसान हित की योजनाओं पर कभी अमल नहीं करवाया। वहीं पिछले साढ़े चार वर्षों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में बाण सागर जैसी लम्बित पडी योजनाओं को पूरा करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि किसान सम्मान निधि से आज किसान लाभान्वित है। आज प्रदेश का किसान जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित है तथा उनके परिवार खुशहाल है। किसानों को पता है कि मोदी योगी के शासनकाल में हर समस्याओं का समाधान मिलेगा।

भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार चाहर ने किसान सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज योजनाओं के माध्यम से किसानों को लाभ देकर प्रदेश के किसानों के चेहरें पर खुशहाली लाने का काम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कर रहे है। उन्होंने कहा कि किसानों के नाम पर कुछ लोगों द्वारा किसान के हित में उठाये गए कदमों का विरोध किया जा रहा है। लेकिन सच्चे अर्थो में किसानों के लिए यदि कोई काम कर रहे है तो वह सिर्फ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कर रहे है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में केंद्र की किसान हित में लिए गए निर्णयों व राज्य की योजनाओं को लागू कर प्रदेश के किसानों को लाभ दिलाया जा रहा है। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह ने हजारों की संख्या में उपस्थित किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य की भाजपा सरकार ने किसानों के हित में जनकल्याणकारी फैसले लिये है।

# एसएमयू में मूक बधिर छात्रों को लेकर शुरू होगा विवोक कोर्स

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**विश्व** मूक बधिर दिवस पर रविवार को डॉ. शकुंतला मिश्र राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय ने मूक बधिर छात्रों को समाज की मुख्य धारा में लाने के लिए बैचलर ऑफ वोकेशनल कोर्स शुरू करने का निर्णय लिया है। इसके लिए विवि में एक अलग से डेफ कालेज के नाम पर परिसर आवंटित किया गया है।

इस परिसर में स्टूडेंट्स को मल्टी मीडिया से लेकर फैशन डिजाइनिंग सहित 10 कोर्स पढ़ाए जाएंगे। यहां सांकेतिक भाषा में विद्यार्थियों को फैशन डिजानिंग आधुनिक तरीकों के बारे में बताया जाएगा। आइटी एंड मल्टी मीडिया, पेंट टेक्नोलॉजी व इंटीरियर डिजाइनिंग की भी समझ पैदा की जाएगी। डा शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास के कुल सचिव अमित कुमार सिंह के मुताबिक इसमें स्टूडेंट्स चाहे तो तीन वर्ष की पढ़ाई कर बीवोक की डिग्री हासिल करें या फिर छह महीने का प्रमाण पत्र कोर्स कर सकते हैं।

# जल्द बनेंगे 40 लाख अन्त्योदय कार्ड धारकों के आयुष्मान कार्ड: स्वास्थ्य मंत्री

## ● तीन साल पूरे होने पर लाभार्थियों सहित अस्पतालों व आयुष्मान मित्रों का हुआ सम्मान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**आयुष्मान** भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का दायरा बढ़ाते हुए प्रदेश के कमजोर वर्ग के अधिक से अधिक लोगों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। इसी के तहत अब प्रदेश के करीब 40 लाख अन्त्योदय कार्ड धारकों को भी योजना से जोड़ते हुए उनकी जेब तक आयुष्मान कार्ड पहुंचाकर एक तरह से उनको स्वास्थ्य सुरक्षा की गारंटी प्रदान करने का कार्य मिशन मोड में किया जा रहा है। रविवार को यह बातें प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह ने आयुष्मान भारत योजना के तीन वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राजधानी के गोमतीनगर स्थित एक होटल में आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए कहीं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि देश की सबसे महत्वाकांक्षी योजनाओं में शामिल आयुष्मान भारत योजना की शुरूआत 23 सितम्बर 2018 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रॉंची से की थी। योजना का प्रमुख उद्देश्य यही था कि कमजोर वर्ग को मुफ्त इलाज की सुविधा मुहैया कराना ताकि उनको यह एहसास न हो कि पैसे के अभाव में वह बेहतर इलाज से वंचित हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों से वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर योजना की तैयार की गयी सूची का दायरा बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान के तहत करीब 8.43 लाख परिवारों को भी योजना का लाभ दिया जा रहा था । एक बार फिर से इसका दायरा बढ़ाते हुए अब करीब 40 लाख अंत्योदय कार्ड धारकों एवं 11.65 लाख निर्माण श्रमिकों को भी योजना की पात्रता सूची में शामिल कर लिया गया है। कार्यक्रम में आयुष्मान भारत योजना के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले निजी व सरकारी क्षेत्र के 10 चिकित्सालयों (पांच निजी व पांच सरकारी) एवं चिकित्सालयों में तैनात पांच आरोग्य मित्रों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# टीकाकरण का महाअभियान आज, बनाए गए 991 बूथ

## ● हर सेशन में 573 लोगों का होगा टीकाकरण

## ● चिन्हित स्थलों पर लाभार्थियों का मौके पर ही होगा को-विन रजिस्ट्रेशन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**शहर** में जिला प्रशासन द्वारा लगातार टीकाकरण की मुहिम चलाई जा रही है। सोमवार को होने वाले टीकाकरण के लिए 991 बूथ बनाए गए हैं। हर सेशन में औसतन 573 लोगो का टीकाकरण होगा। जिलाधिकारी द्वारा अधिकारियों को वैक्सीन सेंटरों पर लोगों को सभी जरूरी सुविधाएं देने के आदेश दिए हैं। ऑनलाइन स्लॉट बुकिंग के अलावा वर्क प्लेस सीवीसी भी बनाई गईं हैं। चिन्हित स्थलों पर लाभार्थियों का मौके पर ही को-विन रजिस्ट्रेशन किया जाएगा।

सोमवार को कोरोना के खिलाफ लड़ाई में ज़िला प्रशासन अपने पुराने रिकाड्र्स को ध्वस्त करने की तैयारी कर रहा है। जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश ने बताया कि महा टीकाकरण के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। डीएम ने बताया कि कल टीकाकरण के अपने सारे रिकॉर्ड ध्वस्त करते हुए एक नया कीर्तिमान स्थापित करेगा। इसके लिए कुल 433 सेशन साइट्स पर व्यवस्थाओ को पूरा कर लिया गया है। टीकाकरण के लिए 991 बूथों को तैयार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि हर सेशन में औसतन 573 लोगो का टीकाकरण किया जाएगा। डीएम ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार जिले में सोमवार को बड़े स्तर पर कोविड-19 टीकाकरण अभियान का आयोजन किया जा रहा है, कुल 433 केंद्र, जिनमें 12 जिला स्तरीय चिकित्सालयों बलरामपुर चिकित्सालय, डॉ एसपीएम चिकित्सालय, लोकबंधु राज नारायण चिकित्सालय, रानी लक्ष्मीबाई संयुक्त चिकित्सालय, केजीएमयू, डॉ. आरएमएल चिकित्सालय, बीआरडी चिकित्सालय महानगर, राम सागर मिश्र 100 शैय्या चिकित्सालय साढ़ामऊ, 100 शैय्या चिकित्सालय ठाकुरगंज, झलकारी बाई चिकित्सालय, अवंती बाई चिकित्सालय और 19 नगरीय एवं ग्रामीण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, 18 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, 104 वर्क प्लेस सीबीसी सहित 7 अन्य स्थान सहित कुल 991 टीकाकरण बूथ बनाए गए हैं। डीएम ने अधिकारियों को किसी को भी वैक्सिनेशन में कोई भी असुविधा न होने के निर्देश दिए हैं। साथ ही बुजुर्गों की सुविधा के लिए सभी केंद्रों पर वालेंटियर लगाए जाए। सभी केंद्रों पर व्हीलचेयर और वाकिंग स्टिक की व्यवस्था को कराया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी केंद्रों पर पेयजल, बैठने की व्यवस्था और खुले स्थानों पर टेंट आदि लगाकर शेड की व्यवस्था कराना सुनिश्चित कराया जाए।

# बूथ से लेकर मंडल स्तर तक की मजबूती के लिए निष्पक्षता के साथ काम करना होगा: प्रदेश प्रभारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**भाजपा** राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश प्रभारी राधामोहन सिंह ने सरोजिनी नगर विधानसभा की बूथ संख्या 360 पर बूथ समिति व पन्ना प्रमुखों की बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी अपने अपने बूथ पर भाजपा के मोदी और योगी की सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का शत प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित कराते हुए अपना बूथ अजेय कीजिए। इसके लिए बूथ इकाईयों को और प्रमुख तक को सक्रियता दिखानी होगी। पांच से छह महीनों के लिए अपनी दिनचर्या को बदलना होगा। ठीक वैसे ही जब घर में किसी मांगलिक कार्य के दौरान करते हैं। पार्टी हर कार्यकर्ता का परिवार है और फरवरी में उत्सव है। बूथ स्तर से लेकर मंडल स्तर तक की मजबूती के लिए निष्पक्षता के साथ काम करते हुए विसंगतियों को दूर करना होगा। हमे क्षेत्र के लोगों से निरंतर संपर्क व संवाद के माध्यम से पार्टी की विचारधारा और किए जा रहे विकास कार्य से अवगत कराते हुए लक्ष्य के प्रति जागरूक करना होगा। अगर हमने ये कर लिया तो इस बार विधानसभा सीटों की जीत का आंकड़ा 325 की जगह 350 को पार कर जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पंडित दीनदयाल जी के सपनों को साकार करते हुए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को लागू करते हुएए कोविड.19 महामारी से निपटते हुए भी विकास की गति को बनाए रखा है।

### स्वतंत्र देव ने घर-घर पहुंचकर किया संपर्क

**लखनऊ।** बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने शीतला पुरम के आलमनगर बी शक्ति केंद्र क्षेत्र में लोगों से घर घर पहुंचकर व्यक्तिगत रूप से संपर्क व संवाद किया और सरकार द्वारा किए गए जनकल्याणकारी कार्यों का पत्रक वितरित किया। प्रदेश अध्यक्ष ने हर किसी को केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियां बताईं। इससे पहले उन्होंने पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के आलमनगर वार्ड के बूथ संख्या 79 पर बूथ समिति और पन्ना प्रमुखों की बैठक की और कार्यकर्ताओं को बताया कि वह हर घर जाकर भाजपा की नीतियों और सरकार की उपलब्धियों की जानकारी दें। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सभी कार्यकर्ता विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुट जाएं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी व अटल बिहारी बाजपेई जी ने ऐसे कार्यकर्ताओं को खड़ा किया जो रात दिन परिश्रम की पराकाष्ठा करते हुए राष्ट्रहित के कार्यों में लगे रहते हैं ऐसे कार्यकर्ता खड़े होते हैं तो मंदिर का निर्माण होता है, धारा 370 हटती है, भारत माता की जय जय कार पूरे विश्व में होती है।

# नवंबर तक पुलिया का निर्माण पूरा करें: भाटिया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**चारबाग** में महापौर संयुक्ता भाटिया द्वारा निर्माणाधीन पुलिया का निरीक्षण किया गया। जाम से काफी हद तक राहत देने वाली पुलिया के कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिए। महापौर ने नगर अभियंता को डेडलाइन देते हुए 2 महीने में नवंबर तक कार्य पूरा कर पुल को चालू करने के निर्देश दिया।

रविवार को चारबाग में जाम से मुक्ति के लिए दुर्गापुरी मैट्रो स्टेशन से ब्लंट स्क्वायर से मोती नगर होते हुए राजेन्द्र नगर जाने वाले मार्ग में ब्लंट स्क्वायर-मोती नगर के बीच नाले के ऊपर महापौर संयुक्ता भाटिया द्वारा होने वाली पुलिया का निरीक्षण किया। एक करोड़ रुपये से बनवाये जा रहे डबल लेन पुलिया का निर्माण होगा। महापौर ने कार्य का प्रगति का निरीक्षण करने के साथ ही कार्य में तेजी लाने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए।

महापौर ने नगर अभियंता अमरनाथ को डेडलाइन देते हुए 2 महीने में नवंबर तक कार्य पूरा कर पुल चालू करने के लिए निर्देशित किया। ताकि जनता को जाम से शीघ्र मुक्ति मिल सकें। इसके साथ ही गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने के लिए प्रतिदिन अभियन्ताओं द्वारा निरीक्षण कर कार्य की प्रगति की रिपोर्ट कैम्प कार्यालय पर भेजने के लिए भी निर्देश दिए। महापौर ने बताया कि इस पुलिया के डबल लेन चालू होने से चारबाग में वाहनों का दबाब काफी हद तक कम होगा और कानपुर रोड से आने वाली जनता को जाम से मुक्ति मिलेगी।

# भारत में बेटियों को हर शुभ कार्य में आगे रखे जाने की परंपरा है: महापौर

**लखनऊ** । डॉटर्स दिवस पर महापौर ने आनंदिमा हस्तकला केंद्र की बच्चियों से मुलाकात की। केंद्र द्वारा आयोजित तीन दिवसीय टेराकोटा गणपति प्रशिक्षण कार्यशाला की बच्चियों को गणेश प्रतिमा बनाने पर प्रमाणपत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया। महापौर ने भारत में बेटियों को हर शुभ कार्य में आगे रखे जाने की बात कही। रविवार को बेटी दिवस (डॉटर्स डे) पर लीलावती मुंशी निराश्रित बालगृह, मोतीनगर(ऐशबाग) में आनंदिमा हस्तकला केंद्र द्वारा आयोजित 3 दिवसीय टेराकोटा गणपति प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस आयोजन के समापन सत्र में महापौर संयुक्ता भाटिया ने बच्चियों के निर्मित गणेश प्रतिमा देखा और सभी बच्चियों को गणेश प्रतिमा बनाने पर प्रमाणपत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया। महापौर ने बेटियों को अपने हाथों से मिष्ठान खिलाकर उनका मनोबल बढ़ाया। इस अवसर पर बोलते हुए महापौर ने अपने संबोधन की शुरुआत यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवता से की। महापौर ने कहा कि जहाँ नारियों की पूजा होती है वहां भगवान निवास करते है। भारत महिलाओं वा बेटियों के सम्मान के लिए जाना जाता है। घरों में बेटियों को लक्ष्मी का स्वरूप माना जाता है। घर के हर शुभ कार्य मे बेटियों को आगे रखा जाता है चाहे ग्रह प्रवेश हो या अन्य कोई शुभ कार्य। महापौर ने आगे कहा कि बेटियां घर को सुंदर बनाती हैं और घर को सजाने के लिए जानी जाती है। आज के ज़माने की बेटियां हर क्षेत्र में अपना नाम रौशन कर रही है। सरकार भी हर स्तर से बेटियों को आगे बढ़ाने का पूरा प्रयास कर रही है। राज्य और केंद्र सरकार की कई योजनाएं है, जो बेटियों और महिलाओं को समर्पित है। महापौर ने बालगृह में सभी बच्चियों को शुभकामनाएं देते हुए अपनी बात समाप्त की।

# फिट इंडिया अभियान में कुलपति संग छात्रों ने लगाई दौड़



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**डॉ. एपीजे** अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के घटक संस्थान आईईटी लखनऊ में रविवार को फिट इंडिया अभियान के आवाहन में विवि के कुलपति प्रो विनीत कंसल संग स्टूडेंट्स ने दौड़ लगाई। प्रो कंसल ने बताया कि केंद्रीय सरकार के फिट इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत संस्थान के छात्रों को स्वास्थ्य के प्रति जागरुक करने के लिए दौड़ का आयोजन किया गया। विवि के कुलपति एवं संस्थान के निदेशक प्रो कंसल ने स्वयं भी दौड़ में प्रतिभाग कर छात्रों का उत्साहवर्धन किया। इससे पूर्व शनिवार को छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया था। एक सप्ताह की इस मुहिम में अलग अलग छात्रावासों के विद्यार्थियों द्वारा फिट इंडिया कार्यक्रम में प्रतिभाग किया जाएगा। आज दौड़ में संस्थान के विभिन्न कर्मचारियों के साथ 80 से अधिक छात्रों ने प्रतिभाग किया।

# चिनहट में शास्त्रीय व लोक संगीत कार्यशाला का हुआ समापन

## ● कलाकारों व विद्यार्थियों को प्रदान किए गए प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**संगीत** कला संस्थान एवं संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से 13 सितम्बर से 25 सितम्बर 2021 तक संगीत कला संस्थान परिसर चिनहट में संगीत कला उत्सव 2021 के अंतर्गत आयोजित की गई शास्त्रीय संगीत एवं लोक संगीत कार्यशाला का भव्य समापन 26 सितम्बर किया गया ।

समापन समारोह का शुभारम्भ मुख्य अतिथि पूर्णिमा पाण्डेय बरिष्ठ कथक गुरु व पूर्व कुलपति भातखण्डे संगीत संस्थान लखनऊ एवं विशिष्ट अतिथि मीरा माथुर रजिस्ट्रार भातखण्डे संगीत विद्यापीठ लखनऊ ,स्नेहलता राय पार्षद चिनहट, संस्था की संरक्षक प्रो. कमला श्रीवास्तव, अध्यक्ष डॉ. पूनम श्रीवास्तव के कर कमलों द्वारा दीप प्रज्जवलित एवं मां सरस्वती को माल्यार्पण कर किया गया। सबसे पहले प्रसिद्ध इतिहासकार और संस्था के संरक्षक रहे डॉ. योगेश प्रवीन को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धान्जलि अर्पित की गई। तत्पश्चात कार्यक्रम में भाग लेने वाले कलाकारों एवं विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। मंच का कुशल संचालन ऋद्धिमा श्रीवास्तव द्वारा किया गया । इस अवसर पर अरुण राय पूर्व मण्डल अध्यक्ष भाजपा, कमल पाण्डेय भाजपा चिनहट मंडल अध्यक्ष, भरत सिंह बिष्ट महासचिव उत्तराखण्ड परिषद, विजय दीक्षित, संजीव किशोर गौतम महामंत्री, संस्कार भारती अवध प्रान्त, दुर्गेश्वर राय सहमहामंत्री संस्कार भारती, धर्मेन्द्र सिंह कोषाध्यक्ष, संस्कार भारती, उदयभान सिंह, पुनीत स्वर्णकार, संजय रस्तोगी, वैभव श्रीवास्तव सचिव संगीत कला संस्थान आदि उपस्थित रहे ।

# सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से कराया अवगत

## ● दो दिवसीय सेमीनार का समापन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**अल्पसंख्यक** कार्य मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के सहयोग से समाजिक संगठन वरदान वेलफेयर सोसाइटी लखनऊ द्वारा मंत्रालय द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के प्रचार.प्रसार हेतु दो दिवसीय सेमीनार का आयोजन जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय युवा केन्द्र सभागार लखनऊ में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन आमंत्रित अतिथियों में डॉ. आरडी शुक्ला, वरिष्ठ समाज सेवी, डॉ. अखिलेश चन्द्र तिवारी, निरंकार सिंह, कृपा शंकर, अफाक अहमद, अनुपेन्द्र मोहन, कर्मठ समाज सेवी संस्था की सचिव डा प्रीति गुप्ता तथा कार्यक्रम की समन्वयक हिना तबस्सुम के द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। संस्था की सचिव डॉ. प्रीति गुप्ता द्वारा अतिथियों को बैच पहनाकर तथा पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया।

डॉ. अखिलेश चन्द्र तिवारी द्वारा लाभार्थियों शैक्षिक सशक्तिकरण मैट्रिक पूर्व छात्रवृत्ति, स्कालरशिप, पढ़ो परदेश, मौलाना आजाद राष्ट्रीय फैलोशिप, नया सबेरा नि:शुल्क कोचिंग, मौलाना आजाद शिक्षा प्रतिष्ठान, सीखो कमाओ उस्ताद व अन्य योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया तथा लाभार्थियों को बताया कि अल्पसंख्यक समुदाय के लोगो के लिए जो भी योजनाएं सरकार द्वारा संचालित की जा रही हैं इसकी जानकारी आप जिला अल्पसंख्यक अधिकारी के कार्यालय से ले सकते हैं। आप जिस भी विधा का प्रशिक्षण प्राप्त करना चाहते हैं, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी को एक प्रार्थना पत्र इस सम्बन्ध में दें। निश्चित ही योजना चालू होने पर इसकी सूचना आपको विभाग द्वारा दे दी जायेगी जिसका आप लाभ ले सकते हैं। इसी क्रम को जारी रखते हुये डॉ. आरडी शुक्ला ने मंत्रालय के गठन की आवश्यकता, हुनर हाट नई मंजिल, जियों पारसी, हज से सम्बन्धित जानकारियों से अवगत कराया। कर्मठ समाजसेवी कृपा शंकर ने स्कालरशिप डिजिटल इंडिया, कैशलेस चैपाल, आर्थिक सशक्तिकरण, मौलाना आजाद शिक्षा प्रतिष्ठान योजनाओं का विस्तार पूर्वक बताया। हिना तबस्सुम ने वक्फके गठन और उसके क्रिया कलापों के बारे में व्यापक जानकारी उपलब्ध करायी। अनुप्रेन्द्र मोहन ने महिलाओं को अपने अधिकारों को प्राप्त करने पर बल दिया। मीडिया प्रभारी अफाक अहमद ने छात्रवृत्ति से लेकर सभी योजनाओं के बारे में जानकारी से लोगों को अवगत कराया।

## क्विक न्यूज

### सम्मानित किए गए कोरोना योद्धा



**निगोहां।** कोरोना काल में अपनी जान जोखिम में डालकर अपने स्वास्थ्य और अपने परिवार की चिंता किए बगैर प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से राष्ट्र सेवा में योगदान देने वाले कोरोना काल में गरीब असहाय लोगों की मदद करने वाले समाजसेवी कार्यकर्ताओं को निगोहां कस्बे में राष्ट्रीय मानव अधिकार सुरक्षा परिषद द्वारा उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। रविवार को निगोहा कस्बे में राष्ट्रीय मानव अधिकार सुरक्षा परिषद द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें करोना काल के समय जान जोखिम में डालकर गरीब असहाय लोगों की मदद करने वाले मोहनलालगंज और निगोहां क्षेत्र के अखिलेश द्विवेदी, अनुपम मिश्रा, मो मोईन खांन, प्रशांत त्रिवेदी, मुकेश द्विवेदी, राघवेंद्र तिवारी, विमल सिंह, प्रदीप द्विवेदी, जयसिंह यादव ,अशोक मिश्रा, सुनील गुप्ता समेत करीब दो दर्जन से अधिक पत्रकारों को राष्ट्रीय मानव अधिकार सुरक्षा परिषद संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### आईकॉनिक लीडरशिप इन स्कूल एजूकेशन-2021 अवार्ड से सम्मानित होगा सीएमएस

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल को उसकी 'ब्राडर एण्ड बोल्डर' शिक्षा पद्धति एवं छात्रों को 'गुड एण्ड स्मार्ट' बनाने के प्रयासों के लिए आगामी 1 अक्टूबर को 'आईकॉनिक लीडरशिप इन स्कूल एजूकेशन-2021' अवार्ड से सम्मानित किया जायेगा। आगामी 1 अक्टूबर, को हरियाणा के गुरूग्राम स्थित होटल रेडिसन में आयोजित 'न्यू नार्मल एजूकेशन लीडरशिप समिट एण्ड अवार्ड' समारोह में सीएमएस को इस प्रतिष्ठित सम्मान से नवाजा जायेगा। राष्ट्रीय स्तर के इस सम्मेलन में सीएमएस के चीफएक्जीक्यूटिव ऑफीसर रोशन गांधी मुख्य वक्ता होंगे, साथ ही साथ सीएमएस परिवार की ओर से इस प्रतिष्ठित अवार्ड को ग्रहण करेंगे। उक्त जानकारी सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि इस बेहद प्रतिष्ठित अवार्ड हेतु देश भर से अनेकों प्रतिष्ठित विद्यालयों को नॉमिनेट किया गया था तथापि ज्यूरी सदस्यों द्वारा गहन समीक्षा के उपरान्त अभी हाल ही में सीएमएस को 'आईकॉनिक लीडरशिप इन स्कूल एजूकेशन-2021' अवार्ड का विजेता घोषित किया गया है। सीएमएस संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गाँधी ने इस उपलब्धि हेतु विद्यालय की प्रधानाचार्याओं व शिक्षकों का आभार व्यक्त किया है।

### विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर हुए विभिन्न कार्यक्रम

**बख्शी का तालाब।** विश्व फार्मासिस्ट दिवस के अवसर पर बीकेटी चंद्रिका देवी रोड स्थित अम्बेकेश्वर ग्रुप ऑफइंस्टिट्यूट भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सुशांत शर्मा (असिस्टेंट ड्रग कंट्रोलर) ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में छात्र छात्राओं के लिए रंगोली प्रतियोगिता, वेस्ट मटेरियल क्रिएटिव राइटिंग, नोटिस बोर्ड डेकोरेशन जैसी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । संस्थान के मेधावी छात्र छात्राओं को कालेज के संस्थापक राघवेंद्र प्रताप पांडेय द्वारा मेडल व पुरुस्कार का वितरण किया गया। इस अवसर पर कठवारा गांव के मजरे मल्लाहन खेड़ा प्राथमिक विद्यालय में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। वही लोगो को कोरोना, डेंगू जैसी बीमारियों से बचाव के उपाय बताए गये। कार्यक्रम में प्रबंधक जितेंद्र मिश्रा, कार्यक्रम निदेशक डॉ सविता उपाध्याय, सरिता पांडेय सहित अन्य लोग उपस्थित थे ।

### महिला सशक्तीकरण पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

**लखनऊ।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो विनीत कंसल की अध्यक्षता में रविवार को आईईटी लखनऊ के स्टूडेंट्स के लिए महिला सशक्तिकरण पर आयोजित पांच दिवसीय ऑनलाइन कार्यशाला में महिलाओं को फाइनेंसियल लिटरेसी के विषय पर जागरूक किया गया। कार्यशाला में विशेष रूप से संस्थान की 1990 बैच की पूर्व छात्रा अनीता वर्मा ने बतौर वक्ता प्रतिभाग किया। अनिता वर्मा वर्तमान में कनाडा में प्रवासी भारतीय हैं। उनके द्वारा जूम के माध्यम से संस्थान की छात्राओं को फाइनेंसियल लिटरेसी के विषय में व्यापक जानकारी प्रदान की गई। कार्यशाला में द फिन लिट् प्रोजेक्ट की मुख्य अधिशासी अधिकारी नेहा मिश्रा ने स्टार्टअप, इनोवेशन और इन्क्यूबेशन के सम्बंध में जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि छात्राओं को फाइनेंसियल लिटरेसी के विषय में जागरूक किये जाने आवश्यकता है। उन्होंने कहा इसके लिए वह पूरे प्रदेश में अभियान चलाएगी। कार्यशाला में संस्थान के 190 से अधिक छात्रों ने उत्साह के साथ भाग लिया, जिसमें 60 प्रतिशत से अधिक छात्राएं शामिल हैं।

### पीजीआई में वॉकाथॉन का आयोजन

**लखनऊ।** दिल का दौरा और हाई ब्लड प्रेशर सहित हृदय रोग विश्व स्तर पर मृत्यु का सबसे आम कारण हैं। जबकि भारत के परिप्रेक्ष्य में देखा जाये तो यहां विशेष रूप से युवा आबादी में बढ़ते हृदय रोग चिंता बढ़ाने वाले हैं। हृदय रोगों के बढ़ते खतरे को लोग अपने आहार, व्यवहार में परिवर्तन लाकर रोक सकते हैं। जिन बातों का ध्यान रखकर लोग हृदय रोगों के खतरे को रोक सकते हैं उनमें व्यायाम करना, धूम्रपान न करना और हेल्दी डाइट का सेवन करना शामिल है। ये बातें विश्व हृदय दिवस को देखते हुयर रविवार को पीजीआई के कार्डियोलॉजी विभाग और यूपी चैप्टर कार्डियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफइंडिया द्वारा आयोजित किये गये 5 किमी वॉकथॉन के आयोजन के मौके पर विशेषज्ञों ने कहीं। वॉकाथॉन को यूपी सीएसआई के अध्यक्ष प्रो सत्येंद्र तिवारी, कार्डियोलॉजी विभाग के हेड प्रो. आदित्य कपूर, यूपी सीएसआई के सचिव प्रो सुदीप कुमार, एनेस्थिसियोलॉजी विभाग के हेड प्रो अनिल अग्रवाल, गैस्ट्रोसर्जरी विभाग के हेड प्रो राजन सक्सेना और सीएमएस व एंडोक्राइन सर्जरी विभाग के प्रोफेसर गौरव अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाई। वॉक फॉर योर हेल्दी हार्ट कार्यक्रम में लगभग 75 संकाय सदस्यों ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ भाग लिया।

### कायस्थ महासभा की बैठक आयोजित

**लखनऊ।** राष्ट्रीय कायस्थ महासभा की एक बैठक आज जियामऊ में पूर्व सभासद हृदय नरायण श्रीवास्तव के घर पर हुई। इस बैठक में सैकड़ों की संख्या में कायस्थों ने भाग लिया। इस बैठक में कायस्थों ने अपने समाज को राजनीतिक रुप से मजबूत करने पर चर्चा की। अध्यक्षता करते हुए श्री श्रीवास्तव ने कहा कि हर एक कायस्थ को एक दूसरे की हर तरह मदद करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज में जो वंचित लोग हैं उन्हें आर्थिक, समाजिक रुप सहायता करनी चाहिए ताकि वह भी आगे आ सकें। इस अवसर पर भाजपा से जुड़ी महिला पदाधिकारी वर्षा जी ने कहा कि यम द्वितिया के दिन चित्रगुप्त पूजा पर एक बड़ा आयोजन किया जाएगा ताकि इस समाज के परिवार का भी एक दूसरे से परिचय हो सके। इस बैठक में कई लोगों ने सुझाव दिये जिसे महासभा ने विचार करके उसे क्रियान्वित करने का आश्वासन दिया।

## प्रतापगढ़ में कांग्रेस, भाजपा समर्थकों में मारपीट का मामला

# क्षेत्राधिकारी निलंबित

● आरोपः लालगंज के सीओ जगमोहन सिंह ने कार्यक्रम स्थल पर अलग-अलग राजनीतिक दलों के लोगों के एक साथ मंच पर उपस्थित होने का पूर्वानुमान नहीं किया और पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था नहीं की जिससे वहां शांति व्यवस्था को लेकर गंभीर स्थिति उत्पन्न हो गई

भाषा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश प्रशासन ने प्रतापगढ़ जिले के विकास खंड सांगीपुर के सभागार मे शनिवार को आयोजित गरीब कल्याण मेले में कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के समर्थकों के बीच हुई मारपीट के मामले में क्षेत्राधिकारी (पुलिस उपाधीक्षक) लालगंज जगमोहन सिंह को निलंबित कर दिया है। अपर पुलिस महानिदेशक (कानून व्यवस्था) प्रशांत कुमार ने रविवार को इसकी पुष्टि की। अपर मुख्य सचिव (गृह) अवनीश कुमार अवस्थी ने क्षेत्राधिकारी का निलंबन आदेश जारी किया है। अवस्थी ने घटना के संदर्भ में पुलिस के उच्चाधिकारियों द्वारा भेजी गई रिपोर्ट का संज्ञान लेते हुए शनिवार देर रात यह कार्वाई की है। शासनादेश के अनुसार अपर पुलिस महानिदेशक (प्रशासन) की रिपोर्ट में कहा गया है कि लालगंज के क्षेत्राधिकारी जगमोहन सिंह ने कार्यक्रम स्थल पर अलग-अलग राजनीतिक दलों के लोगों के एक साथ मंच पर उपस्थित होने का पूर्वानुमान नहीं किया और पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था नहीं की जिससे वहां शांति व्यवस्था को लेकर गंभीर स्थिति उत्पन्न हो गई। अवस्थी ने अपने आदेश में लिखा है कि रिपोर्ट से स्पष्ट है कि क्षेत्राधिकारी ने शासकीय कर्तव्यों में लापरवाही, अकर्मण्यता और अदूरदर्शिता का परिचय दिया है। उनके इस कृत्य से सरकार और विभाग की छवि धूमिल हुई है इसलिए तत्काल प्रभाव से उन्हें निलंबित करते हुए उनके विरूद्ध विभागीय कार्वाई शुरू की जाती है। उल्लेखनीय है कि शनिवार को आयोजित गरीब कल्याण मेले में कांग्रेस और भाजपा समर्थकों के बीच हुई मारपीट में दोनों पक्ष के लोग मामूली रूप से घायल हुए हैं, वहीं प्रतापगढ़ के सांसद संगमलाल गुप्ता ने कांग्रेस समर्थकों पर मारपीट का आरोप लगाया है। पुलिस के मुताबिक थाना कोतवाली लालगंज पुलिस ने शनिवार को गुप्ता की शिकायत के आधार पर कांग्रेस नेता तिवारी और उनकी बेटी अराधना मिश्रा उर्फ मोना सहित 27 लोगों व 50 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

## अनुसूचित जाति के बच्चों के बर्तन अलग रखने के मामले में प्रधानाध्यापिका सस्पेंड

**मैनपुरी।** मैनपुरी जिले के बेवर विकासखंड के प्राथमिक विद्यालय दौदापुर की प्रधानाध्यापिका को कर्तव्यों में लापरवाही बरतने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। मध्यान्ह भोजन में अनुसूचित जाति के छात्रों के बर्तन अलग रखवाने के आरोप में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने प्रधानाध्यापिका के खिलाफ यह कार्वाई की है। विद्यालय की दोनों रसोइयों को भी सेवा से हटा दिया गया है। मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) विनोद कुमार ने बताया कि मध्यान्ह भोजन में अनुसूचित जाति के छात्रों के बर्तनों के संबंध में जातिगत भेदभाव की शिकायत पर प्रधानाध्यापिका को निलंबित कर दिया गया है। कुमार ने बताया कि ग्राम प्रधान मंजू देवी के पति साहब सिंह ने शिकायत की थी कि विद्यालय में अनुसूचित जाति के बच्चों के बर्तन अलग रखे जाते हैं। अनुसूचित जाति के बच्चों द्वारा प्रयोग किए गए बर्तनों को रसोई में रखने की अनुमति नहीं थी। सीडीओ ने पीटीआई-भाषा को बताया कि शिकायत मिलने पर उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कमल सिंह और परियोजना निदेशक के. के. सिंह के साथ विद्यालय और रसोई का निरीक्षण किया और वहां अनुसूचित जाति के बच्चों द्वारा प्रयोग किए गए बर्तनों को अलग कक्ष में पाया। सीडीओ ने मामले में तुरंत संज्ञान लेते हुए मौके पर ही दो रसोइयों को सेवा से हटा दिया और प्रधानाध्यापिका गरिमा सिंह राजपूत को कर्तव्यों में लापरवाही बरतने के आरोप में निलंबित कर दिया।

## आबकारी विभाग की छापेमारी से कच्ची शराब माफियाओं के हौसले हुए पस्त

संवापददाता। उन्नाव

**जनपद** में अवैध कच्ची शराब कारोबारियों की नींव हिलाने में आबकारी विभाग कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहा है। अवैध कच्ची शराब कारोबारियों पर निरंतर विभाग की ओर से छापेमार कार्यवाही की जा रही है। जिसके बेहतर परिणाम भी सामने आ रहे हैं। आबकारी निरीक्षक लगातार अपने अपने क्षेत्रों में कच्ची शराब को लेकर अभियान चला रहे हैं। जिससे अवैध कच्ची शराब कारोबारियों के हौसले पस्त नजर आ रहे हैं। विभाग की छापेमार कार्यवाही में कच्ची अवैध शराब तो बरामद हो ही रही है। वहीं लहन भी नष्ट किया जा रहा है। जिला आबकारी अधिकारी करुणेंद्र सिंह ने चार्ज संभालने के बाद से जिले भर में अवैध कच्ची शराब कारोबारियों पर अभियान चलाने के निर्देश अधीनस्थ आबकारी निरीक्षकों को दे रखा है।

रविवार आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 5 प्रदीप कुमार मौर्यए राजेश प्रताप सिंह आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 4 पुरवाए मय आबकारी सिपाहियों सहित व थाना असोहा के स्टाफ के साथ मिलकर थाना असोहा में ग्राम सोहोए रामनगरए तालाब व नदी किनारे एवम टेडवा में दबिश के दौरान लगभग 40 लीटर कच्ची शराब बरामद करते हुए नियमानुसार 02 अभियोग पंजीकृत कराये। इस दौरान लगभग 600 किलोग्राम लहन व 2 भट्टी नष्ट की गई। मौके पर रामकिसुन पुत्र स्व0 रम्पत निवासी सोहोए गुड़िया पत्नी भोला शंकर निवासी टेडवा को गिरफ्तार कर थाना असोहा में अभियोग पंजीकृत कराया गया।

# अभी ढहाया जा रहा है माफिया का माल

● मुख्तार के करीबी के चार मंजिला भवन को जमींदोज करने के लिए दूसरे दिन भी चला बुलडोजर

संवाददाता। मऊ



**बांदा** जेल में निरुद्ध माफि या व बाहुबली विधायक मुख्तार अंसारी बेहद करीबी कोयला माफि या व ठेकेदार उमेश सिंह के शापिंग माल को जमींदोज करने की कार्रवाई रविवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। 10 करोड़ की लागत से निर्मित चार मंजिला शापिंग माल के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के दौरान जिला प्रशासन को काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। बुल्डोजर के साथ ही अन्य मशीनों को भवन के ध्वस्तीकरण के लिए लगाया गया है। भवन के छत को तोड़ने के लिए वाइब्रेटर मशीन का भी प्रयोग किया जा रहा है। अवैध रुप से निर्मित भवन के ध्वस्तीकरण का आदेश नगर मजिस्ट्रेटन्यायालय द्वारा पारित किया गया है। न्यायालय के आदेश के अनुपालन में ध्वस्तीकरण की चल रही कार्रवाई के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर भारी संख्या में पुलिस फोर्स की तैनाती रहा। मुख्तार अंसारी गिरोह आईएस 191 गैंग के निकट सहयोगी एवं मन्ना सिंह हत्याकांड में सहअभियुक्त कोयला माफिया उमेश सिंह द्वारा शहर कोतवाली अंतर्गत भीटी में चार मंजिला शापिंग माल का अवैध तरीके से निर्माण कराया गया था। करीब 10 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित शापिंग माल पिछले कई वर्षों से संचालित हो रहा था। सिटी मजिस्ट्रेट के न्यायालय में अवैध तरीके से निर्माण करने का मुकदमा स्टेट बनाम उमेश सिंहए अजय सिंहए विजय सिंहए विनय सिंह के विरुद्ध चल रहा था। सुनवाई के दौरान ही शुक्रवार को न्यायालय द्वारा अवैध रुप से निर्मित भवन के ध्वस्तीकरण का आदेश जारी किया गया था। न्यायालय से आदेश जारी होने के बाद शनिवार को ध्वस्तीकरण की कार्वाई शुरु कर दिया गया था। शनिवार की देर रात में जिला प्रशासन की टीम द्वारा ध्वस्तीकरण की कार्वाई चलता रहा। रविवार को दूसरे दिन भी जिला प्रशासन द्वारा ध्वस्तीकरण की कवायद चलता रहा। ध्वस्तीकरण की कार्वाई के दौरान जिला प्रशासन की टीम को काफी मशक्कत करना पड़ रहा है। जिला प्रशासन की टीम द्वारा बुल्डोजर के माध्यम से आगे का हिस्सा ध्वस्त किया गया। जबकि छत को ध्वस्त करने के लिए वाइब्रेटर मशीन लगाया गया है। दूसरे दिन बुल्डोजर व वाइब्रेटर मशीन से ध्वस्तीकरण की कार्वाई चलता रहा।

## बाइक लूट गैंग का पर्दाफाश

संवाददाता। टाण्डा, अम्बेडकरनगर।



**बाइक लूट गैंग** का पर्दाफश करते हुए अलीगंज पुलिस ने एक अभियुक्त को अवैध तमंचा कारतूस व दो बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया है। अलीगंज थानाक्षेत्र के सम्हारिया गाँव के हाइवे पर गत 22 सितम्बर की रात्रि में अवैध तमंचा के बल पर बाइक संख्या यूपी 32 एमएफ 6004 को अज्ञात बदमाशों ने लूट लिया था जिसकी जानकारी होने पर पुलिस ने धारा 379 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना शुरू किया और मुकदमे को लूट की धाराओं में तरमीम कर दिया। पुलिस कप्तान आलोक प्रियदर्शी के निर्देश पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमें अलीगंज पुलिस को सफ्लता हाथ लगी। अलीगंज थानाध्यक्ष नागेंद्र सरोज ने बताया कि वे सम्हारिया में अपने साथ वरिष्ठ उपनिरीक्षक हीरा लाल यादव कांस्टेबल सूरज कुमार, हरसोविन्द व विजय शंकर यादव के साथ चेकिंग कर रहे थे कि संदिग्ध रूप से बस्ती की तरफ से आ रहे बजाज प्लेटिना चालक को रोका तो उसके पास वैध कागजात नहीं मिले और जामा तलाशी में एक अवैध तमंचा व दो ज़िंदा कारतूस भी बरमाद हुआ।

## यात्रियों से भरी गाड़ी अनियंत्रित होकर पलटी, एक व्यक्ति की मौत, 20 घायल

**भदोही।** जिले के औराई क्षेत्र में रविवार को यात्रियों से भरा एक वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। दुर्घटना में वाहन में सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि 20 अन्य घायल हो गए। पुलिस क्षेत्राधिकारी राम लखन मिश्रा ने बताया कि जिले के चौरी थाना के भाला गाँव निवासी 95 साल के एक वृद्ध का अंतिम संस्कार करने के लिए गाँव के ही 45 लोग दो वाहनों से मिर्ज़ापुर के भोगांव गंगा घाट जा रहे थे। औराई के बभनौटी गाँव के पास उनमें से एक वाहन के चालक ने आगे जा रहे एक दूसरे वाहन को ओवरटेक करने का प्रयास किया, इसी दौरान वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया सड़क किनारे करीब 10 फीट गहरे खड्ड में जा गिरा। उन्होंने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त वाहन में सवार रामेश्वर चौहान (42) की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 20 अन्य जख्मी हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गंभीर रूप से घायल सात लोगों को शहर के दो निजी अस्पतालों में दाखिल कराया गया है। मिश्रा ने बताया कि रामेश्वर चौहान के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## दुधवा अभयारण्य में बाघिन का शव बरामद

**लखीमपुर खीरी** । जिले के दुधवा बाघ अभयारण्य (डीटीआर) के मैलानी रेंज के छेदीपुर गांव के पास रविवार को एक बाघिन मृत पाई गई। डीटीआर के क्षेत्र निदेशक संजय कुमार पाठक ने पीटीआई-भाषा को बताया कि गोला-पीलीभीत मार्ग के किनारे छेदीपुर गांव के पास बाघिन का शव बरामद किया गया जिसकी उम्र एक से दो साल के बीच बताई जा रही है। पाठक ने बताया, बाघिन के शरीर पर मामूली घर्षण को छोड़कर कोई स्पष्ट चोट का निशान देखने को नहीं मिला। प्रथम दृष्टया प्रतीत होता है कि बाघिन की सड़क दुर्घटना में मौत हुई है। हालांकि, क्षेत्र निदेशक ने कहा, मौत के सही कारण का पता भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) बरेली के विशेषज्ञों की टीम द्वारा पोस्टमार्टम जांच के बाद ही पता चलेगा। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) के दिशा-निर्देशों के अनुसार बाघिन के शव का पोस्टमार्टम किया जाएगा।

## बसपा नेता अनुपम दुबे पर एनएसए तामील

**फर्रुखाबाद।** बसपा नेता अनुपम दुबे को अब लम्बे समय तक जेल की सलाखों के पीछे रहना होगा। मैनपुरी जेल में इंस्पेक्टर व ठेकेदार हत्याकांड में निरुद्ध अनुपम को रासुका तामिल करा दी। वही पुलिस की उनके गुर्गों पर भी नजर टेड़ी हो गयी है।कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कसरट्टा निवासी बसपा नेता अनुपम दुबे 26 वर्ष पुराने इंस्पेक्टर रामनिवास यादव और ठेकेदार शमीम की हत्या के मुकदमे में जनपद मैनपुरी कारागार में निरुद्ध है। उनके जेल जाने के बाद पुलिस नें दो और मुकदमें उनके ऊपर दर्ज किये थे। जिसमे एक मुकदमा कन्नौज के छिबरामऊ थाना क्षेत्र के बस्तीराम निवासी राजेश सिंह चौहान ने धमकी देनें व मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र के गांव नकटपुर निवासी रक्षपाल सिंह यादव नें भी एक मुकदमा दर्ज कराया था। वह बीते दो अगस्त को जिला जेल फतेहगढ़ से मैनपुरी जेल भेजा गया था। रविवार को फतेहगढ़ कोतवाल जेपी पाल नें मैनपुरी जेल जाकर अनुपम को रासुका तामील करा दी। प्रभारी निरीक्षक जेपी पाल नें बताया कि राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) का मुकदमा दर्ज हो रहा है।

## सर्पदंश से 3 महिलाओं की जान गई

**फतेहपुर।** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अन्तर्गत जहरीले सर्प के डसने से तीन महिलाओं की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार असोथर थाना क्षेत्र के कठौता गांव निवासी रामकृपाल की 65 वर्षीय पत्नी गुजरियां देवी खेत में चारा काटने गयी थी तभी जहरीले सर्प के काटने से मौत हो गयी वहीं बकेवर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर पोही गांव निवासी शिवमोहन की 26 वर्षीय पत्नी मैना देवी खेत में काम कर रही थी तभी सर्प ने उसे डस लिया जिससे उसकी मौत हो गयी। इसी प्रकार धाता थाना क्षेत्र के गोविन्दपुर गांव निवासी बीरन की 45 वर्षीय पत्नी कलावती को 7 सितम्बर को खेत में काम करते समय जहरीले सर्प ने डस लिया जिसे परिजन कौशाम्बी जनपद के सरकारी अस्पताल में भर्ती कर इलाज करा रहे थे हालत ठीक न होने पर इलाहाबाद के लिये रेफर करवा लिया जहां उपचार दौरान महिला ने दम तोड़ दिया। परिजन शव लेकर गांव चले आये।

# गोलमाल होता है ऐसे!

संवाददाता। बस्ती

● दो सचिव ने 'डीपीआरओ' और 'एडीओ' के भ्रष्टाचार की खोली पोल

● इच्छित धन न देने वाले सचिवों पर दर्ज कराई जाती है एफआईआर

**कुदरहा** ब्लॉक में तैनात ग्राम विकास अधिकारी अवधेश कुमार राव और गौर में तैनात ग्राम विकास अधिकारी अखिलेश कुमार चौधरी ने पंचायती विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार की पोल खोलकर तहलका मचा दिया है। उच्चाधिकारियों को लिखे पत्रों में कहा गया है कि डीपीआरओ और एडीओ पंचायत होटल और आवास परं बुलाकर सौदा करते हैं। और एफआईआर दर्ज कराने का डर दिखाकर उगाही की जाती है। इस अनैतिक कार्य में डीपीआरओ की मदद एडीओ पंचायत कर रहे हैं। इस दौरान जो सचिव पैसा नहीं देता उसके खिलाफ दोष न होने के बावजूद मुकदमा दर्ज करा दिया जाता है। पैसा देने वाले दोषी बैंक मैनेजर, सचिव और प्रधान को बरी कर दिया जाता है। अखिलेश चौधरी ने पत्र में लिखा है कि उसने किसी चेक पर हस्ताक्षर नहीं किया, फिर भी इसलिए मुकदमा दर्ज करवा दिया, क्योंकि उसने डीपीआरओ और एडीओ की बात नहीं मानी। यही बात अवधेश कुमार राव ने भी अधिकारियों को लिखी है। कहा कि कोई भी गलती न होने के बावजूद एडीओ पंचायत आंनद कुमार सिंह ने मुकदमा दर्ज करवा दिया।

यह पहली बार नहीं है, जब विभाग के दो सचिवों ने डीपीआरओ और एडीओ पंचायत के कालेकारनामें की पोल खोली है। इससे पहले कई प्रधान और सचिव पोल खोल चुके हैं, और अधिकारियों की पोल खुल भी चुकी है। किस तरह धन के लालच में सरकारी धन का गबन करने वालों को छोड़ दिया जाता है, और निर्दोष को फंसा दिया जाता है, इसका खुलासा इन दोनों सचिवों ने किया। विभाग के अधिकारियों पर इससे पहले भी इसी तरह के कई आरोप लग चुके है। मगर, आवास और होटल में बुलाकर सौदेबाजी की यह पहली घटना है। इससे विभाग में फैले भ्रष्टाचार का पता चलता है। इन दोनों सचिवों का कहना है कि जिस विभाग के अधिकारी भ्रष्टाचार में लिप्त हो उस विभाग का भगवान ही मालिक है। अगर बाबू और सचिव लिप्त है, तो कोई बड़ी बात नहीं है। कहते हैं कि डीपीआरओ पर इससे पहले भी अन्त्योष्टि स्थल में करोड़ों रुपये के बंदरबांट का आरोप लग चुका है, यह आरोप जांच में साबित भी हो चुका है, और फिरसे वहीं काम करने लगे हैं, जिसे छोड़कर वह गए थे, बस इन्होंने तरीका बदल दिया। कहते हैं कि आवास और होटल के कमरे में बुलाते समय पूरी सावधानी बरती जाती है, कोई वीडियो न बना ले इसके लिए कमरे के बाहर ही मोबाइल को रखवा लिया जाता है।

# नागरिकता समाप्त कर मुस्लिमों को वोटिंग से किया जाए वंचितः जगतगुरु परमहंस



**अयोध्या।** वैष्णो नगरी अयोध्या से भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने के लिए संतो और सनातन धर्म को मानने वालों की आवाज बुलंद हो रही है और संतों का मानना है कि जब धर्म के आधार पर देश का बंटवारा हुआ तो भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करने में समस्या क्या है। अयोध्या राम घाट स्थित आचार्य पीठ तपस्वी छावनी में जगतगुरु परमहंस आचार्य की अध्यक्षता में संत सनातन धर्म संसद का आयोजन किया गया जिसमें संतो ने एक स्वर से भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने की मांग। धर्म संसद की अध्यक्षता करते हुए जगतगुरु परमहंस आचार्य ने कहा की अगर 2 अक्टूबर के पहले भारत को हिंदू राष्ट्र नहीं घोषित किया गया तो मैं दिन में 12 बजे मां सरयू के गोद में जल समाधि लूंगा। उन्होंने बताया की इसके पहले 1 अक्टूबर को 11 बजे दिन में धर्म संसद का आयोजन किया जाएगा जिसमें पूरे देश से हजारों हिंदू संगठन भाग लेंगे और भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करने की मांग राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री से करेंगे।जगतगुरु ने कहा कि पाकिस्तान और बांग्लादेश मुस्लिम राष्ट्र हो सकते हैं जो हमारे देश भारत से अलग हुए हैं तो भारत हिंदू राष्ट्र क्यों नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि देश की सरकार है मौलवियों को पैसा देती हैं ऐसे में संतो को भी केंद्र सरकार ?100000 महीना दे और मठ मंदिरों की बिजली पानी की सप्लाई निशुल्क कर दे। उन्होंने कहा कि जहां मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र है वहां संतों और हिंदुओं को मारा जा रहा है प्रताड़ित किया जा रहा है ऐसे में देश को हिंदू राष्ट्र घोषित करके मुस्लिमों की नागरिकता और वोटिंग देने का अधिकार समाप्त कर देना चाहिए।

● हिंदू राष्ट्र के लिए धर्म संसद का हुआ आयोजन 2 अक्टूबर को जगत गुरु परमहंस लेंगे जल समाधि

## राजद्रोह के आरोपी दामाद को एम्स में भर्ती कराने के लिए ससुर ने डीएम को पत्र लिखा

**मथुरा।** राजद्रोह और दो सम्प्रदायों में वैमनस्य फैलाकर दंगा कराने के प्रयास जैसे संगीन आरोपों में उत्तर प्रदेश के मथुरा जिला कारागार में बंद पीएफआईसीएफआई के सदस्य अतीकुर्हमान के खराब स्वास्थ्य का हवाला देकर उसके ससुर ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर उसे अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में भर्ती कराने की अनुमति देने का अनुरोध किया है। अतीकुर्हमान और उसके तीन साथियों को पिछले साल हाथरस बलात्कार पीड़िता के परिवार से मिलने जाते समय एक्सप्रेस-वे के मांट टोल प्लाजा से गिरफ्तार किया गया था। दलित युवती की बलात्कार के बाद हत्या कर दी गई थी। रहमान के वकील मधुवन दत्त चतुर्वेदी ने बताया, अतीकुर्हमान दिल एवं श्वसन तंत्र की गंभीर बीमारियों से ग्रस्त है। लखनऊ में धन शोधन कानून संबंधी विशेष अदालत में 22 सितंबर को पेशी के दौरान भी वह गंभीर रूप से बीमार हो गए था, जिसके अगले दिन उसके ससुर ने मथुरा के जिलाधिकारी को पत्र लिखकर यह मांग की है। उन्होंने बताया, रहमान को वहां से वापस लाते समय पहले आगरा के खंदारी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और फिर जिला अस्पताल ले जाया गया। इसके बाद उन्हें एसएन मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। लेकिन वहां के चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें लखनऊमें एम्स अथवा संजय गांधी परास्नातक संस्थान (एसजीपीजीआई) में तुरंत भर्ती कराने की सलाह दी।

# अजब-गजबः यहां तो 'मंत्री' की भी नहीं चलती!

संवाददाता। बस्ती

● प्रेसवार्ता में पत्रकारों की शिकायत पर मंत्री ने डीएम को 'एसआईसी' को हटाने का दिया था निर्देश

● क्या कार्रवाई हुई, और क्या हो रही है, इसकी जानकारी नहीं दे पा रहा कोई अधिकारी

● सीएमओ ने कहा- एडीएम कर रहे जांच और एडीएम बोले अभी नहीं मिला है ऐसा आदेश

● डीएम आवास से भी नहीं मिली जानकारी जिलाधिकारी ने भी नहीं दिया कोई रिस्पांस

**जिले** के प्रभारी मंत्री राजेंद्र सिह उर्फ मोती सिंह ने एक सप्ताह पहले अखबार नबीसों के शिकायत पर जिला अस्पताल के एसआईसी डा. आलोक वर्मा को त्वरित रिप्लेस करने का निर्देश डीएम को दिया था। एक सप्ताह बीत गया, मगर इस मामले में क्या कार्रवाई हुई, और क्या हो रही है, इसका पता ही नहीं चल पा रहा है। यह पूरे जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है, सवाल कर रहें है कि जब मंत्री के आदेश का यह हश्र है, तो अन्य का क्या होता होगा? सीएमओ डा. अनूप श्रीवास्तव बताया कि डीएम मैडम ने एडीएम को जांच दिया, वहीं एडीएम अभय मिश्र ने बताया कि अभी उन्हें जांच नहीं मिली, कहा, पता करके बताता हूं। डीएम आवास से भी नहीं मिली कोई जानकारी। डीएम के सीयूजी नंबर पर जब बात करने का प्रयास किया तो अर्दली ने कहा मैडम अंदर है, खाली होने पर बात करवाता हूं। यह पहली बार नहीं है, जब जिले के प्रभारी मंत्री के आदेश और निर्देश का पालन अधिकारी नहीं कर रहे हैं, महिनों हो जाते हैं, कार्रवाई होना या करना तो दूर की बात, कार्रवाई का ही पता नहीं चल पाता। इससे पहले प्रभारी मंत्री के हर्रैया भ्रमण के दौरान भाजपा नेताओं ने मनरेगा सहित हर्रैया ब्लॉक में व्याप्त भ्रष्टाचार की पोल खोलते हुए जांच कराने की मांग की थी। नाराज मंत्री ने मौजूद सीडीओ को त्वरित जांच और कार्रवाई करने का निर्देश दिया था, आदेश और निर्देष दिए लगभग तीन माह हो गए, मगर अभी तक जांच का ही पता नहीं चला, कार्रवाई तो दूर की बात है। बताया गया कि शिकायतकर्त्ता जांच में ही सहयोग नहीं कर रहे है। जबकि जांच शिकायतकर्ता की नहीं, बल्कि मनरेगा के कार्यो की होनी है। इसी तरह एक सप्ताह पहले प्रभारी मंत्री सरकार के साढ़े चार साल की उपलब्धियां बताने जिले में आए थे, प्रेसवार्ता के दौरान एक स्वर में पत्रकारों ने जिला अस्पताल के एसआईसी के अनियमित कार्यो की पोल खोलते हुए उन्हें मरीज और पत्रकार हित में हटाने की मांग की, इस पर प्रभारी मंत्री ने डीएम को त्वरित एसआईसी को रिप्लेस करने को कहा।

## एसआईसी के पक्ष में फिर सक्रिय हुआ दवा कारोबारियों का सिंडीकेट

**वैसे** जब भी किसी सीएमओ या एसआईसी या फिर एमओआईसी पर आफत आती है, तो दवा कारोबारियों का सिंडिकेट सामने आ जाता है। इन सिंडिकेट का प्रभाव जिले से लेकर लखनउ तक रहता हैं, इन्हें राजनैतिक समर्थन भी मिलता रहता है। इससे पहले इनकी ताकत तत्कालीन सीएमओ डा. जेएलएम कुशवाहा एवं कप्तानगंज में तैनात एमओआईसी के मामले में देखा जा जा चुका है। सीएमओ के खिलाफ कार्रवाई से लेकर तबादला तक सदर विधायक दयाराम चौधरी और एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह के प्रतिनिधि हरीष सिंह को पूरी ताकत लगा देनी थी, तब जाकर कार्रवाई हुई। यह सिंडिकेट हमेषा अपने फायदे के लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का इस्तेमाल करता रहा है, और आवष्यकता पड़ने पर उनकी मदद भी करता रहा। एसआईआई के मामले में भी यह सिंडिकेट तन-मन और धन से लगा हुआ है। चर्चा तो इस मामले में एक 'माननीय' के दखल देने की भी हो रही है, कारण माननीय के आदमी का अस्पताल में ठेकापटटी के कार्य में लगा होना बताया जा रहा है।

# पात्रों का नाम काट आपात्रों की झोली में डाल दिया पीएम आवास

संवाददाता। नसीराबाद रायबरेली

**गरीब असहाय** लोगों के लिए राज्य सरकार से लेकर केंद्र सरकार हर वर्ष रहने के लिए पीयम के रूप में छत मुहैया करा रही है परंतु विभागीय अधिकारी कर्मचारी सरकार की छवि को पलीता लगाने से बाज नहीं आ रहे हैं कुछ ऐसे अधिकारी हैं जो एसी कमरों में बैठकर आवासों की जांच कर कागज कालम पूरा करते हुए पात्रों का नाम काट कर आपात्रों की झोली में पीएम आवास सौंप दे रहे है अब ऐसा क्यों करते हैं यह जांच करने वाले अधिकारी कर्मचारी व आवास पाने वाले ही जाने ठीक ऐसा ही एक मामला विकास खंड छतोह क्षेत्र के ग्राम पंचायत छतोह में देखने को मिला है उक्त ग्राम पंचायत में पीएम आवास सूची के जरिए पात्रों के लिए कई आवास आवंटन हुए है ग्रामीण नीलम पत्नी प्रेम सिंह गुड्डन पत्नी लवकुश सिंह सीमा पत्नी अजय



सिंह का कहना है कि पीएम आवास सूची में हम लोगों का नाम था और आवास मिलना था परंतु गांव की राजनीति के तहत ब्लॉक के कर्मचारी ब्लॉक मुख्यालय में ही बैठ कर कागज कालम पूरा करते हुए हम लोगों को अपात्र दिखाकर दूसरो को आवास दै दिया जबकि हम लोगों के पास रहने के लिए मड़ैया के अलावा और कोई अन्य आवास नहीं है और ना ही कोई आय की आमदनी है लोगों ने कहा कि हम लोगों के पास छोटे-छोटे बच्चे हैं सीमा पत्री अजय सिंह दोनों पति-पत्नी पैरों से विकलांग है और यह लोग छोटे-छोटे बच्चों के साथ मढैया में ही गुजर बसर कर रहे हैं उक्त लोगों ने मांग की कि इस मामले में जिले से तीन सदस्यीय टीम द्वारा जांच करवाई जाए तब पूरा मामला आईना की तरह साफ हो जाएगा कि आवास के लिए कौन पात्र है और कौन आपात्र इस मामले में जब ग्राम पंचायत सचिव ओमप्रकाश के मोबाइल नंबर पर संपर्क किया गया तो फोन नहीं उठा

**आवास के विषय में जांच अधिकारी द्वारा जांच कर पात्रों को** आवास आवंटन कराया जाता है आवास लिस्ट में नाम काटने की जानकारी हमें नहीं है उक्त सभी आवास पाने हेतु पात्र हैं दोबारा जांच करवा कर हमारी तरफ से तीनो को आवास दिलवाया जाएगा

**वर्तमान प्रधान प्रतिनिधि**
**शोहराब खां ग्राम पंचायत छतोह**

अभी मैं नया आया हूं मामला जानकारी में नहीं है अगर ऐसी बात है तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी

## तालिबान को मान्यता

### संयुक्त राष्ट्र महासभा में मतभेद

**अफगानिस्तान** के भविष्य पर संयुक्त राष्ट्र महासभा में अमेरिका तथा चीन समर्थकों में विभाजन की स्थिति है जिसे निर्णय करना है कि तालिबान की अंतरिम सरकार को मान्यता दी जाए या नहीं। इस मामले में चीन की लफ्फाजी जारी है। अमेरिका के पास संख्याबल है। महासभा तेजी से देशों के एक ऐसे मंच में बदलती जा रही है जिनको तालिबान पर अपना दृष्टिकोण स्पष्ट करना है तथा यह चुनना है कि वे किस पक्ष में हैं। अंततः महासभा को एक निर्णय पर पहुंचना है। यह चाहे जो हो, पर सर्वसम्मति से नहीं होगा तथा समूह से प्रभावित होगा। चीन-रूस-पाकिस्तान धुरी ने जल्दी से एक समूह बनाया है। हालांकि, रूस यह कह कर सही पक्ष में खड़े होने का प्रदर्शन कर रहा है कि तालिबान की अंतरिम सरकार को मान्यता देने में उस समय तक जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए जब तक तालिबान अपने आश्वासनों का सम्मान नहीं करते हैं। लेकिन यथार्थ में वह चाहता है कि इस धुरी को अफगानिस्तान में प्रभाव डालने वाली शक्ति के रूप में दुनिया स्वीकार कर ले। चीन इसे अपने तथा अमेरिका के बीच इच्छाशक्ति के टकराव की तरह देख रहा है। वह चाहता है कि संयुक्त राष्ट्र संस्थायें तालिबान के खिलाफसारे प्रतिबंध उठा लें तथा अमेरिका अफगानिस्तान का विदेशी मुद्रा भंडार जारी कर दे जिसे उसने फ्रीज कर दिया है। पाकिस्तान आगे बढ़ कर एक रोडमैप की मांग कर रहा है जिसका अर्थ सीधे अंतरिम सरकार को मान्यता देना है। इस धुरी के सदस्य तालिबान तथा पर्व सरकार के राजनेताओं से मिलने काबुल जा चुके



हैं तथा वे आतंकवाद पर लगाम लगाने एवं समावेशी सरकार बनाने की मांग कर रहे हैं। अमेरिकन समूह भी यही मांग कर रहा है। पी-5 या संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के स्थाई सदस्यों में महासभा से भी अधिक विभाजन है। फ्रांस वर्तमान समय में आंकुस पनडुब्बी प्रकरण से नाराज है और उसे चीन व रूस के खिलाफअमेरिका व ब्रिटेन के साथ खड़े होने में परेशानी हो रही है। स्थाई सदस्यों के कठोर दृष्टिकोण को देखते हुए यह बाकी दुनिया की क्षमता पर निर्भर है कि वह मान्यता के निर्णय पर बाकी दुनिया को एक बहुसंख्यक निर्णय की ओर ले जाए। जहां तक धुरी के समर्थन या तालिबान के भीतर अंतर्निहित वैचारिक टकराव का सवाल है, तालिबान ने अब तक अपने द्वारा पहले किए अत्याचारों पर कोई पश्चाताप नहीं किया है जिससे वह दुनिया की नजरों में अविश्वसनीय बना हुआ है। उसे अपनी मान्यता प्राप्त होने तक थोड़ी नरमी दिखाने की भी चिन्ता नहीं है। वे अपना प्रतिगामी धार्मिक एजेंडा लागू करने के मामले पर आगे बढ़ने का इरादा स्पष्ट कर चुके हैं। उन्होंने महिलाओं के साथ व्यवहार तथा अंतरिम सरकार में उनकी अनुपस्थिति के बारे में दुनिया की राय को अनदेखा किया है। वहां धार्मिक पुलिस एक बार फ्रि सामने आ गई है जो इस्लामी कानून लागू करवा रही है। उन लोगों को रक्षा व खुफिया मंत्रालयों में रखा गया है जो पहले गुंआतानामो जेल में बंद थे। धार्मिक पुलिस के पूर्व प्रमुख ने हत्याओं व हाथ-पैर काटने की सजा वापस लाने की मांग की है। ऐसे में देखना होगा कि तालिबान की वर्तमान जिद का क्या कारण है। उनका विश्वास है कि मानवीय सहायता देने वाली वैश्विक संस्थायें अफगानिस्तान के लोगों को भूख से मरने नहीं देंगी, भले ही वे उसकी सरकार को मान्यता न दें। तालिबान इस बारे में प्रतीक्षा करने का खेल खेल रहे हैं।

# गुजरात में परिवर्तन की प्रक्रिया

### दूसरे स्थानों की तुलना में गुजरात के नौजवान जातिवाद के बजाय राज्य में आधुनिक योजनाओं, प्रगति तथा गुणवत्तापूर्ण सामाजिक व आर्थिक विकास के पक्ष में हैं।



**प्रफुल्ल गोराड़िया**
(लेखक पूर्व राज्यसभा सदस्य हैं)



भारत का परम्परागत विवेक कर्तव्यों को ब्रह्मा, विष्णु व महेश में बांटता है जो आवश्यकतानुसार स्रष्टि का सृजन, पालन और संहार करते हैं। कोई अकेला देवता ये सारे काम नहीं कर सकता है, भले ही वह चाहे जितना शक्तिशाली ही क्यों न हो। लेकिन जनता एक मंत्री या मुख्यमंत्री से उम्मीद करती है कि वह चुनावों में विजय प्राप्त करे, सरकार का संचालन करे, मंत्रियों की निगरानी करे, सभी विधायकों पर नजर रखे तथा फिर चुनाव जीते। गुजरात के मामले में मुख्यमंत्री को इस बात का श्रेय नहीं दिया जा रहा है कि उन्होंने 2017 का चुनाव जीता, बल्कि इसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता की शक्ति पर जीता चुनाव बताया जा रहा है। यह पुराना विश्वास है कि निर्वाचित होने के बाद मुख्यमंत्री को अगले चुनाव तक पद पर रहना चाहिए जो सामान्यतः पांच साल बाद होता है। यहां तक कि अक्सर अमेरिकन राष्ट्रपति भी अपना चार साल का कार्यकाल पूरा नहीं कर पाते हैं। राजनेता वर्ग में पक्का विश्वास है कि भूपेंद्र भाई की छोटी सी कंपनी ने साबरमती रिवर फ्रंट का निर्माण किया है जिससे अहमदाबाद का सौंदर्य बढ़ गया है। दूसरा विश्वास यह है कि उन्होंने अहमदाबाद की बस रैपिड ट्रांजिट व्यवस्था भी बनाई है जो अन्य शहरों की तुलना में ऐसी योजना बेहतर तरीके से संचालित कर रही है, जबकि दूसरे शहरों में ऐसी योजनायें परवान नहीं चढ़ सकी हैं। इन उपलब्धियों के बाद से ही भूपेंद्र भाई भाजपा के दिमाग में ऐसी आधुनिक योजनाओं के निर्माता के रूप में थे जो बिल्कुल सटीक थीं तथा समय पर पूरी हुईं। वे लेउवा पटेल के बजाय कड़वा पटेल हैं। माना जाता है कि वे भगवान राम के पुत्रों लव व कुश के वंशज हैं और इसी कारण उनके नाम में 'ल' और 'क' है।

एक अन्य तथ्य पर भी लोगों का ध्यान नहीं जाता है जिसे अवसर कहते हैं। अधिकांश विधायक चुनाव जीतने पर मंत्री बनने की इच्छा रखते हैं, बशर्ते कि उनका संबंध चुनाव में सत्ता प्राप्त करने वाली पार्टी से हो। गुजरात में इन विधायकों की संख्या 182 है। जो विधायक इस स्थिति में नहीं आ पाते हैं, उनकी उम्मीदें आमतौर से टूट जाती हैं जब तक कि बड़े पैमाने पर कोई दलबदल न हो। यदि बहुमत वाली पार्टी में लगभग 100 विधायक हों तो 25 को मंत्री पद मिल सकता है, लेकिन ऐसे में बाकी 75 का क्या होगा। उनके पास स्वयं को आगे बढ़ाने का कोई अवसर नहीं होता है, बस वे एक विधायक बन कर रह जाते हैं जो अवसर की प्रतीक्षा कर सकता है। इसलिए यह उपयुक्त है कि सत्तारूढ़ पार्टी अपनी सरकार में परिवर्तन करती रहे। चूंकि सभी मंत्री सक्षम नहीं होते हैं, इसलिए उनमें परिवर्तन की जरूरत होती है।

यह सच है कि भारत की खास परिस्थितियों में अधिकांश पार्टियों को एक ओबीसी के स्थान पर समान प्रतिनिधित्व करने वाले ओबीसी को लाना पड़ता है। ऐसे में आमतौर से उसके कामकाज को अनदेखा करना पड़ता है। लेकिन अब समय बदल रहा है। आज के नौजवान जाति को उतनी प्राथमिकता नहीं देते हैं जितनी उनके पिता या बाबा देते थे। ये नौजवान जीवन में कुछ प्राप्त करना चाहते हैं। यदि समाज व अर्थव्यवस्था आगे नहीं बढ़ते हैं तो उनके पास भी आगे बढ़ने का अवसर बहुत सीमित होता है। इसका अर्थ है कि

**कुछ महीने पहले असम की तरह गुजरात की सरकार में परिवर्तन से स्पष्ट है कि भाजपा राजनीति को आधुनिक बनाने के लिए फैसले लेने से नहीं हिचकती है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए पार्टी नेतृत्व में परिवर्तन से जरा भी संकोच नहीं करती है। यह स्थिति कांग्रेस के एकदम उलट है जो एक पारिवारिक बिजनेस में बदल गई है।**

पेशों में गुणवत्तापूर्ण विकास तथा मात्रात्मक वृद्धि जरूरी है। नौजवान समझ गए हैं कि वे विकास की उम्मीद उस समय तक नहीं कर सकते हैं जब तक देश की राजनीति पर जाति का बंधन लगा हुआ है। यदि राजनीति नहीं बदलती है तो समाज में केवल राजनीति को ही बढ़ावा मिलेगा, अर्थव्यवस्था में प्रगति नहीं होगी तथा समाज गतिहीन बना रहेगा। यह स्थिति विनाशकारी हो सकती है। संक्षेप में कहा जाए तो यदि चुनाव जीतने की इच्छा रखने वाली पार्टी का नेता विकास नहीं कर सकता है तथा केवल यथास्थिति बनाए रखता है तो उसके बजाय दूसरी पार्टी चुनाव में अपने आप विजय प्राप्त कर सकती है।

उल्लेखनीय है कि गुजरात में आज तक तीसरी पार्टी को स्थान नहीं मिला है और यहां केवल कांग्रेस व भाजपा हैं। ऐसे में तीसरी शक्ति के रूप में उभरने का प्रयास करने वाले सभी लोग विफल रहे हैं। तीसरी पार्टी के रूप में उभरने का प्रयास करने वाले अंतिम व्यक्ति गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री केशूभाई पटेल थे जिनका देहान्त हो चुका है। लेकिन इस नई पार्टी से चुनाव जीतने वालों में केशूभाई अकेले थे। हालांकि, अगले विधानसभा चुनाव में तीन पार्टियां चुनाव में उतरेंगी जिनमें भाजपा व कांग्रेस के अलावा आम आदमी पार्टी-आप भी शामिल है। इस तिकोने मुकाबले से भाजपा की स्थिति बेहतर हो जाएगी। गुजरात ऐसा राज्य है जहां राजनीति पर अर्थव्यवस्था भारी पड़ती है। लेकिन कांग्रेस ने जातिवाद को असाधारण ऊंचाइयों तक पहुंचाया। ऐसा खासकर उस समय हुआ जब माधवसिंह भाई सोलंकी मुख्यमंत्री थे। उसने यह रणनीति उत्तर प्रदेश और बिहार से ली थी। लेकिन इसके बावजूद गुजरात में कांग्रेस का पतन हुआ। कांग्रेस पार्टी ने कुछ चुनाव विभिन्न जातियों से गठजोड़ कर लड़े जिनमें खाम, यानी क्षत्रिय, हरिजन, आदिवासी व मुसलमान शामिल हैं। कांग्रेस की दूसरी गलती उसका समाजवाद था जो गुजराती सोच से मेल नहीं खाता है। कांग्रेस कुछ साल तक सत्ता में इसलिए बनी रही क्योंकि उसका मुकाबला करने वाला कोई नहीं था।

उल्लेखनीय है कि गुजरात के सबसे कद्दावर नेताओं ने स्वयं को राज्य की सीमाओं तक सीमित रखने के बजाय स्वयं को देश की सेवा हेतु समर्पित किया। स्वामी दयानंद सरस्वती ने आर्यसमाज की स्थापना करने के साथ ही शुद्धि की वैदिक अवधारणा या हिंदूवाद की ओर स्वैच्छिक वापसी को पुनर्जीवित किया। गांधीजी ने भले ही अहमदाबाद में कोछराब आश्रम की स्थापना की हो, पर वे कभी राज्य नेता के रूप में सीमित नहीं रहे। सरदार पटेल ने असाधारण रूप से देश के लिए काम किया तथा स्वतंत्रता के बाद पूरे देश को एकजुट किया। उस समय देश के पांच में से दो हिस्से ब्रिटिश भारत के बजाय देशी रियासतों के थे। वर्तमान समय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश की सेवा कर रहे हैं जिसके बारे में बहुत कुछ लिखा गया है और लिखा जाएगा।

लेकिन कुछ महीने पहले असम की तरह गुजरात की सरकार में परिवर्तन से स्पष्ट है कि भाजपा राजनीति को आधुनिक बनाने के लिए फैसले लेने से नहीं हिचकती है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए पार्टी नेतृत्व में परिवर्तन से जरा भी संकोच नहीं करती है। यह स्थिति कांग्रेस के एकदम उलट है जो एक पारिवारिक बिजनेस में बदल गई है और जहां केवल प्रशस्ति गायन करने वाले दरबारियों को ही सहन किया जा सकता है।

हाल ही में विधानसभा चुनाव से केवल चार महीने पहले कैप्टेन अमरिंदर सिंह के इस्तीफे से सारी बातें स्पष्ट हो जाती हैं। नए आने वाले लोगों द्वारा उनका अपमान बहुत कुछ कह देता है। इससे पूरी तरह साफहो जाता है कि एक समय महान पार्टी रही कांग्रेस आज केवल अपने सुदूर अतीत की छाया बन कर रह गई है जो कब का समाप्त हो गया है।

# स्थानीय विकास का महत्व

**"व्यवस्था तभी सही ढंग से काम कर सकती है जब एक सीमा तक मानकों में परिवर्तन किया जाए।"**

**विनयशील गौतम**
(लेखक जाने-माने प्रबंध सलाहकार हैं)



रिकार्ड रखना सिविल प्रशासन के कार्यों का अभिन्न अंग है। लेकिन भूमि रिकार्ड जैसे मामलों में अखिल भारतीय संदर्भ तलाशने में अधिकतर समस्या पैदा होती है। इसका कारण मापन की इकाई, एकड़, बीघा, आदि का होना है जिसे देश के विभिन्न भागों में अलग-अलग नामों से जाना जाता है। जब संदर्भ की इकाई सीमित व स्थानीय प्रकृति की होती है तो ज्यादा समस्या नहीं होती है। लेकिन जब विभिन्न क्षेत्रों के बीच तुलना करनी जरूरी हो जाए तो समस्या गंभीर रूप धारण कर लेती है। यह समस्या का अंत नहीं है। भारत के कुछ हिस्सों, जैसे गोवा में भूमि स्वामित्व अभी पुर्तगाली संदर्भ व्यवस्था के अनुरूप ही चल रहा है। इससे भूमि के स्वामित्व का पता लगाना अपेक्षाकृत रूप से अधिक जटिल हो जाता है तथा इसका आधिकारिक स्वामी तय करने में कठिनाई होती है। इसलिए बिजनेस को ऐसी स्थितियों से निपटना पड़ता है जिसके बारे में उसके पास सही संदर्भात्मक सूचना नहीं होती है।

इससे भूमि विकास मुद्दों का अखिल-भारतीय पैटर्न जटिल तथा कभी-कभी अत्यधिक जटिल हो जाता है। यदि नियोजन से संबंधित उद्देश्यों के लिए इकाई के नामकरण का प्रायोगिक संदर्भ समान प्रकृति का न हो तो स्थानीय स्तर पर अपरिचित व गलत मानकों का प्रयोग होने लगता है। इसके कारण ऐसी स्थिति पैदा हो जाती है जहां जमीनी यथार्थ तथा नियोजन हेतु मानकों के प्रयोग में विरोधाभास पैदा हो जाते हैं। इस कारण जहां सटीकता की तलाश हो, वहां भी किसी तरह काम चलाना पड़ता है। कभी-कभी इससे काम चल सकता है, लेकिन दूसरे अवसरों पर तात्कालिकता का एक तत्व हावी हो जाता है। महत्वपूर्ण



बात है कि भूमि इकाइयों के परस्पर परिवर्तन का कोई शब्दकोष नहीं है। अतः इनकी कल्पना में कठिनाई पेश आती है।

ऐसी स्थिति में राष्ट्रीय स्तर पर केवल एक खास किस्म का नियोजन संभव हो पाता है तथा नियोजन की अन्य किस्मों को स्थानीय स्तर के लिए छोड़ दिया जाता है। इसका उदाहरण लघु सिंचाई का सांदर्भिक ढांचा है। प्रभावी रूप से यह काम अनेक क्षेत्रों में जारी है। लेकिन इन जटिलताओं से सिविल कर्मचारी के औपचारिक कौशल निर्माण में कमियां आ जाती हैं जिनके कारण वह व्यवस्था संचालन का काम शुरू करने के पहले ही समस्याओं में घिर जाता है। औसत भारतीय सिविल कर्मचारी स्मार्ट, सतर्क तथा यथार्थ पर गहराई से नजर रखने वाला होता है। इन गुणों के कारण वह रचनात्मक रूप से अनेक प्रकार के काम कर सकता है। चूंकि विकास नियोजन की एक महत्वाकांक्षा संदर्भ के ढांचों का मानकीकरण है, इसलिए भूमि इकाइयों और विविधता के इस मुद्दे को घटाने की जरूरत है ताकि इसे प्रबंधन योगय सीमा में लाया जा सके। इसकी शुरुआत मापक इकाइयों के एक प्रकार से समानीकरण से की जा सकती है। इनकी शुरुआत जिला स्तर से की जा सकती है। सौभाग्य से यह काम निकट अतीत में व्यावहारिक उद्देश्यों से शुरू हो गया है।

यह भारतीय प्रशासन की शक्ति है कि जहां स्थानीय स्तर पर समाधान खोजने होते हैं और जहां औपचारिक तरीके विफल हो जाते हैं वहां मूलभूत भारतीय खोजी प्रवृत्ति लागू होती है। इसलिए मानकों में लचीलापन बरतने की जरूरत है। यदि मानकों तथा आयामों में कुछ प्रतिशत का विचलन सहन किया जा सकता है तो व्यवस्था काम कर सकती है। अत्यधिक दृढ़ता के कारण समस्यायें पैदा हो सकती हैं। आर्थिक रूप से ज्यादा सफ्ल गुजरात, केरल या कर्नाटक जैसे राज्यों में इस समस्या से निपटने का ज्यादा प्रभावी तरीका खोजा गया है। जो राज्य सीधे ब्रिटिश शासन के अंतर्गत आते थे वहां बाहर से लाई गई मापक इकाइयां लागू करने के बहुत गंभीर प्रयास हुए थे, अतः वहां सामाजिक यथार्थ तलाशने में प्रशासन को कठिनाई होती है। स्वतंत्रता के 75वें वर्ष में प्रवेश के समय उत्सव मनाने के साथ ही राष्ट्रीय विकास के अनेक क्षेत्रों में यथार्थ को पहचानने का भी समय है जहां विश्लेषण, निवेश, आदि के मानकों में कुछ परिवर्तन जरूरी है। हमें यह सोचने की आवश्यकता है कि स्थानीय व क्षेत्रीय विकास प्रक्रियाओं को समुचित महत्व दिया जाए। भाषा व नस्ल की तुलना में ऐसी स्थितियों से निपटने के लिए ज्यादा गहन दृष्टिकोण तथा विश्लेषण की जरूरत है।

## आप की बात

### सावधानी आवश्यक

**अफगानिस्तान** में तालिबान के सत्ता पर कब्जे को देखते हुए सरकार जम्मू कश्मीर में आतंकवाद के विस्तार के खिलाफ सतर्कता बरत रही है। केन्द्र सरकार ने यहां सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की है। भारत की चिन्ता इस तथ्य से बढ़ गई है कि तालिबान ने विश्व समुदाय को यह आश्वासन नहीं दिया है कि वे अलकायदा जैसे आतंकी समूहों से अपने संबंध तोड़ रहे हैं तथा भारत के दुश्मन पाकिस्तान-आधारित आतंकी समूहों जैसे लश्करे तैयबा व जैशे मुहम्मद को शरण नहीं देंगे। तालिबान के सत्ता में पहुंचने से इन समूहों के हौसले बढ़ सकते हैं और वे हिंसक घटनाओं के लिए कश्मीर में लड़ाकू भेज सकते हैं। आतंकियों और उनके प्रायोजकों के लिए कोई जगह दूर नहीं है और इस संदर्भ में कश्मीर की सुरक्षा समीक्षा जरूरी हो जाती है।ऐसा नहीं कि तालिबान से जुड़े हत्यारे कश्मीर में प्रवेश करना चाहेंगे, बल्कि वास्तव में पाकिस्तान अमेरिकी सैनिकों के चले जाने के बाद से अफगानिस्तान में पैदा स्थिति का लाभ उठा कर आतंकी समूहों को संरक्षण देकर उनको कश्मीर में अफगान क्षेत्र से प्रवेश कराना चाहेगा। अतः, भारत को सावधान रहना होगा।

– **नीलेश रंजन,** कानपुर

### उदार एवं प्रगतिशील है हिन्दुत्व

**आज** दुनिया के 90 प्रतिशत से अधिक हिंदू भारत में रहते हैं। इस प्रकार हिंदुत्व अपने इतिहास और व्यावहारिकता के कारण मुख्यतः भारत-केन्द्रित है। लेकिन हिन्दुत्व एक प्रगतिशील विचारधारा है, जिसका दृष्टिकोण हमेशा से उदार एवं सकारात्मक प्रकृति का रहा है। आखिरकार पश्चिमी देशों में हुई आतंकी घटनाओं में कोई हिंदू क्यों संलिप्त नहीं पाया गया है? आखिर कोई हिंदुत्व समूह बंदूक लहराने वाला नहीं है, जबकि मुस्लिम दुनिया में ऐसे समूहों की कोई कमी नहीं है? आखिर हिंदुत्व समूह 'समान नागरिक संहिता' की पैरवी क्यों करते हैं, जबकि दुनिया भर में इस्लामवादी 'शरीया' चाहते हैं? यदि हम वैश्विक दृष्टिकोण से अन्य विचारधाराओं की तुलना में हिंदुत्व पर गंभीर बहस करना चाहते हैं तो ऐसे अनेक आयाम हैं। लेकिन आयोजक ऐसी बहस से बचना चाहते हैं। दुर्भाग्य से हिंदुत्व के संरक्षक के रूप में देखे जाने वाले आरएसएस जैसे संगठन भी इस विमर्श से बचना चाहते हैं। ऐसे में इन विरोधाभासों पर विचार होना चाहिए कि कैसे खलीफत-समर्थक गांधीजी कैसे 'हिंदू देशभक्त' बन जाते हैं। इन मुद्दों पर एक सकारात्मक बहस होनी चाहिए।

– **अविनाश श्रीवास्तव,** वाराणसी


### समाधान की अनिवार्यता

**फसलें** पैदा करने के लिए परम्परागत यूरिया के अत्यधिक प्रयोग से पर्यावरण को भारी व स्थाई नुकसान हो रहा है। यह नुकसान मृदा की घटती गुणवत्ता है जिसका जलवायु पर विपरीत प्रभाव पड़ता है तथा ग्लोबल वार्मिंग बढ़ती है। इस प्रकार एक ओर परंपरागत यूरिया जनसंख्या के लिए ज्यादा भोजन पैदा करने का काम करती है, वहीं दूसरी ओर यह पर्यावरण को नुकसान पहुंचाती है जो स्वस्थ जीवन की प्रमुख शर्त है। समुचित विकल्प के अभाव में दुनिया एक दुविधा में फंस गई है और हानिकारक परंपरागत यूरिया के अत्यधिक प्रयोग का समाधान तलाशने की जरूरत है।भूमि व जल संसाधनों की कमी तथा उनका क्षरण लगातार बढ़ती जनसंख्या के लिए भोजन, आजीविका व पोषण सुरक्षा की भारी चुनौती पेश करता है। इसलिए ऐसे समाधान की जरूरत है जो खाद्य उत्पादन की की समस्याओं के साथ पर्यावरण को सुरक्षित रखने की समस्याओं का सामना कर सके। कुछ विकल्प सामने आए हैं जिन पर ध्यान देने की जरूरत है।

– **देवेंद्र कौशिक**, मेरठ

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**यदि** भाजपा सदस्य मुसलमानों को पसंद नहीं करते हैं तो उन्हें मुसलमानों द्वारा निर्मित मकान छोड़ देने चाहिए व बताना चाहिए कि मुस्लिम उनके लिए कैसे काम करते हैं।

– **राकेश टिकैत**
किसान नेता



**फ्रांस** और अमेरिका दोनों के ही भारत के साथ संबंध मजबूत करने में हित शामिल हैं। हम इसका पुरजोर समर्थन करते हैं।

– **एंटोनी ब्लिंकेन**
अमेरिकी विदेश सचिव



3000 किलोग्राम हेरोइन का पकड़ा जाना अप्रत्याशित घटना है और भारत में मुक्त रूप से चल रहे बड़े आपराधिक गिरोह की ओर संकेत करता है।

– **पी चिदंबरम**
कांग्रेस नेता

# किसानों की समस्याओं पर ध्यान केंद्रित करें वैज्ञानिक : उपराष्ट्रपति

**भाषा।** नई दिल्ली



● नायडू सीएसआईआर के कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे

**उपराष्ट्रपति** एम वेंकैया नायडू ने रविवार को वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) से कहा कि वह खुद को नए अंदाज में पेश करते हुए भविष्य की ओर बढ़े तथा किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए नए नवाचार, तकनीक और समाधान पेश करे। नायडू ने यहां सीएसआईआर के 80वें स्थापना दिवस समारोह में सीएसआईआर प्रयोगशालाओं और संस्थानों से उन चुनौतियों का समाधान करने का आग्रह किया जिनके लिए दीर्घकालिक वैज्ञानिक और तकनीकी समाधान की आवश्यकता होती है। नायडू ने सीएसआईआर से कृषि अनुसंधान पर अधिक ध्यान देने और किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए नए नवाचार, तकनीक और समाधान पेश करने के लिए कहा। उन्होंने जलवायु परिवर्तन, दवा प्रतिरोध, प्रदूषण, महामारी और महामारी के प्रकोप जैसी चुनौतियों का जिक्र किया जिन पर वैज्ञानिक समुदाय को ध्यान देने की आवश्यकता है। उपराष्ट्रपति ने हल्के फुल्के अंदाज में कहा, कृषि देश की मूल संस्कृति है। मैं एक किसान का बेटा हूं। बचपन में कुछ दिन खेती भी किया राजनीति में आने से पहले। ऐसा लग रहा है, वो ही बेहतर था। करें क्या, यहां आया, इसमें फंस गया। उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी एक आकस्मिक संकट है, इसके अलावा कई अन्य चुनौतियां हैं। उन्होंने कहा कि सीएसआईआर जैसे संस्थानों को किसी भी अचानक और अप्रत्याशित समस्या को दूर करने के लिए तैयार रहने की जरूरत है। नायडू ने कहा, सीएसआईआर की प्रत्एक प्रयोगशाला को नई अनुसंधान परियोजनाओं पर एक स्पष्ट रूपरेखा के साथ आना चाहिए जो विभिन्न चुनौतियों का समाधान करे और मानवता के व्यापक हित में योगदान करे। भारत ने विज्ञान की दुनिया में अंतरिक्ष, परमाणु ऊर्जा, महासागर विज्ञान और रक्षा अनुसंधान में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि विज्ञान का अंतिम उद्देश्य लोगों के जीवन को बेहतर बनाना और उन्हें सहज बनाना होना चाहिए।

## श्रीनगर में 14 साल बाद हुआ एयर शो का आयोजन

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के श्रीनगर में 14 साल के बाद रविवार को एयरशो आयोजित किया गया, जिसमें भारतीय वायुसेना के विभिन्न लड़ाकू विमानों और चिनूक हेलीकॉप्टरों ने हैरतअंगेज़ करतब दिखाए। अधिकारियों ने बताया कि श्रीनगर के वायुसेना स्टेशन ने इस एयरशो को आयोजित किया था और सरकार आज़ादी का अमृत महोत्सव के तहत इस कार्यक्रम का हिस्सा थी। वायुसेना की आकाशगंगा स्काई डाइविंग और सूर्य किरण एयरोबैटिक डिस्प्ले टीमों ने इसमें हिस्सा लिया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का प्रमुख लक्ष्य कश्मीर घाटी के युवाओं को जागरूक करना, उन्हें वायुसेना में शामिल होने के लिए प्रेरित करना एवं क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देना था। इस कार्यक्रम की थीम गिव विंग्स टू यॉर ड्रीम्स (अपने सपनों को पंख लगाओ) थी। यहां डल झील के पास शेर-ए-कश्मीर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र में घाटी के स्कूलों के सैकड़ों बच्चे और लोग कार्यक्रम के गवाह बने।



भारतीय वायु सेना का चिनूक हेलीकॉप्टर श्रीनगर में एयर शो के दौरान डल झील के ऊपर से उड़ान भरता हुआ

## सेना के अधिकारी ने लेह से मनाली की दूरी 34 घंटे 54 मिनट में तय किया

**जम्मू।** भारतीय सेना के एक अधिकारी ने लेह से मनाली की 472 किलोमीटर की दूरी 34 घंटे 54 मिनट मे तय करके सबसे तेज एकल साइकिलिंग - (पुरुष) में नया गिनीज विश्व रिकॉर्ड बनाया है। एक रक्षा प्रवक्ता ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होने कहा कि स्ट्रेटजिक स्ट्राइकर्स डिवीजन के लेफ्टिनेंट कर्नल श्रीपद श्रीराम ने शनिवार सुबह चार बजे लद्दाख के लेह से साइकिल यात्रा शुरू की। लेफ्टिनेंट कर्नल श्रीराम ने 26 सितंबर को (हिमाचल प्रदेश में) लेह से मनाली तक सबसे तेज़ सोलो साइक्लिंग - (पुरुष) में एक नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। कुल दूरी 472 किलोमीटर, जबकि ऊंचाई लगभग 8000 मीटर थी।

## उत्तराखंड : सतोपंथ चोटी पर शव के अवशेष मिले

**उत्तरकाशी (उत्तराखंड)।** हाल मे गंगोत्री घाटी की 7075 मीटर ऊँची सतोपंथ चोटी पर आरोहण के लिए गए भारतीय सेना के एक पर्वतारोही दल को वापस आते समय एक शव के अवशेष मिले हैं। आशंका जताई जा रही है कि यह शव 16 साल पहले चोटी पर चढ़ाई के दौरान लापता हुए किसी सैनिक के हो सकते है। सेना के पर्वतारोही दल ने शव का अवशेष एकत्रित कर उसे गंगोत्री पहुँचाया और उसे पुलिस के सुपुर्द कर दिया। लेफ्टिनेंट कर्नल हर्षदीप गहलोत ने बताया कि भारतीय सेना का एक दल स्वर्णिम विजय वर्ष के उपलक्ष्य मे हाल ही मे सतोपंथ चोटी के आरोहण के लिए गया था।

## नागपुर में ट्रक के पहिए से छिटककर पत्थर सिर पर लगने से श्रमिक की मौत

**नागपुर।** नागपुर शहर के पारदी चौक इलाके मे एक ट्रक के पहिए से एक पत्थर छिटकर एक निर्माण श्रमिक के सिर पर जा लगा और उसकी मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। लकड़गंज पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि घटना शनिवार अपराह्न मे हुई। उन्होने बताया कि विदप्रकाश गौड (45) नाम के व्यक्ति को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई।

## नकल मामले में तीन रीट परीक्षार्थी सहित पांच गिरफ्तार

**बीकानेर (राजस्थान)।** राजस्थान पुलिस ने रविवार को राजस्थान शिक्षक पात्रता परीक्षा (रीट) से पूर्व तीन परीक्षार्थियो सहित पांच लोगों को ब्लूटूथ डिवाइस लगी चप्पल के जरिए नकल के मामले में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी परीक्षा मे चप्पल मे छिपे हुए ब्लूटूथ के जरिए नकल की योजना बना रहे थे। बीकानेर की पुलिस अधीक्षक ने बताया कि लोग चप्पल मे ब्लूटूथ डिवाइस लगाकर नकल कराने की कोशिश कर रहे थे।

# थकान हावी ना होने देने के लिए पीएम रखते हैं वयस्त कार्यक्रम: अधिकारी

**भाषा।** नई दिल्ली



**विदेश यात्राओं** के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कार्यक्रम अमूमन व्यस्त रहता है और इसे देखते हुए अक्सर उनके प्रशंसकों में यह जिज्ञासा होती है कि इसके लिए प्रधानमंत्री इतनी ऊर्जा कहां से लाते हैं। आधिकारिक सूत्र बताते हैं कि प्रधानमंत्री अपना कार्यक्रम इतना व्यस्त रखते हैं कि थकान उन्हें महसूस भी तो वह हावी ना हो सके। प्रधानमंत्री का चार दिवसीय अमेरिका दौरा भी ऐसा ही रहा। वह रविवार को स्वदेश लौटे। सूत्रों ने कहा कि बिना थके लंबी यात्राएं करना उनके लिए कोई नया है। एक सूत्र ने कहा, जब वह 1990 के दशक में अमेरिका जाया करते थे, उस वक्त एक एयरलाइन भारी छूट के साथ मासिक यात्रा का पास देती थी। इसका अधिक से अधिक उपयोग करते हुए मोदी हमेशा रात को यात्रा करते थे ताकि होटलों पर जयादा खर्च ना करते हुए वह अधिक से अधिक स्थानों का दौरा कर सकें। उनकी रात अक्सर यात्रा में या हवाई अड्डे पर बीतती थी। सूत्र ने बताया कि जैसे ही प्रधानमंत्री विमान पर सवार होते हैं, वह जिस देश का भ्रमण कर रहे होते हैं उसके समयानुसार खुद को ढालने के लिए सोने के समय का चयन करते हैं। उन्होंने बताया कि इसका मतलब यह हुआ कि जब वह विमान पर सवार हुए उस समय यदि भारत में रात है और उन्हें जहां जाना है वहां दिन है तो वह नहीं भी सो सकते हैं।

## भागवत ने अंतरराष्ट्रीय कलाकार अनवर खान मांगणियार का सम्मान किया

**भाषा।** बाड़मेर (राजस्थान)



**राष्ट्रीय स्वयंसेवक** संघ के सरसंघचालक डॉक्टर मोहन भागवत ने रविवार को सुप्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय कलाकार अनवर खान मांगणियार के घर जाकर उनका सम्मान किया। भागवत ने अपने जोधपुर प्रवास के दौरान खान से मिलने का कार्यक्रम बनाया। खान ने नई दिल्ली में अप्रैल में एक कार्यक्रम के दौरान लोकगीत के माध्यम से भागवत का नाम लेकर उन्हें पधारो म्हारे देश के जरिए आमंत्रित किया था। भागवत रविवार को बाडमेर स्थित खान के घर गए जहां उनका पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। एक बयान के अनुसार भागवत अनवर खान के घर लगभग एक घंटा रुके, घर के बाहर से ही ढोल बजाते हुए स्वागत कर उनको अंदर ले जाया गया जहां खान ने पारंपरिक वेशभूषा में वारी जाऊरे, बलिहारी जाऊरे म्हारा सदगुरु आंगन आयौ गाकर उनका अभिनंदन किया। सुप्रसिद्ध लोक गायक अनवर खान के साथी कलाकारों, परिवारजनों व उनके शिष्यों से भी सरसंघचालक ने परिचय एवं संवाद किया।

## क्विक न्यूज

### सुधीरन को उनके फैसले से डिगाना आसान नहीं : सतीशन

**तिरुवनंतपुरम।** केरल विधानसभा में विपक्ष के नेता वी डी सतीशन ने रविवार को कहा कि कांग्रेस की प्रदेश इकाई के राजनीतिक मामलों की समिति से इस्तीफा देने वाले पार्टी के वरिष्ठ नेता वी एम सुधीरन को त्यागपत्र वापस लेने के लिए मनाने के प्रयास संभवत: सफल नहीं होंगे, क्योंकि उन्हें अपने फैसले से विचलित करना मुश्किल है। सतीशन ने स्वीकार किया कि राज्य में शीर्ष नेतृत्व की भी गलतियां रही हैं। सतीशन ने यहां सुधीरन के आवास पर उनसे मुलाकात करने के बाद संवाददाताओं से कहा कि उनका नेता से मुलाकात करने का कारण उन्हें इस्तीफा वापस लेने के लिए मनाना नहीं था और वह केवल पार्टी संबंधी विभिन्न मामलों पर चर्चा करने के लिए उनके पास गए थे। हर कोई जानता है कि सुधीरन एक बार जो फैसला कर लेते हैं, उन्हें उससे विचलित करना लगभग असंभव होता है और 10 सतीशन भी मिलकर इसमें कोई मदद नहीं कर सकते। विपक्ष के नेता ने कहा कि सुधीरन से बातचीत करने के बाद उन्हें यह लगता है कि पार्टी में शीर्ष नेतृत्व की गलती है, जिसमें मैं भी शामिल हूं।

### मंगलयान सात साल बाद भी सक्रिय

**बेंगलुरु।** भारत के मंगलयान ने अपने छह महीने के लक्षित मिशन से कहीं आगे बढ़कर, अपनी कक्षा में सात साल पूरे कर लिए हैं। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के तत्कालीन अध्यक्ष के रूप में मंगलयान अभियान का नेतृत्व करने वाले के. राधाकृष्णन ने इस उपलब्धि पर पीटीआई-भाषा से कहा, निश्चित ही, यह एक संतोषजनक अहसास है। मंगलयान, दूसरे ग्रह पर भेजा जाने वाला इसरो का पहला अभियान था और इसे पांच नवंबर 2013 को आरंभ किया गया था। यान 24 सितंबर 2014 को अपनी कक्षा में पहले ही प्रयास में सफलतापूर्वक पहुंच गया था।

### केरल से अच्छा रहा यूपी कोविड पर नियंत्रण का तरीका

**कोच्चि।** केरल के उद्योगपति साबू जैकब ने यूपी के सीएम योगी की कोविड नियंत्रण करने की तारीफ की है। वह उत्तर प्रदेश में निवेश करने पर विचार करने के पक्ष में है। बच्चों के कपड़ों का दूसरा सबसे बड़ा निर्माता व निर्यात करता है। अर्थव्यवस्था भारत के सभी राज्यों के मुकाबले नंबर 2 के स्थान पर बहुत तेजी से आगे बढ़ रहे यूपी अगले कुछ वर्षों में पहले स्थान होगा। कोविड महामारी से निपटने के लिए योगी सरकार की अत्यधिक प्रशंसा करते हुए जैकब ने इसकी तुलना केरल से की। उन्होंने कहा कि मेरे पास यूपी के कई कर्मचारी हैं और उनमें से एक भी कोविड पॉजिटिव नही निकला, जबकि केरल के 50 में से 20 कर्मचारी कोविड टेस्ट में पॉजिटिव पाए गए। यह यूपी के कोविड से निपटने के मॉडल के बारे में बहुत कुछ बोलता है। दूसरी ओर केरल ऐसा करने में विफल रहा है।

### उत्तराखंड में उत्तर भारत के सबसे बड़े पामेटम का उद्घाटन

**देहरादून।** हल्द्वानी में रविवार को उत्तराखंड के पहले और उत्तर भारत के सबसे बड़े पामेटम का उद्घाटन किया गया। पामेटम, पेड़ की किस्म पाम की बागबानी करने का स्थान है। पामेटम का उद्घाटन कुमांऊ विश्वविद्यालय, नैनीताल के वनस्पति विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर डॉक्टर ललित तिवारी द्वारा किया गया। मुख्य वन संरक्षक संजीव चतुर्वेदी ने बताया कि उत्तराखंड वन विभाग की शोध शाखा द्वारा केंद्र सरकार की कैम्पा योजना के तहत विकसित यह पामेटम करीब तीन एकड़ क्षेत्रफल में फैला हुआ है। उन्होंने बताया कि इस पामेटम को तीन साल में करीब 16 लाख रुपए की लागत से विकसित किया गया है। यहां पाम की 100 विभिन्न प्रजातियां हैं जिनमें से 20 प्रजातियां विलुप्त होने की कगार पर या खतरे में पहुंच चुकी श्रेणी में आती हैं। पामेटम में मौजूद ताकील पाम उत्तराखंड में पाई जाने वाली स्थानीय प्रजाति है।

### खाद्यान्न वितरण पर श्वेत पत्र जारी करे हिमाचल : कांग्रेस

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस ने कोविड-19 महामारी के दौरान मुफ्त में 643 करोड़ रुपए का खाद्यान्न वितरित करने के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के बयान पर रविवार को राज्य सरकार से एक श्वेत पत्र जारी करने का आग्रह किया। प्रदेश कांग्रेस प्रमुख कुलदीप सिंह राठौर ने मीडियाकर्मियों से बात करते हुए मांग की कि सरकार इस बात का ब्योरा सार्वजनिक करे कि वितरण कहां हुआ और इसके लाभार्थी कौन हैं। ठाकुर ने शनिवार को एक बयान जारी कर कहा कि महामारी के दौरान प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत राज्य में पात्र परिवारों को 643 करोड़ रुपए का खाद्यान्न मुफ्त में वितरित किया गया है।

## राष्ट्रीय परीक्षाओं में नक्सली क्षेत्रों के बच्चों की सफलता का अध्ययन हो: पटनायक

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने रविवार को केंद्र से इस बात का अध्ययन करने का अनुरोध किया कि देश में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के कितने बच्चे राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में सफल होते हैं। पटनायक ने 10 वामपंथी उग्रवाद प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और अधिकारियों की नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में हुई एक उच्च स्तरीय बैठक में यह प्रस्ताव रखा। गृह मंत्रालय को इस बात का अध्ययन करना चाहिए कि देश भर में इन वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों के कितने बच्चे नीट, आईआईटी और जेईई जैसी राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में सफल हो रहे हैं।

## हिमाचल के कुल्लू में स्थापित होगा बुनकर सेवा एवं डिजाइन संसाधन केंद्र : पीयूष गोयल

**भाषा।** शिमला

**केंद्रीय मंत्री** पीयूष गोयल ने रविवार को कहा कि हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में एक बुनकर सेवा एवं डिजाइन संसाधन केंद्र स्थापित किया जाएगा ताकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में निर्यात के लिए हस्तशिल्प उत्पादों को एक बेहतर मंच प्रदान किया जा सके। केंद्रीय वाणिज्य, उद्योग एवं कपड़ा मंत्री पीयूष गोयल ने हिमाचल प्रदेश को राज्य का दर्जा मिलने के स्वर्ण जयंती समारोह के अवसर पर कुल्लू में सेवा और समर्पण अभियान के तहत हस्तशिल्प और हथकरघा कारीगरों के साथ बातचीत के दौरान यह बात कही। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने इस कार्यक्रम की अध्यक्षता की। गोयल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में हस्तशिल्प और कारीगरों के कौशल उन्नयन तथा आधुनिक उपकरणों की अपार संभावनाएं हैं। इसके लिए बुनकर सेवा केंद्र में गुणात्मक नए डिजाइन तैयार करने के लिए कारीगरों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि डिजाइन, गुणवत्ता, पैकेजिंग और मार्केटिंग के आधुनिकीकरण पर अधिक ध्यान देने की जरूरत है ताकि बुनकरों को अंतरराष्ट्रीय बाजार में अपने उत्पादों की बेहतर कीमत मिल सके। उन्होंने बड़े शहरों, कपड़ा उद्योग से जुड़े लोगों और फाइव स्टार होटलों में इन उत्पादों की जिलेवार प्रदर्शनियां आयोजित करने का सुझाव दिया।



वाणिज्य एवं उद्योग उपभोक्ता मामले खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को कुल्लू जिले में हस्तशिल्प एवं हथकरघा के कारीगरों से संवाद कार्यक्रम के दौरान अटल सदन में प्रदर्शनी का निरीक्षण किया, सीएम जय राम ठाकुर भी मौजूद थे।

## अरुणाचल के राज्यपाल ने प्रधानों से टीका लेने के लिए प्रोत्साहित करने का आग्रह किया

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल बी डी मिश्रा ने रविवार को ग्राम प्रधानों से लोगों को कोविड रोधी टीका लेने के लिए प्रोत्साहित करने का आग्रह किया। मिश्रा, आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत वेस्ट कामेंग और तवांग जिले की चार दिवसीय यात्रा पर हैं। उन्होंने दिरांग में गांव बुरा या ग्राम प्रधानों से बातचीत की। राज्यपाल ने गांव वालों से बिना संकोच के टीका लगवाने और कोविड से बचने के उपाय अपनाने का आग्रह किया। मिश्रा ने तवांग के लिए रवाना होने से पहले ग्रामीणों को दैनिक वस्तुएं प्रदान की।

# असंतुलन को ठीक करेंगे नए एम्स: गडकरी

**भाषा।** नई दिल्ली



**केंद्रीय मंत्री** नितिन गडकरी ने कहा है कि नए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) देश के स्वास्थ्य क्षेत्र में लंबे समय से व्याप्त क्षेत्रीय असंतुलन को ठीक करेंगे। गडकरी ने साथ ही कहा कि एम्स की संख्या दोगुनी करने से लोगों की आकांक्षाओं को बेहतर ढंग से पूरा किया जा सकेगा। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री एम्स, नागपुर के तीसरा स्थापना दिवस पर आयोजित एक डिजिटल कार्यक्रम में बोल रहे थे। स्वास्थ्य मंत्रालय के एक बयान में कहा गया है कि कार्यक्रम में स्वास्थ्य राज्य मंत्री भारती प्रवीण पवार भी शामिल थीं। एक बयान में गडकरी के हवाले से कहा गया, विदर्भ क्षेत्र की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए, नागपुर में एम्स जैसे प्रतिष्ठित संस्थान की स्थापना के साथ, मध्य भारत के सभी सीमावर्ती राज्यों के रोगियों को सस्ती और आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा, हालांकि, हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि इन सुविधाओं का लाभ न केवल शहरों बल्कि हमारे क्षेत्र के दूरदराज के गांवों के लोगों तक भी पहुंचे। बयान के अनुसार मंत्री ने कहा कि हाल ही में बनाए गए एम्स संस्थान लंबे समय से क्षेत्रीय असंतुलन को ठीक करने के लिए हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान एम्स की संख्या को दोगुना करने से देश की आकांक्षाओं को बेहतर ढंग से पूरा किया जा सकेगा। पवार ने कहा, हम सभी जानते हैं कि आजादी के इतने दशकों बाद भी देश में सिर्फ 6 एम्स बने। इसके बाद साल 2014 में सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हर राज्य में एम्स विकसित करने की नीति विकसित की।

## डेंगू से बचने को दी सलाह

**नई दिल्ली।** कोविड अभी भी हमारे बीच मौजूद है, इस दौरान शहरों में डेंगू बुखार का प्रकोप भी चिंता का विषय बना हुआ है। खासतौर से यूपी के पश्चिमी जिलों के शहर हो या लखनऊ में लगातार बारिश के कारण पानी भरने से वेक्टर जनित बीमारी में अचानक बढ़ोत्तरी हुई है। डेंगू वायरस मुख्य रूप से मादा मच्छरों द्वारा फैलता है। ये मच्छर चिकनगुनिया, पीला बुखार और जीका संक्रमण सहित अन्य संभावित गंभीर वेक्टर जनित बीमारियों को भी फैलाते हैं। इसलिए मच्छरों से बचाव ही इन बीमारियों से बचने का सबसे महत्वपूर्ण कोर्स है। डॉ उबैदुर रहमान कंसलटेंट रीजेंसी हॉस्पिटल ने कहा कि लोगों को अपने आस-पास पानी एकत्र नहीं होने देना चाहिए।





आगामी नवरात्रि उत्सव समारोह के लिए गुजरात जूनागढ़ शहर के लिए भेजे जाने वाले सुरक्षा बॉक्स में एक कलाकार दुर्गा की मूर्तियों को पैक करता हुआ

# सोरेन के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल की शाह से मुलाकात

● जाति आधारित जनगणना की मांग

**भाषा।** नई दिल्ली



**झारखंड के मुख्यमंत्री** हेमंत सोरेन के नेतृत्व में एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की और मांग की कि देश में जाति आधारित जनगणना कराई जाए।
यह दौरा ऐसे समय हुआ है, जब केंद्र ने कुछ ही दिन पहले उच्चतम न्यायालय में कहा था कि पिछड़े वर्गों की जाति आधारित जनगणना प्रशासनिक रूप से कठिन और दुष्कर है और जनगणना के दायरे से इस तरह की सूचना को अलग रखना सतर्क नीतिगत निर्णय है। सोरेन के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल में कांग्रेस की झारखंड इकाई के अध्यक्ष राजेश ठाकुर, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश, कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम, आजसू अध्यक्ष एवं पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश महतो और राजद नेता सत्यानंद भोका शामिल थे। सोरेन ने बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा, हम सभी ने गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की और उनसे यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि जाति आधारित जनगणना हो। हमने उन्हें जाति आधारित जनगणना के समर्थन में अपने राज्य की भावनाओं से अवगत कराया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को धैर्यपूर्वक सुना और आश्वासन दिया कि वह मामले को देखेंगे। भाजपा के दीपक प्रकाश पत्रकारों के इस सवाल का सीधा जवाब देने से बचते दिखे कि क्या उनकी पार्टी जाति जनगणना का समर्थन करती है। उन्होंने कहा, भाजपा भी इस सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा थी। हम सभी जानते हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार पिछड़े वर्ग के लोगों की शुभचिंतक है। मोदी सरकार ने ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया और मेडिकल और डेंटल कॉलेजों में ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण भी दिया। भाजपा और उसकी सरकार पिछड़े वर्ग के लोगों के साथ खड़ी है। प्रकाश ने कहा कि उनकी पार्टी लगातार ओबीसी के कल्याण के लिए काम कर रही है। सोरेन के नेतृत्व वाले सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में भाकपा-माले नेता विनोद सिंह, भाकपा के भुवनेश्वर मेहता, माकपा के सुरेश मुंडा, राकांपा विधायक कमलेश सिंह और एमसीसी नेता अरूप चटर्जी भी शामिल थे।

### जाति आधारित जनगणना आवश्यक : पीएमके

**चेन्नई।** पट्टाली मक्कल काची (पीएमके) के संस्थापक नेता एस रामदास ने रविवार को कहा कि जनगणना के तहत राष्ट्रव्यापी जातिवार गणना एक अपरिहार्य आवश्यकता है और केंद्र सरकार को ऐसा करना चाहिए। पीएमके नेता ने जातिवार गणना के बारे में 1951 के नीतिगत निर्णय की केंद्र सरकार की दलील की ओर इशारा करते हुए कहा कि इस तरह का रुख वर्तमान समय के साथ तालमेल नहीं खाता। उन्होंने एक बयान में कहा, यह सच है कि यह दशकों से केंद्र की नीति रही है, लेकिन यह सही नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि जातिवार आंकड़े एकत्र नहीं किए जाते, तो अगले कुछ वर्षों में ओबीसी के गायब होने का खतरा है और इसलिए, जनगणना में जातिवार गणना आवश्यक है और इसे टाला नहीं जा सकता है।

# राष्ट्र हित में है जातिगत जनगणना : नीतीश

**भाषा।** नई दिल्ली



**बिहार** के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जातिगत जनगणना की अपनी मांग को दोहराते हुए रविवार को कहा कि यह राष्ट्रीय हित में है और इससे विकास की दौड़ में पिछड़ रहे समुदायों की प्रगति में मदद मिलेगी। उच्चतम न्यायालय में केंद्र की ओर से दाखिल हलफनामे के बारे में पूछे जाने पर नीतीश ने संवाददाताओं से कहा कि यह बिल्कुल सही नहीं है, लेकिन साथ ही यह भी कहा कि यह मामला सीधे तौर पर जातिगत जनगणना के मुद्दे से संबंधित नहीं था। केन्द्र ने हलफनामे में जाति के आधार पर जनगणना को एक तरह से खारिज कर दिया गया था। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की नक्सल प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक में हिस्सा लेने के लिए दिल्ली आए जनता दल (यू) नेता ने जातिगत जनगणना के खिलाफ सभी तर्कों को खारिज करते हुए कहा कि इसकी मांग न केवल बिहार बल्कि कई राज्यों से आ रही है।

नीतीश ने कहा कि वह इस मुद्दे पर बिहार में विभिन्न राजनीतिक दलों के सदस्यों से बात करेंगे और उसके बाद आगे की रणनीति का खाका तैयार करेंगे। उन्होंने देश भर में जातिगत जनगणना के समर्थन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने के लिए राज्य के एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया था।

हालांकि, केन्द्र ने बृहस्पतिवार को उच्चतम कोर्ट को बताया कि पिछड़े वर्गों की जातिगत जनगणना का काम प्रशासनिक रूप से कठिन और बेहद बोझिल है और इस तरह की जानकारी को जनगणना के दायरे से बाहर करना एक सचेत नीति के तहत लिया गया फैसला है। शीर्ष अदालत में दायर एक हलफनामे में सरकार ने कहा है कि सामाजिक-आर्थिक परिप्रेक्ष्य में जातिगत जनगणना 2011 में जाति गणना गलतियों और अशुद्धियों से भरी थी।

बिहार में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ गठबंधन सरकार चला रहे नीतीश ने कहा, जातिगत जनगणना देश के हित में है और इससे देश के विकास में मदद मिलेगी।

केन्द्र के रुख के बाद, बिहार में कई भाजपा नेताओं ने इस कदम का जोरदार बचाव किया और जातिगत जनगणना की आवश्यकता पर सवाल उठाया। भाजपा ने यह स्पष्ट कर दिया है कि राजनीतिक रूप से उलझे हुए मुद्दों पर उसका रुख कई राजनीतिक दलों से अलग हो सकता है, जिसमें उसके कुछ सहयोगी दल भी शामिल हैं। भाजपा ने कहा कि वह सब का साथ, सबका विकास के सिद्धांत में विश्वास करती है।

# सड़क सुरक्षा के लिए 14 राज्यों में नई योजना शुरू की जाएगी

**अमरावती।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय सड़क सुरक्षा को मजबूत करने के लिए 7,270 करोड़ रुपए का राज्य सहायता कार्यक्रम शुरू करने जा रहा है ताकि भारतीय सड़कों पर शून्य दुर्घटनाओं के दृष्टिकोण को साकार करने में मदद मिल सके। केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित छह वर्षीय कार्यक्रम को उन 14 राज्यों में लागू किया जाएगा जहां देश में होने वाली कुल सड़क दुर्घटनाओं में से 85 प्रतिशत होती हैं। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय 3635 करोड़ रुपए की बजटीय सहायता देगा।

जबकि विश्व बैंक और एशिया विकास बैंक से 1818-1818 करोड़ रुपए का कर्ज लिया जाएगा। कुल राशि में से, 6,725 करोड़ रुपए 14 राज्यों को उनके प्रदर्शन के आधार पर वितरित किए जाएंगे, जबकि केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय क्षमता निर्माण गतिविधियों पर 545 करोड़ रुपए खर्च करेगा। राज्य को भेजे गए अवधारणा नोट में मंत्रालय ने कहा कि यह योजना राज्य सरकारों को जमीनी स्तर पर सड़क सुरक्षा हस्तक्षेप के लिए प्रोत्साहित करेगी जिसका मकसद सड़क हादसों को रोकना और हताहतों की संख्या में कमी लाना है। इस योजना के तहत लक्षित राज्य उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, कर्नाटक, राजस्थान, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, गुजरात, बिहार, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, हरियाणा और असम हैं। शीर्ष आधिकारिक सूत्रों ने पीटीआई-भाषा से कहा, यह कार्य (आउटपुट) और परिणाम-संचालित योजना है जिसमें राज्यों का (सड़क सुरक्षा हस्तक्षेप के) 11 अनिवार्य और तीन वैकल्पिक संकेतकों पर प्रदर्शन के आधार पर मूल्यांकन किया जाएगा।



तेजपुर के सोनितपुर में विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर साइकिल रैली में प्रतिभाग करते छात्र।

# महामारी के दौर मे निचली अदालतो के लिए कोविड प्रबंधन प्रोटोकॉल

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना वायरस को फैलने से रोकने के लिए लगाए लॉकडाउन में ढील दिए जाने के बाद अदालतों में प्रत्यक्ष सुनवाई शुरू होने पर राष्ट्रीय सूचना केंद्र ने कोविड प्रबंधन प्रोटोकॉल शुरू किया है ताकि न्यायिक अधिकारी अदालत कक्षों में भीड़भाड़ की रोकथाम और संक्रमण के प्रसार को रोकने के लिए केवल तत्कालिक मामलों पर सुनवाई कर सकें। विधि मंत्रालय में न्याय विभाग द्वारा सार्वजनिक रूप से उपलब्ध सूचना के अनुसार, कोविड-19 प्रबंधन प्रोटोकॉल मामलों को सही तरीके से व्यवस्थित करने में मदद के लिए केस इन्फोर्मेशन सिस्टम (सीआईएस) में विकसित किया गया है। एक दस्तावेज के अनुसार, प्रोटोकॉल से अदालतें अपने परिसर में बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति से जुड़े खतरों को कम करने के लिए व्यवस्थित और सुनियोजित तरीके से काम कर सकती हैं। इससे जिले तथा निचली अदालतों में कोरोना वायरस के प्रसार को रोकने में मदद मिलेगी। उच्चतम न्यायालय की ई-समिति के मार्गदर्शन में पुणे में स्थित राष्ट्रीय सूचना केंद्र (एनआईसी) की एक टीम ने पिछले साल ए प्रोटोकॉल तैयार किए थे जिसमें ऐसे उपाय हैं जिससे जिला अदालतें मामलों को सुनियोजित तरीके से सूचीबद्ध कर सकती हैं, सुनवाई के लिए समय वितरित कर सकती हैं और विभिन्न अदालतों में एक ही वकील से जुड़े मामलों की सुनवाई से बच सकती हैं। दस्तावेज में कहा गया है कि इससे वादियों, वकीलों, अदालत कर्मियों और न्यायाधीशों समेत सभी पक्षकारों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है। प्रोटोकॉल से न्यायिक अधिकारी अदालत कक्षों में अधिक संख्या में लोगों को एकत्रित होने से रोकने के लिए केवल तत्काल मामलों पर सुनवाई कर सकते हैं और उन मामलों पर सुनवाई टाल सकते हैं।

## महाराष्ट्र में आगामी निगम चुनावों पर राउत ने कहा, सम्मान के साथ कर सकते हैं गठबंधन

**मुंबई।** शिवसेना सांसद संजय राउत ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी को अगले साल महाराष्ट्र के करीब 10 शहरों में होने वाले निकाय चुनावों के लिए अपने दम पर तैयारी करनी चाहिए और वे अन्य दलों के साथ गठबंधन के पक्ष में भी हैं, बशर्ते यह सम्मान के साथ हो और पार्टी के भगवा झंडे के साथ कोई समझौता नहीं हो। पुणे में पिंपरी-चिंचवड कस्बे के भोसारी में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए राउत ने कहा कि पुणे और पिंपरी-चिंचवड में शिवसेना कार्यकर्ताओं में इस बात को लेकर असंतोष है कि इन दो शहरों में मजबूत आधार रखने वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी राज्य सरकार में गठबंधन के बावजूद उद्धव ठाकरे नीत शिवसेना की अनदेखी कर रही है। राज्यसभा सदस्य ने कहा, हमें निराश मत कीजिए, अन्यथा समस्या हो जाएगी। पुणे के प्रभारी मंत्री अजित पवार भी मुख्यमंत्री की बात सुनते हैं।

# न्यायपालिका, कार्यपालिका और विधायिका में कोई टकराव नहीं, सभी राष्ट्र के लिए काम कर रहे

**गांधीनगर।** केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजीजू ने रविवार को यहां कहा कि लोकतंत्र में न्यायपालिका, विधायिका और कार्यपालिका के बीच जीवंत संबंध महत्वपूर्ण हैं। नए स्कूल ऑफ लॉ, फॉरेंसिक जस्टिस एंड पॉलिसी स्टडीज का उद्घाटन करने के बाद गांधीनगर स्थित नेशनल फोरेंसिक साइंसेज यूनिवर्सिटी (एनएफएसयू) में रिजीजू ने कहा, न्यायाधीश जो कहते और सोचते हैं, सरकार को उसे अमल में लाना चाहिए और ऐसा केवल अदालत की अवमानना के डर से नहीं किया जाना चाहिए।



रिजीजू ने कहा, न्यायपालिका, कार्यपालिका और विधायिका अलग-अलग अंग हैं, लेकिन हम सभी देश के लिए काम करते हैं। बाहर के लोग सोचते हैं कि हम एक टकराव में लगे हुए हैं, कार्यक्षेत्र के लिए लड़ रहे हैं, लेकिन ऐसा नहीं है। हम सभी राष्ट्र के हित के लिए काम कर रहे हैं। मंत्री ने कहा, हमें मीडिया के माध्यम से उच्चतम न्यायालय, उच्च न्यायालयों और निचली अदालतों में सुनवाई के दौरान न्यायाधीशों की टिप्पणियां और उनके द्वारा व्यक्त की गई नाराजगी तथा संतुष्टि के बारे में सुनने को मिलता है। न्यायाधीश जो भी कहते या सोचते हैं, उसे लागू करना हमारा काम है।

रिजीजू ने कहा कि यह कार्यपालिका काम है कि वह अदालत के किसी अच्छे फैसले को "विवेकपूर्ण ढंग से लागू करे। लोकतंत्र में हमारे लिए (न्यायपालिका, कार्यपालिका और विधायिका) के बीच जीवंत संबंध होना बहुत जरूरी है... हमारे लिए जीवंत संबंध होना जरूरी है। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, राज्य के कानून मंत्री राजेंद्र त्रिवेदी और गृह राज्य मंत्री हर्ष सांघवी के साथ उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति एमआर शाह, गुजरात उच्च न्यायालय की कार्यवाहक न्यायाधीश आरएम छाया और उच्च न्यायालय तथा उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत न्यायाधीश मौजूद थे।

रिजीजू ने कहा कि लंबे समय तक कानूनों को लागू नहीं किए जाने की धारणा को नरेंद्र मोदी सरकार में काफी हद तक खत्म कर दिया गया है। केंद्रीय कानून और न्याय मंत्री ने कहा, न्यायाधीशों से तारीफ सुनकर हमें अच्छा लगता है। लेकिन न्यायाधीश तभी हमारी तारीफ करेंगे जब हम अच्छा काम करेंगे। न्यायाधीशों को आश्वासन दिया कि सरकार "पूर्ण पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ काम करेगी। उन्होंने कहा कि ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और ईज ऑफ लिविंग की तरह ईज ऑफ न्याय की भी बात की जानी चाहिए।



कोलकाता में भबानीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए चुनाव प्रचार करती हुई पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी

# फिफाट्रोल औषधि वायरल संक्रमण डेंगू के इलाज में प्रभावीः बीएचयू

**नई दिल्ली।** देश के विभिन्न हिस्सों में डेंगू, इन्फ्लुएंजा और वायरल बुखार के मामलों में वृद्धि के बीच विशेषज्ञों ने दावा किया है कि फिफाट्रोल जैसी औषधि प्रतिरक्षा बढ़ाने तथा इन बीमारियों के जल्दी ठीक होने में मदद कर सकती है। काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के प्रोफेसर के एन द्विवेदी ने कहा कि आयुर्वेद में कुछ जड़ी-बूटियां और मिश्रण हैं जो मौसमी फ्लू और मच्छरों के कारण होने वाले संक्रमण को बढ़ने से रोक सकते हैं तथा धीरे-धीरे उन्हें खत्म कर सकते हैं।

गुडुची, दारुहरिद्र, अपामार्ग, चिरैता, करंज, कुटकी, तुलसी, गोदंती, मृत्युंजय रस, त्रिभुवन कृति रस और संजीवनी वटी जैसी जड़ी-बूटियों से बनी और प्रतिरक्षा को मजबूत करने वाली औषधि फिफाट्रोल को संक्रमण, फ्लू और सर्दी से निपटने में मददगार पाया गया है। आयुर्वेद विशेषज्ञों ने एआईएमआईएल फार्मा द्वारा विकसित औषधि को डेंगू और वायरल फ्लू के रोगियों के उपचार में इस्तेमाल की सिफारिश की है और यह बहुत प्रभावी है।

सूत्रों के मुताबिक, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), भोपाल में डेंगू के मरीजों पर फिफाट्रोल के परीक्षण के दौरान ब्लड प्लेटलेट काउंट काफी बढ़ा हुआ पाया गया। प्रोफेसर द्विवेदी ने बताया कि डेंगू चार प्रकार के होते हैं। इनमें से रोगियों में सीरोटाइप-दो की मौजूदगी को गंभीर माना जाता है और यह विभिन्न राज्यों में बहुत तेजी से बढ़ रहा है। सीरोटाइप-दो डेंगू संक्रमण में प्लेटलेट की संख्या तेजी से गिरती है और शरीर की प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया अति सक्रिय हो जाती है। इस दौरान सिकोटाइन के ज्यादा बनने से शरीर के अंगों को नुकसान पहुंचा सकता है। डेंगू का यह रूप किडनी को भी प्रभावित करता है।

## सावंत ने राष्ट्र में पाकिस्तान को तीखा जवाब देने पर स्नेहा दुबे की तारीफ की

**पणजी।** गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान के कश्मीर राग अलापने पर उन्हें तीखा जवाब देने के लिए भारतीय राजनयिक स्नेहा दुबे को रविवार को बधाई दी और तटीय राज्य में स्कूली शिक्षा के बाद जीवन की मजबूत नींव का निर्माण करने के लिए उनकी तारीफ की। भारतीय विदेश सेवा की 2012 बैच की अधिकारी दुबे ने संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के वार्षिक सत्र में पाकिस्तान के नेताओं को करारा जवाब देने की भारत के युवा राजनयिकों की परंपरा को जारी रखते हुए कश्मीर का मुद्दा उठाने को लेकर महासभा में प्रधानमंत्री इमरान खान को तीखा जवाब दिया था। सावंत ने ट्वीट किया, पूरे गोवा राज्य की ओर से मैं भारतीय विदेश सेवा की अधिकारी स्नेहा दुबे को बधाई देना चाहता हूं जिन्होंने संयुक्त राष्ट्र महासभा में भारत का प्रतिनिधित्व किया और पाकिस्तान को करारा जवाब दिया।

## क्विक न्यूज

### शराब दुकान के दो कर्मचारियों पर मामला दर्ज

**जबलपुर (मध्य प्रदेश)।** प्रदेश सरकार द्वारा निर्धारित अधिकतम डेढ़ लीटर से अधिक शराब एक बार में ग्राहक को बेचने और कैश मेमो मांगने पर गाली देने के आरोप मे एक शराब दुकान के दो कर्मचारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। एक अधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश की देशी एवं विदेशी मदिरा दुकानों से एक सितंबर 2021 से बेची जाने वाली शराब के लिए ग्राहक को कैश मेमो देना अनिवार्य कर दिया है। नियम लागू होने के बाद इसके तहत शिकायत दर्ज किए जाने का संभवतः यह पहला मामला है। कोतवाली पुलिस थाना प्रभारी अनिल गुप्ता ने रविवार को बताया कि यह प्राथमिकी शनिवार को दर्ज की गई है। उन्होंने बताया, शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि जब उसने इस दुकान से खरीदी गई 2.880 लीटर देशी शराब का कैश मेमो मांगा, तो उसके दो कर्मचारियों ने गालियां दी। हालांकि, आरोपियों ने बाद में कैश मेमो दे दिया। गुप्ता ने बताया कि शिकायतकर्ता ने इस दुकान से एक दफे में 2.880 लीटर शराब खरीदी, जबकि इस दुकान को एक बार मे किसी भी ग्राहक को अधिकतम डेढ़ लीटर शराब बेचने की अनुमति है। उन्होंने कहा कि दोनो आरोपियों के खिलाफ भादंवि की संबंधित धाराओं और मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। मध्य प्रदेश में देशी एवं विदेशी शराब की कम से कम 3,300 दुकानें हैं और जहरीली शराब के कारण प्रदेश मे हुई कई मौतों की जांच के लिए गठित राजौरा कमेटी ने कैश मेमो अनिवार्य करने संबंधी अनुशंसा की थी।

### नाबालिग को एक गांव से बचाया गया, एक गिरफ्तार

**ठाणे।** डोंबिवली की रहने वाली 13 वर्षीय बच्ची का 21 साल के युवक ने कथित रूप से अपहरण किया और भिवंडी जिले के एक गांव में ले जाकर उसका यौन उत्पीड़न किया। पुलिस ने रविवार को बताया कि बच्ची को बचा लिया गया है और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस की एक विज्ञप्ति के अनुसार डोंबिवली के विष्णु नगर से लड़की का अपहरण 20 सितंबर को किया गया था जिसके बाद यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) कानून तथा भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने आरोपी अक्षय पाटिल को गिरफ्तार कर लिया है। बच्ची को 23 सितंबर को एक गांव से बचाया गया और उसके माता-पिता के हवाले कर दिया गया। कुछ दिन पहले ही डोंबिवली की रहने वाली 15 साल की एक लड़की के साथ करीब आठ महीने तक 33 लोगों ने दुष्कर्म किया। पुलिस ने इस मामले में अब तक 29 लोगो को गिरफ्तार कर लिया है और दो नाबालिग आरोपियों को भी हिरासत में ले लिया है। दो अन्य फरार है। एक अधिकारी ने बताया कि पीड़िता को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने के लिए आरोपियों द्वारा इस्तेमाल ऑटोरिक्शा को जब्त कर लिया गया है।

### बेलगावी में आयोजन करने की संभावनाः मुख्यमंत्री

**बेलगावी (कर्नाटक)।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने रविवार को कहा कि सरकार दिसंबर में बेलगावी जिले में राज्य विधानमंडल के शीतकालीन सत्र का आयोजन करने पर विचार कर रही है और तब तक ज्यादातर सरकारी कार्यालयों को यहां स्थानांतरित कर दिया जाएगा। बोम्मई ने कहा, बेलगावी से तीन अक्टूबर से चीनी निदेशालय का कामकाज शुरू करने के आदेश पहले ही जारी किए जा चुके हैं और अधिकारियों को भी इस संबंध में निर्देश दिए गए हैं। कुछ सरकारी कार्यालयों को यहां स्थानांतरित करने के आदेश भी जारी किए गए है, जबकि कुछ अन्य कार्यालयो के लिए आदेश अभी जारी किया जाना बाकी है। हम इस संबंध मे आवश्यक कार्वाई करेंगे। मुख्यमंत्री ने संवाददाताओं से कहा, दिसंबर में यहां विधानमंडल का सत्र आयोजित करने का विचार है। इसे मंजूरी के लिए मंत्रिपरिषद के समक्ष रखा जाएगा और दिसंबर तक यहां जितने भी कार्यालय स्थानांतरित किए जा सकते है, उन्हें स्थानांतरित कर दिया जाएगा। विपक्ष के नेता सिद्धरमैया और विधान परिषद के अध्यक्ष बसवराज होरट्टी ने सरकार से बेलगावी में विधायिका का मॉनसून सत्र आयोजित करने का आग्रह किया था लेकिन यह राज्य की राजधानी बेंगलुरु मे 13 से 24 सितंबर तक आयोजित किया गया था। यदि योजना के अनुसार दिसंबर मे सत्र आयोजित किया जाता है तो 2019 में भारतीय जनता पार्टी के सत्ता में आने के बाद बेलगावी मे विधानमंडल का यह पहला सत्र होगा। बाढ़ और कोविड-19 महामारी के कारण पिछले दो वर्षों मे बेलगावी मे सत्र आयोजित नही किए गए है।

### लड़कियों के साथ छेड़खानी करने के आरोप में वार्ड ब्वाय गिरफ्तार

**पणजी।** गोवा मे एक सरकारी अस्पताल के एक वार्ड ब्वाय को कथित तौर पर लिफ्ट में दो नाबालिग बहनो के साथ छेड़छाड़ के आरोप मे रविवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना 23 सितंबर और 25 सितंबर के बीच हुई जब 13 और 14 वर्ष की दो बहनें उत्तर गोवा के मापुसा शहर के जिला अस्पताल गई थी जहां उनकी मां भर्ती थी। अधिकारी ने पीड़ितों के परिजनो की ओर से दर्ज कराई गई एक शिकायत के आधार पर कहा, वार्ड ब्वाय उन दोनो का लिफ्ट तक पीछा करता था और उसने कथित तौर पर कुछ दिनो तक उनसे छेड़खानी की। शिकायत के आधार पर 47 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

# भबानीपुर उपचुनाव में भाजपा के पक्ष में है माहौलः तिवारी

**कोलकाता।** अभिनेता और भारतीय जनता पार्टी के सांसद मनोज तिवारी ने रविवार को दावा किया कि भबानीपुर विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव में भगवा पार्टी के पक्ष में माहौल है, जहां पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की उम्मीदवार हैं। सत्तारूढ़ दल ने आरोप लगाया कि भाजपा सीट से अपनी उम्मीदवार प्रियंका टिबरेवाल के प्रचार के लिए उन नेताओं को ला रही हैं, जिनका विधानसभा क्षेत्र से कोई संबंध नहीं है। दिल्ली से लोकसभा सदस्य तिवारी ने भबानीपुर की आंबेडकर कॉलोनी इलाके में घर-घर जाकर प्रचार किया। इस सीट पर 30 सितंबर को उपचुनाव होना है।

तिवारी ने ट्वीट किया, आंबेडकर कॉलोनी के लोगों का प्यार बेशुमार है.. टीएमसी समर्थन देख घबराई[8230] मतदाता बेसब्री से इंतेज़ार कर रहे है 30 सितंबर का कमल खिलेगा। प्रचार के दौरान पत्रकारों से कहा, मुझे उम्मीद है कि लोग बिना किसी डर के स्वतंत्र रूप से मतदान करने के लिए (घरों से) निकलेंगे और भाजपा जीतेगी। तिवारी की टिप्पणी पर राज्य में मंत्री फिरहाद हाकिम ने कहा, भाजपा ऐसे नेताओं को ला रही है भबानीपुर के लोगों से कोई संबंध नहीं है। वे दिन में सपने देख रहे हैं और उपचुनाव में करारी हार का सामना करेंगे। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी और स्मृति ईरानी भी भाजपा उम्मीदवार के लिए प्रचार करने भबानीपुर पहुंचे हैं। मुख्यमंत्री बनर्जी अप्रैल-मई में हुए विधानसभा चुनाव में नंदीग्राम सीट से भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी से हार गई थीं। वह मुख्यमंत्री पद पर बने रहने के लिए भबानीपुर सीट से उपचुनाव लड़ रही हैं। उन्हें पांच नवंबर तक विधानसभा का सदस्य निर्वाचित होना जरूरी हैं, ऐसा नहीं होने पर उन्हें पद से इस्तीफा देना पड़ेगा।

# टीएमसी और भाजपा ने एक दूसरे को प्रतिमा तोड़ने का जिम्मेदार बताया

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में रविवार को समाज सुधारक ईश्वर चंद्र विद्यासागर की 201वीं जयंती मनाई गई। साथ ही राज्य में सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की 2019 की रैली के दौरान कोलकाता में कॉलेज स्ट्रीट पर लगी ईश्वर चंद्र विद्यासागर की प्रतिमा की तोड़फोड़ के लिए एक-दूसरे को दोषी ठहराया।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने समाज सुधारक को श्रद्धांजलि दी और कहा कि पश्चिम बंगाल और बंगाली उनकी शिक्षाओं के लिए उनके ऋणी हैं। उन्होंने ट्वीट किया, ईश्वर चंद्र विद्यासागर को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि। वह महान समाज सुधारकों में से एक थे जिन्होंने न्याय और समानता के लिए अथक संघर्ष किया। हम उनकी शिक्षाओं के ऋणी हैं। विपक्ष के नेता एवं नंदीग्राम से भाजपा विधायक शुभेंदु अधिकारी ने भी विद्यासागर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ट्वीट किया, एक महान व्यक्ति, जिन्होंने अपने योगदान से हमारे इतिहास को हमेशा के लिए समृद्ध किया। ईश्वरचंद्र बंदोपाध्याय को उनकी जयंती पर मेरी श्रद्धांजलि। हालांकि, राज्य के मंत्री फरहाद हकीम ने भाजपा का नाम लिए बिना उस पर परोक्ष रूप से हमला किया और आरोप लगाया कि 2019 में विद्यासागर की प्रतिमा को तोड़ने में पार्टी का हाथ था, जिसे बाद में सत्ताधारी सरकार द्वारा फिर से बनाया गया। परिवहन मंत्री ने संवाददाताओं से कहा, जिन लोगों ने दो साल पहले विद्यासागर की प्रतिमा को तोड़ा था, उन्हें उनके बारे में बात करने का कोई अधिकार नहीं है। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिलीप घोष ने इसपर तीखा पलटवार करते हुए आरोप लगाया कि टीएमसी ने विद्यासागर की प्रतिमा को तोड़ने की साजिश रची और तुच्छ चुनावी लाभ के लिए इसका आरोप भाजपा पर मढ़ दिया। उन्होंने कहा, यह बंगाल के मनीषियों के लिए उनके सम्मान के स्तर को दर्शाता है। भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई के पूर्व प्रमुख ने आरोप लगाया कि इस साल विधानसभा चुनाव के बाद टीएमसी कार्यकर्ताओं ने महिलाओं के खिलाफ भय का माहौल बनाया और यह उनका पाखंड है कि वे महिला उत्थान में विद्यासागर की भूमिका का उल्लेख कर रहे हैं। इस बीच, इस अवसर पर राज्य भर में कार्यक्रम आयोजित किए गए। राज्य के शिक्षा मंत्री ब्रात्य बसु ने विद्यासागर कॉलेज में समाज सुधारक की पुनर्निर्मित प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और सामाजिक सुधार के लिए उनके योगदान को याद किया। साल 2019 के लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण से पहले शाह के रोड शो के दौरान हुई झड़पों में प्रतिमा को तोड़ दिया गया था, जिसकी व्यापक निंदा हुई थी।



बीकानेर में आरईईटी परीक्षा के लिए सेन्टर पर उपस्थित छात्रों को मास्क व सेनिटाइजर देते हुए गार्ड

# 'आर्थिक गतिविधियों के उच्चस्तर के बावजूद बैंक शाखाओं की कमी'

भाषा। मुंबई



**केंद्रीय वित्त** मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि वित्तीय समावेशन पर विशेष ध्यान देने तथा आर्थिक गतिविधियों के उच्चस्तर के बावजूद देश के कई जिले ऐसे हैं, जहां बैंकिंग सुविधाओं का अभाव है। उन्होंने रविवार को इंडियन बैंक्स एसोसिएशन (आईबीए) की 74वीं वार्षिक आमसभा को संबोधित करते हुए कहा कि इन जिलों में आर्थिक गतिविधियों का स्तर काफी ऊंचा है, लेकिन बैंकिंग उपस्थिति काफी कम है। सीतारमण ने बैंकों से कहा कि वे अपनी मौजूदगी को बढ़ाने के प्रयासों को और बेहतर करें।

उन्होंने बैंकों से कहा कि उनके पास विकल्प है कि वे या तो ऐसे जिलों में गली-मोहल्ले के मॉडल के अनुरूप पूर्ण रूप से शाखा खोल सकते हैं या फिर कोई आउटपोस्ट बना सकते हैं जहां लोगों की बैंकिंग जरूरतों को पूरा किया जा सके। उन्होंने इस बात पर हैरानी जताई कि कैसे ऊंची आर्थिक गतिविधियों वाले क्षेत्रों में बैंक नहीं पहुंचे हैं। उल्लेखनीय है कि नीति निर्माता एक दशक से अधिक से वित्तीय समावेशन पर जोर दे रहे हैं। नीति निर्माताओं ने 2,000 से अधिक आबादी वाले प्रत्एक गांव में बैंकिंग उपस्थिति सुनिश्चित करने का लक्ष्य तय किया है। कुछ साल पहले भारतीय रिजर्व बैंक ने भी बैंक शाखा खोलने के नियमों को उदार किया है। सीतारमण ने कहा, आज भी कई जिले, यहां तक कि बड़ी पंचायतों वाले जिले ऐसे हैं जहां बैंक नहीं है। कई-कई जिलों में भौतिक रूप से एक बैंकिंग संस्थान नहीं है। उन्होंने आईबीए के सदस्यों से कहा कि वे डिजिटल तरीके से सभी जिलों का नक्शा बनाएं और देखें कि किन क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं का दायरा काफी कम है। वे ऐसे क्षेत्रों में पूर्ण शाखा या आउटपोस्ट के लिए प्रावधान करें। उन्होंने सवाल किया, आप आर्थिक गतिविधियों का केंद्र देखें। चाहे वह ग्रामीण पॉकेट हो, लेकिन वहां आर्थिक गतिविधियां काफी मजबूत हों, तो आपको विचार करना होगा कि क्या वहां आपकी उपस्थिति होनी चाहिए। वित्त मंत्री ने स्पष्ट किया कि वह डिजिटलीकरण के खिलाफ नहीं हैं। लेकिन साथ ही उन्होंने कहा कि ऐसा कैसे हो सकता है कि देश के कुछ हिस्सों में गली-मोहल्ले की दुकानों जैसी छोटी बैंक शाखा भी नहीं हैं। उन्होंने एक सांसद का उदाहरण दिया जो कृषि सबंधित व्यापार और थोक गतिविधियों वाले एक क्षेत्र में बैंक शाखा की मांग उठा रहे हैं। उनका कहना है कि स्थानीय लोगों को अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए मीलों चलना पड़ता है। प्रधानमंत्री जन धन योजना की सराहना करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि लाखों नए खाते खोले गए। उन्होंने अपनी यह इच्छा भी दोहराई कि पूर्वी क्षेत्र को अधिक ऋण मिलना चाहिए। वित्त मंत्री के संबोधन के बाद जारी बयान में एचडीएफसी बैंक ने कहा कि वह अपनी ग्रामीण पहुंच को दोगुना कर अगले दो साल में दो लाख गांवों तक पहुंचाएगा। इसके अलावा बैंक ने अगले छह माह में 2,500 लोगों की नियुक्ति करने की भी घोषणा की। इस बीच, सीतारमण ने कहा कि आगामी राष्ट्रीय संपत्ति पुनर्गठन कंपनी को बैड बैंक नहीं कहा जाना चाहिए, जैसा अमेरिका में कहा जाता है। उन्होंने कहा कि आज बैंकों का बही-खाता अधिक साफ-सुथरा है। इससे सरकार पर बैंकों के पुनर्पूंजीकरण का बोझ कम होगा। सीतारमण ने कहा कि कि बैंकों को तेज-तर्रार बनने की जरूरत है। उन्हें प्रत्एक इकाई की जरूरत को समझना होगा जिससे 2030 तक 2,000 अरब डॉलर और चालू वित्त वर्ष में 400 अरब डॉलर के निर्यात लक्ष्य को हासिल किया जा सके। वित्त मंत्री ने कहा कि विकास वित्त संस्थान (डीएफआई) के निर्माण के लिए कानूनी रूपरेखा अभी जारी है। उन्होंने कहा कि हमें इस तरह की इकाइयों की निजी क्षेत्र और सरकार समर्थित क्षेत्र दोनों में जरूरत है। उन्होंने उम्मीद जताई कि निजी डीएफआई तथा सरकारी डीएफआई के बीच मजबूत प्रतिस्पर्धा होगी।

# अमूल शहद की लॉन्चिंग के साथ मधु क्रांति की तरफ बढ़ेगा भारत

## ● केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र तोमर कल करेंगे शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**भारत में** हरित क्रांति व श्वेत क्रांति के बाद अब मधु क्रांति की तरफदेश कदम बढ़ा रहा है। जल्द ही देश के सबसे विश्वसनीय सहकारी ब्रांड अमूल का शहद बाजार में दिखाई देगा। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र तोमर 28 सितंबर को अमूल शहद को लॉन्च करेंगे। किसानों के सशक्तिकरण व आय बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार ने 500 करोड़ रुपये की राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन एवं शहद मिशन योजना प्रारंभ की है। इसके लिए केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय शहद उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए सहकारी ब्रांड अमूल शहद लांच करने की तैयारी कर रहा है। जिसके तहत 28 सितंबर को




केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र तोमर इसे लॉन्च करेंगे। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अतिरिक्त सचिव डॉ अभिलक्ष लिखी ने बताया कि राष्ट्रीय मधुमक्खी बोर्ड द्वारा मधु क्रांति के लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में देश के वैज्ञानिक उच्च तकनीक आधारित मधुमक्खी पालन का समग्र विकास पर काम कर रहे हैं। उल्लेखनीय है केंद्र सरकार ने आत्मनिर्भर भारत दिशा में राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन एवं शहद मिशन के लिए चालू वित्त वर्ष (2020-2021) से वित्तीय वर्ष 2022-2023 तक के लिए 500 करोड़ रूपये आवंटित किया है। मीठी क्रांति के परिणामस्वरूप छोटे शहद उत्पादक किसानों विशेषकर सीमांत किसानों उत्पादित शहद के बेहतर विपणन का आधार स्थापित होने जा रहा है। शहद उत्पादक किसानों के व्यवसाय को मजबूत आधार देने की दिशा में राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन एवं शहद मिशन के अंतर्गत प्रक्रियाओं को कार्यरूप देने के लिए राष्ट्रीय मधुमक्खी बोर्ड द्वारा देशभर चुने गए क्षेत्रों में शहद उत्पादक किसानो के 100 किसान उत्पादक संगठन का गठन किया जा रहा है। महत्वपूर्ण रूप से नैफेड द्वारा अपने स्टोरों में 14 शहद कार्नर भी विकसित किए हैं और यह क्रम जारी रहेगा। शहद उत्पादक किसानों के उत्पादों के स्त्रोत के लिए आनलाईन पंजीकरण प्रणाली के लिए मधुक्रांति पोर्टल प्रारंभ किया गया है। इस प्रणाली से उपभोक्ताओं की शहद के स्त्रोत व उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित किए जाने से सक्षमता बढ़ेगी।

## विदेशी निवेशकों ने सितंबर में अबतक भारतीय बाजारों में 21,875 करोड़ रुपए डाले

**नई दिल्ली।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने सितंबर में भारतीय बाजारों में 21,875 करोड़ रुपए का निवेश किया है। भारतीय बाजारों को लेकर एफपीआई का दीर्घावधि का परिदृश्य सकारात्मक बना हुआ है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, एक से 23 सितंबर के दौरान एफपीआई ने शेयरों में 13,536 करोड़ रुपए और ऋण या बांड बाजार में 8,339 करोड़ रुपए डाले हैं। इस तरह उनका शुद्ध निवेश 21,875 करोड़ रुपए रहा। अगस्त में भारतीय बाजारों में एफपीआई का शुद्ध निवेश 16,459 करोड़ रुपए रहा था। मॉर्निंगस्टार इंडिया के एसोसिएट निदेशक (शोध) हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा, भारतीय शेयर बाजारों में तेजी, दीर्घावधि का सकारात्मक परिदृश्य, आर्थिक पुनरुद्धार की संभावना और कंपनियों की आय में सुधार से विदेशी निवेशक भारतीय शेयरों में निवेश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसके अलावा चीन में गिरावट से भी भारत को लाभ हुआ है। इससे भारत दीर्घावधि के परिप्रेक्ष्य से विदेशी निवेशकों के लिए आकर्षक निवेश गंतव्य बन गया है।

## अक्टूबर-नवंबर में 30 कंपनियां आईपीओ के जरिए जुटा सकती हैं 45,000 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** अक्टूबर-नवंबर में आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के जरिए भारी-भरकम पूंजी जुटाने की उम्मीद है और इस दौरान कम से कम 30 कंपनियां शेयर बिक्री करके कुल 45,000 करोड़ रुपए से अधिक की राशि जुटा सकती हैं। मर्चेंट बैंकिंग सूत्रों ने कहा कि जुटाई गई पूंजी का बड़ा हिस्सा प्रौद्योगिकी संचालित कंपनियों के खाते में जाएगा। खाद्य आपूर्ति कंपनी जोमैटो के सफल आईपीओ ने नई टेक कंपनियों को आईपीओ के लिए प्रोत्साहित किया है। जोमैटो के आईपीओ को 38 गुना अभिदान मिला था।

एंजेल वन के उप-उपाध्यक्ष (इक्विटी रणनीतिकार) ज्योति रॉय ने कहा कि आमतौर पर जोमैटो जैसी कंपनियां निजी इक्विटी कंपनियों से धन जुटाती हैं और आईपीओ ने नए जमाने की टेक कंपनियों के लिए धन का एक नया स्रोत खोल दिया है। एक मर्चेंट बैंकिंग सूत्र ने बताया कि जिन फर्मों द्वारा अक्टूबर-नवंबर के दौरान आईपीओ के जरिए धन जुटाने की उम्मीद है, उनमें पॉलिसीबाजार (6,017 करोड़ रुपए), एमक्योर फार्मास्युटिकल्स (4,500 करोड़ रुपए), नायका (4,000 करोड़ रुपए), सीएमएस इंफो सिस्टम्स (2,000 करोड़ रुपए), मोबिक्विक सिस्टम्स (1,900 करोड़ रुपए) शामिल हैं। इसके अलावा नॉर्दर्न आर्क कैपिटल (1,800 करोड़ रुपए), इक्सिगो (1600 करोड़ रुपए), सैफायर फूड्स (1500 करोड़ रुपए), फिनकेयर स्मॉल फाइनेंस बैंक (1,330 करोड़ रुपए), स्टरलाइट पावर (1,250 करोड़ रुपए), रेटगेन ट्रैवल टेक्नोलॉजीज (1,200 रुपए) करोड़) और सुप्रिया लाइफसाइंस (1,200 करोड़ रुपए) भी समीक्षाधीन अवधि में अपने आईपीओ जारी कर सकती हैं। एंजेल वन के रॉय ने कहा कि आने वाले महीने में कई बड़े आईपीओ की तैयारी की एक वजह महामारी के बाद अर्थव्यवस्था में उम्मीद से ज्यादा मजबूत सुधार है।

## अमेजन इंडिया चार अक्टूबर की बजाय तीन अक्टूबर से ग्रेट इंडियन फेस्टिवल सेल शुरू करेगी

**नई दिल्ली।** ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन इंडिया अब चार अक्टूबर की बजाय तीन अक्टूबर से अपना त्योहारी सेल ग्रेट इंडियन फेस्टिवल शुरू करेगी। इससे पहले कंपनी ने चार अक्टूबर से यह सेल शुरू करने की घोषणा की थी। अमेज़न इंडिया ने यह निर्णय दरअसल उसकी प्रमुख प्रतिद्वंद्वी कंपनी फ्लिपकार्ट के अपनी फेस्टिव डे सेल को एक दिन पहले शुरू करने की घोषणा के मद्देनजर लिया है। पिछले वर्ष की तरह इस बार भी दोनों प्रमुख ई-कॉमर्स कंपनियों के बीच प्रतिस्पर्धा बहुत कड़ी मानी जा रही है। आगामी त्योहारी सीजन से पहले दोनों कंपनियों की मेगा सेल तीन अक्टूबर से शुरू होगी। फ्लिपकार्ट की द बिग बिलियन डेज सेल जहां आठ दिन तक चलेगी, वही अमेजन इंडिया की ग्रेट इंडियन फेस्टिवल सेल करीब एक महीने तक चलेगी। अमेजन के प्रवक्ता ने रविवार को कहा, 'हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता ग्राहकों का विश्वास और विक्रेताओं तथा विशेष रूप से लाखों छोटे विक्रेताओं और पूरे भारत में हजारों स्थानीय दुकानदारों का हित है। हम अपने भागीदारों, छोटे व्यवसायों और ग्राहकों के लिए नए-नए प्रयोग करना जारी रखेंगे और वे आगामी त्योहारी सीजन के लिए तैयार हैं। उन्होंने कि अमेजन इंडिया की ग्रेट सेल अब तीन अक्टूबर, 2021 से शुरू होगी।

## कॉरपोरेट कार्यालय की समूह की कंपनियों को प्रबंधकीय, नेतृत्वकारी सेवाओं पर 18% जीएसटी लगेगा

**नई दिल्ली।** किसी कंपनी के कॉरपोरेट कार्यालय द्वारा विभिन्न राज्यों में पंजीकृत अपने समूह की कंपनियोंनिर्माण स्थलों पर दी गई प्रबंधकीय या नेतृत्वकारी सेवाओं को सेवाओं की आपूर्ति माना जाएगा और इन पर 18 प्रतिशत का माल एवं सेवा कर (जीएसटी) लगेगा। अग्रिम निर्णय प्राधिकरण (एएआर) की महाराष्ट्र पीठ ने यह व्यवस्था दी है। बी जी शिर्के कंस्ट्रक्शन टेक्नोलॉजी प्राइवेट लि. ने एएआर से संपर्क कर यह जानना चाहा था कि पंजीकृत कॉरपोरेट कार्यालय द्वारा अपने समूह की कंपनियों को प्रबंधकीय और नेतृत्वकारी सेवाओं की आपूर्ति को क्या सेवाओं की आपूर्ति माना जाएगा। इसके अलावा उसने पूछा था कि क्या पंजीकृताकॉरपोरेट कार्यलय द्वारा अपने समूह की कंपनियों से वसूली गई एकमुश्त राशि पर जीएसटी लगेगा। महाराष्ट्र एएआर ने इस पर फैसला देते हुए व्यवस्था दी कि कॉरपोरेट कार्यालय द्वारा समूह की




कंपनियों को दी गई प्रबंधकीय या नेतृत्वकारी सेवाओं को सेवाओं की आपूर्ति माना जाएगा और इनपर जीएसटी लगेगा। एएमआरजी एंड एसोसिएट्स के वरिष्ठ भागीदार रजत मोहन ने कहा कि इस फैसले का मतलब है कि अंतर-कंपनी सेवाओं पर 18 प्रतिशत का अतिरिक्त जीएसटी देय होगा। उन्होंने कहा कि इस फैसले से बहु-स्थलों पर कंपनियों के नेटवर्क के जरिए परिचालन करने वाली कंपनियों पर व्यापक प्रभाव पड़ेगा। मोहन ने कहा कि इस तरह की प्रशासनिक और नेतृत्वकारी सेवाओं के लिए मासिक या तिमाही आधार पर सही गणना सभी बड़े कॉरपोरेट घरानों के लिए चुनौती होगा।

## क्विक न्यूज

### एचडीएफसी बैंक ग्रामीण क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति बढ़ाएगा, 2500 लोगों की नियुक्ति करेगा

**मुंबई।** निजी क्षेत्र के सबसे बड़े ऋणदाता एचडीएफसी बैंक ने रविवार को कहा कि वह ग्रामीण इलाकों में अपनी पहुंच को दोगुना कर दो लाख गांव तक करेगा। इसके लिए बैंक ने अगले छह माह में 2,500 लोगों की नियुक्ति करने का फैसला किया है। बैंक ने कहा कि उसका लक्ष्य अगले 18-24 महीनों में शाखा नेटवर्क, व्यापार प्रतिनिधियों, सीएससी (साझा सेवा केंद्रों), भागीदारों, आभासी संबंध प्रबंधन और डिजिटल पहुंच मंचों के जरिए ग्रामीण क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति को दोगुना करने का है। इससे पहले रविवार को ही वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बैंकों की पहुंच पर निराशा व्यक्त करते हुए उनसे अपनी उपस्थिति को और अधिक बढ़ाने के लिए कहा था। एचडीएफसी बैंक के समूह प्रमुख (वाणिज्यिक और ग्रामीण बैंकिंग) राहुल शुक्ला ने कहा, भारत के ग्रामीण और अर्द्धशहरी बाजारों में बैंक ऋण का विस्तार कम है। वे भारतीय बैंकिंग प्रणाली के लिए स्थाई दीर्घकालिक विकास के अवसर पेश करते है। शुक्ला ने कहा कि आगे चलकर बैंक का सपना देश के हर पिनकोड में अपनी सेवाएं उपलब्ध कराना है।

### भारतीय कंपनियों की राय, महामारी की वजह से संकट प्रबंधन क्षमता में सुधार की जरूरत : सर्वे

**नई दिल्ली।** सलाहकार कंपनी पीडब्ल्यूसी इंडिया के एक सर्वेक्षण के अनुसार 90 प्रतिशत से अधिक भारतीय कंपनियों का मानना है कि कोविड-19 महामारी की वजह से संकट से प्रबंधन की क्षमता को बेहतर करने की जरूरत महसूस हुई है। पीडब्ल्यूसी के वैश्विक संकट सर्वेक्षण 2021- इंडिया इनसाइट्स में लगभग 59 प्रतिशत भारतीय उद्यमियों ने स्वीकार किया कि कोरोना वायरस महामारी से प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। सर्वेक्षण से यह भी पता चला है कि भारत की 80 प्रतिशत से अधिक कंपनियां महामारी के बाद पहले ही प्रौद्योगिकी में निवेश कर चुकी है। सर्वेक्षण में कहा गया, वैश्विक स्तर पर कार्यकारियों की तुलना में भारतीय कार्यकारी महामारी के प्रभावों का आकलन करने और उन्हे अमल में लाने की अपनी क्षमता के बारे में काफी अधिक आश्वस्त थे। भारत के 92 प्रतिशत संगठनों ने कहा कि वे महामारी के प्रभावों का आकलन करने को लेकर आश्वस्त है जबकि वैश्विक स्तर पर केवल 75 प्रतिशत ने यह बात कही है। भारतीय कंपनियों की प्रतिक्रियाएं काफी हद तक पीडब्ल्यूसी के वैश्विक संकट सर्वेक्षण 2021 के समग्र परिणामों के अनुरूप थी। पीडब्ल्यूसी ने बताया कि इस सर्वेक्षण में दुनिया भर के 2,800 से अधिक प्रतिभागियों की राय ली गई।

### टीवीएस मोटर अगले दो साल में दोपहिया, तिपहिया वाहनों की पूरी श्रृंखला पेश करेगी, ईवी गाड़ियों पर नजर

**नई दिल्ली।** चेन्नई स्थित टीवीएस मोटर कंपनी अगले दो वर्षों में पांच से 25 किलोवॉट तक क्षमता वाले इलेक्ट्रिक दोपहिया और तीन पहिया वाहनों की पूरी श्रृंखला पेश करेगी। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा की टीवीएस देश के उभरते इलेक्ट्रिक वाहन क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए तैयार है। टीवीएस ने पारंपरिक इंजन वाहनों पर निवेश जारी रखने के साथ ही अपने इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) कारोबार पर।,000 करोड़ रुपए का निवेश किया है। टीवीएस मोटर कंपनी के संयुक्त प्रबंध निदेशक सुदर्शन वेणु ने कहा, हम ईवी को लेकर उत्साहित है। हम ईवी क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए क्षमता और उत्पादों के निर्माण में निवेश कर रहे है। हमारा मानना है कि यह खंड तेजी से बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि कंपनी नए इलेक्ट्रिक वाहनों के विकास पर 500 से अधिक इंजीनियरों की एक टीम के साथ।,000 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश कर रही है। वेणु ने कहा, हमारे पास एक पूरी श्रृंखला होगी, जिसे हम अगले दो वर्षों के दौरान यात्री और मालवहन (खंड) में पांच से 25 किलोवॉट तक क्षमता वाले दोपहिया और तिपहिया मॉडल पेश करेंगे।

### चिप संकट से नए उत्पादों में विलंब, जोखिम से निपटने के उपाय कर रहे हैं : सिएमा

**नई दिल्ली।** घरेलू उपकरण और उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग सेमीकंडक्टर और चिप के संकट से जूझ रहा है। उद्योग के निकाय उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स एवं उपकरण विनिर्माता संघ (सिएमा) ने कहा कि यह संकट न केवल 2022 तक बना रहेगा बल्कि इसके 2023 तक भी जाने की आशंका है। सिएमा के अध्यक्ष कमल नंदी ने कहा कि कई विनिर्माता अपने उत्पादों में सामग्री के रूप में चिप का इस्तेमाल करते है। चिप के संकट से उनकी क्षमता प्रभावित हो रही है। इससे नए उत्पादों की पेशकश में भी विलंब हो रहा है। नंदी ने कहा कि चिप की कमी और लौह उत्पाद बढ़ने से क्षेत्र में कीमतों में आई गिरावट के प्रभाव समाप्त हो गया है। उन्होंने कहा कि सेमीकंडक्टर और अन्य इलेक्ट्रॉनिक कलपुर्जों की कमी की वजह से थोड़े समय के लिए कंट्रोलर की कमी हो सकती है।

# सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1.56 लाख करोड़ रुपए बढ़ा

भाषा। नई दिल्ली

**सेंसेक्स की** शीर्ष 10 कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से।,56,317.17 करोड़ रुपए का इजाफा हुआ। इस दौरान सेंसेक्स पहली बार रिकॉर्ड 60,000 अंक के स्तर के पार गया। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स।,032.58 अंक या 1.74 प्रतिशत के लाभ में रहा। शुक्रवार को सेंसेक्स ने इतिहास बनाया और यह पहली बार 60,000 अंक के स्तर को पार कर गया। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 58,671.55 करोड़ रुपए बढ़कर 15,74,052.03 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। बृहस्पतिवार को दिन में कारोबार के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 16 लाख करोड़ रुपए के आंकड़े को पार कर गया था।

समीक्षा



सप्ताह के दौरान इन्फोसिस का बाजार मूल्यांकन 30,605.08 करोड़ रुपए बढ़कर 7,48,032.17 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। बजाज फाइनेंस को 22,173.04 करोड़ रुपए का लाभ हुआ और उसका बाजार मूल्यांकन 4,70,465.58 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज की बाजार हैसियत 15,110.63 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी के साथ 14,32,013.76 करोड़ रुपए रही। इसी तरह एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 10,142 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी के साथ 8,86,739.86 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। भारती एयरटेल की बाजार हैसियत 6,068.69 करोड़ रुपए के उछाल के साथ 4,05,970.66 करोड़ रुपए पर पहुंच गई। हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार पूंजीकरण 4,863.65 करोड़ रुपए की बढ़त के साथ 6,44,199.18 करोड़ रुपए रहा। समीक्षाधीन सप्ताह में कोटक महिंद्रा बैंक का बाजार मूल्यांकन 4,254.75 करोड़ रुपए बढ़कर 4,01,978.75 करोड़ रुपए पर और एचडीएफसी का 2,523.56 करोड़ रुपए के उछाल से 5,13,073.85 करोड़ रुपए रहा। आईसीआईसीआई बैंक की बाजार हैसियत।,904.22 करोड़ रुपए बढ़कर 5,01,080.90 करोड़ रुपए रही। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एचडीएफसी, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फाइनेंस, भारती एयरटेल और कोटक महिंद्रा बैंक का स्थान रहा।

# 470 बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की लागत 4.37 लाख करोड़ रुपए बढ़ी

भाषा। नई दिल्ली

**बुनियादी ढांचा** क्षेत्र की 150 करोड़ रुपए या इससे अधिक के खर्च वाली 470 परियोजनाओं की लागत में तय अनुमान से 4.37 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। देरी और अन्य कारणों की वजह से इन परियोजनाओं की लागत बढ़ी है। सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय 150 करोड़ रुपए या इससे अधिक लागत वाली बुनियादी ढांचा क्षेत्र की परियोजनाओं की निगरानी करता है। मंत्रालय की अगस्त, 2021 की रिपोर्ट में कहा गया है कि इस तरह की।,718 परियोजनाओं में से 470 की लागत बढ़ी है, जबकि 560 परियोजनाएं देरी से चल रही हैं। रिपोर्ट में कहा गया है, इन।,718 परियोजनाओं के क्रियान्वयन की मूल लागत 21,99,181.52 करोड़ रुपए थी, जिसके बढ़कर 26,36,710.50 करोड़ रुपए पर पहुंच जाने का अनुमान है। इससे पता चलता है कि इन परियोजनाओं की लागत 19.90 प्रतिशत या 4,37,528.98 करोड़ रुपए बढ़ी है। रिपोर्ट के अनुसार, अगस्त, 2021 तक इन परियोजनाओं पर 12,52,298.40 करोड़ रुपए खर्च हो चुके हैं, जो कुल अनुमानित लागत का 47.49 प्रतिशत है। हालांकि, मंत्रालय का कहना है कि यदि परियोजनाओं के पूरा होने की हालिया समयसीमा के हिसाब से देखें, तो देरी से चल रही परियोजनाओं की संख्या कम होकर 373 पर आ जाएगी। रिपोर्ट में 871 परियोजनाओं के चालू होने के साल के बारे में जानकारी नहीं दी गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि देरी से चल रही 560 परियोजनाओं में 96 परियोजनाएं एक महीने से 12 महीने की, 128 परियोजनाएं 13 से 24 महीने की, 210 परियोजनाएं 25 से 60 महीने की और 126 परियोजनाएं 61 महीने या अधिक की देरी में चल रही हैं। इन 560 परियोजनाओं की देरी का औसत 46.94 महीने है। इन परियोजनाओं की देरी के कारणों में भूमि अधिग्रहण में विलंब, पर्यावरण और वन विभाग की मंजूरियां मिलने में देरी और बुनियादी संरचना की कमी प्रमुख हैं।

## राजस्थान की सोजत मेहंदी को जीआई का दर्जा मिला

**नई दिल्ली।** राजस्थान की सोजत मेहंदी को सरकार से भौगोलिक संकेतक (जीआई) का दर्जा मिला है। जीआई दर्जा उत्पाद के निर्माताओं को उच्च मूल्य प्राप्त करने में मदद करता है और कोई अन्य निर्माता अपने उत्पादों के विपणन के लिए इस नाम का इस्तेमाल नहीं कर सकता। राजस्थान के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की सचिव मुग्धा सिन्हा ने पीटीआई-भाषा से बातचीत में कहा, सोजत मेहंदी के लिए जीआई का दर्जा किसानों, एमएसएमई उद्योग, कारीगरों और उपभोक्ताओं के लिए समान रूप से फायदे की बात है। हम इसके हर्बल कॉस्मेटिक और औषधीय उपयोगों को देखते हुए इसका निर्यात बढ़ाने के लिए इसका लाभ उठा सकते हैं। एक निश्चित भौगोलिक क्षेत्र से उत्पन्न होने वाले कृषि, प्राकृतिक या निर्मित उत्पाद (हस्तशिल्प और औद्योगिक सामान) के लिए एक जीआई दर्जे का उपयोग किया जाता है। आमतौर पर यह दर्जा नाम, गुणवत्ता और विशिष्टता का आश्वासन देता है।

# पेज एक का शेष

## योगी मंत्रिमंडल...

बनाई गई। बिंद समाज में अच्छा असर है और शिक्षित होने के कारण समाज में अच्छी पहुंच भी है। धर्मवीर प्रजापति एमएलसी हैं और ओबीसी जाति का प्रतिनिधित्व करते है। वर्ष 2002 में पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ में वह प्रदेश के महामंत्री बने, इसके बाद दो बार वे प्रदेश संगठन में मंत्री का दायित्व संभाले जनवरी 2019 में उन्हें माटी कला बोर्ड का अध्यक्ष बनाया गया। प्रजापति कुम्हार समाज में अच्छी पकड़ होने की वजह से इन्हें मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है।

## सरकार का...

बंद हुईं चीनी मिलों से किसानों की बदहाली की बात भी की। उन्होंने कहा, सपा-बसपा की सरकार में औने पौने दाम पर चीनी मिलें बेची गईं। 250 करोड़ की चीनी मिलें 25-30 करोड़ रुपये में बिक गई। सपा की सरकार में 11 चीनी मिलें बंद हुई। लेकिन हमने 2017 से आज तक एक भी चीनी मिल बंद नहीं की बल्कि बंद पड़ी चीनी मिलों को चलाने का काम किया। कोविड काल में किसानों हित संरक्षित करने की कोशिशों के जिक्र करते हुए सीएम ने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान दुनिया परेशान थी। ब्राजील जो चीनी का सबसे बड़ा उत्पादक है। वहां उद्योग ठप हो गया। महाराष्ट्र की आधी से अधिक चीनी मिलें बंद हो गईं, कर्नाटक की कुछ मिलें बंद हुईं। लेकिन यूपी के गन्ना विभाग ने सभी 119 चीनी मिलें चलाने का कार्य किया। किसानों के सामने आंकड़े पेश करते हुए सीएम योगी ने कहा कि 2017 में 8 साल पहले के गन्ने का भुगतान बकाया था। जिससे किसान निराश था, परेशान था, पर हमारी सरकार ने टीमवर्क के साथ दृढ़ इच्छाशक्ति दिखाई और गन्ना विभाग द्वारा साढ़े चार साल में 01.44 लाख करोड़ का भुगतान कराया गया। किसानों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों से पूछना चाहिए कि उन्होंने किसानों से अन्न खरीदने की व्यवस्था क्यों नहीं की। जो आज किसानों के हितैषी बने हैं, वो तब कहां थे, हमने साढ़े चार वर्षों में रिकॉर्ड खाद्यान्न खरीद की है और कोरोना काल में यूपी के 15 करोड़ लोगों को बिना भेदभाव के मुफ्त राशन दिया। इससे पहले की सरकारें भी कर सकती थीं लेकिन उनके पास न तो नीति थी और न ही किसानों के कल्याण की नीयत। हमने पराली जलाने के मामले में किसानों के ऊपर लगे सारे मुकदमे वापस ले लिए हैं। सीएम ने 2017 के चुनाव के भाजपा लोक कल्याण संकल्प पत्र का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार बनते ही हमने 86 लाख किसानों का फसली ऋण माफ करने का वादा पूरा किया। वृंदावन योजना सेक्टर 15 स्थित मैदान में आयोजित इस विशाल किसान सम्मेलन को भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद राजकुमार चाहर, भाजपा प्रदेश प्रभारी सांसद राधामोहन सिंह, प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह, कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही, गन्ना मंत्री सुरेश राणा ने भी सम्बोधित किया। मुख्यमंत्री का स्वागत भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह ने किया। संचालन का दायित्व धनश्याम पटेल ने निभाया जबकि स्वागत भाषण कामेश्वर सिंह ने किया। मंचासीन अतिथियों का स्वागत सुधीर सिंह, रामबाबू द्विवेदी, सतेन्दर तुगाना ने किया।

## नक्सलियों के...

ठोस कार्रवाई किए जाने पर चर्चा की गई। बैठक में नक्सली मामलों की जांच करने और अभियोग चलाने, नक्सलियों से जुड़े मुख्य संगठनों के खिलाफ कार्वाई, राज्यों के बीच समन्वय, राज्य खुफिया शाखाओं और राज्यों के विशेष बलों का क्षमता निर्माण और मजबूत पुलिस थानों के निर्माण पर चर्चा की गई। गृह मंत्री ने मुख्यमंत्रियों और अधिकारियों के साथ मिलकर नक्सल प्रभावित इलाकों में सुरक्षा स्थिति और माओवादियों के खिलाफ चल रहे अभियानों तथा विकास परियोजनाओं की समीक्षा की। शाह ने इन राज्यों की जरूरतों, उग्रवादियों से निपटने के लिए तैनात बलों की संख्या, नक्सल प्रभावित इलाकों में किए जा रहे सड़कों, पुलों, विद्यालयों और स्वास्थ्य केंद्रों के निर्माण जैसे विकास कार्यों का जायजा लिया।

## डिजिटल लेनदेन...

चलाए रखना है। मोदी ने कहा, स्वच्छता महात्मा गांधी को इस देश की बहुत बड़ी श्रद्धांजलि है और यह श्रद्धांजलि हमें हर बार देते रहना है, लगातार देते रहना है। प्रधानमंत्री ने विश्व नदी दिवस का उल्लेख करते हुए कहा कि नदियां सिर्फ भौतिक वस्तु नहीं हैं, बल्कि वे एक जीवंत इकाई हैं और इसलिए भारतवासी नदियों को मां कहते हैं। उन्होंने कहा कि नदियों की सफाई और प्रदूषण से मुक्ति सभी के प्रयासों व सहयोग से ही संभव है। मोदी ने कहा कि आज खादी और हैंडलूम का उत्पादन कई गुना बढ़ा है तथा उसकी मांग भी बढ़ी है।

## पंजाब में...

दी गई है। प्रदेश कांग्रेस प्रमुख नवजोत सिंह सिद्धू से लंबे समय तक टकराव के बाद अमरिंदर सिंह ने त्यागपत्र दे दिया था, जिसके बाद दलित समुदाय से आने वाले चन्नी ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। राणा गुरजीत सिंह, मोहिंद्रा और सिंगला अमरिंदर सिंह के करीबी माने जाते हैं। हालांकि, पार्टी में असंतोष अभी खत्म होता नहीं दिख रहा है। अमरिंदर सिंह के नेतृत्व वाली सरकार में मंत्री रहे राणा गुरमीत सिंह सोढ़ी, साधु सिंह धर्मसोत, बलबीर सिंह सिद्धू, गुरप्रीत सिंह कांगड़ और सुंदर शाम अरोड़ा को नए मंत्रिपरिषद में जगह नहीं मिली।

## अवैध धर्मांतरण...

दावत देते थे। इदरीस कलीम की ट्रस्ट जमीअतुल इमाम वलीउल्लाह अल इस्लामिया के लिए फंड जुटाने का काम करता था। वह कलीम द्वारा संचालित मदरसे में भी सक्रिय भूमिका अदा करता था। यहां धर्मांतरण के लिए महत्वपूर्ण चरण तरबियत को अंजाम दिया जाता था। गिरफ्तार किए गए कुणाल अशोक चौधरी उर्फ आतिफ ने बताया कि उसने रूस में रहकर मेडिकल की पढ़ाई के दौरान उसने इस्लाम धर्म कुबूल किया। उसे भारत में मेडिकल प्रैक्टिस करने के लिए एमसीआई की परीक्षा पास करना जरूरी था, जो पास नहीं कर सका। इसके बावजूद वह नासिक में अवैध तरीकेसे मेडिकल क्लीनिक चलाता था। कुणाल को एमसीआई की परीक्षा पास कराने के प्रलोभन कलीम सिद्दीकी ने दिया था जिसके कारण वह कलीम सिद्दीकी से जुड़ा। पिछले दो साल से वह कलीम सिद्दीकी के साथ रहते हुए भी अवैध रूप से मेडिकल प्रैक्टिस करता था और प्रैक्टिस के साथ मरीजों पर इस्लाम धर्म कुबूल करने की दावत देने का काम भी करता था। धर्मांतरण के लिए हुई फंडिंग से इदरीस ने मुजफ्फरनगर के रिहायशी इलाके में 60 लाख रुपये का मकान बनवाया है। यह मकान बीते तीन महीने के भीतर बनवाया गया है। इसके अलावा इदरीस ने ढाई लाख रुपये की कीमत की एक मोटर साइकिल भी खरीदी है। इन संपत्तियों के लिए पैसा कहां से आया इसका जवाब इदरीस नहीं दे सका। कलीम सिद्दीकी और इदरीस कुरैशी की नई दिल्ली और मुजफ्फरनगर में संपत्ति होने के जानकारी मिली है, जिनके सुबूत इकट्ठा किए जा रहे हैं। इस मामले में आज तीन लोगों को गिरफ्तारी को मिलाकर कुल 14 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। एटीएस ने इसी साल 21 जून को उमर गौतम और जहांगीर आलम को गिरफ्तार कर अवैध तरीके से किए जा रहे धर्मांतरण का पर्दाफाश किया था।

## सीमा प्रबंधन...

तार्किकता, परिपक्वता और सम्मान पर आधारित हो। मिसरी के अलावा भारत में चीन के राजदूत सुन वीदोन्ग ने भी बैठक में भाग लिया। पूर्वी लद्दाख में गतिरोध को हल करने के लिए दोनों पक्षों के शीर्ष सैन्य अधिकारियों और विदेश मंत्री एस जयशंकर तथा उनके चीनी समकक्ष वांग ई के बीच कई दौर की बैठकों समेत पिछले साल से लेकर अब तक दोनों देशों द्वारा किए गए बहुआयामी संवाद का जिक्र करते हुए मिसरी ने कहा, इन बैठकों से जमीनी तौर पर अच्छी-खासी प्रगति हुई। उन्होंने कहा, पिछले साल जुलाई में गलवान घाटी में सेना हटाने के बाद से दोनों पक्ष फरवरी 2021 में पैंगोंग झील के उत्तरी और दक्षिण किनारों तथा हाल में अगस्त 2021 में गोगरा से सेना हटा पाए। उन्होंने कहा, बाकी के स्थानों के संबंध में दोनों देशों के बीच बातचीत चल रही है और हम उम्मीद करते हैं कि बाकी के टकराव वाले इलाकों में सेना हटाने से हम ऐसी स्थिति में पहुंच जाएंगे जहां हम द्विपक्षीय सहयोग की राह पर बढ़ सकते हैं। भारतीय राजदूत ने कहा, पिछले डेढ़ साल में इस बहुआयामी संवाद के अनुभव से मुझे यकीन हुआ है कि जब द्विपक्षीय संबंधों में तनावपूर्ण मुद्दों को हल करने की बात आती है तो हम काफी सक्षम हैं। हमारे नेताओं ने पहले भी माना है कि हमें मुद्दों पर शांतिपूर्ण तरीकों, मतभेदों को विवादों में बदलने से रोकने और सबसे महत्वपूर्ण हमारे सीमावर्ती इलाकों में शांति बनाए रखने पर काम करना चाहिए।

# जडेजा ने दिलाई केकेआर पर रोमांचक जीत

भाषा। अबुधाबी

**रविंद** जडेजा ने अपने आक्रामक तेवरों का दिलचस्प नजारा पेश करते हुए रविवार को यहां आठ गेंदों पर 22 रन बनाए जिससे चेन्नई सुपर किंग्स ने कुछ विषम पलों से गुजरने के बाद कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) पर दो विकेट की रोमांचक जीत दर्ज करके इंडियन प्रीमियर लीग में अपना विजय अभियान जारी रखा।

चेन्नई के सामने 172 रन का लक्ष्य था। फाफ डुप्लेसिस (30 गेंदों पर 44 रन) और रुतुराज गायकवाड़ (28 गेंदों पर 40 रन) ने पहले विकेट के लिए 74 रन जोड़कर उसे अच्छी शुरुआत दिलाई। मोईन अली ने 28 गेंदों पर 32 रन बनाए लेकिन वह जडेजा थे जिन्होंने मुश्किल परिस्थितियों में दो चौके और दो छक्के जड़े जिससे चेन्नई ने आठ विकेट खोकर लक्ष्य हासिल किया। केकेआर ने इससे पहले नियमित अंतराल में विकेट गंवाए। उसके शीर्ष क्रम में केवल राहुल त्रिपाठी (33 गेंदों पर 45

### ● चेन्नई का विजय अभियान जारी

रन) ही उपयोगी योगदान दे पाए। नितीश राणा (27 गेंदों पर नाबाद 37) और दिनेश कार्तिक (11 गेंदों पर 26 रन) के प्रयासों से केकेआर ने अंतिम तीन ओवरों में 44 रन जुटाए जिससे टीम ने छह विकेट पर 171 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। चेन्नई को अंतिम दो ओवरों में 26 रन की दरकार थी। ऐसे में जडेजा ने प्रसिद्ध कृष्णा के 19वें ओवर की आखिरी चार गेंदों पर दो छक्के और दो चौके लगाए। सुनील नारायण (41 रन देकर तीन) अंतिम ओवर करने आए जिसमें चेन्नई को चार रन चाहिए थे। नारायण ने बेहतरीन गेंदबाजी करके सैम करेन (चार) और जडेजा का आउट कर दिया लेकिन दीपक चाहर विजई रन लेने में सफल रहे। चेन्नई की यह आईपीएल बहाल होने के बाद लगातार तीसरी जीत है जिससे उसके 10 मैचों में 16 अंक हो गए हैं और वह अंकतालिका में शीर्ष



पर पहुंच गया है। केकेआर ने लगातार दो जीत के बाद हार झेली। उसके 10 मैचों में आठ अंक हैं। चेन्नई ने पावरप्ले में बिना किसी नुकसान के 52 रन बनाए। गायकवाड़ और डुप्लेसिस ने गेंदबाजों को हावी नहीं होने दिया। इयोन मोर्गन ने पावरप्ले में चार गेंदबाज आजमाए लेकिन चेन्नई की सलामी जोड़ी ने गेंद को सीमा रेखा तक पहुंचाना जारी रखा। गायकवाड़ की टाइमिंग शानदार थी। उन्होंने नारायण पर दो छक्के जड़ने के बाद आंद्रे रसेल का स्वागत भी छह रन से किया लेकिन अगली गेंद उनके बल्ले का किनारा लेकर कवर में कैच में बदल गई। उन्होंने तीन छक्कों के अलावा दो चौके भी लगाए। चेन्नई ने 11वें ओवर में 100 का आंकड़ा छुआ। इसमें मोईन का योगदान भी था जिन्होंने लॉकी फर्ग्युसन पर चौका और छक्का लगाकर हाथ खोले थे। गायकवाड़ की तरह डुप्लेसिस भी अर्धशतक तक नहीं पहुंच पाए। फर्ग्युसन ने डीप प्वाइंट पर उनका अच्छा कैच लपका। डुप्लेसिस ने सात चौके जमाए। सुनील नारायण ने अंबाती रायुडु (नौ) का ऑफ स्टंप थर्राकर चेन्नई को दबाव में ला दिया। रन नहीं बन पाने के दबाव में मोईन ने अपना विकेट गंवा दिया।

## कोहली टी-20 क्रिकेट में 10,000 रन बनाने वाले पांचवें बल्लेबाज बने

**दुबई।** विराट कोहली क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप टी-20 में 10,000 रन बनाने वाले दुनिया के पांचवें और भारत के पहले बल्लेबाज बन गए। कोहली ने रविवार को यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की तरफ से मुंबई इंडियन्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। आरसीबी के कप्तान को इस मुकाम पर पहुंचने के लिए केवल 13 रन की जरूरत थी और उन्होंने जसप्रीत बुमराह पर छक्का जड़कर 10,000वां रन बनाया। आईपीएल के बाद आरसीबी और अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप के बाद इस प्रारूप में भारतीय कप्तानी छोड़ने की घोषणा कर चुके कोहली जल्द ही सर्वाधिक टी20 रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में चौथे स्थान पर पहुंच गए। उन्होंने डेविड वार्नर (10,019) को पीछे छोड़ा। कोहली से अधिक रन अब वेस्टइंडीज के क्रिस गेल (14,275) और कीरोन पोलार्ड (11,195) तथा पाकिस्तान के शोएब मलिक (10,808) के नाम पर दर्ज हैं।

# बेंगलोर ने मुंबई को 54 रन से हराया



भाषा। दुबई

**रॉयल** चैलेंजर्स बेंगलोर ने हर्षल पटेल की हैट्रिक और ग्लेन मैक्सवेल के हरफनमौला प्रदर्शन से रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग के महत्वपूर्ण मैच में पांच बार की चैम्पियन मुंबई इंडियंस को 54 रन से शिकस्त दी। कप्तान विराट कोहली के 51 रन (42 गेंद, तीन चौके, तीन छक्के) के बाद मैक्सवेल ने 56 रन (37 गेंद, छह चौके, तीन छक्के) की अर्धशतकीय पारी से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) ने छह विकेट पर 165 रन का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया। आरसीबी के लिए फिर गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया जिसमें पर्पल कैप धारी पटेल ने हैट्रिक बनाते हुए 17 रन देकर चार विकेट झटके। उनके अलावा युजवेंद्र चहल ने 11 रन देकर तीन विकेट हासिल किए। मैक्सवेल ने शानदार बल्लेबाजी के बाद अपने चार ओवर में 23 रन देकर दो अहम विकेट झटके। इससे गत चैम्पियन मुंबई इंडियंस की टीम 18.1 ओवर में 111 रन पर सिमट गई। दिलचस्प बात है कि पटेल ने इस आईपीएल सत्र के भारत में हुए पहले चरण में मुंबई इंडियंस के खिलाफ पांच विकेट झटकने का कारनामा किया था। आरसीबी के इस जीत से 12 अंक हो गए हैं और वह तीसरे स्थान पर बरकरार है। मुंबई इंडियंस इस हार के बाद सातवें स्थान पर खिसक गई है।

मुंबई इंडियंस ने कप्तान रोहित शर्मा (28 गेंद, पांच चौके और एक छक्के से 43 रन) और विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक ने टीम को शानदार शुरूआत कराई जिससे पावरप्ले में बिना विकेट गंवाए 56 रन बना लिए थे। लेकिन अगले ही ओवर में डिकॉक (24 रन, 23 गेंद, चार चौके) चहल की लेग स्पिन के खिलाफ सतर्क होकर खेल रहे थे लेकिन वह फिर एक बार उनकी गेंद पर आउट हुए, जिनका कैच मैक्सवेल ने भागते हुए लपका। यह पांचवीं बार है जब डिकॉक चहल का शिकार हुए हैं। ईशान किशन फार्म में नहीं हैं, वह क्रीज पर थे। मैक्सवेल की गेंद को किशन ने उठाकर मारा जो सीधे दूसरे छोर पर खड़े रोहित के हाथ में लगी। इससे रोहित को काफी परेशानी हो रही थी और उन्हें फिजियो की सेवाएं लेनी पड़ी। वह बल्लेबाजी के लिए तैयार हुए पर अगली गेंद पर मैक्सवेल को विकेट दे बैठे। मुंबई का स्कोर 10 ओवर के बाद दो विकेट पर 79 रन था। फिर मुंबई इंडियंस को अब अच्छी साझेदारी की जरूरत थी लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इसके बाद टीम ने लगातार विकेट गंवाए और पूरी टीम 111 रन पर सिमट गई। चहल की गुगली कमाल कर गई जिन्होंने किशन (09) को अपना दूसरा शिकार बनाया और स्कोर हो गया तीन विकेट पर 81 रन। मैक्सवेल ने फिर क्रुणाल पंड्या (05) के आफ स्टंप उखाड़कर मुंबई इंडियंस का स्कोर चार विकेट पर 93 रन कर दिया। सूर्यकुमार यादव (08) के साथ क्रीज पर बल्लेबाजी करने उतरे कीरोन पोलार्ड। मैक्सवेल की गेंद पोलार्ड के पैड पर लगी और जोरदार अपील हुई, पर अंपायर के इनकार के बाद कोहली ने रिव्यू लिया जिस पर अंपायर का नॉट आउट फैसला बरकरार रहा।

## क्विक न्यूज

### चेल्सी के पूर्व गोलकीपिंग कोच लेस्ली क्लीवेली ईस्ट बंगाल से जुड़े

**कोलकाता।** इंग्लिश प्रीमियर लीग की शीर्ष टीम चेल्सी के पूर्व गोलकीपिग कोच लेस्ली क्लीवेली को एससी ईस्ट बंगाल ने इस सत्र में अपने गोलकीपरों की मदद के लिए अनुबंधित किया है। क्लब ने रविवार को यह घोषणा की। क्लीवेली बांग्लादेश की सीनियर राष्ट्रीय टीम के साथ सफल कार्यकाल के बाद ईस्ट बंगाल के मुख्य कोच मैनुएल मनोले डियाज की कोचिंग टीम का हिस्सा बन गए है। क्लीवेली ने कहा, मुझे इस क्षेत्र में काम करने का अनुभव है। बांग्लादेश की राष्ट्रीय टीम का हिस्सा होने कारण मै लोगो की भावनाओं को भी अच्छी तरह से समझता हूं जो फुटबॉल के प्रति जुनूनी है। एससी ईस्ट बंगाल बड़ा फुटबॉल क्लब है और मुझे उसका हिस्सा बनने पर गर्व है। ईस्ट बंगाल की टीम मे अरिंदम भट्टाचार्य, शंकर रॉय और सुवम सेन के रूप मे तीन गोलकीपर है।

### जेहान रूस में फार्मूला 2 चैम्पियनशिप रेस में तीसरे स्थान पर रहे

**सोच्चि।** भारत के जेहान दारूवाला रूस में रविवार को आयोजित फार्मूला 2 चैम्पियनशिप रेस मे तीसरे स्थान पर रहे। क्वालीफाइंग रेस मे दूसरे स्थान पर रहने वाले जेहान मुख्य रेस मे एक स्थान खिसक गए। मौजूदा सत्र मे उन्होंने चौथी बार पोडियम (शीर्ष तीन) स्थान पर रहते हुए रेस को खत्म किया है। रेडबुल जूनियर टीम का यह ड्राइवर 96 अंकों के साथ अंक तालिका में सातवें स्थान पर है। खराब मौसम के कारण यहां दो स्प्रिंट रेसो मे से एक को रद्द कर दिया गया। ऑस्कर पेस्ट्री लगातार दूसरी बार रेस जीतने मे सफल रहे जिससे उन्होंने ड्राइवरो की समग्र तालिका मे शीर्ष पायदान पर अपनी बढ़त और मजबूत कर ली।

### पीएसजी ने मोंटपेलियर को हराकर लगातार आठवीं जीत दर्ज की

**पेरिस।** फ्रेंच लीग मे शीर्ष पर चल रहे पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने शनिवार को यहां मोंटपेलियर को 2-0 से हराकर लगातार आठवी जीत दर्ज की। पार्स डेस प्रिंसेस स्टेडियम में मिडफील्डर इदरिसा गुए ने 14वें मिनट मे पहला गोल दागा जबकि स्थानापन्न खिलाड़ी जूलियन ड्रेक्सलर ने 88वें मिनट मे पीएसजी को 2-0 से आगे कर दिया जो निर्णायक स्कोर साबित हुआ। पीएसजी की टीम एक बार फिर सुपरस्टार लियोनल मेस्सी के बिना उतरी जो घुटने मे सूजन के कारण दो मैचों में नही खेल पाए है और मंगलवार को मैनचेस्टर सिटी के खिलाफ होने वाले चैंपियन्स लीग मुकाबले के लिए फिट होने की कोशिश कर रहे है। अन्य मैचो मे गत चैंपियन लिली ने स्ट्रेसबर्ग को 2-1 से हराया जबकि नीस ने सेंट एटीने को 3-0 से शिकस्त दी। लियोन ने लोरिएंट से 1-1 से ड्रॉ खेला।

### रीयल मैड्रिड को विलारीयाल ने गोल रहित बराबरी पर रोका

**मैड्रिड।** रीयल मैड्रिड को शनिवार को यहां स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लीगा में विलारीयाल ने गोल रहित बराबरी पर रोका जिससे टीम का लगातार पांच मैच मे जीत का क्रम भी थम गया। मौजूदा सत्र मे सभी प्रतियोगिताओ मे यह पहला मौका है जब टीम किसी मैच मे गोल करने मे नाकाम रही। पहले सात मैचो में टीम ने 22 गोल किए जबकि उसके खिलाफ सिर्फ आठ गोल हुए। टीम ने लीग के शुरुआती छह मैचो मे 21 गोल किए थे जो 1987-88 के बाद उसका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। मैड्रिड की टीम ला लीगा में पिछले 25 मैचों से अजेय है। इस ड्रॉ के बावजूद मैड्रिड ने अंक तालिका के शीर्ष पर सेविला पर तीन अंक की बढ़त बना रखी है जिसने इस्पानयोल को 2-0 से हराया। सेविला ने हालांकि मैड्रिड से एक मैच कम खेला है।

# सानिया ने ओस्ट्रावा में सत्र का पहला खिताब जीता

भाषा। ओस्ट्रावा (चेक गणराज्य)

**भारत** की स्टार टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा ने सत्र का पहला खिताब जीता जब रविवार को उन्होंने और चीन की उनकी जोड़ीदार शुआई झेंग ने यहां ओस्ट्रावा ओपन के महिला युगल फाइनल में केटलिन क्रिस्टियन और एरिन रोटलिफ की जोड़ी को हराया। भारत और चीन की दूसरी वरीय जोड़ी ने अमेरिका की क्रिस्टियन और न्यूजीलैंड की रोटलिफ की तीसरी वरीय जोड़ी को खिताबी मुकाबले में एक घंटा और चार मिनट में 6-3 6-2 से शिकस्त दी। चौंतीस साल की सानिया और झेंग ने इस डब्ल्यूटीए 500 प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में इरी होजुमी और माकोतो निनोमिया की जापान की चौथी वरीय जोड़ी को सीधे सेटों में 6-2 7-5 से हराया था। सानिया सत्र में दूसरी बार फाइनल में खेल रही थी। इससे पहले उन्होंने पिछले महीने अमेरिका में क्रिस्टिना मशाले के साथ मिलकर डब्ल्यूटीए 250 क्लीवलैंड प्रतियोगिता के फाइनल में जगह बनाई थी जहां इस जोड़ी को शिकस्त का सामना करना पड़ा था।



# राजस्थान को जीत की राह पर लौटने के लिए बल्लेबाजी में सुधार की जरूरत

भाषा। दुबई

**राजस्थान** रॉयल्स को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदों को जीवंत रखने के लिए सोमवार को यहां तालिका में सबसे निचले पायदान पर काबिज सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ जीत की राह पर लौटना होगा। इसके लिए टीम के बल्लेबाजों को लय में चल रहे कप्तान संजू सैमसन का साथ देना होगा। राजस्थान की टीम नौ मैचों में आठ अंकों के साथ तालिका में सातवें (रविवार के मैचों से पहले) स्थान पर काबिज है जबकि सनराइजर्स हैदराबाद को नौ मैचों में सिर्फ एक सफलता मिली है और टीम प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गई है। यूएई में आईपीएल के दूसरे चरण के शुरू होने के बाद राजस्थान ने पंजाब किंग्स के खिलाफ दो रन से जीत दर्ज की जबकि शनिवार को उसे तालिका में शीर्ष पर काबिज दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 33 रनों से करारी शिकस्त मिली। दूसरी ओर



हैदराबाद की टीम को दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब के खिलाफ क्रमशः आठ विकेट और पांच रन से शिकस्त मिली। तालिका में निचले स्थान पर काबिज टीमों के मुकाबले में राजस्थान की टीम हैदराबाद के खिलाफ अपने मौकों को भुनाना चाहेगी। भारत में लीग के पहले चरण में राजस्थान ने हैदराबाद को 55 रन से हराया था। राजस्थान की गेंदबाजी इकाई ने अपने प्रभावशाली प्रदर्शन को जारी रखते हुए शनिवार को दिल्ली की मजबूत टीम को छह विकेट पर 154 पर रोक दिया था, लेकिन बल्लेबाजी विभाग में सैमसन को छोड़कर (नाबाद 70) सभी ने निराश किया।

### टीम

**राजस्थान रॉयल्सः** संजू सैमसन (कप्तान), लियाम लिविंगस्टोन, एविन लुईस, डेविड मिलर, क्रिस मॉरिस, ओशाने थॉमस, मुस्ताफिजुर रहमान, तबरेज शम्सी, ग्लेन फिलिप्स, चेतन सकारिया, रियान पराग, राहुल तेवतिया, आकाश सिंह, अनुज रावत, केसी करियप्पा , यशस्वी जायसवाल, शिवम दुबे, श्रेयस गोपाल, कार्तिक त्यागी, मयंक मार्कंडे, जयदेव उनादकट, कुलदीप यादव, महिपाल लोमरोर।

**सनराइजर्स हैदराबादः** केन विलियमसन (कप्तान), डेविड वार्नर, मनीष पांडे, शेरफेन रदरफोर्ड, ऋद्धिमान साहा, श्रीवत्स गोस्वामी, राशिद खान, विजय शंकर, मोहम्मद नबी, अभिषेक शर्मा, भुवनेश्वर कुमार, सिद्धार्थ कौल, खलील अहमद, टी नटराजन, बासिल थंपी , संदीप शर्मा, शाहबाज नदीम, अब्दुल समद, जे सुचित, जेसन होल्डर, विराट सिंह, प्रियम गर्ग, केदार जाधव, मुजीब-उर-रहमान, जेसन रॉय।

मैच शाम सात बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा।

# सीनियर खिलाड़ी के तौर पर जिम्मेदारी लेना चाहती थी

भाषा। मैकॉय

**भारतीय** महिला टीम की अनुभवी तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी ने रविवार को कहा कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय मैच में मिली हार के बाद वहां तीसरे और आखिरी एकदिवसीय मैच में टीम को सांत्वना भरी जीत दिलाने में अहम योगदान देने की उन्हें खुशी है। गोस्वामी ने अपने 10 ओवरों में 37 रन खर्च कर तीन अहम विकेट चटकाए और दबाव में विजई चौका लगाया। उन्हें इस प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इस 38 वर्षीय अनुभवी खिलाड़ी के बल्ले से निकले चौके ने ऑस्ट्रेलिया महिला टीम के 26 मैचों से चले आ रहे जीत के सिलसिले को रोक दिया। जीत के लिए 265 रन के लक्ष्य का पीछा करते भारत ने तीन गेंद शेष रहते आठ विकेट पर 266 रन बनाकर जीत दर्ज की। भारत की लक्ष्य का पीछा करते हुए यह सबसे बड़ी जीत है। इस जीत के बावजूद भारतीय टीम ने श्रृंखला 1-2 से गंवा दिया। झूलन ने मैच के बाद कहा, हम बस आखिर तक मैच में बने रहने और सही तरीके से खेल खत्म करने की कोशिश कर रहे थे। शुक्रवार (दूसरे एकदिवसीय में) को गेंदबाजों के लिए परिस्थितियां मुश्किल थी और आज सीनियर गेंदबाज के तौर पर मैं उदाहरण पेश करना चाहती थी। मैं नई गेंद का अच्छी तरह से इस्तेमाल करना चाहता थी। उन्होंने कहा, मुझे पता था कि मुझे विकेट मिल सकते हैं। मैंने यही किया था। मैदान में अपना सर्वश्रेष्ठ देना, सकारात्मकता बनाए रखना महत्वपूर्ण है और सीनियर खिलाड़ी के तौर में यही करना चाहती थी।



# भारत ने आस्ट्रेलिया को तीसरे वनडे में दो विकेट से हराया

भाषा। मैकॉय (आस्ट्रेलिया)

**युवा** यस्तिका भाटिया के करियर के पहले अर्धशतक और सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा के साथ उनकी शतकीय साझेदारी से भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने रविवार को यहां तीसरे और अंतिम एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में आस्ट्रेलिया को दो विकेट से हराकर उसके लगातार 26 मैचों में जीत के क्रम को रोक दिया।




भारतीय महिला टीम ने श्रृंखला 1-2 से गंवा दी लेकिन क्लीनस्वीप से बचने में सफल रही। आस्ट्रेलिया के 265 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए यस्तिका ने 69 गेंद में 64 जबकि शेफाली ने 91 गेंद में 56 रन की पारी खेली। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 101 रन की साझेदारी भी की जिससे भारत ने तीन गेंद शेष रहते आठ विकेट पर 266 रन बनाकर जीत दर्ज की। यस्तिका ने अपनी पारी में नौ चौके मारे जबकि शेफाली ने सात बार गेंद को बाउंड्री के दर्शन कराए। अंत में दीप्ति शर्मा ने 30 गेंद में 31 और स्नेह राणा ने 27 गेंद में 30 रन की पारी खेलने के अलावा सातवें विकेट के लिए 33 रन जोड़कर भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई। भारत ने 47वें ओवर में दीप्ति का विकेट गंवाया लेकिन स्नेह ने इसी ओवर में ताहलिया मैकग्रा पर लगातार तीन चौके जड़कर भारत को जीत की दहलीज पर पहुंचा दिया। निकोला कैरी ने 49वें ओवर में स्नेह को आउट किया लेकिन अनुभवी झूलन गोस्वामी (नाबाद 08) ने अंतिम ओवर की तीसरी गेंद पर सोफी मोलिन्यु के खिलाफ चौका जड़कर भारत को जीत दिला दी।

आस्ट्रेलिया की ओर से अनाबेल सदरलैंड ने 30 रन देकर तीन विकेट चटकाए। इससे पहले भारतीय गेंदबाजों ने एक बार फिर आस्ट्रेलिया को वापसी करने का मौका दिया जिससे मेजबान टीम ने नौ विकेट पर 264 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया।

आस्ट्रेलिया की टीम एक समय 25वें ओवर में चार विकेट पर 87 रन बनाकर संकट में थी लेकिन एशलेग गार्डनर (67) और पिछले मैच में शतक जड़ने वाली बेथ मूनी (52) के बीच 98 रन की साझेदारी की बदौलत वापसी करने में सफल रही। ताहलिया मैकग्रा ने भी 32 गेंद में 47 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली। भारत के लिए झूलन ने 37 रन देकर तीन जबकि पूजा वस्त्रकार ने 46 रन देकर तीन विकेट चटकाए। आस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया। टीम में वापसी कर रही राशेल हेन्स (13) और एलिसा हीली (35) ने पहले विकेट के लिए 8.1 ओवर में 41 रन जोड़कर टीम को सतर्क शुरुआत दिलाई। दूसरे वनडे में दिल तोड़ने वाली हार के बाद झूलन ने हेन्स को मिड आफ पर कैच कराके भारत को पहली सफलता दिलाई। चार गेंद बाद झूलन ने कप्तान मेग लेनिंग (00) को भी विकेटकीपर रिचा घोष के हाथों कैच करा दिया। एलिसा इसके बाद रन आउट हुई जबकि पूजा ने एलिस पैरी (26) को आउट करके आस्ट्रेलिया को चौथा झटका दिया। आस्ट्रेलिया की टीम हालांकि इसके बाद गार्डनर और मूनी के बाद साझेदारी की बदौलत वापसी करने में सफल रही।

# स्टिमक ने सैफ चैंपियनशिप के लिए 23 खिलाड़ियों की घोषणा की, उदांता की वापसी

भाषा। नई दिल्ली

**भारतीय** फुटबॉल टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने मालदीव में होने वाली सैफ चैंपियनशिप के लिए 23 सदस्यीय टीम की घोषणा की जिसमें बेंगलुरू एफसी के विंगर उदांता सिंह की वापसी हुई है। इसी महीने नेपाल के खिलाफ दो अंतरराष्ट्रीय मैचों से बाहर रहे उदांता ने एक से 16 अक्टूबर तक होने वाले क्षेत्रीय टूर्नामेंट के लिए टीम में जगह बनाई है।

चेन्नईयिन एफसी के विशाल कैथ को तीन गोलकीपर में जगह मिली है जबकि धीरज सिंह मोइरंगथम टीम का हिस्सा नहीं हैं। दो अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए काठमांडू गई भारत की 25 सदस्यीय टीम में शामिल डिफेंडर आकाश मिश्रा, मिडफील्डर बिपिन सिंह और प्रणय हलधर को भी टीम में जगह नहीं मिली है। खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ सोमवार को बेंगलुरू में एकत्रित होंगे और अगले दिन मालदीव के लिए रवाना होंगे। स्टिमक और तकनीकी स्टाफ के अन्य



सदस्य उसी दिन सीधे टीम के साथ जुड़ेंगे।

चैंपियनशिप में हिस्सा लेने वाली अन्य टीमें बांग्लादेश, नेपाल, श्रीलंका और मेजबान मालदीव हैं। प्रत्येक टीम एक-एक बार एक-दूसरे से भिड़ेंगे जिसके बाद शीर्ष पर रहने वाली दो टीमें फाइनल में जगह बनाएंगी। स्टिमक ने कहा, एशिया के इस हिस्से में शीर्ष फुटबॉल टीम होने के कारण हम सैफ चैंपियनशिप को लेकर उत्साहित हैं। ए चार से पांच मैच हमारे लिए काफी महत्वपूर्ण होंगे क्योंकि इनके अलावा हमें अगले सत्र में एएफसी एशियाई कप क्वालीफायर के तीसरे दौर की शुरुआत से पहले एक साथ एकत्रित होने का मौका नहीं मिलेगा। इन मैचों से हमें अपने खेल के कुछ विभागों में सुधार करने में मदद मिलनी चाहिए। भारत ने सैफ चैंपियनशिप (पहले सार्क कप) का खिताब सात बार जीता है। भारत 1993 में लाहौर, 1997 में काठमांडू, 1999 में मडगांव, 2005 में कराची, 2009 (अंडर 23 टीम) में ढाका, 2011 में नई दिल्ली और 2015-16 में तिरूवनंतपुरम में चैंपियन बना। भारत अपने अभियान की शुरुआत चार अक्टूबर को बांग्लादेश के खिलाफ करेगा।

### भारत का ग्रुप चरण का कार्यक्रम

**चार अक्टूबरः** भारत बनाम बांग्लादेश (भारतीय समयानुसार शाम साढ़े चार बजे से)
**सात अक्टूबरः** भारत बनाम श्रीलंका (भारतीय समयानुसार शाम साढ़े चार बजे से)
**10 अक्टूबरः** भारत बनाम नेपाल (भारतीय समयानुसार रात साढ़े आठ बजे से)
**13 अक्टूबरः** भारत बनाम मालदीव (भारतीय समयानुसार रात साढ़े आठ बजे से)

### टीम

**गोलकीपरः** गुरप्रीत सिंह, अमरिंदर सिंह और विशाल कैथ।
**डिफेंडरः** प्रीतम कोटल, सेरिटन फर्नांडिस, चिंगलेनसाना सिंह, राहुल भेके, सुभाशीष बोस और मंदार राव देसाई।
**मिडफील्डरः** उदांता सिंह, ब्रेंडन फर्नांडिस, लालेंगमाविया, अनिरूद्ध थापा, सहल अब्दुल समद, जैकसन सिंह, ग्लेन मार्टिन्स, सुरेश सिंह, लिस्टन कोलासो और यासिर मोहम्मद।
**फारवर्डः** मनवीर सिंह, रहीम अली, सुनील छेत्री और फारूख चौधरी।

# तीरंदाजीः भारत फिर स्वर्ण पदक से चूका, तीन रजत जीते

भाषा। यांकटन (अमेरिका)

**भारतीय** तीरंदाज ज्योति सुरेखा वेनाम को कंपाउंड महिला व्यक्तिगत फाइनल में बेहद करीबी मुकाबले में कोलंबिया की दुनिया की तीसरे नंबर की खिलाड़ी सारा लोपेज के खिलाफ शिकस्त के साथ यहां विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

व्यक्तिगत पुरुष कंपाउंड वर्ग में विश्व कप के तीन बार के स्वर्ण पदक विजेता अभिषेक वर्मा शनिवार को यहां कड़े मुकाबले में नीदरलैंड के दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी माइक स्क्लोसेर के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में 147-148 से हार गए थे। भारत के कंपाउंड तीरंदाजों ने अपने अभियान का अंत तीन रजत पदक के साथ किया। अंकिता भकत रिकर्व वर्ग में पदक की दौड़ में एकमात्र भारतीय तीरंदाज थीं, वह क्वार्टरफाइनल में महिलाओं की व्यक्तिगत स्पर्धा में अमेरिका की कासे कॉफहोल्ड से 2-6 से हारकर बाहर हो गईं। ज्योति भारत की महिला और मिश्रित युगल कंपाउंड तीरंदाजी टीम का भी हिस्सा थी जिन्हें शुक्रवार को कोलंबिया के खिलाफ एकतरफा हार के साथ रजत पदक मिले थे। भारत को अब भी इस प्रतियोगिता में अपने पहले स्वर्ण पदक की तलाश है। भारत ने इस प्रतियोगिता में अब तक सबसे अधिक 11 बार पोडियम पर जगह बनाई है। इस दौरान उसके खिलाड़ियों ने नौ बार फाइनल में चुनौती पेश की लेकिन हर बार रजत पदक से संतोष करना पड़ा। नीदरलैंड्स के डेन बोश में 2019 विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाली ज्योति ने शानदार प्रदर्शन किया लेकिन पांच बार की विश्व कप चैंपियन सारा बेहतर खेल दिखाते हुए 146-144 से जीत दर्ज करने में सफल रही। ज्योति ने दिन की शानदार शुरुआत की और अपने करियर में पहली बार परफेक्ट 150 का स्कोर बनाया। उन्होंने पांच दौर में अपने सभी 15 तीर 10 अंक पर मारे। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में अंडर 21 विश्व चैंपियन क्रोएशिया की अमांडा म्लिनारिच को छह अंक से हराया।

# अमेरिकी चेतावनी का तुर्की पर असर नहीं

## ● तुर्की रक्षा संबंधी विकल्प स्वयं चुनेगाः एर्दोआन



**एपी। इस्तांबुल**

**अमेरिका** की कड़ी आपत्तियों के बावजूद तुर्की के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन ने कहा है कि वह दूसरी रूसी मिसाइल प्रणाली खरीदने पर विचार करेंगे। एर्दोआन ने कहा कि तुर्की को अपनी रक्षा प्रणाली के संबंध में स्वयं फैसला करना होगा।

उन्होंने इस सप्ताह दिए साक्षात्कार में कहा कि तुर्की को अमेरिका निर्मित पैट्रियॉट मिसाइलें खरीदने का विकल्प नहीं दिया गया था और 1.4 अरब डॉलर के भुगतान के बावजूद अमेरिका ने एफ-35 विमान मुहैया नहीं कराए। साक्षात्कार के रविवार को प्रसारित होने से पहले जारी किए गए इसके अंशों में एर्दोआन की इन टिप्पणियों की जानकारी दी गई है। नाटो के सदस्य तुर्की को रूस निर्मित एस-400 मिसाइल रक्षा प्रणाली खरीदने के बाद एफ-35 कार्यक्रम से बाहर कर दिया गया था।

अमेरिका नाटो के भीतर रूसी प्रणालियों के उपयोग का कड़ा विरोध करता है। उसका कहना है कि यह एफ-35 के लिए खतरा है, जबकि तुर्की का कहना है कि एस-400 को नाटो प्रणाली में एकीकृत किए बिना स्वतंत्र रूप से इस्तेमाल किया जा सकता है और इसमें कोई जोखिम नहीं है। अमेरिका ने रूसी प्रभाव को कम करने के उद्देश्य से 2017 के एक कानून के तहत इस खरीदारी को लेकर तुर्की पर प्रतिबंध भी लगाए थे। एर्दोआन से जब सवाल किया गया कि क्या वह और एस-400 खरीदेंगे, तो उन्होंने कहा कि निस्संदेह, हां। उन्होंने कहा कि तुर्की रक्षा संबंधी अपने विकल्प स्वयं चुनेगा।

उन्होंने न्यूयॉर्क से रवाना होने से पहले संवाददाताओं से कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ तुर्की के संबंधों की शुरुआत अच्छी नहीं रही है। उन्होंने तुर्की की मीडिया से भी कहा कि उनका देश आवश्यकता पड़ने पर नई मिसाइल रक्षा प्रणाली खरीदेगा और वह अपनी प्रणाली भी विकसित कर रहा है। एर्दोआन रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से 29 सितंबर को मुलाकात करेंगे।

## ज्वालामुखी फटने से प्रभावित ला पाल्मा द्वीप पर हवाई अड्डे को फिर से खोला गया

ला पाल्मा **(स्पेन)**। स्पेन के ला पाल्मा द्वीप पर ज्वालामुखी फटने के बाद लावा निकलने की रफ्तार कम होने के बाद अधिकारियों ने वहां से निकाले गए कुछ लोगों को अपने-अपने घर से जरूरी सामान एकत्र करने के लिए रविवार को हवाई अड्डे को खोल दिया।

ला पाल्मा द्वीप की सरकार ने कहा कि शनिवार को ज्वालामुखी से भारी मात्रा में राख निकलने के बाद से कोई बड़ी दुर्घटना नहीं हुई है। स्पेन के विमानन प्राधिकरण ऐना ने ट्वीट किया कि रनवे पर राख जमा होने के कारण शनिवार से बंद हवाई अड्डे को परिचालन के लिए फिर से खोला गया है। हवाई अड्डा बंद होने से द्वीप से निकलने के लिए बंदरगाह पर लोगों की लंबी कतार लग गई।

ला पाल्मा द्वीप पर स्थित ज्वालामुखी उत्तर पश्चिम अफ्रीकी तट के केनरी द्वीप के ज्वालामुखी श्रृंखला का हिस्सा है और यहां करीब 85,000 लोग रहते हैं। द्वीप पर 19 सितंबर को ज्वालामुखी सक्रिय हुआ था। प्रशासन ने तुरंत कदम उठाते हुए 6,000 से ज्यादा लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया।

# तालिबान पर अमेरिका, चीन और पाकिस्तान के साथ हैंः रूस

**एपी। संयुक्त राष्ट्र**

**रूस** के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने शनिवार को कहा कि रूस, चीन, पाकिस्तान और अमेरिका यह सुनिश्चित करने के लिए एक साथ मिलकर काम कर रहे हैं कि अफगानिस्तान का नया तालिबान शासन अपने वादों को पूरा करे और विशेष रूप से एक वास्तविक प्रतिनिधि सरकार बनाने और चरमपंथ को फैलने से रोकने के लिए काम करे। सर्गेई लावरोव ने कहा कि चारों देश लगातार संपर्क में हैं।

उन्होंने कहा कि रूस, चीन और पाकिस्तान के प्रतिनिधियों ने तालिबान और धर्मनिरपेक्ष प्राधिकार वर्ग के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत करने के लिए हाल में कतर और फिर अफगानिस्तान की राजधानी काबुल की यात्रा की। धर्मनिरपेक्ष प्राधिकार में पूर्व राष्ट्रपति हामिद करजई और अब अपदस्थ हो चुकी सरकार की तालिबान के साथ बातचीत के लिए वार्ता परिषद का नेतृत्व कर रहे अब्दुल्ला अब्दुल्ला शामिल हैं। लावरोव ने कहा कि तालिबान द्वारा घोषित अंतरिम सरकार अफगान समाज की जातीय-धार्मिक और राजनीतिक ताकतों को प्रतिबिंबित नहीं करती है, इसलिए हम संपर्क में हैं जो लगातार जारी है।

तालिबान ने एक समावेशी सरकार का वादा किया है, जो पिछली बार 1996 से 2001 तक देश पर शासन करने की तुलना में इस्लामी शासन का एक अधिक उदार रूप होगा, जिसमें महिलाओं के अधिकारों का सम्मान करना, 20 साल के युद्ध के बाद स्थिरता प्रदान करना, आतंकवाद और उग्रवाद से लड़ना और हमले शुरू करने के लिए आतंकवादियों को अपने क्षेत्र का इस्तेमाल करने से रोकना शामिल है। लेकिन तालिबान के हाल के कदमों से पता चलता है कि वे खासकर महिलाओं और लड़कियों के प्रति अधिक दमनकारी नीतियों की ओर लौट रहे हैं। लावरोव ने कहा, सबसे महत्वपूर्ण यह सुनिश्चित करना है कि जिन वादों की उन्होंने सार्वजनिक रूप से घोषणा की है, उन्हें पूरा किया जाए और हमारे लिए यह सर्वोच्च प्राथमिकता है।

संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने संबोधन में और इसके बाद एक विस्तृत संवाददाता सम्मेलन में लावरोव ने अफगानिस्तान से अमेरिका की जल्दबाजी में वापसी के लिए बाइडन प्रशासन की आलोचना की। उन्होंने कहा कि अमेरिका और नाटो ने परिणामों पर विचार किए बिना... अफगानिस्तान में कई हथियार छोड़े हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे हथियारों का इस्तेमाल विनाशकारी उद्देश्य के लिए नहीं होना चाहिए। बाद में महासभा में अपने संबोधन में लावरोव ने अमेरिका और उसके सहयोगियों पर आज की प्रमुख समस्याओं को हल करने में संयुक्त राष्ट्र की भूमिका को कम करने या इसे दरकिनार करने या किसी के स्वार्थपूर्ण हितों को बढ़ावा देने का आरोप लगाया।

## इजराइली सैनिकों ने वेस्ट बैंक में हुई मुठभेड़ में पांच फलस्तीनियों को मार गिराया

**यरूशलम (एपी)।** वेस्ट बैंक में आतंकवादी समूह हमास के खिलाफ गिरफ्तारी अभियान के दौरान इजराइली सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में पांच बंदूकधारी फलस्तीनी मारे गए हैं। इजराइली सेना ने यह जानकारी दी। रविवार को हुई घटना हाल के हफ्तों में वेस्ट बैंक में इजराइली बलों और फलस्तीनी आतंकवादियों के बीच हुई सबसे घातक हिंसा है। यह हिंसा इस साल गाजा पट्टी में इजराइल और हमास के बीच 11 दिन तक चले युद्ध के बाद बढ़ते तनाव के बीच हुई है। फलस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि वेस्ट बैंक के उत्तरी शहर जेनिन में दो फलस्तीनी की गोली मारकर हत्या की गई जबकि उत्तरी यरूशलम के बिड्डू में तीन अन्य लोगों की मौत हुई। इजरायली सेना ने कहा कि जेनिन के पास बुर्किन में गिरफ्तारी के दौरान एक अधिकारी और सैनिक को गंभीर चोटें आईं और उन्हें चिकित्सा के लिए अस्पताल ले जाया गया। इजराइल के प्रधानमंत्री नफ्ताली बेनेट ने एक बयान में कहा कि सैनिकों ने वही किया जिसकी उनसे उम्मीद थी।

## सैम चौथी श्रेणी के तूफान में तब्दील हुआ

**मियामी**। अटलांटिक महासागर में सैम तूफान चौथी श्रेणी के तूफान में तब्दील हो गया। यह जमीन से अभी काफी दूर है। तूफान के लिए कोई चेतावनी जारी नहीं की गई है। यह कैरिबियाई सागर में उत्तरी लीवार्ड द्वीप से करीब 1,595 किलोमीटर पूर्व-दक्षिणपूर्व में था। यह पश्चिम-उत्तरपश्चिम की ओर 13 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ रहा है। मियामी में अमेरिका के राष्ट्रीय तूफान केंद्र ने कहा कि सैम के कारण 230 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चली। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि सैम रविवार सुबह तक मजबूत हो सकता है और उसके प्रभाव से 240 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। अधिकारियों ने बताया कि तूफान से अगले हफ्ते की शुरुआत में लेसर एंटिलिस के तट पर खतरनाक लहरें उठ सकती हैं।

# दक्षिण कोरिया ने उत्तर कोरिया से वार्ता के लिए हॉटलाइन बहाल करने को कहा

**एपी। सोल**

**दक्षिण** कोरिया ने रविवार को उत्तर कोरिया से निष्क्रिय संचार हॉटलाइन बहाल करने का आग्रह किया, जिसके एक दिन बाद उत्तर कोरिया ने सशर्त वार्ता शुरू करने का प्रस्ताव दोहराया। उत्तर कोरिया छह महीने में अपना पहला मिसाइल परीक्षण करके तनाव बढ़ाने के लगभग दो सप्ताह बाद रियायतें लेने की मांग कर सकता है। उत्तर कोरिया दो बार दक्षिण कोरिया से कह चुका है कि अगर शर्तें पूरी होती हैं तो वह बातचीत के लिए तैयार है।

उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन की बहन किम यो जोंग ने शनिवार को कहा कि यदि दक्षिण कोरिया शत्रुतापूर्ण नीतियों और दोहरे व्यवहार के मानकों को छोड़ देता है, तो दोनों कोरियाई देश सुलह की दिशा में कदम उठा सकते हैं। किम जोंग की बहन को उत्तर कोरिया की सरकार में काफी प्रभावशाली माना जाता है।

किम यो जोंग ने यह नहीं बताया कि दक्षिण कोरिया को कौन से विशिष्ट कदम उठाने होंगे, लेकिन कुछ विशेषज्ञों का कहना है कि उत्तर कोरिया चाहता है कि अमेरिका के नेतृत्व वाले प्रतिबंधों से राहत पाने, सहायता प्राप्त करने, या परमाणु हथियार संपन्न देश के रूप में अंतरराष्ट्रीय मान्यता जैसी अन्य रियायतें प्राप्त करने में दक्षिण कोरिया भूमिका निभाए।

दक्षिण कोरिया के एकीकरण मंत्रालय ने रविवार को कहा कि वह किम यो जोंग के बयान को बहुत महत्व देता है क्योंकि दक्षिण कोरिया बातचीत के माध्यम से प्रायद्वीप में परमाणु निरस्त्रीकरण और शांति स्थापित करने के लिए लगातार जोर दे रहा है। सुलह की दिशा में शुरुआती कदमों पर बातचीत करने के लिए दक्षिण कोरिया के मंत्रालय के एक बयान में कहा गया है कि दोनों देशों के बीच संचार को बढ़ावा देने के लिए सीमा पार संचार लाइनों को जल्दी से सक्रिय किया जाना चाहिए।

मंत्रालय ने कहा कि सोल को उम्मीद है कि दोनों कोरियाई देश कई लंबित मुद्दों पर बातचीत फिर से शुरू कर सकते हैं। दक्षिण कोरिया का बयान दोनों प्रतिद्वंद्वियों के बीच फोन और फैक्स जैसे संचार चैनलों के एक सेट के बारे में है, जो पिछले एक वर्ष से अधिक समय से काफी हद तक निष्क्रिय हैं।

## अमेरिका के मोंटाना में ट्रेन पटरी से उतरी, तीन लोगों की मौत

**एपी। जोपलिन (अमेरिका)**

**अमेरिका** में सिएटल और शिकागो के बीच चलने वाली एमट्रैक कंपनी की ट्रेन शनिवार दोपहर को उत्तर-मध्य मोंटाना में पटरी से उतर गई। लिबर्टी काउंटी शेरिफ कार्यालय के एक अधिकारी के मुताबिक इस दुर्घटना में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई। ट्रेन का परिचालन करने वाली एमट्रैक कंपनी की ओर से कहा गया कि इस दुर्घटना में कई लोग घायल हुए हैं। स्थानीय समयानुसार शनिवार दोपहर करीब चार बजे एम्पायर बिल्डर ट्रेन जोपलिन कस्बे के निकट पटरी से उतर गई। हादसा जिस जगह पर हुआ वह हेलेना से 241 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में और कनाडा की सीमा से करीब 48 किलोमीटर की दूरी पर है।

# म्यामां संकट को लेकर बेबस है संयुक्त राष्ट्र संघ

**एपी। बैंकाक**

**संयुक्त** राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने पिछले हफ्ते संयुक्त राष्ट्र महासभा के उद्घाटन भाषण में म्यामां की तुलना अफगानिस्तान एवं इथियोपिया से की और कहा कि ए ऐसे मुल्क हैं जहां शांति एवं स्थिरता दूर का सपना है। गुतारेस ने सैन्य शासित इस दक्षिण पूर्व एशिया के अशांत देश के लोगों के लिए लोकतंत्र, शांति, मानवाधिकारों और कानून का शासन बहाल करने में पूरा समर्थन देने की घोषणा की। देश में आठ महीने पहले सेना द्वारा सत्ता पर कब्जा कर लेने के बाद म्यामां में लगातार हिंसा बढी है और वहां रक्त रंजित संघर्ष की स्थिति बन गई है। हालांकि संयुक्त राष्ट्र म्यामां के शासकों के खिलाफ कोई भी कार्वाई करने की स्थिति में नहीं है क्योंकि उन्हें चीन और रूस का समर्थन है।

चीन और रूस म्यामां को हथियारों की आपूर्ति कराने वालों में शीर्ष पर हैं और वहां के सैन्य शासकों के साथ इन दोनों देशों की वैचारिक सहानुभूति है। ए दोनों देश सुरक्षा परिषद के सदस्य हैं और हथियारों की आपूर्ति पर प्रतिबंध लगाने के संयुक्त राष्ट्र के किसी भी प्रयास के खिलाफ दोनों देश निश्चित रूप से वीटो करेंगे। म्यामां की सेना ने जब आंग सान सू ची की निर्वाचित सरकार को सत्ता से हटा दिया था, तब इसने दावा किया कि पिछले साल नवंबर में सू ची की पार्टी की जबरदस्त बहुमत से जीत बड़े पैमाने पर मतदान में धांधली के कारण हुई थी, हालांकि इसके पक्ष में सैन्य शासक बहुत कम साक्ष्य प्रस्तुत कर पाए।

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयुक्त मिशेल बेशलेट एव अन्य अधिकार समूहों के अनुसार, म्यामां में सेना द्वारा सत्ता हथियाने के तुरंत बाद देश भर में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए थे और सुरक्षा बलों ने इसे कुचलने की कोशिश की। इसमें करीब 1,100 लोग मारे गए हैं।

# न्यूयार्क पुलिस ने दो मृत जुड़वां शिशुओं को दफनाया

## ●घटना के सालभर बाद भी हत्यारे की तलाश जारी

## ● दफनाने से पहले सलामी दी गयी

**एपी। न्यूयार्क**

**दो नवजात** जुड़वां बच्चों के हत्यारे को ढूंढने में जुटी न्यूयार्क सिटी पुलिस ने शनिवार को उनका अंतिम संस्कार कर दिया। दोनों बच्चों की करीब एक साल पहले हत्या कर दी गई थी। ब्रांक्स अंत्एष्टि स्थल पर इन अज्ञात जुड़वां भाइयों के अंतिम संस्कार में न्यूयार्क पुलिस विभाग के 20 अधिकारी शामिल हुए।

पुलिस ने बच्चों का नाम जेके और जेन रखा था। दोनों बच्चों के शवों को एक सफेद ताबूत में रखा गया था और उस पर सफेद फूल रखे गए थे। चार अधिकारियों ने ताबूत को कंधा दिया। दफनाने से पहले उन्हें सलामी दी गई। हत्या के मामलों की जांच करने वाली ब्रांक्स की इकाई के कमांडिंग अधिकारी विलियम ओ टूले ने न्यूयार्क पोस्ट से कहा कि मैंने ऐसा मामला पहले कभी नहीं देखा। कि दोनों नवजात शिशु थे, जो पूर्ण विकसित थे।

उन्हें कूड़े के बैग में रखकर मकान के पीछे चूहों से प्रभावित क्षेत्र में फेंक गया था। इन छोटे शिशुओं को कई फ्रैक्चर थे। यह देख मामले के हर जांच कर्मी को बहुत पीड़ा हुई।

ब्रांक्स की एक अपार्टमेंट बिल्डिंग के अधीक्षक को इस भवन के पिछले हिस्से में नौ नवंबर 2020 को दोनों मृत शिशु मिले थे। मेडिकल परीक्षण में सामने आया कि उनपर जबर्दस्त प्रहार किया गया था।

## हैरी और मेगन विश्व नेताओं की बैठक के बीच संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय गए


**संयुक्त राष्ट्र**। ब्रिटेन के प्रिंस हैरी और उनकी पत्नी मेगन मर्केल ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में दुनियाभर के नेताओं के जुटने के बीच विश्व निकाय के एक शीर्ष अधिकारी से शनिवार को मुलाकात की। दंपति उपमहासचिव अमीना मोहम्मद से बात करने के लिए संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय आया। बाद में ए तीनों न्यूयॉर्क के सेंट्रल पार्क में ग्लोबल सिटीजन लाइव कंसर्ट में दिखाई दिए। मेगन ने संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय से रवाना होने पर कहा कि यह शानदार मुलाकात थी। संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि मोहम्मद ने दुनियाभर में टीकों के समान वितरण को बढ़ावा देने में दंपति के प्रयासों की तारीफ की और जलवायु, महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण, युवा भागीदारी तथा मानसिक स्वास्थ्य समेत अन्य मामलों से निपटने में मदद करने के लिए उनकी सराहना की। संयुक्त राष्ट्र की वार्षिक महासभा में विश्व के नेता एकत्रित हुए हैं हालांकि शाही परिवार के दंपति ने महासभा सत्र के संबोधनों में हिस्सा नहीं लिया।

# स्विट्जरलैंड में जनमत संग्रह में समान लिंग वाले जोड़ों के विवाह को मंजूरी दिए जाने का अनुमान

**एपी। जिनेवा**

**स्विट्जरलैंड** के मतदाताओं ने संभवतः समान लिंग वाले जोड़ों को विवाह की अनुमति देने का फैसला किया है। रविवार को एक राष्ट्रीय जनमत संग्रह के बाद यह अनुमान व्यक्त किया गया। स्विट्जरलैंड के सार्वजनिक प्रसारकों के लिए जीएफएस.बर्न मतदान एजेंसी द्वारा लगाए अनुमान के अनुसार इस कदम को स्पष्ट अंतर से मंजूरी दी गई है। स्विट्जरलैंड की संसद और शासी निकाय संघीय परिषद ने सभी के लिए विवाह कदम का समर्थन किया है, और जनमत संग्रह से पूर्व सर्वेक्षण से इसके लिए ठोस समर्थन का पता चलता है। समर्थकों ने कहा कि इस कदम से समान-लिंग वाले जोड़ों को विषमलैंगिक जोड़ों के समान कानूनी अधिकार मिल सकेंगे। इसमें उन्हें एकसाथ मिलकर बच्चों को गोद लेने की अनुमति देना और समान-लिंग वाले जीवनसाथी के लिए नागरिकता की सुविधा प्रदान करना शामिल है। यह समलैंगिक जोड़ों को विनियमित शुक्राणु दान का उपयोग करने की भी अनुमति देगा।

जिनेवा के एक मतदान केंद्र पर रविवार को मतदाता अन्ना लीमग्रुबर ने कहा कि उन्होंने इसके विरोध में अपना मत डाला क्योंकि उनका मानना है कि बच्चों को एक पिता और एक मां की आवश्यकता होगी। हालांकि निकोलस डिजियरलात्का ने कहा कि उन्होंने समर्थन में वोट दिया। उन्होंने स्वीकार किया कि समलैंगिक विवाह "तथाकथितै परंपरा के खिलाफ हैं। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि बच्चों के लिए महत्वपूर्ण बात यह है कि उन्हें प्यार और सम्मान दिया जाए, मुझे लगता है कि ऐसे बच्चे हैं जिन्हें तथाकथित विपरीत जोड़ों में सम्मान या प्यार नहीं मिलता।



न्यूयार्क में संयुक्त राष्ट्र संघ के 76वें अधिवेशन को संबोधित करते सोलोमन आइलैंड के पीएम मानासेह सोगावेर

# जब मनमोहन व ओबामा ने दावा किया कि नूई तो हमारी तरफ से हैं

संस्मरण



**भाषा। वाशिंगटन**

**भारतीय** मूल की अमेरिकी एवं पेप्सिको की पूर्व अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी इंद्रा नूई को अब भी 2009 में अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति बराक ओबामा एवं भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह से भेंट याद है जब दोनों ने दावा किया: वह तो हमारी तरफ से हैं।

चेन्नई में पैदा हुई नूई (65) ने अपने संस्मरण माई लाइफ इन फुल: वर्क, फैमिली एंड अवर फ्यूचर में नवंबर, 2009 की अविस्मरणीय घटनाओं को समेटते हुए लिखा है, मैं दोनों ही दुनिया (भारत एवं अमेरिका) की हूं। नवंबर 2009 में ओबामा ने अपने पहले राजकीय भोज में सिंह की मेजबानी की थी। अगले मंगलवार को बाजार में आ रहे इस संस्मरण में नूई ने बाल्यकाल से लेकर पेप्सिको की मुख्य कार्यकारी अधिकारी बनने तक की उन घटनाओं का ब्योरा दिया है जिन्होंने उनकी जिंदगी को एक आकार प्रदान किया। वह 2018 में इस पद से सेवानिवृत्त हुईं। उन्होंने 300 से ज्यादा पन्नों की इस किताब की प्रस्तावना में लिखा है, दो दर्जन शीर्ष अमेरिकी एवं भारतीय उद्योगपतियों के साथ वााशिंगटन डीसी में घंटों की बैठक के बाद नवंबर, 2009 में मंगलवार की एक कोहरे भरी सुबह मैंने अपने आप को अमेरिका के राष्ट्रपति एवं भारत के प्रधानमंत्री के बीच खड़ा पाया।

उन्होंने लिखा है कि बराक ओबामा एवं मनमोहन सिंह हमारे ग्रुप की प्रगति के बारे में अद्यतन सूचना हासिल करने के लिए कमरे में आए तथा राष्ट्रपति ओबामा ने सिंह के सामने अपनी अमेरिकी टीम का परिचय देना शुरू किया। जब उन्होंने मेरा परिचय कराया - पेप्सिको की मुख्य कार्यकारी अधिकारी इंद्रा नूई, तब प्रधानमंत्री सिंह बोल पड़े, ओह, लेकिन वह हमारी तरफ से हैं।

नूई ने लिखा है, और राष्ट्रपति ने एक बड़ी मुस्कान के साथ जवाब दिया, लेकिन वह तो हमारी तरफ से हैं। उन्होंने पुस्तक में कहा है, यह एक ऐसा पल है जिसे मैं कभी नहीं भूलती: दो महान देशों, जिन्होंने मुझे काफी कुछ दिया।

# जर्मनी में चांसलर पद के लिए चुनाव में दोनों दलों के बीच कांटे की टक्कर

**एपी। बर्लिन**

**जर्मनी के** संसदीय चुनावों में मध्य-वामपंथी दल सोशल डेमोक्रेट्स और निवर्तमान चांसलर एंजेला मर्केल की पार्टी मध्य-दक्षिणपंथी दल यूनियन ब्लॉक के बीच कांटे की टक्कर चल रही है। यह चुनाव निर्धारित करेगा कि देश में सर्वोच्च पद पर 16 साल तक रहीं चांसलर एंजेला मर्केल का स्थान कौन लेगा। एआरडी टेलीविजन पर एक एक्जिट पोल में बताया गया कि मतदाताओं ने दोनों दलों को 25 - 25 फीसदी मत दिए हैं। यूनियन ब्लॉक की ओर से आर्मिन लास्केट चांसलर पद की दौड़ में हैं, वहीं सोशल डेमोक्रेट्स की ओर से निवर्तमान वित्त मंत्री एवं वाइस चांसलर ओलाफ शोल्ज़ उम्मीदवार हैं। जेडडीएफ



टेलीविजन पर एक अन्य एक्जिट पोल में दिखाया गया कि सोशल डेमोक्रेट्स 26 फीसदी मत पाकर यूनियन ब्लॉक से आगे हैं, जिसे 24 फीसदी मत मिले हैं। दोनों चैनलों ने पर्यावरण प्रेमी ग्रीन्स को तीसरे स्थान पर रखा है, जिन्हें करीब 15 फीसदी मत मिले हैं।

चुनाव में किसी भी दल को स्पष्ट बहुमत मिलता नहीं दिख रहा है और अगर गठबंधन की सरकार बनती है तो यह यूरोप की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देश के लिए एक लंबी एवं जटिल प्रक्रिया होगी। हाल के सर्वेक्षणों में सोशल डेमोक्रेट्स को मामूली रूप से आगे दिखाया गया है। करीब 8.3 करोड़ लोगों की आबादी वाले देश में लगभग 6.04 करोड़ लोग संसद के निचले सदन के सदस्यों को चुनने की पात्रता रखते हैं। सदस्य बाद में सरकार के प्रमुख को चुनते हैं। किसी भी पार्टी के स्पष्ट बहुमत के इर्द-गिर्द पहुंचने की उम्मीद नहीं है। कई बड़े संकटों के बीच जर्मनी को चलाने के लिए मर्केल ने प्रशंसा हासिल की है। उनके उत्तराधिकारी को कोरोनो वायरस महामारी से पार पाना होगा, जिसका अब तक जर्मनी ने बड़े बचाव कार्यक्रमों के जरिए अपेक्षाकृत अच्छे तरीके से सामना किया है।

# चीन के भारतीय छात्रों को लौटने की अनुमति नहीं देने पर भारत ने जताई निराशा

**भाषा। बीजिंग**

**भारत** ने कोविड-19 महामारी के कारण फंसे भारतीय छात्रों, कर्मचारियों और उनके परिवारों को लौटने की चीन द्वारा अनुमति देने से इनकार करने पर निराशा जताई और इसे एक विशुद्ध मानवीय मुद्दे के प्रति अवैज्ञानिक दृष्टिकोण बताया।

भारत में करीब 23,000 से अधिक भारतीय छात्र और सैकड़ों भारतीय उद्योगपति और कामगार अपने परिवारों के साथ पिछले एक साल से फंसे हुए हैं क्योंकि चीन ने कोविड-19 की स्थिति का हवाला देते हुए वीजा प्रक्रिया निलंबित कर दी है। इन छात्रों में से ज्यादातर मेडिसिन की पढ़ाई कर रहे हैं। चीन में भारत के राजदूत विक्रम मिसरी ने 23 सितंबर को चीन-भारत संबंधों पर चौथे उच्च स्तरीय ट्रैक-2 संवाद में इन फंसे हुए भारतीयों की परेशानियों का जिक्र किया। मिसरी ने कहा कि ऐसे कम जटिल मुद्दे जिसमें पूरी तरह से मानवीय संदर्भ होता है और जो द्विपक्षीय कूटनीतिक रुख से जुड़े नहीं होते, जैसे कि भारत में फंसे छात्रों, कारोबारियों और परिवारों को आवाजाही की अनुमति देने के प्रति अधिक संतुलित और संवेदनशील रवैया अपनाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि मैं यहां बता दूं कि भारत ने व्यापार और वाणिज्यिक संबंध जारी रखने की कोशिश की है- उदाहरण के लिए चीनी कारोबारियों को भारत आने के लिए वीजा जारी रखकर।



# स्वस्थ भविष्य के लिए

मौजूदा महामारी ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार में सार्वजनिक स्वास्थ्य पेशेवरों के लिए अनेक लाभकारी अवसर पैदा किए हैं। इनके बारे में विस्तार से बता रहे हैं **डॉ. हन्नाह जार्डन**

कोविड -19 महामारी तथा पर्यावरण के स्वास्थ्य प्रभावों व अनेक देशों में बूढ़ी होती आबादी के रूप में हम जन स्वास्थ्य में अनेक चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। इसका मतलब है कि अत्यधिक कुशल सार्वजनिक स्वास्थ्य पेशेवरों की मांग बढ़ रही है।

नई चुनौतियों के साथ जनसंख्या स्तर पर स्वास्थ्य में सुधार के अनेक अवसर आते हैं और सार्वजनिक स्वास्थ्य चिकित्सकों को महामारी विज्ञान, संचारी रोगों के नियंत्रण, आपदा प्रबंधन, प्रमुख स्वास्थ्य सेवा संगठनों और स्वास्थ्य अर्थशास्त्र सहित अनेक विषयों में ज्ञान व कौशल की एक विस्तृत श्रृंखला की आवश्यकता होती है।

प्रशिक्षण आमतौर पर स्नातकोत्तर स्तर पर किया जाता है और मास्टर कार्यक्रम हेतु प्रतिबद्ध होने से पहले अपना शोध करना महत्वपूर्ण है- सही कार्यक्रम चुनने से रोजगार अवसरों की एक विस्तृत श्रृंखला के द्वार खुल सकते हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) का सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) का प्रमुख ध्यानाकर्षण सार्वजनिक स्वास्थ्य नीति और विश्व स्तर पर प्रेक्टिस करना हैं।

**एसडीजी 3**

महामारी विज्ञान रोग के कारणों, नियंत्रण और रोकथाम में प्रभावी सार्वजनिक स्वास्थ्य अभ्यास और अनुसंधान दोनों को रेखांकित करने वाला अनुशासन है। महामारी विज्ञान की अवधारणाओं और विधियों का ज्ञान और समझ प्रभावी सार्वजनिक स्वास्थ्य अभ्यास के लिए एक बुनियादी आवश्यकता है और किसी भी अच्छे सार्वजनिक स्वास्थ्य की डिग्री का एक अनिवार्य घटक है।

स्वास्थ्य आवश्यकताओं का आंकलन करना और स्वास्थ्य संबंधी असमानताओं से निपटना भी स्थानीय, राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यों की कुंजी है। सार्वजनिक स्वास्थ्य स्नातकों को कार्यक्रम नियोजन, कार्यक्रमों की निगरानी और मूल्यांकन की समझ की आवश्यकता होती है।

स्वास्थ्य सुरक्षा सार्वजनिक स्वास्थ्य की प्रमुख आधारशिलाओं में से है। संचारी रोगों का नियंत्रण स्वास्थ्य सुरक्षा के प्रमुख कार्यों में आता है और कोविड-19 महामारी के मद्देनजर, विश्व स्तर पर स्वास्थ्य प्रणालियां अपनी नीतियों व प्रक्रियाओं का पुनर्मूल्यांकन कर रही हैं, जिसके लिए प्रतिभाशाली व कुशल सार्वजनिक स्वास्थ्य चिकित्सकों के सहयोग की आवश्यकता होती है।

सार्वजनिक स्वास्थ्य चिकित्सकों को भी क्षेत्रीय, राष्ट्रीय, जिला व सामुदायिक स्तरों पर स्वास्थ्य नीति को प्रभावित करने और उसे आकार देने के जरिए सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत करने में भूमिका निभानी होती है।

> सार्वजनिक स्वास्थ्य चिकित्सकों को भी क्षेत्रीय, राष्ट्रीय, जिला व सामुदायिक स्तरों पर स्वास्थ्य नीति को प्रभावित करने और उसे आकार देने के जरिए सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत करने में भूमिका निभानी होती है।

स्वास्थ्य नीति में करियर बनाने के इच्छुक लोगों के लिए विभिन्न स्वास्थ्य देखभाल संदर्भों में प्रबंधन तथा नेतृत्व सिद्धांतों और शैलियों को कैसे लागू किया जाए, इसकी समझ विकसित करना बेहद उपयोगी हो सकता है। सार्वजनिक स्वास्थ्य एक जटिल और बहुआयामी अनुशासन है- यह कला और विज्ञान दोनों है, और इसमें समाज के व्यापक लाभ के लिए सामाजिक परिवर्तन और स्वास्थ्य व भलाई को बढ़ावा देने की शक्ति है।

विभिन्न क्षेत्रों में योग्य सार्वजनिक स्वास्थ्य चिकित्सकों की मांग है। सूचना विश्लेषक भूमिकाओं, वरिष्ठ सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रबंधन पदों, स्वास्थ्य संवर्धन में विशेषज्ञों और स्थानीय, क्षेत्रीय व राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवाओं में सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों की मांग बढ़ रही है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर, सार्वजनिक स्वास्थ्य स्नातकों को सरकारों, स्वास्थ्य विभागों, विश्वविद्यालयों, अस्पतालों, साथ ही साथ गैर-सरकारी संगठनों में नेतृत्वकारी भूमिका निभाने, सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रम में हस्तक्षेप और मूल्यांकन में, अनुसंधान और नीति-निर्माण में उत्कृष्ट अवसर मिल सकते हैं।

यदि आप सार्वजनिक स्वास्थ्य में करियर बनाने पर विचार कर रहे हैं, तो एक ऐसे पीजी कार्यक्रम की तलाश करें जो राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय संदर्भों में सार्वजनिक स्वास्थ्य गतिविधियों की एक विस्तृत श्रृंखला को समझने और शुरू करने के लिए आवश्यक अनुसंधान, मूल्यांकन व विश्लेषणात्मक कौशल विकसित करने में आपकी सहायता करे। कुछ संस्थान उन लोगों के लिए ऑनलाइन कार्यक्रम पेश करते हैं जो काम के साथ अध्ययन को जोड़ना चाहते हैं, जबकि अन्य अधिक गहन पूर्णकालिक अध्ययन का अवसर देते हैं, जिससे केवल एक वर्ष में व्यक्ति परास्नातक हो जाता है।

सार्वजनिक स्वास्थ्य शिक्षा प्रत्यायन एजेंसी द्वारा मान्यता प्राप्त कार्यक्रमों की तलाश करें। यह ऐसी उच्च गुणवत्ता वाला कार्यक्रम सुनिश्चित करता है जो विश्व स्तर पर नियोक्ताओं की आवश्यकताओं के काफी अनुरूप बना होता है।

**(लेखक ब्रिटेन के शेफील्ड विश्वविद्यालय, यूके में स्कूल आफ हेल्थ एंड रिलेटेड रीसर्च में विश्वविद्यालय शिक्षक हैं)**

# वैश्विक अनुभव पाने के लिए आवश्यक

रिमोट इंटरनेशनल इंटर्नशिप के कई फायदे हैं। उनमें से कुछ के बारे में विस्तार से बता रहे हैं **सचिन गुप्ता**



सचिन गुप्ता
चांसलर, संस्कृति विश्वविद्यालय

कोरोनावायरस ने शिक्षण के पारंपरिक तरीके को बिगाड़ दिया है। बढ़ती अनिश्चितताओं के साथ शिक्षा व काम को ऑनलाइन करना नया सामान्य है और शिक्षण की खाई को पाटने का सबसे अच्छा विकल्प भी। रिमोट वर्किंग या सुदूर रहकर काम करना कैसा दिखता है? रिमोट वर्किंग से तात्पर्य किसी दूरस्थ स्थान से अंतर्राष्ट्रीय अनुभव प्राप्त करना है, वो भी बगैर कार्यालयी समय के दौरान कार्यालय में उपस्थित हुए और बगैर वैश्विक जानकारी प्राप्त किए।

रिमोट अंतर्राष्ट्रीय इंटर्नशिप नया सामान्य है जिसके असंख्य लाभ हैं। यह छात्रों को वैश्विक बाजार बनाने और समान विचारधारा वाले साथियों से जुड़ने में मदद करती है जो उनके भविष्य के भागीदार, हितधारक आदि हो सकते हैं, कोई भी अपने अंतरराष्ट्रीय करियर को कहीं से भी शुरू कर सकता है। अंतर्राष्ट्रीय वर्चुअल इंटर्नशिप वैश्विक अनुभव पाने में मदद कर सकती है।

**रोजगार की उच्च संभावना**

एक वैश्विक कंपनी के साथ दूरस्थ इंटर्नशिप आपको कैरियर से संबंधित कौशल प्राप्त करने में मदद करेगी जो आपको भविष्य के नियोक्ताओं के लिए मूल्यवान संपत्ति बनने में मदद कर सकती है, जैसे कि समय प्रबंधन, अंतर-सांस्कृतिक प्रवाह व आत्मानुशासन और रचनात्मकता। आपके रेज्यूमे में संज्ञानात्मक योग्यताएं होने से आपका रेज्यूमे उन्नत हो सकता है जिससे अंततः आपके रोजगार की संभावना बढ़ जाएगी।

**वैश्विक कनेक्टिविटी को बढ़ावा देती है**

रिमोट वैश्विक इंटर्नशिप में भाग लेने से आपको अपने नेटवर्क को व्यापक बनाने में मदद मिल सकती है और आपको अपने स्वयं के वैश्विक परिप्रेक्ष्य को विकसित करने और पोषित करने के लिए प्रोत्साहन मिल सकता है। आप विभिन्न देशों के वैश्विक सहकर्मी समुदाय का हिस्सा बन जाएंगे। आप नई वैश्विक आवश्यकताओं के अनुसार सीखेंगे और दूसरी संस्कृति और उनकी विशिष्ट कार्य प्रथाओं की अधिक समझ और खूबियां जान पाएंगे, कनेक्शन के माध्यम से प्रेरणा और नए विचार प्राप्त करेंगे।

**उन्नत अंतरराष्ट्रीय रोजगार-उपयोगी योग्यताएं सीखते हैं**

जैसा कि हम हर क्षेत्र के संचालन में भारी बदलाव देख सकते हैं। दुनिया भर में कई नियोक्ता अपनी पारंपरिक कार्य प्रणालियों को नए डिजिटलीकृत कार्य वातावरण में बदल रहे हैं। इसलिए, इन इंटर्नशिप में भाग लेने से आपको डिजिटल साक्षरता प्राप्त करने में मदद मिलती है। यह अंततः उन नए कौशल का निर्माण करेगी जो विश्व स्तर पर उपयोग किए जाते हैं। वीडियो कॉन्फ्रेंस में संवाद करना, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से अपना काम प्रस्तुत करना, टीम के साथ ऑनलाइन बातचीत करना आपके समग्र रोजगार कौशल को बढ़ावा देने में मदद करेगा।

**अपने करियर - लक्ष्यों को ढालें**

वर्चुअल ग्लोबल इंटर्नशिप आपके करियर लक्ष्यों में स्पष्टता ला सकती है और आपको यह चुनने में मदद करती है कि कौन सा उद्योग आपके लिए है? आपका चयनित उद्योग कैसे काम करता है? आप अपने लक्ष्यों को परिभाषित कर सकते हैं और तय कर सकते हैं कि अपना समय और प्रयास कहां और क्यों निवेश करना है।

**यात्रा का समय और खर्च बचाएं**

रिमोट इंटर्नशिप आने -जाने को खत्म कर देती है। यदि आप किसी वैश्विक शहर में विदेश में इंटर्नशिप कर रहे हैं, तो अक्सर एक घंटे या उससे अधिक समय तक आना-जाना सामान्य है। घर से काम करने से यात्रा का बड़ा खर्चा कम होता है और समय की भी बचत होती है।

# बिजनेस स्कूल

## वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बन गए

डिजिटलीकरण के कारण देश में व्यावसायिक शिक्षा को नया रूप देने की मांग बढ़ रही है। **प्रोफेसर कीर्ति शर्मा** बता रही हैं कि कैसे भारतीय बी-स्कूल छात्रों को विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनने के लिए तैयार कर सकते हैं




बहुत बार जब मैं ऑनलाइन और मुख्यधारा के प्रिंट मीडिया दोनों में व्यापार और व्यावसायिक शिक्षा से संबंधित लेखों के बारे में पढ़ती हूं, तो कुछ प्रमुख शब्द या कीवर्ड जो मेरे सामने आते हैं : वे हैं टिकाऊ, प्रभावशाली, समाज, प्रतिभा, मूल्य, पोषण, उद्यमशीलता, रचनात्मकता, विशिष्ट, उत्कृष्टता, अनुसंधान, नीति, अभ्यास, निर्णयकर्ता, नेता, प्रदर्शन, संस्कृति, डिजिटल, एआई-एम / सी शिक्षण, स्वायत्तता और डिजाइन-सोच। इसने मुझे सोचने पर मजबूर कर दिया कि एक भारतीय छात्र को विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी माहौल में प्रतिस्पर्धा करने के लिए कौन सी सामग्री और नुस्खा होना चाहिए?

यह फिर मुझे व्यवसाय की डिग्री हासिल करने के मूल सार पर वापस ले आता है। सामान्य तौर पर, अधिकांश लोगों के दो प्राथमिक लक्ष्य होते हैं, जब वे बी-स्कूल में आते हैं - "मैं अमीर बनना चाहता हूं" और "मैं दुनिया में कुछ ऐसा फर्क डालना चाहता हूं जो मायने रखता है"। वर्तमान पीढ़ी दूसरे लक्ष्य के बारे में अधिक चिंतित है, इसलिए यह भारतीय बी-स्कूलों के लिए पारंपरिक पाठ्यक्रम को समकालीन पाठ्यक्रम की ओर ले जाने के प्रति पुनर्विचार करना लगभग अनिवार्य बना देता है।

मेडिकल कॉलेजों में डॉक्टर छात्रों को पढ़ाते हैं और सीनियर पोस्ट ग्रेजुएट छात्र जूनियर को पढ़ाते हैं, इसी तरह एक लॉ स्कूल में - प्रैक्टिस करने वाले वकील उभरते वकीलों को पढ़ाते हैं। लेकिन एक बी-स्कूल में, सभी विद्वानों के पास उद्योग में प्रत्यक्ष नेतृत्व करने और निर्णय लेने का तजुर्बा नहीं होता है। इसलिए भारतीय बी-स्कूल शिक्षा व पाठ्यक्रम में इन चुनौतियों का समाधान करने की आवश्यकता है। मैं भारतीय बी-स्कूलों के लिए निम्नलिखित छह समाधान प्रस्तावित करना चाहती हूं ताकि उनके छात्रों को विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनने के लिए तैयार किया जा सके, जहां भविष्य प्रौद्योगिकी और नवाचार द्वारा आकार दिया गया हो।

**प्रौद्योगिकी केन्द्रित :** बी-स्कूलों के पास अब कार्यात्मक पाठ्यक्रमों में प्रौद्योगिकी से संबंधित विषय नहीं रखने का विकल्प नहीं है। हम एड-टेक, हेल्थ-टेक, एचआर-टेक, फिन-टेक आदि के युग में जी रहे हैं। जैसा कि हम प्रौद्योगिकी की बढ़ती व्यापकता को देखते हैं, इसे बी-स्कूल में मार्केटिंग, वित्त, संचालन, रणनीति, अर्थशास्त्र, सार्वजनिक नीति और निश्चित रूप से सूचना प्रबंधन जैसे समस्त कार्यात्मक डोमेन में कटौती करनी चाहिए।

**उद्योग-संस्थान आप्लावन (इमर्शन) :** व्यावहारिक नेतृत्व या निर्णय लेने का अनुभव नहीं रखने वाले शिक्षक की सीमा का समाधान करने के लिए, पाठ्यक्रम को अनिवार्य ग्रीष्मकालीन-इंटर्नशिप के अलावा इस हस्तक्षेप की अनुमति देनी चाहिए। इससे उन्हें विभिन्न समस्याओं से अवगत होने और उनके विश्लेषणात्मक कौशल में सुधार करने में भी मदद मिलेगी।

**इनक्यूबेशन सेंटर :** एक जीओआई एमएसएमई इन्क्यूबेशन योजना है जिसके तहत वे संस्थानों को उद्यमिता और प्रबंधकीय कौशल विकसित करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करते हैं। बी-स्कूल नए उत्पादों व विचारों को नया करने का अवसर प्रदान कर सकते हैं। वास्तव में इसे "स्वतंत्र अध्ययन के पाठ्यक्रम" के रूप में पेश किया जा सकता है और इसका आकलन किया जा सकता है। यह छात्रों को स्वयं सीखने और विकास यात्रा-पथ तैयार करने की स्वतंत्रता देगा।

**बूट कैंप :** हमने टेक्नोलॉजी बूटकैंप्स को नियोक्ताओं के बीच लोकप्रिय होते देखा है। आज लगभग हर कंपनी टेक्नोलॉजी कंपनी बनती जा रही है। इसलिए बी-स्कूलों को उत्पाद विकास, मूल्य निर्माण, वितरण मॉडल जैसी शिक्षण अवधारणाओं के पारंपरिक तरीकों को बदलने हेतु उनमें विशिष्ट कौशल पर ध्यान केंद्रित करने वाले बूट शिविरों को शामिल करना चाहिए। इसलिए वे बी-स्कूल, जो पाठ्यक्रमों की विस्तृत श्रृंखला में कुछ बूट शिविरों की पेशकश कर सकते हैं, अपने छात्रों के लिए एक प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त बनाएंगे क्योंकि मूल्यांकन मानदंड के कारण इनकी पवित्रता होगी और पूरा होने पर डिग्री का हिस्सा होंगे।

**एआई-डेटा साइंस फोकस :** बैंकों, रेस्तरां, सरकारी कार्यालय से लेकर अस्पतालों तक हर व्यवसाय में किसी न किसी तरह की तकनीक अत्याधुनिकता होती है। इसलिए, भारतीय बी-स्कूलों को विपणन, वित्त, संचालन व रणनीति के कार्यात्मक डोमेन में कुछ इनपुट शामिल करना चाहिए। ऐसे कुछ विषयों में शामिल होना चाहिए : आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग एप्लिकेशन, ब्लॉक-चेन, साइबर-सुरक्षा, ई-कॉमर्स कार्यान्वयन, नवाचार आदि। फील्ड पाठ्यक्रमों को शामिल किया जाना चाहिए जहां विशिष्ट उद्योग में प्रवेश लेने के इच्छुक छात्र एफएमसीजी की उत्पादन इकाइयां या चिकित्सा उपकरण, बैंक, रिफाइनरी, बिजली कंपनी जैसे उद्योगों में वास्तविक समस्याओं और प्रौद्योगिकी के उपयोग को समझ सकते हैं।

**विशिष्ट विकल्प :** बिजनेस स्कूलों को वैश्विक योग्यता-मांग के अनुसार नए समकालीन विकल्प पेश करने चाहिए जैसे कि मार्केटिंग और वित्त में मशीन लर्निंग एप्लिकेशन में विकल्प, ब्लॉक-चेन सर्विस, हेल्थकेयर मार्केटिंग, फूड इनोवेशन, रियल एस्टेट प्रबंधन और निजी इक्विटी प्रबंधन और भारत के साथ व्यापार करना।

इस डिजिटल युग में भारत में व्यावसायिक शिक्षा को नया रूप देने की मांग बढ़ रही है। दुनिया की लगभग एक तिहाई आबादी जेन जेड या जूमर्स पीढ़ी है। ये भविष्य के कार्यबल और नेता भी हैं। छात्रों के लिए वैश्विक प्रतिस्पर्धा में बढ़त बनाने के लिए बी-स्कूलों को सिर्फ विज्ञापन और छात्रवृत्ति से परे ध्यान केंद्रित करना चाहिए। नऐ मार्गों का निर्माण करने के लिए साहस की आवश्यकता होती है, जो विभिन्न बी-स्कूलों के लिए उनकी क्षमताओं, संसाधनों और स्थान के मुताबिक भिन्न हो सकते हैं। लेकिन डिजिटल तकनीक के कारण यह असंभव नहीं है। भारत को एक फायदा यह है कि हम समूची आर्थिक गतिविधियों के बीच में हैं। भारत के साथ व्यापार करना यूरोप और अमेरिका के सभी समर-स्कूलों में एक लोकप्रिय पाठ्यक्रम है। छात्रों के पास प्रतिस्पर्धा में बढ़त होनी चाहिए क्योंकि वे वहीं बैठे हैं, यह देखने के लिए कि भारत में व्यवसाय कैसे बढ़ रहा है, भारत में नए महारथी कैसे जन्म ले रहे हैं। इसलिए, भारतीय बी-स्कूलों के पास सबसे महत्वपूर्ण लाभों में से एक यह है कि वे वहीं स्थित हैं जहां कार्रवाई होती है। यह सही समय है जब बिजनेस स्कूलों को प्रासंगिक बने रहने के लिए क्रांतिकारी नवाचारों की आवश्यकता है।

**- लेखक एमडीआई गुरुग्राम में एमडीआई मार्केटिंग हैं।**

# सुनहरे कार्यक्रम का लाभ उठाएं

तथाकथित गोल्डन वीजा कार्यक्रम, जो निवेश के जरिए निवास अधिकार प्रदान करते हैं, विदेशी नागरिकों को यूरोपीय देश में कानूनी आवास प्राप्त करने की अनुमति देते हैं जिसके बाद वे कुछ शर्तों के पूरा होने पर उस देश की नागरिकता प्राप्त करते हैं। इन कार्यक्रमों में देश के निवेश लक्ष्यों को पूरा करने के लिए विशिष्ट परिसंपत्तियों व अधिकार क्षेत्र में पूंजी निवेश की आवश्यकता होती है। निवेश आमतौर पर अचल संपत्ति या विनियमित निवेश कोष में करना होता है। ये कार्यक्रम भारतीयों को तेजी से आकर्षक करते जा रहे हैं क्योंकि वे अनेक ऐसे लाभों के द्वार खोलते हैं जो अन्यथा भारतीय नागरिकों की पहुंच में नहीं आते हैं। हालांकि भारत से इन कार्यक्रमों की निरंतर मांग की गयी है, लेकिन कोविड -19 महामारी ने संपन्न भारतीयों को इस मार्ग पर पहले से अधिक गंभीरता से विचार करने के लिए प्रेरित किया है। अपनी भावी पीढ़ियों में निवेश के बतौर, धनी, महत्वाकांक्षी व उद्यमशीलता से प्रेरित समाज इन निवेश कार्यक्रमों के जरिए रेजीडेंसी में निवेश करता है। वे अपनी अगली पीढ़ी के लिए अधिक गतिशीलता व वैश्विक व्यापार पहुंच के बीज बोते हैं ताकि भारत को एक अर्थव्यवस्था के रूप में मजबूत और गौरवमयी बनाया जा सके। 2020 की वैश्विक धन प्रवासन रिपोर्ट के अनुसार, 7000 से अधिक भारतीय एचएनडब्ल्यूआई विदेशों में निवेश करने के इच्छुक थे। भारतीयों के लिए, शिक्षा, रोजगार, व्यावसायिक संभावनाओं, पुरस्कारों, बुनियादी ढांचे, जीवन की गुणवत्ता आदि के उच्च कथित मूल्य पश्चिम में प्रवास हेतु आकर्षक विक्रय बिंदु रहे हैं। उपलब्ध निवेश प्रवास विकल्पों में से, उपमहाद्वीप में यूरोपीय कार्यक्रम एक तीव्रता से बढ़ती मांग बन गए हैं। एक प्रतिष्ठित रिपोर्ट के अनुसार 2020 में, निवेश कार्यक्रमों द्वारा यूरोपीय निवास से संबंधित भारतीयों की पूछताछ में 62 प्रतिशत की वृद्धि हुई और जिसमें से 30 प्रति की वृद्धि उल्लेखनीय स्तर पर मई 2021 के उपरांत रही। सही भी है, क्योंकि 500 साल पहले, पश्चिम अधिक व्यापार के लिए पूर्व की ओर देखता था। यह प्रवृत्ति अब उलट रही है जब पूरब, चीन और भारत सहित पश्चिम में अधिक व्यापार की तलाश में है। इस तरह के व्यापार ने चीन को 30 साल से कम समय में संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोपीय संघ के बराबर बना दिया है। और इसमें कोई शक नहीं कि भारत को वैश्चिक प्रभुत्व के लिए भी यही रास्ता अपनाना चाहिए।

**आकर्षण**-अपना यूरोपीय गोल्डन वीजा हासिल करने वाले निवेशक यूरोपीय नागरिकता पाने का अपना रास्ता खोल लेते हैं। यह निवेशक और उनके परिवार के सदस्यों को -जहां चाहे वहां रहने, काम करने और सेवानिवृत्त होने के लिए - यूरोपीय संघ के समस्त 27 देशों तक की आसान पहुंच उपलब्ध कराता है। निवेशक के बच्चे अपनी पसंद के किसी भी यूरोपीय संघ के देश में यात्रा करने, अध्ययन करने, बसने और काम करने के लिए स्वतंत्र हैं। भारतीयों के लिए, यूरोपीय संघ गर्मजोशी भरा और स्वागत करने वाला है, और बुलंदियों की प्राप्ति का एक रणनीतिक भागीदार है। यूरोपीय संघ में व्यापक रूप से अंग्रेजी भाषा बोली जाती है और प्रत्येक देश संयुक्त राज्य अमेरिका के विपरीत संस्कृति और विशिष्ट विरासत का प्रतिनिधित्व करता है। भारतीय प्रवासियों और स्थानीय भारतीय दूतावासों द्वारा भारतीय भोजन, संस्कृतियों व उत्सवों को मनाया जाता है। उनके साथ हुई हमारी बातचीत के अनुसार, उदाहरण के लिए, साइप्रस में भारतीय डायस्पोरा के लिए भारतीय उच्चायोग अन्य बातों के अलावा, समुदाय-संचालित उत्सव समारोहों को प्रोत्साहित करता है और उनकी व्यवस्था करता है। अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए यूरोप में एक समृद्ध, अद्वितीय विरासत है। पुर्तगाल, ग्रीस, स्पेन, फ्रांस या इटली का दौरा करते समय आमतौर पर कोई भी चकित रह जाता है। भारत की तरह, यूरोप का इतिहास 2000 वर्षों से भी अधिक पुराना है, पुनः, संयुक्त राज्य अमेरिका के विपरीत। संस्कृति से लेकर कुछ बेहतरीन विश्वविद्यालयों तक, बिना या कम लागत पर सुलभ - रेजीडेंसी कार्यक्रमों में निवेश करने से उन्हें अन्य से आगे रहने की अनुमति मिलती हैं। यूरोप के स्वर्ण वीवीएसए कार्यक्रम भी अन्य की तुलना में काफी ज्यादा सस्ते हैं, और कम समय लेने वाले भी हैं।

**आवश्यकता**-गोल्डन वीजा कार्यक्रम की आवश्यकताएं आवेदन किए जाने वाले देश के आधार पर भिन्न होती हैं। उदाहरण के लिए, पुर्तगाल गोल्डन वीजा, जो वर्तमान में भारतीय नागरिकों के बीच सबसे लोकप्रिय है, के लिए कम से कम पांच लाख यूरो की संपत्ति की खरीद करनी या कम से कम साढ़े तीन लाख यूरो के विनियमित निवेश कोष में निवेश करने की आवश्यकता होती है।




स्पेन, पुर्तगाल या ग्रीस जैसे देश अचल संपत्ति, वैकल्पिक निवेश कोष, कंपनियों, सरकारी बांडों और विशिष्ट उद्योगों में विदेशी पूंजी निवेश करके निवास प्रदान करते हैं। इसके विपरीत, स्विट्जरलैंड, इटली और ऑस्ट्रिया जैसे यूरोपीय संघ के देशों को अधिक सक्रिय निवेश विधियों की आवश्यकता होती है, जैसे कि रोजगार के अवसर पैदा करना।

पुर्तगाल गोल्डन वीजा, यूरोपीय नागरिकता पथ पर चलने के सबसे आसान तरीकों में से एक है। निवेश के अलावा, व्यक्ति को धन के स्रोत की वैधता, स्वच्छ आपराधिक रिकॉर्ड, और निर्दिष्ट निवेश अवधि के लिए खुद को और अपने आश्रितों को बनाए रखने की क्षमता को साबित करनी होगा। आवेदकों को पुर्तगाल में रहने और काम करने व 5 साल बाद नागरिकता के लिए आवेदन करने का पूरा अधिकार है। न्यूनतम ठहरने की शर्तें बहुत ही संतुलित हैं और सालाना केवल सात दिनों में प्राप्त की जा सकती हैं।

**प्रक्रिया**-अधिकांश प्रक्रियाएं अब डिजिटल रूप से पूरी हो गई हैं। हालांकि, निराशा से बचने के लिए आवेदन प्रक्रिया में मदद करने हेतु एक विश्वसनीय निवेश सलाहकार और आव्रजन वकील को बनाए रखने की सलाह दी जाती है। आवेदन और अनुमोदन प्रक्रिया आमतौर पर छह से नौ महीने के भीतर पूरी हो जाती है। आवेदन के अनुमोदन के बाद, निवेशक को बायोमेट्रिक निवास परमिट प्राप्त होता है, जो फिर कुछ शर्तों को पूरा करने पर नागरिकता प्राप्ति की ओर ले जाता है।

**वैधता**-अलग अलग देशों की अलग अलग वैधता है। हालांकि नवीनीकरण प्रक्रिया विशुद्ध रूप से प्रशासनिक है, मगर नवीनीकरण यह जांचने का प्रयास करता है कि निवेश नियमों के अनुसार किया जा रहा है और परमिट प्राप्त करने पर इसका परिसमापन नहीं किया गया है। पुर्तगाली और स्पेनिश परमिट हर 2 साल में नवीनीकृत किए जाने चाहिए, जबकि ग्रीक और साइप्रस परमिट हर 5 साल में नवीनीकृत किए जाने चाहिए।

**- लेखक आशीष सराफ एरीथा कैपिटल पार्टनर्स के संस्थापक और सीईओ हैं।**

RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 332
लखनऊ, सोमवार, 27 सितम्बर, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
डाक संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com





सीनियर खिलाड़ी के तौर पर जिम्मेदारी लेना चाहती थी

स्पोर्ट्स-11

# योगी मंत्रिमंडल में सात नए मंत्री शामिल

● जितिन प्रसाद ने कैबिनेट तथा पलटू राम, धर्मवीर प्रजापति, छत्रपाल गंगवार, संगीता बलवंत, संजीव कुमार गोंड़ और दिनेश खटिक ने राज्य मंत्री के रूप में शपथ ली

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



लखनऊ में रविवार को शपथ लेने वाले सात नए मंत्रियों के साथ सामूहिक चित्र खिंचाते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल

**उप्र** मंत्रिमंडल के बहुप्रतीक्षित विस्तार के तहत रविवार को कांग्रेस के पूर्व वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री रह चुके जितिन प्रसाद समेत सात मंत्रियों को शपथ दिलाई गई। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राजभवन के गांधी सभागार में आयोजित एक सादे समारोह में जितिन प्रसाद, पलटू राम, धर्मवीर प्रजापति, छत्रपाल गंगवार, संगीता बलवंत, संजीव कुमार गोंड और दिनेश खटिक को मंत्री पद की शपथ दिलाई। प्रसाद को कैबिनेट मंत्री जबकि अन्य को राज्य मंत्री पद की शपथ दिलायी गयी। प्रदेश मंत्रिमंडल का विस्तार ऐसे समय किया गया है जब राज्य विधानसभा चुनाव में बमुश्किल पांच महीने रह गए हैं। छत्रपाल सिंह गंगवार बहेड़ी से विधायक हैं, बरेली क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते है। दो बार विधायक रहे हैं। पहली बार वर्ष 2007 और दूसरी बार मार्च 2017 में विधायक बने। रुहेलखंड में कुर्मियों को तरजीह देना भी बीजेपी का मकसद है और पूर्व सिंचाई मंत्री धर्मपाल व पूर्व वित्त मंत्री राजेश अग्रवाल के हटाए जाने के बाद रुलेहखंड में पिछड़ी जातियों को प्रतिनिधित्व नहीं मिल रहा था। दिनेश खटीक हस्तिनापुर मेरठ से विधायक है। पहली बार 2017 में विधायक बने, दिनेश के जरिए बीजेपी पश्चिमी यूपी में दलितों को संदेश देना चाहती है। खासतौर पर बसपा और आजाद समाज पार्टी का वर्चस्व कम करने की कोशिश भी है। मेरठ और आसपास के जिलों में खटीक समाज में अच्छी पकड़ है। पल्टूराम बलरामपुर से विधायक चुनकर आते है। पहली बार विधायक चुने गए है और बीजेपी ने इन्हें दलित चेहरे के रूप में शामिल किए गए हैं। खासतौर पर देवीपाटन मंडल में दलितों को लुभाने का प्रयास भी है। संजय गौड़ ओबरा सोनभद्र से आते हैं और पहली बार विधायक बने है। वर्ष 1990 से संघ से जुड़ाव रहा है। भाजपा में सामान्य कार्यकर्ता रहे है। आदिवासी बहुल जिला सोनभद्र में आदिवासियों में अपनी पकड़ मज़बूत बनाये रखना भी बीजेपी का एक मकसद है। डॉ. संगीता बलवन्त गाजीपुर सदर से पहली बार विधायक बनी हैं। स्नातकोत्तर, बीएड, एलएलबी, पीएचडी डिग्री धारक हैं। अपने राजनीतिक सफर की शुरुआत संगीता ने 2002 में पीजी कालेज से छात्रसंघ उपाध्यक्ष बनकर की, 2005 में जमानियां से जिला पंचायत सदस्य रहीं, वर्ष 2017 में पहली बार गाजीपुर सदर विधानसभा क्षेत्र से विधायक बनी। पहले बसपा में थीं लेकिन 2014 लोकसभा चुनाव से भाजपा में सक्रिय रहीं। इसके बाद पार्टी ने 2017 में इन्हें सदर से टिकट दिया। संगीता बलवंत बिंद ओबीसी से आती हैं। गाजीपुर समेत पूर्वांचल में ये वोट बैंक काफी संख्या में है। उनमें सेंधमारी रोकने और प्रभाव बढ़ाने के लिए मंत्री बनाई गई। बिंद समाज में अच्छा असर है और शिक्षित होने के कारण समाज में अच्छी पहुंच भी है।

# सरकार का किसानों को तोहफा गन्ना समर्थन मूल्य 25 रुपए बढ़ा

● किसान सम्मेलन में मुख्यमंत्री का ऐलान, बिजली बिल के बकाये पर नहीं लगेगा ब्याज

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



लखनऊ में किसान सम्मेलन में लगी प्रदर्शन देखते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**मुख्यमंत्री** ने किसानों के मन की मुराद पूरी कर दी है। योगी आदित्यनाथ ने गन्ना मूल्य 25 रुपये प्रति कुंतल बढ़ाने का ऐलान किया है। सीएम योगी ने कहा कि 315 रुपये वाले गन्ने का मूल्य अब 340 रुपये प्रति कुंतल दिया जाएगा वहीं 325 रुपये वाले गन्ने का दाम अब 350 होगा। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने किसानों के बिजली बिल के बकाये पर ब्याज माफ करने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने रविवार को लखनऊ स्थित डिफेन्स एक्सपो कार्यक्रम स्थल पर आयोजित किसान सम्मेलन में यह बड़ी घोषणाएं कीं। किसानों को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का आधार किसान और गरीब कल्याण है। गन्ना मूल्य बढ़ोतरी की बहुप्रतीक्षित आस पूरी करते हुए सीएम योगी ने कहा किए प्रदेश के 45.44 लाख किसानों को इस वर्ष बढ़े हुए गन्ना मूल्य से लगभग रुपए 4,000 करोड़ की अतिरिक्त धनराशि की प्राप्ति होगी। सपा-बसपा सरकारों के कार्यकाल में चीनी मिलों की बंदी की याद दिलाते हुए सीएम ने 2004 से 2014 तक के कार्यकाल को देश और प्रदेश के लिए अंधकार युग बताया। उन्होंने कहा कि तब यहां अराजकता और गुंडागर्दी का बोलबाला था। प्रदेश का किसान आत्महत्या को मजबूर था और गरीब भूख से मर रहा था।

सपा शासन काल के मुजफ्फरनगर दंगों की याद दिलाते हुए योगी ने कहा कि मुजफ्फरनगर दंगे में मरने वाला अगर कोई था तो किसान था। किसानों के बेटे थे। हमारी सरकार में कोई दंगा नहीं हुआ। अगर किसी ने दंगा करने की कोशिश की तो उसकी 7 पीढ़ियां जुर्माना भरते भरते खप जाएंगी। उत्साह से लबरेज किसानों से मुखातिब योगी ने विपक्ष से पूछा कि जब किसान आत्महत्या कर रहा था तब सपा-बसपा और कांग्रेस के लोग कहां थे। सीएम ने कहा कि पिछली सरकारें किसानों के पेट पर लात मार रही थी। वहीं कांग्रेस की दुर्दशा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि किसानों से छल करने वाली कांग्रेस को जनता ने बोलने लायक नहीं छोड़ा। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 के पहले पश्चिमी उत्तर प्रदेश में लोगों के गाय भैंस गायब हो जाते थे, चोरी कर लिए जाते हैं। पर आज स्थिति बदल चुकी है। किसान सम्मेलन में योगी ने पिछली सरकारों में गन्ना मूल्य बकाये से लेकर बंद हुई चीनी मिलों से किसानों की बदहाली की बात भी की। उन्होंने कहा, सपा-बसपा की सरकार में औने पौने दाम पर चीनी मिलें बेची गईं।

# नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन होंगे तेज, वित्तीय मदद भी रुकेगी

● नक्सल प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ गृह मंत्री अमित शाह की बैठक में बनी रणनीति

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में नक्सल प्रभावित राज्यों के साथ उच्चस्तरीय बैठक में भाग लेने पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में रविवार को यहां हुई एक उच्च स्तरीय बैठक में नक्सलियों के खिलाफ अभियान तेज करने और उन्हें मिलने वाली वित्तीय सहायता को रोकने के दो प्रमुख मुद्दों पर चर्चा हुई। इस बैठक में छह मुख्यमंत्रियों और चार अन्य राज्यों के शीर्ष अधिकारियों ने भाग लिया। लगभग तीन घंटे तक चली बैठक के दौरान माओवादियों के मुख्य संगठनों के खिलाफ कार्रवाई, सुरक्षा के क्षेत्र में खालीपन को भरने और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) एवं राज्य पुलिस द्वारा ठोस कार्वाई जैसे अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी चर्चा की गई। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि बैठक में ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक, तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भाग लिया। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई एस जगन मोहन रेड्डी और केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन बैठक में शामिल नहीं हुए, लेकिन इन चार राज्यों का प्रतिनिधित्व वरिष्ठ अधिकारियों ने किया। सूत्रों ने बताया कि बैठक में नक्सलियों के खिलाफ अभियान तेज करने, सुरक्षा के क्षेत्र में पैदा हुए खालीपन को भरने, चरमपंथियों को मिलने वाली आर्थिक मदद का प्रवाह रोकने और ईडी, एनआईए और राज्य पुलिस द्वारा ठोस कार्वाई किए जाने पर चर्चा की गई।

## चार नेताओं के नाम विधान परिषद के लिए भेजे गए

**लखनऊ।** मंत्रिमंडल विस्तार में कैबिनेट मंत्री बनाए गए जितिन प्रसाद समेत चार नेताओं के नाम विधान परिषद सदस्य के तौर पर मनोनयन के लिए भेजे गए हैं। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक सरकार ने जितिन प्रसाद के साथ-साथ निषाद पार्टी के मुखिया संजय निषाद (गोरखपुर), चौधरी वीरेंद्र सिंह गुर्जर (शामली) तथा गोपाल अंजान भुर्जी (मुरादाबाद) के नाम विधान परिषद सदस्य के तौर पर मनोनीत किए जाने के लिए राजभवन भेजे हैं। प्रदेश की 100 सदस्यीय विधान परिषद में समाजवादी पार्टी के सबसे ज्यादा 48 सदस्य हैं। इसके अलावा भाजपा के 33, बसपा के छह, निर्दलीय चार, शिक्षक दल के दो तथा अपना दल और कांग्रेस का एक-एक सदस्य है। इस तरह वर्तमान में उच्च सदन की पांच सीटें रिक्त हैं। गत लोकसभा चुनाव में भाजपा की सहयोगी रही निषाद पार्टी के अध्यक्ष संजय निषाद पिछले दिनों खुद को आगामी विधानसभा चुनाव में उप मुख्यमंत्री पद के दावेदार के तौर पर पेश करने की मांग को लेकर चर्चा में थे।

# डिजिटल लेनदेन से अर्थव्यवस्था में आ रही पारदर्शिता: प्रधानमंत्री

**मन की बात**

● कहा, कोविड-19 रोधी टीकाकरण के सुरक्षा चक्र से कोई छूटे नहीं

**भाषा।** नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि डिजिटल लेनदेन से देश की अर्थव्यवस्था में स्वच्छता और पारदर्शिता आ रही है तथा इसके कारण भ्रष्टाचार जैसी रुकावटों में बहुत कमी आई है। पर्व और त्योहारों के मौसम से पहले प्रधानमंत्री ने देशवासियों से कोविड-19 से बचाव के सभी उपायों का पालन करने का आग्रह किया और यह सुनिश्चित करने को कहा कि टीकाकरण अभियान में कोई भी पीछे न छूटे। आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 81वीं कड़ी में देश और दुनिया के लोगों के साथ अपने विचार साझा करते हुए प्रधानमंत्री ने नदियों को प्रदूषण से मुक्त करने, स्वच्छता अभियान को निरंतर जारी रखने और खादी तथा स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित करने पर बल दिया।

उन्होंने कहा कि जिस तरह घर-घर शौचालय निर्माण की केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना ने गरीबों की गरिमा बढ़ाई, वैसे ही आर्थिक स्वच्छता गरीबों के अधिकार सुनिश्चित करती है, उनका जीवन आसान बनाती है। मोदी ने कहा कि जन-धन खातों के अभियान की वजह से आज गरीबों को उनके हक का पैसा सीधा उनके खाते में जा रहा है जिसके कारण भ्रष्टाचार जैसी रुकावटों में बहुत अधिक कमी आई है। डिजिटल लेनदेन के बढ़ते प्रचलन का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आर्थिक स्वच्छता में प्रौद्योगिकी बहुत मदद कर सकती है। उन्होंने कहा, पिछले अगस्त महीने में यूपीआई से 355 करोड़ रुपए का लेनदेन हुआ। आज औसतन छह लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का डिजिटल भुगतान यूपीआई से हो रहा है। इससे देश की अर्थव्यवस्था में स्वच्छता और पारदर्शिता आ रही है।

स्वच्छ भारत अभियान का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जिस प्रकार महात्मा गांधी ने स्वच्छता को स्वाधीनता के सपने के साथ जोड़ दिया था, उसी प्रकार इतने दशकों बाद स्वच्छता आंदोलन ने एक बार फिर देश को नए भारत के सपने के साथ जोड़ने का काम किया है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता का अभियान साल-दो साल या एक सरकार-दूसरी सरकार का विषय नहीं है, बल्कि पीढ़ी दर पीढ़ी स्वच्छता के संबंध में सजगता से लगातार बिना थके-बिना रुके बड़ी श्रद्धा के साथ जुड़े रहना है और स्वच्छता के अभियान को चलाए रखना है।

## पंजाब में 15 मंत्रियों ने ली शपथ, सात नए चेहरे

**भाषा।** चंडीगढ़

**पंजाब** के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने रविवार को राज्य मंत्रिपरिषद का पहला विस्तार कर 15 कैबिनेट मंत्रियों को शामिल किया, जिसमें सात नए चेहरे हैं। राज्य में पांच महीने बाद होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर इस कवायद से सत्तारूढ़ दल कांग्रेस ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। चन्नी के मंत्रिपरिषद में रणदीप सिंह नाभा, राजकुमार वेरका, संगत सिंह गिलजियां, परगट सिंह, अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग और गुरकीरत सिंह कोटली नए चेहरे हैं। राणा गुरजीत सिंह ने 2018 में अमरिंदर सिंह के नेतृत्व वाले मंत्रिमंडल से इस्तीफा देने के बाद वापसी की है। पंजाब के राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित ने सभी मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। अमरिंदर सिंह के नेतृत्व वाले मंत्रिमंडल में मंत्री रहे ब्रह्म मोहिंद्रा, मनप्रीत सिंह बादल, तृप्त राजिंदर सिंह बाजवा, अरुणा चौधरी, सुखबिंदर सिंह सरकारिया, रजिया सुल्ताना, विजय इंदर सिंगला, भारत भूषण आशु को फिर से मंत्रिपरिषद में जगह दी गई है।

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 60,048 | |
| निफ्टी | 17,853 | |
| सोना | 45,141 | /10g |
| चांदी | 59,429 | /kg |

## क्विक न्यूज

### सुरक्षा बलों ने कश्मीर में दो आतंकवादी किए ढेर


**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के बांदीपुरा जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में रविवार को दो आतंकवादी मारे गए जो पिछले साल भारतीय जनता पार्टी के नेता वसीम बारी और उनके परिवार के दो सदस्यों की हत्या में शामिल थे। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि उत्तरी कश्मीर में बांदीपुरा के वतरीना इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने 14 राष्ट्रीय राइफल्स और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के साथ मिलकर इलाके की घेराबंदी की और तलाशी अभियान चलाया। उन्होंने बताया कि तलाशी अभियान के दौरान तब मुठभेड़ शुरू हो गई जब आतंकवादियों ने आत्मसमर्पण के लिए दिए गए अनेक मौकों पर ध्यान नहीं देते हुए सुरक्षा बलों पर गोलियां चलानी शुरू कर दी जिसके बाद बलों ने भी जवाबी कार्रवाई की।

# अवैध धर्मांतरण मामले में तीन और गिरफ्तार, खातों में मिले 20 करोड़

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



इदरीस



सलीम



कुणाल उर्फ आतिफ

**अवैध** धर्मांतरण मामले में पिछले दिनों गिरफ्तार कलीम सिद्दीकी से जुड़े तीन और लोगों को यूपी एटीएस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए लोगों में मुजफ्फरनगर के फुलत के रहने वाला मोहम्मद इदरीस कुरैशी व मोहम्मद सलीम है जबकि तीसरे व्यक्ति का नाम कुणाल अशोक चौधरी उर्फ आतिफ है जो नासिक का रहने वाला है।

एडीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार ने बताया कि 10 दिनों की रिमांड पर आए कलीम सिद्दीकी से पूछताछ के बाद इन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। 21 सितंबर को मेरठ से गिरफ्तार किए गए मौलाना कलीम सिद्दीकी से पूछताछ में कई अहम जानकारी मिली है। इसमें कलीम की संस्था जमीयते इमाम वलीउल्लाह अल इस्लामिया ट्रस्ट से जुड़े खातों में 20 करोड़ रुपये आने की बात शामिल है। इसमें से बड़ी राशि कलीम ने अपने साथ धर्मांतरण का काम करने वालों को भेजा है। जो पैसे ट्रस्ट के खातों में आए उसके आने का स्त्रोत कलीम नहीं बता सका।

कलीम ने बताया कि उसने उम्मत को बढ़ाने की जिम्मेदारी को अपना फर्ज बनाया। कलीम ने पूछताछ में बताया है कि धर्म परिवर्तन कराने पर विदेशों में बैठे सहयोगियों को वह अवगत करा देता है। जिसके बदले मोटा पैसा मिलता है। एटीएस के मुताबिक कलीम जहां भी धर्मांतरण के कार्यों के लिए जाता है वहां उसके सहयोग के लिए हाफिज इदरीस, मोहम्मद सलीम और कुणाल अशोक चौधरी उर्फ आतिफ साथ-साथ रहते हैं। सलीम 17 साल से और इदरीस 20 साल से कलीम के साथ है। यह दोनों धर्मांतरण के लिए लोगों से संपर्क करते थे और इस्लाम धर्म में शामिल होने की दावत देते थे।

## सीमा प्रबंधन को लेकर भ्रम न फैलाए, शांति कायम करे चीन: भारत

**बीजिंग।** भारत ने चीन से गोलपोस्ट न बदलने और सीमा मामलों के प्रबंधन में भ्रम पैदा न करने तथा सीमा के सवाल को हल करने के वृहद मुद्दे के साथ सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति बहाल करने को कहा है। पिछले साल मई में पूर्वी लद्दाख में पैदा हुए गतिरोध के बाद भारत लगातार कहता रहा है कि सीमावर्ती इलाकों में शांति दोनों देशों के संबंधों के संपूर्ण विकास के लिए आवश्यक है। चीन में भारत के राजदूत विक्रम मिसरी ने 23 सितंबर को चीन-भारत संबंधों पर चौथे उच्च स्तरीय ट्रैक-2 संवाद में कहा कि पड़ोसी होने के अलावा भारत और चीन बड़ी और उभरती अर्थव्यवस्थाएं हैं एवं मतभेद तथा समस्याएं होना असामान्य नहीं है। मिसरी ने कहा, महत्वपूर्ण सवाल यह है कि इनसे कैसे निपटा जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि हमारी सीमाओं पर शांति बनाए रखने के लिए नतीजे तार्किकता, परिपक्वता और सम्मान पर आधारित हो।

# न्यायपालिका में शामिल हों 50% महिलाएं

● प्रधान न्यायाधीश एनवी रमण ने कहा, देश के सभी विधि संस्थानों में भी लागू हो यही व्यवस्था

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**भारत** के प्रधान न्यायाधीश एनवी रमण ने रविवार को महिला वकीलों का आह्वान किया कि वे न्यायपालिका में 50 प्रतिशत आरक्षण के लिए जोरदार तरीके से मांग उठाएं। प्रधान न्यायाधीश ने इस मांग को अपना पूरा समर्थन जताते हुए कहा, मैं नहीं चाहता कि आप रोएं, बल्कि आपको गुस्से के साथ चिल्लाना होगा और मांग करनी होगी कि हम 50 प्रतिशत आरक्षण चाहती हैं।

उन्होंने कहा कि यह हजारों सालों के दमन का विषय है और महिलाओं को आरक्षण का अधिकार है। न्यायमूर्ति रमण ने कहा, यह अधिकार का विषय है, दया का नहीं। उन्होंने कहा, मैं देश के सभी विधि संस्थानों में महिलाओं के लिए एक निश्चित प्रतिशत आरक्षण की मांग की पुरजोर सिफारिश और समर्थन करता हूं ताकि वे न्यायपालिका में शामिल हो सकें।

उच्चतम न्यायालय की महिला अधिवक्ताओं द्वारा तीन महिला न्यायाधीशों समेत नव नियुक्त नौ न्यायाधीशों के सम्मान में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए प्रधान न्यायाधीश ने कहा, आप सब हंस रही हैं। मैं भी यही चाहता हूं कि आपको रोना नहीं पड़े, बल्कि आप गुस्से के साथ चिल्लाएं और मांग उठाएं कि हमें 50 प्रतिशत आरक्षण चाहिए। यह छोटा मुद्दा नहीं है बल्कि हजारों सालों के दमन का विषय है। यह उचित समय है जब न्यायपालिका में महिलाओं का 50 प्रतिशत प्रतिनिधित्व होना चाहिए। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य की बात है कि कुछ चीजें बहुत देरी से आकार लेती हैं और इस लक्ष्य की प्राप्ति होने पर उन्हें बहुत खुशी होगी।

न्यायमूर्ति रमण ने कहा कि लोग अक्सर बड़ी आसानी से कह देते हैं कि 50 प्रतिशत आरक्षण मुश्किल है क्योंकि महिलाओं की अनेक समस्याएं होती हैं लेकिन यह सही नहीं है। उन्होंने कहा, मैं मानता हूं कि असहज माहौल है, बुनियादी सुविधाओं की कमी है, खचाखच भरे अदालत कक्ष हैं, प्रसाधन गृहों की कमी है, बैठने की जगह कम है। जो कुछ बड़े मुद्दे हैं।

# सूबे में कोरोना संक्रमण नियंत्रित स्थिति में: योगी

## ● 17 अक्टूबर से 16 नवम्बर तक चलेगा प्रदेशव्यापी संचारी रोग नियंत्रण अभियान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री योगी** आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश सरकार की प्रभावी रणनीति का परिणाम है कि राज्य में कोरोना संक्रमण नियंत्रित स्थिति में है। प्रदेश में कोरोना की दूसरी लहर के प्रभावी नियंत्रण के पश्चात जनजीवन तेजी से सामान्य हो रहा है। कोरोना संक्रमण अभी समाप्त नहीं हुआ है। इसलिए थोड़ी लापरवाही भी भारी पड़ सकती है। उन्होंने कोविड 19 से बचाव और उपचार की व्यवस्था को प्रभावी ढंग से जारी रखने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री रविवार को अपने सरकारी आवास पर आहूत एक उच्चस्तरीय बैठक में प्रदेश में कोविड 19 की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में मुख्यमंत्री को बताया गया कि पिछले 24 घण्टों में राज्य में कोरोना संक्रमण के 11 नए मामले सामने आए हैं। इस अवधि में 12 व्यक्तियों को सफल उपचार के उपरान्त डिस्चार्ज किया गया। वर्तमान में प्रदेश में कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या 176 है। जनपद अलीगढ़, अमेठी, अमरोहा, औरैया, अयोध्या, आजमगढ़, बदायूं, बागपत, बलिया, बांदा, बहराइच, बिजनौर, फर्रूखाबाद, गाजीपुर, गोण्डा, हमीरपुर, हापुड़, हरदोई, हाथरस, कानपुर देहात, कासगंज, महोबा, मीरजापुर, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, पीलीभीत, रामपुर, संतकबीर नगर, शामली, श्रावस्ती, सीतापुर और सोनभद्र में कोविड का एक भी मरीज नहीं है। प्रदेश में कोरोना संक्रमण की रिकवरी दर 98.7 प्रतिशत है। पिछले



24 घण्टे में प्रदेश में 2,17,730 कोरोना टेस्ट किए गए। अब तक राज्य में 07 करोड़ 77 लाख 98 हजार 860 कोविड टेस्ट सम्पन्न हो चुके हैं।

मुख्यमंत्री ने कोविड वैक्सीनेशन कार्य को पूरी सक्रियता से संचालित करने के निर्देश देते हुए कहा कि कोरोना संक्रमण से बचाव में कोविड टीकाकरण एक महत्वपूर्ण सुरक्षा कवच है। बैठक में मुख्यमंत्री को बताया गया कि प्रदेश में कोविड टीकाकरण की प्रक्रिया तीव्र गति से चल रही है। राज्य में गत दिवस तक 10 करोड़ 02 लाख 89 हजार से अधिक कोरोना वैक्सीन की डोज लगाई जा चुकी हैं। यह किसी भी प्रदेश में किया गया सर्वाधिक टीकाकरण है।

मुख्यमंत्री ने डेंगू व अन्य वायरल बीमारियों के सम्बन्ध में प्रदेशव्यापी सर्विलान्स कार्यक्रम को और प्रभावी बनाए जाने के निर्देश दिये। बुखार व संक्रमण के अन्य लक्षणों के संदिग्ध मरीजों की पहचान कर उन्हें उचित परामर्श दिया जाए। अस्पतालों में बेड एवं दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता बनायी रखी जाए। मुख्यमंत्री जी को अवगत कराया गया कि 17 अक्टूबर से 16 नवम्बर 2021 तक प्रदेशव्यापी संचारी रोग नियंत्रण अभियान संचालित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस दौरान आमजन को संचारी रोग के सम्बन्ध में जागरूक किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने ग्राम स्वराज की जो संकल्पना की थी उसे वर्तमान सरकार साकार रूप देने का कार्य कर रही है। इसके दृष्टिगत सम्पूर्ण प्रदेश में गांधी जयन्ती के अवसर पर ग्राम पंचायतों की विशेष बैठकें आयोजित की जाएं जिसमें स्वच्छ भारत मिशन और जल जीवन मिशन पर चर्चा की जाए। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर गांवों को आत्म निर्भर बनाए जाने के सम्बन्ध में भी सार्थक विमर्श किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ प्रभावित जनपदों में कृषि व राजस्व विभाग संयुक्त रूप से कृषि फसलों की क्षति का आकलन करें और उन्हें नियमानुसार क्षतिपूर्ति देने की व्यवस्था करें। उन्होंने कहा कि बाढ़ध्अतिवृष्टि से प्रभावित लोगों को तत्काल राशन तथा अन्य आवश्यक सहायता उपलब्ध करायी जाए।



सीएम योगी आदित्यनाथ लखनऊ में अपने सरकारी आवास पर आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में लोगों की समस्याएं सुनते हुए

# मंत्रिमण्डल में बदलाव करने से अब कुछ हासिल होने वाला नहीं: अखिलेश यादव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी पार्टी** के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि प्रदेश अपराधों की आग में झुलस रहा है। भाजपा के रामराज में ठोको पुलिस जनता की रक्षा के बजाय फर्जी केस बनाने और फर्जी एनकाउंटर करने में लगी रहती है। इसका फायदा उठाकर अपराधी बेखौफ हत्या, लूट, अपहरण और दुष्कर्म की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। प्रदेश को भाजपा ने अपनी कुनीतियों से बर्बाद किया है। उन्होंने कहा कि अब मंत्रिमण्डल में बदलाव करने से भी भाजपा को कुछ हासिल नहीं होगा क्योंकि चेहरे बदलने की कवायद के बाद भी सरकार तो भाजपा की ही रहेगी। जनता भाजपा सरकार से ऊब गयी है और वह अब उसे सत्ता से बेदखल करने का अंतिम निर्णय कर चुकी है। अखिलेश ने कहा कि मुख्यमंत्री अपने जुमलों में रोज अपराधों पर जीरो टॉलरेंस की बातें करते रहते हैं पर कोई उनको सुनता नहीं है। भाजपा सरकार में मंत्री से लेकर अधिकारी तक सब अपनी मनमानी कर रहे हैं किसी का किसी पर कोई नियंत्रण नहीं रह गया है। अखिलेश ने कहा कि गोरखपुर अपराधियों का अड्डा बन गया है। अभी उनवल के नाले में युवती की लाश मिली।



गुलरिया में बच्चों का शव मिला। महिला की चेन व पर्स चोरी हो गया। जब जिला ही नहीं सम्हल रहा है तो देश का सबसे बड़ा प्रदेश कैसे सम्हल पाएगा, अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा राज में साधु संतों की जिंदगी भी खतरे में है। उन पर जानलेवा हमलों की सूची लम्बी हैं विगत 4 सालों में 42 साधु संतों की हत्या हो चुकी है। किसी को गोली मारी गई तो किसी की संदिग्ध स्थितियों में मौत हुई। अभी तक किसी को न्याय नहीं मिल पाया है। सहारनपुर में सत्ता संरक्षित दबंगों ने दम्पत्ति को जिंदा फूंक दिया। कानपुर में दुष्कर्म के बाद युवती को 10वीं मंजिल से फेंक दिया गया। बुलन्दशहर में किशोरी से दुष्कर्म हुआ। गोण्डा में एक दिन में दो विवाहिताओं की दिल दहलाने वाली हत्यायें हो गई। अलीगढ़ में अपहरण की घटना हुई। अखिलेश ने कहा कि उत्तर प्रदेश में जबसे भाजपा सरकार आई है अपराधियों का भाग्य निर्णय भी जाति धर्म देखकर किया जाने लगा है। नफरत और समाज को बांटने वाली आरएसएस-भाजपा की रीति-नीति में न्याय की तुला से भी छेड़छाड़ शर्मनाक है।

### सपा का आठ सदस्यीय प्रतिनिधिमण्डल आज मऊ में

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार 8 सदस्यीय समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमण्डल जनपद मऊ जायेगा। प्रतिनिधिमण्डल जनपद मऊ के मधुबन विधान सभा के अन्तर्गत धर्मपुर विनटोलिया गांव में बाढ़ की कटान से लगभग 40 परिवारों के कच्चे और पक्के मकान धराशायी हो गये हैं किन्तु प्रशासन ने अभी तक कोई आर्थिक सहायता नहीं दी है जिसकी जानकारी एवं पीड़ित परिवार से मिलने हेतु 08 सदस्यीय समाजवादी प्रतिनिधिमण्डल 27 सितम्बर 2021 को जनपद मऊ पहुंचेगा। समाजवादी प्रतिनिधिमण्डल में दुर्गा प्रसाद यादव विधायक पूर्व मंत्री, सुधाकर सिंह पूर्व विधायक, बैजनाथ पासवान पूर्व विधायक, उमेश पाण्डेय पूर्व विधायक, धर्म प्रकाश यादव, राजेन्द्र मिश्रा, इं विनीत कुशवाहा एवं चन्द्रकान्त उर्फ पप्पू मौर्या शामिल है।

# सपा मुसलमानों का विकास नहीं चाहती: शाहनवाज़ आलम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अल्पसंख्यक** कांग्रेस के 16 सूत्रीय संकल्प पत्र वितरण अभियान पर सपा नेताओं और प्रवक्ताओं ने जिस तरह मीडिया में प्रतिक्रियाएं दीं हैं, उससे स्पष्ट है कि सपा मुसलमानों का विकास नहीं चाहती। अल्पसंख्यक समाज अब कांग्रेस और प्रियंका गांधी की तरफदेख रहा है। इसीलिए सपा को अल्पसंख्यक कांग्रेस के संकल्प पत्र से दिक्कत हो रही है। ये बातें रविवार को अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश चेयरमैन शाहनवाज़ आलम ने कहीं।

शाहनवाज़ आलम ने कहा कि संकल्प पत्र वितरण अभियान को पहले शुक्रवार को ही जिस तरह रेस्पोंस मिला है उससे स्पष्ट है कि मुस्लिम समाज अब सपा की मुस्लिम विरोधी मानसिकता को समझ चुका है और फिर से कांग्रेस में घर वापसी का मन बना चुका है। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि बुनकरों को फ्लैट रेट पर बिजली देने, कांग्रेस सरकारों द्वारा स्थापित मिलों को दुबारा खोलन, हर ज़िले में अल्पसंख्यक वर्ग के छात्रों के लिए मौलाना आज़ाद हॉस्टल खोलने, पासमांदा आयोग बनाने, सपा सरकार में हुए दंगों की जाँच कराने के संकल्प से 5 प्रतिशत आबादी वाले सिर्फ़ एक जाति के नेता जी घबरा गए हैं। उन्होंने कहा कि अगले शुक्रवार को और ज़्यादा संख्या में संकल्प पत्र बांटे जाएंगे और निर्धारित लक्ष्य 25 लाख को भी बढ़ाया जाएगा।

बीजेपी का मिशन 2022

# पिछड़ों-दलितों के जरिए चुनावी दरिया में लहर पैदा करने की कोशिश

## ● भाजपा की सोशल इंजीनियरिंग से विपक्ष का बढ़ा सरदर्द
## ● विस्तार में योगी ने अपनाया मोदी पैटर्न

अभिषेक रंजन। लखनऊ

**यूपी विधान** सभा चुनाव जैसे-जैसे करीब आ रहा है वैसे-वैसे क्षेत्रीय और जातीय गणित को सही खांचे में बैठाने की कोशिश हर दल कर रहा है। फिलहाल योगी सरकार ने रविवार को अपने दूसरे मंत्रिमंडल विस्तार के जरिए विपक्ष के लिए सरदर्द बढ़ा दिया है। या यूं कहे कि सोशल इंजीनियरिंग फार्मूल के जरिए बीजेपी ने चुनावी दरिया में लहर पैदा करने की कोशिश की है ताकि चुनाव के समय भाजपा इन लहरों के जरिए चुनावी वैतरणी पार कर सके। महत्वपूर्ण बात कि सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूसरे मंत्रिमंडल विस्तार का ही पैटर्न फालो किया है। पीएम मोदी ने ाी अपने सरकार के दूसरे मंत्रिमंडल विस्तार में एक ब्राहमण और दलित, एससी को रखकर समाजिक संतुलत को बनाया था। खासबात यह भी है कि यूपी में संभवत: यह पहला मंत्रिमंडल विस्तार होगा जो कि विधाान सभा चुनाव से कुछ ही माह पहले हुआ है।

जहां एक तरफ सपा का प्रबुद्ध स मेलन और बसपा का ब्राहमण स मेलन प्रदेश में जारी है तो वही धौरहरा से दो बार सांसद और केंद्रीय राज्यमंत्री रहे जितिन प्रसाद की योगी सरकार में शामिल करने से विपक्ष को करारा जवाब सत्तारूढ़ दल ने दिया है। ब्राहमण वोट को अपने पाले में करने की सपा और बसपा की रणनीति को भी झटका लगा है। विकास दूबे इंकाउटर के बाद से यूपी में ब्राहमणों की नाराजगी खुलकर सामने आने लगी और चुनाव आते-आते हर दल इस इंकाउटर के जरिए ब्राहमणों की हमदर्दी बटोरना चाहता है। ऐसे में बीजेपी ने विधान सभा चुनाव से ठीक पहले सोशल इंजीनियरिंग के फार्मूला का प्रयोग दलगत राजनीति को संतुलित करने में किया है। पूर्वाचल और पश्चिम के क्षेत्रीय संतुलन पर भी फोकस किया है। मोदी ने भी अपनी कार्यकाल के दूसरे मंत्रिमंडल विस्तार में मिर्जापुर से सांसद अनुप्रिया पटेल, खीरी सांसद अजय कुमार मिश्रा टेनी, राज्यसभा सांसद बीएल वर्मा, मोहनलालगंज लखनऊ के सांसद कौशल किशोर, आगरा सांसद एसपी सिंह बघेल, महराजगंज सांसद पंकज चौधरी और जालौन सांसद भानु प्रताप वर्मा को जगह दी थी। मोदी सरकार के इस कैबिनेट विस्तार के जरिए भाजपा उत्तर प्रदेश में जातीय और क्षेत्रीय संतुलन साधने की कोशिश की और फोकस गैर यादव ओबीसी वोट बैंक पर किया। इसी वोट बैंक को साधकर भाजपा ने साल 2017 में यूपी में प्रचंड बहुमत की सरकार बनाई थी। वहीं राज्य में ब्राह्मण और दलित वोट बैंक को साधने के लिए इस जाति समूह से भी एक-एक नेताओं को मोदी मंत्रिमंडल में स्थान दिया गया था। योगी ने ाी रविवार को अपना तीसरा मंत्रिमंडल विस्तार किया जिसमें जितिन प्रसाद ब्राहमण समाज, छत्रपाल सिंह गंगवार बहेड़ी विधान सभा से बरेली जिला और पिछड़ी जाति कुर्मी से है। पलटू राम बलरामपुर सुरक्षित से आते है और अनुसूचित जाति खटिक समाज का प्रतिनिधित्व करते हैं। डा संगीता बलवंत पहली बार गाजीपुर सदर से हैं और पिछड़ी जाति बिंद समाज की है। धर्मवीर प्रजापति एमएलसी हैं आगरा से आते है और पिछड़ी जाति का प्रतिनिधित्व करते हैं। दिनेश खटिक हस्तिनापुर मेरठ सुरक्षित सीट से हैं अनुसूचित जाति खटिक समाज और संजीव कुमार गोंड ओबरा सोनभद्र से आते हैं जो कि अनुसूचित जाति जनजाति गोंड समाज के लंबरदार है।

### क्षेत्रीय और जातिगत संतुलत पर बीजेपी का पूरा फोकस

**जितिन प्रसाद** दो बार सांसद रह चुके हैं और उनके पिता जितेंद्र प्रसाद दो प्रधानमंत्री राजीव गांधी और पीवी नरसि हाराव के सलाहकार रह चुके है। जितेंद्र प्रसाद कांग्रेस के उपाध्यक्ष भी रह चुके है। जितिन प्रसाद मनमोहन सरकार में मंत्री रहे और अब वह योगी सरकार में शामिल हो गया हैं। जितिन प्रसाद के दादा ज्योति प्रसाद भी कांग्रेस के नेता थे और उनकी परनानी पूर्णिमा प्रसाद देवी नोबोल विजेता रविंद्रनाथ टैगोर के भाई हेमेंद्रनाथ टैगोर की बेटी थी। जितिन प्रसाद 2001 में युवा कांग्रेस में सचिव बने और 2004 में शाहजहांपुर से 14वीं लोकसभा चुनाव में किस्मत आजमाकर लोकसभा पहुंचे, जितिन प्रसाद को 2008 में केन्द्रीय राज्य इस्पात मंत्री नियुक्त किया गया। 2009 में जितिन प्रसाद 15 वीं लोकसभा चुनाव लोकसभा धौरहरा से लड़े और 184509 वोटों से विजयी भी हुए। जितिन प्रसाद 2009 से जनवरी 2011 तक सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, 19 जनवरी 2011 से 28 अक्टूबर 2012 तक पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय और 28 अक्टूबर 2012 से मई 2014 तक मानव संसाधन एवं विकास मंत्रालय में केन्द्रीय राज्यमंत्री रहें हैं। जितिन प्रसाद शाहजहांपुर, लखीमपुर और सीतापुर में काफी लोकप्रिय नेता हैं। जितिन प्रसाद ने 2014 का लोकसभा चुनाव धौरहरा सीट से लड़ा लेकिन हार गए। 2017 के विधानसभा चुनाव में शाहजहांपुर की तिलहर विधानसभा सीट से खड़े हुए लेकिन वहां से भी हार गए।

### संजय निषाद को शामिल न करना चौकाने वाला निर्णय

**संजय निषाद** को मंत्रिमंडल में शामिल नहीं करना यह बड़ा चौकाने वाला निर्णय बीजेपी संगठन का रहा। संभवत: इस बात की भी संभावना है कि संजय निषाद उच्च सदन के जरिए ही अपना कद बढ़ाना चाहते हों। मगर बीजेपी ने बिंद समाज की संगीता बलवंत को मंत्री बनाकर संजय निषाद पर एक दबाव भी बनाने की कोशिश की है। अभी हाल ही केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की मौजूदगी में बीजेपी मु यालय पर प्रधान ने निषाद पार्टी और बीजेपी के राजनीतिक गठबंधन की घोषणा की थी और माना भी यही जा रहा था कि संजय निषाद योगी सरकार के सहयोगी बनेंगे लेकिन रविवार को ऐसा कुछ भी नहीं हुआ जो अपने आप में चौकाने वाला दिखाई पड़ता है।

पायनियर वर्गीकृत

सूचना

मैं दिग्विजय कुमार मिश्रा पुत्र स्व0 राजीनन्द मिश्रा निवासी–प्लाट नं0 685 कच्ची बस्ती गोविन्द नगर कानपुर मैंने अपना नाम बदलकर दिग्विजय मिश्रा कर लिया है।

सूचना

सूच्य हो कि मेरे हाईस्कूल संस्थागत परीक्षा वर्ष 2018 अनुक्रमांक 1143124 व इण्टरमीडिएट संस्थागत परीक्षा वर्ष 2020 अनुक्रमांक 0854490 के अंक पत्र सह प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गये हैं। स्मृति पुत्री सुधीर कुमार निवासी–ग्राम ढकिया निधुवामऊ, थाना मछरेहटा, तहसील–मिश्रिख, जिला–सीतापुर

REQUIRED

JAHANGIRABAD EDUCATIONAL TRUST GROUP OF INSTITUTIONS (Faculty of Arts)

REQUIREMENT OF TEACHER FOR ARTS & COMMERCE FOR UNDERGRADUATE LEVEL TEACHING

Application are invited for the post of Principal and Assistant Professor for the following subjects Hindi, English, Urdu, Education, Political Science, Sociology & Ancient History, Commerce

SALARY AS PER EXISTING UNIVERSITY NORMS

Candidates meeting criteria as laid down in UGC Regulations 2016

You may send application via email or a hard copy at

Trustee JETGI
Jahangirabad Fort, Jahangirabad, Barabanki-225203, UP
Tel : 7380832222, 7380632222
Email ID : hr@jit.edu.in or careers @jit.edu.in

# केशव प्रसाद मौर्य ने मंत्रिमंडल में शामिल किए गए सभी मंत्रियों को दी बधाई



**लखनऊ।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल में शामिल किए गए सभी 7 नए मंत्रियों को अपनी मंगलमय हार्दिक शुभकामनाएं व बधाई दी है तथा सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया है कि मंत्रिमंडल के जिन सदस्यों ने आज शपथ ली है एवह भी पूरी ऊर्जा और क्षमता के साथ प्रदेश के विकास मे अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे तथा गरीबों के शैक्षिक, सामाजिक व आर्थिक उत्थान में मदद करेंगे और उनके नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा।

# किसानों के भारत बंद को बसपा का समर्थन: मायावती

## ● केंद्र सरकार से कृषि कानूनों को वापस लेने की मांग की

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बसपा सुप्रीमो** मायावती ने तीन कृषि कानूनों के खिलाफ संयुक्त किसान मोर्चा के भारत बंद का समर्थन किया है। साथ ही उन्होंने केंद्र सरकार से इन कानूनों को वापस लेने की मांग की है। रविवार को ट्वीट करते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि केन्द्र द्वारा जल्दबाजी में बनाए गए तीन कृषि कानूनों से असहमत व दु:खी देश के किसान इनकी वापसी की माँग को लेकर लगभग 10 महीने से पूरे देश व खासकर दिल्ली के आसपास के राज्यों में तीव्र आन्दोलित हैं व कल भारत बंद का आह्वान



किया है जिसके शान्तिपूर्ण आयोजन को बीएसपी का समर्थन। अपने दूसरे ट्वीट में उन्होंने कहा कि साथ ही, केन्द्र सरकार से भी पुन: अपील है कि किसान समाज के प्रति उचित सहानुभूति व संवेदनशीलता दिखाते हुए तीनों विवादित कृषि कानूनों को वापस ले तथा आगे उचित सलाह मश्विरा व इनकी सहमति से नया कानून लाए ताकि इस समस्या का समाधान हो। किसान खुश व खुशहाल तो देश खुश व खुशहाल।

# 450 रुपये प्रति क्विंटल से कम का मूल्य देना गन्ना किसानों के साथ अन्याय: अनिल दुबे

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय सचिव अनिल दुबे ने प्रदेश की भाजपा सरकार को किसान और गरीब विरोधी बताते हुए कहा है कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गन्ने का मूल्य मात्र 25 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाना भाजपा सरकार को काफी महंगा साबित होगा। प्रदेश के गन्ना किसानों को उम्मीद थी कि सरकार गन्ने का रेट अपने पूर्व घोषित वायदे के अनुसार लागत का डेढ़ गुणे के हिसाब से तय करेगी लेकिन सरकार ने ऐसा नहीं किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में गन्ने की पैदावार पर 450 रुपया प्रति क्विंटल से कम का मूल्य देना, गन्ना किसानों के साथ सरासर अन्याय हैं। जबकि उत्तर प्रदेश में गन्ने से प्रतिवर्ष 32000 करोड़ रुपए राजस्व सरकार को प्राप्त होता है, इसके बावजूद भी प्रदेश के गन्ना किसानों को सरकार ने उचित रेट ना देकर यह साबित किया है कि उनकी नीति और नियत चीनी मिल मालिकों के साथ हैं।

# बहुजन कल्याण यात्रा के जरिए आरपीआई यूपी में दिखाएगी अपनी ताकत: आठवले

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**रिपब्लिकन पार्टी** ऑफ इंडिया आठवले के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा रामदास आठवले ने आरपीआई की बहुजन कल्याण यात्रा की शुरुआत सहारनपुर से की। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने ही रिपब्लिकन पार्टी आरंभ की थी इसलिए सभी दलितों को एक पार्टी के मंच पर आ जाना चाहिए। उन्होंने आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर के बारे में कहा कि वह भी रिपब्लिकन पार्टी में शामिल हो तो राष्ट्रीय स्तर पर उनको पद दिया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि देश में आंदोलन करने की आजादी है, लेकिन किसी कानूनों के नाम पर 10 महीने से जो आंदोलन चल रहा है। वह ठीक नहीं है क्योंकि केंद्र सरकार ने कई दौर में किसानों के साथ वार्ता की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में फिर भाजपा की सरकार बनेगी, बहुजन कल्याण यात्रा के जरिए उनकी पार्टी



अपनी ताकत दिखाएगी और प्रदेश के चुनाव में 10 सीटों पर प्रत्याशी उतारने का दावा करेगी।

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पवन भाई गुप्ता ने कहा कि आज से रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया की बहुजन कल्याण यात्रा की शुरुआत सहारनपुर से हो रही है। पिछले 3 सालों में जिस मेहनत, समर्पण, निष्ठा के साथ पार्टी के लिए आप सबने काम किया है उसकी जितनी प्रशंसा की जाए कम है। इसलिए आज आरपीआई उत्तर प्रदेश की जनता के लिए एक नए विकल्प के रूप में सामने हैं। उन्होंने कहा कि पिछले ढाई-तीन साल से लगातार उत्तर प्रदेश का दौरा कर रहा हूँ। बीच मे कोरोना महामारी ने संगठन विस्तार और पार्टी को बढ़ाने में काफी ब्रेक लगाया लेकिन बिना डरे, भयभीत हुए हम बाबा साहेब के मिशन को आगे बढ़ाने में लगे रहे। कई साथी, उनके परिजन कोरोना से इस दुनिया में नहीं रहे, मैं उनकी याद करते हुए विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। पवन भाई गुप्ता ने कहा कि आज का दिन हम सबके लिए खास है। बहुजन कल्याण यात्रा की शुरुआत प्रदेश में पार्टी को एक नई धार देगी। बहुजन कल्याण यात्रा प्रदेश के हर जनपद से होकर गुजरेगी। हर जनपद में आज हमारा संगठन खड़ा हो चुका है। पार्टी पदाधिकारी लगातार विभिन्न मुद्दों पर जनता की आवाज को बुलंद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब हम उत्तर प्रदेश के दौरे पर निकले तब हमें पता लगा कि प्रदेश का बहुजन समाज से लेकर हर वर्ग एक अच्छे विकल्प की तलाश में है। बाबा साहेब को मानने वाले लोग पूरे उत्तर प्रदेश के गांवों-शहरों में हैं लेकिन विकल्प के अभाव में वह कहीं और जाने को मजबूर हैं। ऐसे में जब आरपीआई के रूप में उन्हें समान विचारधारा का विकल्प मिल रहा है तो वह तेजी से पार्टी से जुड़ रहे हैं।

ग्राम पंचायत फरीदाबाद टिकरी, वि. ख. असोथर, जनपद फतेहपुर

निविदा सूचना

कार्य का नाम– नहर की पटरी से छेदी लाल लोहार के घर तक इंटरलाकिंग/नाली निर्माण, 140 मीटर, चौड़ाई 03 मीटर, अनुमानित लागत 05 लाख रुपये, समय 01 सप्ताह, निविदाएं दिनांक 28/09/2021 तक डाली जायेंगी, निविदाएं दिनांक 01/10/2021 को खोली जायेंगी।

ग्राम प्रधान–उदय सिंह मौर्य
ग्राम पंचायत अधिकारी (सीक्रेटरी)– प्रकाश चंद्र तिवारी

कार्यालय ग्राम पंचायत इण्डलवल ग्रन्ट
विकास खण्ड मिश्रिख–सीतापुर

पत्रांक– मेमो/14वां वित्त/निविदा पत्रा./2021–22 दिनांक : 25.09.2021

अल्पकालीन निविदा सूचना

विकास खण्ड मिश्रिख, जनपद सीतापुर की ग्राम पंचायत इण्डलवल ग्रन्ट में 14वॉ वित्त योजनान्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु इच्छुक पंजीकृत फर्मों से सीलबंद निविदाएं दिनांक – 27–09–2021 से 04–10–2021 की अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। प्राप्त निविदाएं दिनांक 04–10–2021 को अपरान्ह 4 बजे सक्षम अधिकारी के समक्ष खोली जायेंगी।

| कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (लाख में) | आपूर्ति की जाने वाली सामग्री का विवरण |
|---|---|---|
| (1) A.N.M. सेन्टर में बाउण्ड्री वाल निर्माण कार्य | 2,49,900/– | सीमेन्ट, मौरंग, बालू, ईंटा, ईंटा रोड़ी पत्थर |
| (2) प्रा0 वि0 भगवानपुर में शौचालय मरम्मत कार्य | 1,52,900/– | सीमेन्ट, मौरंग, बालू, ईंटा, ईंटा रोड़ी पत्थर |
| (3) प्रा0 वि0 इण्डलवल ग्रन्ट में शौचालय मरम्मत कार्य | 1,55,400/– | सीमेन्ट, मौरंग, बालू, ईंटा, ईंटा रोड़ी पत्थर |
| (4) प्रा0 वि0 भगवानपुर में बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य | 4,97,600/– | सीमेन्ट, मौरंग, बालू, ईंटा, ईंटा रोड़ी पत्थर |

प्रधान सचिव

## हृदय रोगों के मामलों में वृद्धि

**वाराणसी।** हृदय रोगों के उपचार में विज्ञान के क्षेत्र में हाल में हुई तरक्की ने हृदय रोगों के मामलों में तेज वृद्धि के बावजूद मरीजों को नया जीवन दिया है। बीएलके कृमैक्स हार्ट सेंटर के सीटीवीएस प्रमुख और मुख्य निदेशक डॉ. रामजी मेहरोत्रा ने कहा कि भारत में होने वाली मौतों में कोरोनरी आर्टरी रोग अहम वजहों में से एक है। इसके इलाज के लिए सीएबीजी (जिसको बाईपास के नाम से भी जाना जाता है )ऑपरेशन किया जाता है। हाल के दिनों में ओपनकृहार्ट सर्जरी के बगैर मरीज का ऑपरेशन बीटिंग हार्ट बाईपास से करना न सिर्फसबसे आधुनिक वैज्ञानिक प्रक्रिया है, बल्कि सबसे जटिल मामलों में भी इससे सफल इलाज संभव हो गया है।

## डॉ. मनमोहन सिंह का मनाया 89 वॉ जन्मदिवस

**वाराणसी।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह का 89 वा जन्मदिन कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव सतीश चौबे व महानगर महासचिव मनीष चौबे की अगुवाई में खजूरी स्थित बच्चों के साथ मनाया गया बच्चों को फल ,मिठाई, टॉफी ,बिस्किट, नमकीन चिप्स खाने की सामग्री वितरित करके कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने डॉ मनमोहन सिंह का जन्मदिन बच्चों के साथ धूमधाम से मनाया।


## स्वच्छता और सामाजिक दूरी के नियमों का कड़ाई से किया जाए पालन

**वाराणसी।** तनाव मुक्त वातावरण प्रदान करने के लिए उचित स्वच्छता और सामाजिक दूरी के नियमों का कड़ाई से पालन करते हैं। आइकू ने आज देश में आफ्टर सेल्स नेटवर्क के विस्तार की घोषणा की, जिससे अब सेवा केंद्र की संख्या 600 हो गई है। ग्राहक-केंद्रित इनोवेशन पर ध्यान केंद्रित करने के साथ-साथ, हम आफ्टर सेल्स अनुभव को भी समान रूप से सुगम बनाना चाहते हैं। हमारे मौजूदा ऑफ़लाइन सेवा टचपॉइंट में नए सेवा केंद्र जुड़ने के साथ, हम अपने ग्राहकों के लिए आसानी से सुलभ उत्तम सेवा प्रदान कर अपनी कस्टमर-फर्स्ट दृष्टिकोण को सुदृढ़ करना चाहते हैं।

# शापिंग माल ढहाने में जुटा प्रशासन

### ● मुख्तार के करीबी के चार मंजिला भवन को जमींदोज करने के लिए दूसरे दिन भी चला बुलडोजर

**संवाददाता।** मऊ





**बांदा** जेल में निरुद्ध माफि या व बाहुबली विधायक मुख्तार अंसारी बेहद करीबी कोयला माफि या व ठेकेदार उमेश सिंह के शापिंग माल को जमींदोज करने की कार्रवाई रविवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। 10 करोड़ की लागत से निर्मित चार मंजिला शापिंग माल के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के दौरान जिला प्रशासन को काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। बुल्डोजर के साथ ही अन्य मशीनों को भवन के ध्वस्तीकरण के लिए लगाया गया है। भवन के छत को तोड़ने के लिए वाइब्रेटर मशीन का भी प्रयोग किया जा रहा है। अवैध रुप से निर्मित भवन के ध्वस्तीकरण का आदेश नगर मजिस्ट्रेटन्यायालय द्वारा पारित किया गया है। न्यायालय के आदेश के अनुपालन में ध्वस्तीकरण की चल रही कार्रवाई के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर भारी संख्या में पुलिस फोर्स की तैनाती रहा। मुख्तार अंसारी गिरोह आईएस 191 गैंग के निकट सहयोगी एवं मन्ना सिंह हत्याकांड में सहअभियुक्त कोयला माफिया उमेश सिंह द्वारा शहर कोतवाली अंतर्गत भीटी में चार मंजिला शापिंग माल का अवैध तरीके से निर्माण कराया गया था। करीब 10 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित शापिंग माल पिछले कई वर्षों से संचालित हो रहा था। सिटी मजिस्ट्रेट के न्यायालय में अवैध तरीके से निर्माण करने का मुकदमा स्टेट बनाम उमेश सिंहए अजय सिंहए विजय सिंहए विनय सिंह के विरुद्ध चल रहा था। सुनवाई के दौरान ही शुक्रवार को न्यायालय द्वारा अवैध रुप से निर्मित भवन के ध्वस्तीकरण का आदेश जारी किया गया था। न्यायालय से आदेश जारी होने के बाद शनिवार को ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरु कर दिया गया था। शनिवार की देर रात में जिला प्रशासन की टीम द्वारा ध्वस्तीकरण की कार्रवाई चलता रहा। रविवार को दूसरे दिन भी जिला प्रशासन द्वारा ध्वस्तीकरण की कवायद चलता रहा। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के दौरान जिला प्रशासन की टीम को काफी मशक्कत करना पड़ रहा है। जिला प्रशासन की टीम द्वारा बुल्डोजर के माध्यम से आगे का हिस्सा ध्वस्त किया गया। जबकि छत को ध्वस्त करने के लिए वाइब्रेटर मशीन लगाया गया है। दूसरे दिन बुल्डोजर व वाइब्रेटर मशीन से ध्वस्तीकरण की कार्रवाई चलता रहा।

## स्वच्छ भारत सुंदर भारत का लिया गया संकल्प

**सोनभद्र।** जनपद मुख्यालय स्थित राम जानकी मंदिर पर काशी क्षेत्र के अनुसूचित मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष व सदर ब्लाक प्रमुख अजीत रावत के नेतृत्व में नगर पालिका परिषद के सभासदों के साथ देश के प्रधानमंत्री की मन की बात रेडियो पर सुनी गई जिसमें पीएम मोदी ने कहा पंडित दीनदयाल ने सीख दी कि हमारे पास जो कुछ भी है वो देश की वजह से ही तो है इसलिए देश के प्रति अपना ऋण कैसे चुकाएंगे इस बारे में सोचना चाहिए। ये आज के युवाओं के लिए बहुत बड़ा सन्देश है। कोरोना ने हर देशवासी को बहुत कुछ सिखाया है पीएम मोदी आज हम लोगों की जिंदगी का हाल ये है कि एक दिन में सैकड़ों बार कोरोना शब्द हमारे कान पर गूंजता है 100 साल में आई सबसे बड़ी वैश्विक महामारी कोविड-19 ने हर देशवासी को बहुत कुछ सिखाया है।

### क्विक न्यूज

## मऊ में सपा छात्र सभा के सदस्यों ने बैठक करके बनाई नई रणनीति

**मऊ।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह देव के निर्देशानुसार समाजवादी छात्र सभा की एक आवश्यक बैठक छात्र सभा के जिलाध्यक्ष एड. दिलीप कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में हुआ। बैठक में छात्र नवजवान जागरुकता सप्ताह को लेकर रणनीति तय किया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए छात्र सभा के जिलाध्यक्ष एड. दिलीप कुमार पाण्डेय ने बताया कि 27 सितंबर को महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों पर सदस्यता अभियान कि शुरुआत होगा छात्रों को फर्म दिया जाएगा। इसमें उनका सुझाव सम्मलित करेंगे इसके लिए हर कैम्प पर जिम्मेदार पदाधिकारियों की तैनात रहेंगे वहां पर नवजवानो का वोटर बनाने का भी काम चलेगा। साथ ही साथ 28 सितंबर को भगत सिंह जी जयंती को महाविद्यालयो पर उत्साहपूर्वक मनाया जाएगा और पौधारोपण किया जाएगा। वहीं 29 सितंबर को जिलाए विधान सभाए ब्लाकए नगरए वार्ड स्तर पर साईकिल यात्रा का आयोजन करें वोट बढ़ाओ परिवर्तन लाओ इस कार्यक्रम का स्लोगन रहेगा। साथ हीभी के मोबाइल में वोटर हेल्प लाइन ऐप रहेगा जिसकी मदद से वोट बढ़ाने से नाम सही करने तक काम काम किया जाएगा। जबकि 30 सितंबर को सदस्यता अभियान और वोट बढ़ाओ परिवर्तन लाओ कोचिंग संस्थान और अन्य जगहों पर जाकर छात्र और युवाओं को जोड़ने का प्रयास करेंगे।



## भाजपा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व मे चलाया गया व्यापक जन सम्पर्क अभियान

**सोनभद्र।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिन के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सेवा ही समर्पण अभियान के अंतर्गत 26 दिसंबर से 2 अक्टूबर तक चलाए जा रहे घर-घर संपर्क अभियान के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अजीत चौबे के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा विधानसभा क्षेत्र रावर्ट्सगंज के चुर्क मंडल बूथ संख्या 115 पर घर घर जाकर संपर्क किया गया तथा केंद्र व प्रदेश सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं मुफ्त टीकाकरण मुफ्त राशन शौचालय उज्जवला योजना किसान सम्मान निधि योजना नारी शक्ति सम्मान समारोह घर घर बिजली व स्वयं सहायता समूह द्वारा चलाए जाने वाले रोजगार परक योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए पत्रक बांटा गया तथा केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा हर गरीब को पक्का मकान समेत तमाम योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष महेंद्र नाथ पांडे महामंत्री चंद्र सुभाष चंद्र पाठक शंभू सिंह धर्मजीत सिंह संतोष सिंह समेत अन्य कार्यकर्ताओं के साथ घर-घर संपर्क अभियान किया गया।



# अपर पुलिस आयुक्त ने बेटियों का हौसला बढ़ाया

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**जातीय** सम्मेलनों से उपजे नफरत के विष को रिश्तों के अधिवेशन से उपजा अमृत ही काट सकता है। समाज को जातीय नफरत के विष से बचाने के लिये विशाल भारत संस्थान एवं मुस्लिम महिला फाउण्डेशन के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय रिश्तो के अधिवेशन की श्रृंखला शुरू की जा रही है। कुल 54 रिश्तों का अधिवेशन कराया जायेगा, जिसमें मामा, मामी, चाचा, चाची, बुआ, फूफा, साला, साली जैसे रिश्ते शामिल हैं। इसी कड़ी में बनारस बेटी अधिवेशन का आयोजन लमही में किया गया। बनारस बेटी अधिवेशन का नई दिल्ली से ऑनलाईन उद्घाटन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य एवं विशाल भारत संस्थान के मार्गदर्शक इन्द्रेश कुमार ने किया। बनारस बेटी अधिवेशन के मुख्य अतिथि अपर पुलिस आयुक्त सुभाष चन्द्र दूबे ने दीपोज्वलन से बनारस बेटी अधिवेशन का शुभारम्भ किया गया। बाल आजाद हिन्द बटालियन की सेनापति दक्षिता भारतवंशी तिरंगे के साथ सुभाष चन्द्र दूबे को सलामी दी। कुँअर नवल सिंह उर्फ दीनदार खाँ के 10वीं पीढ़ी के वंशज ऐतिहासिक विरासत के संरक्षक कुँअर मुहम्मद नसीम रजा खाँ ने तिरंगा साफा पहनाकर मुख्य अतिथि का सम्मान किया। विचार व्यक्त करने की कड़ी में डा. इन्द्रेश कुमार ने कहा कि बेटियां भारतीय संस्कृति की राजदूत हैं। हजारो वर्षों से भारतीय संस्कृति एवं उसके मूल्यों को बचाये रखने में बेटियों की बड़ी भूमिका है। इस्लाम कहता है कि माँ के करमों में जन्नत है। जो बेटियों का सम्मान नहीं करते वे राक्षसी प्रवृत्ति के होते हैं।

## पूरा देश किसानों पर ही निर्भर है : प्रो. पंजाब सिंह

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

वाराणसी जनपद के किसानों को उद्यमी व आत्मनिर्भर बनाने के लिए फॉर्ड फाउंडेशन के विशेषज्ञ पहुंचे किसानों के गांव।भारत सरकार के जैव प्रोद्योगिकी विभाग द्वारा वित्तपोषित एवं फॉर्ड फाउंडेशन व भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान, वाराणसी की ओर से संचालित बॉयोटेक-किसान परियोजना के लिए चयनित चार जिलों में से एक वाराणसी के बंगालीपुर, भिखारीपुर, जोगापुर, चित्तापुर आदि गांवों का भारतीय कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग के पूर्व सचिव, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के पूर्व महानिदेशक, काशी हिंदू विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति एवं फॉर्ड फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रोफेसर पंजाब सिंह के नेतृत्व में विशेषज्ञ सदस्यों की टीम ने 25 सितंबर 2021 को किसानों के लिए फील्ड विजिट व किसान गोष्ठी में उनके साथ परिचर्चा की।

## भाजपा धन-बल की समर्थक और सामाजिक न्याय की विरोधी : प्रदीप

**संवाददाता।** सोनभद्र



**समाजवादी** पार्टी द्वारा विधानसभा क्षेत्र रावर्ट्सगंज के धर्मदासपुर में आयोजित जन चौपाल को संबोधित करते हुए समाजवादी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप तिवारी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हवा में उड़ने वाली पार्टी है। आने वाले समय में बदलाव होने जा रहा है। समाजवादियों ने कह दिया है कि विधान सभा चुनाव में समाजवादी पार्टी अधिक सीटें मिलने जा रही है भाजपा सरकार जनता को ज्यादा से ज्यादा तकलीफदेने पर आमादा है। अभी जितनी महंगाई है उससे ही लोग की कमर टूट गई है। अब उस पर और जोर देने की तैयारी भाजपा सरकार कर रही है। त्योहारी सीजन में पेट्रोल,डीजल के साथ साथ रसोई गैस के दाम और ज्यादा बढ़ाए जा सकते हैं। सरकार को लग रहा है कि उपभोक्ता 1000 रूपये का सिलेंडर भी खरीद सकते हैं भाजपा की जन विरोधी नीतियों से पूरे देश में आक्रोश है भाजपा सरकार में आदिवासी मजदूर किसान नौजवान महिलाएं कोई भी वर्ग खुशहाल नहीं है। सरकार ने किसानों छात्रों व्यापारियों नौजवानों को धोखा दिया है। केवल उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाया है यूपी के विकास मे कमी है और महंगाई काफी बढ़ रही है। अब 2022 में साइकिल के आने पर ही खुशहाली व बदलाव आएगा किसानों की बदहाली का मजाक उड़ाते हुए सरकार किसान महोत्सव मना रही है। जन चौपाल को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक अविनाश कुशवाहा ने कहा कि लाखों किसान आज इकट्ठा हो रहे है क्योंकि उनके अधिकार छीने जा रहे हैं।



# परिजन करते रहे गिरफ्तारी की मांग, घायल ने तोड़ा दम

संवाददाता। रूरा

**गहोबा** गांव में मारपीट के बाद मजदूर की मौत की घटना में षनिवार रात सूचना पर पंहुची पुलिस ने घटनास्थल पर मुनेष को ग भीर हालत में खून से लथपथ देखकर उपचार के लिए भिजवाने का प्रयास किया लेकिन मुनेष के परिजनों ने आरोपियों की पहले गिरफ्तारी को लेकर जमकर हंगामा काटा व पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की जिसके चलते करीबआधा धण्टे तक मुनेष घटनास्थल पर तड़पता रहा ।थानाप्रभारी षषिभूषण मिश्र ने बताया कि घायल को उपचार के लिए भेजने का प्रयास किया गया लेकिन परिजन उस दौरान हंगामा काटते रहे जिससे मुनेष का काफी खून बह गया और उसकी कानपुर में इलाज के दौरान मौत हो गई ।

## मारपीट में युवक की गयी जान

**रूरा।** थानाक्षेत्र के गहोबा गांव में षनिवार रात हुई मारपीट की घटना में घायल युवक के पिता ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराईए वहीं देर रात युवक की कानपुर में इलाज के दौरान मौत हो गईए सुबह गांव पंहुची पुलिस ने घटना की जांचकर कार्रवाई षुरू की ।षनिवार की रात करीब साढ़े आठ बजे गांव के ही जगमोहन के परिवार व गांव के वर्ग के लोगों के बीच जमकर मारपीट हो गई जिसमें जगमोहन का पुत्र मुनेष ;30द्ध ग भीर रूप से घायल हो गया ।सूचना पर पंहुची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल भिजवाया जहां से उसे कानपुर हैलट रेफर किया गया ।इसी दौरान घायल मुनेष के पिता जगमोहन ने गांव के दर्जन भर लोगों के खिलाफ मारपीट कर घायल करने व पथराव करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई।मुनेष के पिता जगमोहन ने पुलिस को बताया कि मुनेष मजदूरी से लौटकर घर आया था और मवेषियों को चारा डाल रहा था इसी दौरान गांव के रामनरेषए तेजधारीए सुखरामए छोटेए राजूए मनीतए मनोजए राजू सरजीतए मुनुआ व तीन से चार अज्ञात लोगों ने पंहुचकर उसके साथ मारपीट की व घर में पथराव भी किया।वहीं देर रात मुनेष की कानपुर हैलट में उपचार के दौरान मौत हो गई । पुलिस को कानपुर पोसटमार्टम के लिए भेजा गया ।सूचना पर रविवार की सुबह गांव पंहुची पुलिस ने घटनास्थल पंहुचकर मामले की जांच पड़ताल की।थाना प्रभारी षषिभूषण मिश्र ने बताया कि आरोपित फरार हैं उनकी तलाष की जा रही है।

## पीडि़त पक्ष ने कई बार ग्रामीणों पर दर्ज करवाया है दलित उत्पीडन का मुकदमा

**रूरा ।** गहोबा गांव निवासी जगमोहन व उसके पुत्रों विजय व मुनेष ने दो वर्षों में गांव के करीब एक दर्जन लोगों के खिलाफ अलग अलग तीन बार एससीएसटी एक्ट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया था ।जिससे गांव के काफी लोग इस परिवार खुन्नस खाए बैठे थे ।

# सांड के हमले से बैल व दो बछड़ों की मौत

● कान्हा गौशाला का मामला, एसडीएम के आदेश के बावजूद मारू सांडों को रखने के लिए नहीं कराई गई अलग बैरीकेडिंग

संवाददाता। पाटन

**नपं** भगवंतनगर स्थित कान्हा गोशाला में सांडों के हमले में फिर एक बैल व दो बछड़ों की मौत हो गयी। इतना ही नहीं चारा डालते समय गोशाला कर्मी पर भी सांडों ने हमले का प्रयास किया। साथी कर्मचारी ने किसी तरह उसे बचाया। यहाँ एसडीएम के आदेश के बावजूद अब तक मारू सांडों के लिए टीन शेड व बैरिकेडिंग नहीं करवाई गई है। भगवंतनगर स्थित कान्हा गोशाला का बुरा हाल है। 200 की क्षमता वाली इस गोशाला में शनिवार रात आसपास के किसानों द्वारा जबरन करीब आधा सैकड़ा गोवंश बंद किये जाने के बाद यहाँ 255 संख्या पंहुच गयी है। नपं द्वारा एसडीएम के आदेश का बावजूद दो तीन शेड की बैरिकेडिंग न करवाये जाने से मारू सांडों का आतंक यहाँ जारी है। बीते 24 घंटे में यहाँ सांडों के हमले से दो बछड़े और एक बैल की मौत हो गयी है। जबकि शनिवार शाम गोशाला की चरही में भूसा डालने के लिए जा रहे एक गोशाला कर्मी रामू पर भी सांडों ने हमले का प्रयास किया। हालांकि साथ काम कर रहे कर्मी बउवा धानुक ने मोर्चा संभालकर उसे बचा लिया। गोशाला में गौवंशियों की बढ़ती जा रही संख्या के सापेक्ष कर्मचारी न बढ़ाये जाने और मारू सांडों को रोकने के लिए बैरिकेडिंग न कराए जाने से दोनों कर्मी भयभीत हैं। ईओ राजाराम ने बताया कि बैरिकेडिंग कार्य तथा कर्मचारी अतिशीघ्र बढ़ाए जाएंगे।

## क्विक न्यूज

### बसपा नेता अनुपम दुबे पर एनएसए तामील

**फर्रुखाबाद।** बसपा नेता अनुपम दुबे को अब लम्बे समय तक जेल की सलाखों के पीछे रहना होगा। मैनपुरी जेल में इंस्पेक्टर व ठेकेदार हत्याकांड में निरुद्ध अनुपम को रासुका तामिल करा दी। वही पुलिस की उनके गुर्गों पर भी नजर टेड़ी हो गयी है।कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कसरट्टा निवासी बसपा नेता अनुपम दुबे 26 वर्ष पुराने इंस्पेक्टर रामनिवास यादव और ठेकेदार शमीम की हत्या के मुकदमे में जनपद मैनपुरी कारागार में निरुद्ध है। उनके जेल जाने के बाद पुलिस नें दो और मुकदमें उनके ऊपर दर्ज किये थे। जिसमे एक मुकदमा कन्नौज के छिबरामऊ थाना क्षेत्र के बस्तीराम निवासी राजेश सिंह चौहान ने धमकी देनें व मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र के गांव नकटपुर निवासी रक्षपाल सिंह यादव नें भी एक मुकदमा दर्ज कराया था। वह बीते दो अगस्त को जिला जेल फतेहगढ़ से मैनपुरी जेल भेजा गया था। रविवार को फतेहगढ़ कोतवाल जेपी पाल नें मैनपुरी जेल जाकर अनुपम को रासुका तामील करा दी। प्रभारी निरीक्षक जेपी पाल नें बताया कि राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) का मुकदमा दर्ज हो रहा है।

### महिला से पार किये 94 हजार रूपये

**पुखरायां। कानपुर देहात** सिकंदरा थाना क्षेत्र के दोहरापुर गांव मे खुली बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक कर्मियों द्वारा उसी गांव की असहाय विधवा महिला के खाते से हेराफेरी कर ?94000 रुपए पार कर दिए जाने की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की गई है। मामले में जांच के निर्देश दिए गए हैं दोहरापुर गांव निवासिनी स्वर्गीय जगन्नाथ की पत्नी रानी देवी ने पुलिस अधीक्षक से लिखित शिकायत दर्ज कर आरोप लगाया है कि गांव में ही बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की शाखा संचालित है इसी बैंक शाखा में उसका खाता है महिला का आरोप है कि बैंक कर्मियों द्वारा उससे आधार कार्ड दोबारा से लगाए जाने नाम पर मंगाया गया था उसी दौरान बीते 12 अगस्त से 15 अगस्त के बीच उसके खाते से ?94000 की हेरा फेरी कर बैंक कर्मियों द्वारा हड़प लिए गए हैं महिला का यह भी आरोप है कि बैंक कर्मी पीड़िता के खाते से बीस हजार रुपए की हेरा फेरी पूर्व में भी कर चुके हैं इसके लिए वह कई बार विभागीय अधिकारियों पुलिस विभाग के चक्कर काटने को मजबूर है मामले की शिकायत पर पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस कर्मियों को जांच के निर्देश दिए गए हैं थाना अध्यक्ष विद्यासागर सिंह ने बताया कि महिला की शिकायत पर जांच कराई जा रही है जांच के उपरांत कार्यवाही की जाएगी

### सर्पदंश से 3 महिलाओं की जान गई

**फतेहपुर।** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अन्तर्गत जहरीले सर्प के डसने से तीन महिलाओं की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार असोथर थाना क्षेत्र के कठौता गांव निवासी रामकृपाल की 65 वर्षीय पत्नी गुजरियां देवी खेत में चारा काटने गयी थी तभी जहरीले सर्प के काटने से मौत हो गयी वहीं बकेवर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर पोही गांव निवासी शिवमोहन की 26 वर्षीय पत्नी मैना देवी खेत में काम कर रही थी तभी सर्प ने उसे डस लिया जिससे उसकी मौत हो गयी। इसी प्रकार धाता थाना क्षेत्र के गोविन्दपुर गांव निवासी बीरन की 45 वर्षीय पत्नी कलावती को 7 सितम्बर को खेत में काम करते समय जहरीले सर्प ने डस लिया जिसे परिजन कौशाम्बी जनपद के सरकारी अस्पताल में भर्ती कर इलाज करा रहे थे हालत ठीक न होने पर इलाहाबाद के लिये रेफर करवा लिया जहां उपचार दौरान महिला ने दम तोड़ दिया। परिजन शव लेकर गांव चले आये वहीं सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों शवों को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया है। हादसे के बाद तीनों परिजनों में कोहराम मच गया है।

### संदिग्ध हालात में किशोरी ने खाया जहर, मौत

**फतेहपुर।** हथगांव थाना क्षेत्र के ग्राम कूधाकन्नई में बीती रात संदिग्ध परिस्थितियों में 16 वर्षीय किशोरी ने जहरीला पदार्थ खा लिया जिसे उपचार के लिये जिला चिकित्सालय लाया गया जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन शव लेकर वापस गांव चले गये। जानकारी के अनुसार कूधाकन्नई गांव निवासी गोवर्धन की पुत्री सीता देवी ने रविवार की देर रात संदिग्ध अवस्था में जहरीला पदार्थ खा लिया कुछ समय बाद जब उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजन उसे तत्काल सरकारी एम्बुलेंस द्वारा उपचार के लिये जिला चिकित्सालय लाये जहां इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुन परिजन पोस्टमार्टम न कराने के कारण शव लेकर वापस अपने घर चले गये।

### नकबजनी का प्रयास कर रहा युवक गिरफ्तार

**पाटन।** बिहार थाना पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से ज्वैलर्स की दुकान में नकबजनी का प्रयास कर रहे युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किया गया मुलजिम हसनगंज थाना क्षेत्र का रहने वाला है। एसएचओ हरिओम श्रीवास्तव ने बताया कि बीती रात पुलिस टीम व मोहकमगंजए पाटन के ग्रामवालसयों की मदद से नकबजनी कर चोरी करने का प्रयास कर रहे अभियुक्त धीरज कुमार मौर्य निवासी चककुसहरी थाना हसनगंज को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। वह रात 1 बजे ग्राम मोहकमगंज स्थित माँ दुर्गा ज्वैलर्स की दकुान में अपने साथियों के साथ नकबजनी कर चोरी करने का प्रयास कर रहा था। खटपट की आवाज सुनकर दुकान स्वामी दीप प्रकाश ने शोर मचाया तथा पुलिस को सूचित किया। मौके पर गाँव के काफी लोग इकट्ठा होकर व पुलिस के सहयोग से धीरज को दौडाकर पकड लिया। इस दौरान अंधेरे का लाभ उठाकर उसके अन्य साथी मौके से भाग गए। धीरज के पास से काफी मात्रा में उपकरण बरामद हुए है। ग्रामवासियों की तहरीर पर पुलिस ने धीरज कुमार को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा है। एसएचओ ने अभियुक्त को रिमांड पर लेकर उसके साथियों तथा अब तक घटित की गई अन्य घटनाओं की जानकारी लिए जाने की बात कही ।

### इलाज के आभाव में मौत का आरोप

**फर्रुखाबाद।** ससुराल में महिला की अचानक मौत हो गयी। परिजनों नें ससुरालीजनों पर इलाज के आभाव में मौत होनें का आरोप लगाया। पुलिस नें शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।थाना क्षेत्र के ग्राम लीलापुर निवासी 27 वर्षीय रामकली उर्फ छाया पत्नी पुष्पेन्द्र राठौर का विवाह 10 वर्ष पूर्व हुआ था। रामकली का मायका जिजौटा पहाड़पुर कम्पिल में है। रविवार को उसकी ससुराल में मौत हो गयी। सूचना मिलने पर मायके से पिता कैलाश भाई प्रतिम सिंह व बीनू मौके पर पंहुचे। उन्होंने बताया कि बीते एक माह पूर्व ही रामकली नें एक पुत्र को जन्म दिया था। जिसके बाद उसकी हालत खराब होनें लगी। ससुराल वालों के इलाज ना करानें के चलते उसकी मौत हो गयी। मृतका के दो पुत्र व एक पुत्री है। सूचना पर हल्का इंचार्ज राजेश यादव मौके पर आ गये। उन्होंने जाँच के बाद शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मृतका के भाई प्रीतम नें पुलिस को बहनोंई पुष्पेन्द्र उसके छोटे भाई धीरेन्द्र, नन्हे, सास बिटोली, ससुर हरी आदि के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस जाँच कर रही है।हल्का इंचार्ज नें बताया कि इलाज ना होनें के आभाव में मौत का आरोप लगा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। जाँच की जा रही है।

### शव की अभी नहीं हो पाई शिनाख्त

**गाजीपुर ( फतेहपुर )।** थाना क्षेत्र के चकसकरन गांव में नहर किनारे धान के खेत मे 03 दिन पूर्व 22 वर्षीय युवती के मिले हत्यायुक्त शव की शिनाख्त अभी तक नही हो पायी है। शव के पास बरामद कपड़ों के कैरी बैग में अंसारी रोड बुलंदशहर लिखा है तथा पेन से बैग में मिथलेश लिखा है। पुलिस शिनाख्त के प्रयास में जुटी है। गाजीपुर थाना प्रभारी नीरज यादव ने बताया कि जनपद समेत आस-पास के जनपदों से सम्पर्क किया गया है। मृतका की फोटो व हुलिया भेज दिया है। थाना प्रभारी ने लोगों से मृतका की शिनाख्त में मदद करने की अपील की है। साथ ही कहा कि यदि किसी को इस सम्बंध में कोई जानकारी मिले तो मोबाइल पर सम्पर्क करने की बात कही है।

# एसडीएम से शिकायत करने के बाद भी कोटेदार नहीं दे रहा राशन

● कोटेदार की मनमानी से चलते परेशान हुए ग्रामीण

संवाददाता। पुखरायां कानपुर देहात

**इतना** ही राशन मिलेगा जाओ जहां जाना है... ये शब्द है कोटेदार के जो उत्तर प्रदेश के कानपुर देहात के भोगनीपुर मे राशन लेने गई ग्रामीण महिला को कोटेदार ने ये कह कर भगा दिया की तुमको जहां जाना है जाओ मेरा कोई कुछ नही कर सकता । हुआ यूं की एक विधवा महिला रेखा जो की राशन लेने गई जिसपर कोटेदार हरि ओम गुप्ता राशन कम देने पर उसने कोटेदार से कहा की जितनी यूनिट राशन मिलना है उससे कम राशन क्यो दे रहो इस पर कोटेदार हरि ओम गुप्ता के व्दारा कथन किया गया की जितना दे रहे है उतना लो नही नही तो वो भी नही मिलेगा । इस पर ग्रमीण महिला रेखा ने अधिकारियों से शिकायत करने को कहा तो कोटे दार कहने लगे की जहां जाना है जाओ पीड़ित महिला ने एसडीएम भोगनीपुर से इस मामले की शिकायत की उसके बावजूद अभी तक कोटेदार हरि ओम गुप्ता के ऊपर अभी तक कोई कार्यवाही नही की गई। जब की कोटेदार जयनारायण ग्रामीण लोगो को धमकी दे रहे है। क्या कानपुर देहात का प्रशासन इतना कामजोर हो गया है जो एक मामूली सा कोटेदार एसडीएम पर भारी पड़ रहा है। जबकि एसडीएम ने 22४09४21 को पूर्ति निरीक्षक को जांच के आदेश दिये जाने पर भी निरीक्षक महोदय व्दारा अभी तक कोई कार्यवाही नही की गई। भोगनीपुर तहसील क्षेत्र में ना केवल अमरौधा मलासा बल्कि कई गांव में भी कोटेदार प्रति यूनिट 4 किलो ही राशन दे रहे हैं। उपभोक्ताओं ने इसकी कई बार शिकायतें तहसील दिवस में भी की लेकिन एक भी शिकायत पर कार्रवाई नहीं हुई । ना तो कोटा बर्खास्त किया गया ।ले नामित किया गया जबकि जांच सही पाई गई है जिला स्तर पर आई भी क्रास चेकिंग में भी कई कोटेदारों के कांटे भी कम मात्रा में अनाज देने के लिए बंधे हुए । कितने भी जांच सही पाई जाती हैं फिर भी राशन कोटेदार दलालों के माध्यम से पूर्ति निरीक्षक वा उप जिलाधिकारी को बांध लेते हैं उनकी सेवा कर जांच खत्म करवा लेते हैं ।तहसील के तो एक अधिकारी ही पूरे तहसील में जन.जन में घूस लेने के लिए मशहूर है । ना केवल फरियादी ना केवल अधिवक्ता ही नहीं उनके मुंशी व प्राइवेट स्टांप वेंडर तथा टाइपराइटर भी भ्रष्ट अधिकारी की रात दिन बातें करते हुए नहीं थक रहे हैं ।

# आबकारी विभाग की छापेमारी से कच्ची शराब माफियाओं के हौसले हुए पस्त

● स्थानीय निवासियों को विभाग की ओर से किया गया जागरूक

संवापददाता। उन्नाव

**जनपद** में अवैध कच्ची शराब कारोबारियों की नींव हिलाने में आबकारी विभाग कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहा है। अवैध कच्ची शराब कारोबारियों पर निरंतर विभाग की ओर से छापेमार कार्यवाही की जा रही है। जिसके बेहतर परिणाम भी सामने आ रहे हैं। आबकारी निरीक्षक लगातार अपने अपने क्षेत्रों में कच्ची शराब को लेकर अभियान चला रहे हैं। जिससे अवैध कच्ची शराब कारोबारियों के हौसले पस्त नजर आ रहे हैं। विभाग की छापेमार कार्यवाही में कच्ची अवैध शराब तो बरामद हो ही रही है। वहीं लहन भी नष्ट किया जा रहा है। जिला आबकारी अधिकारी करुणेंद्र सिंह ने चार्ज संभालने के बाद से जिले भर में अवैध कच्ची शराब कारोबारियों पर अभियान चलाने के निर्देश अधीनस्थ आबकारी निरीक्षकों को दे रखा है।

रविवार आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 5 प्रदीप कुमार मौर्यए राजेश प्रताप सिंह आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 4 पुरवाए मय आबकारी सिपाहियों सहित व थाना असोहा के स्टाफ के साथ मिलकर थाना असोहा में ग्राम सोहोए रामनगरए तालाब व नदी किनारे एवम टेडवा में दबिश के दौरान लगभग 40 लीटर कच्ची शराब बरामद करते हुए नियमानुसार 02 अभियोग पंजीकृत कराये। इस दौरान लगभग 600 किलोग्राम लहन व 2 भट्टी नष्ट की गई। मौके पर रामकिसुन पुत्र स्व0 रम्पत निवासी सोहोए गुड़िया पत्नी भोला शंकर निवासी टेडवा को गिरफ्तार कर थाना असोहा में अभियोग पंजीकृत कराया गया।साथ ही अवैध शराब के सेवन से होनेवाली जनहानियों से स्थानीय निवासियों को अवगत कराते हुवे जागरूक किया गया।इसी के साथ असोहा देशीए असोहा विदेशीए असोहा बियरए कालूखेड़ा विदेशी शराब क़ी दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। सीसीटीवी कैमराए समुचित साफ सफाई व निर्धारित समयनुसार ही बिक्री हो आदि के लिए विक्रेता व अनुज्ञापी को निर्देशित किया गया।

# संक्रामक बीमारी के चलते महिला की मौत

संवाददाता पुखरायां। कानपुर देहात

**सिकंदरा** तहसील क्षेत्र के कांधी ग्राम पंचायत के मजरा रामपुरा गांव में 1 सप्ताह पूर्व से फैली संक्रामक बुखार से लोग पीड़ित हैं बीती गुरुवार रात्रि एक वृद्ध महिला की बुखार से मौत भी हो चुकी है 1 दर्जन से अधिक लोग अभी भी बीमारी की चपेट में है रविवार को राजपुर पीएचसी प्रभारी के निर्देशन में स्वास्थ्य टीम ने पहुंचकर मरीजों की स्वास्थ्य जांच किए जाने के साथ ही निशुल्क दवाई का वितरण कराया कई मरीजों रक्त जांच सैंपलिंग कराई गई लोगों को बीमारी से बचाव हेतु स्वच्छता अपनाए जाने पर विशेष जोर दिया गया है रामपुरा गांव में बुखार जैसी जैसी संक्रामक बीमारी थमने का नाम नहीं ले रही है बीते गुरुवार रात्रि यहां बुखार से बीमार हुयी वृद्ध स्वर्गीय राजबहादुर की पत्नी भूरी देवी की मौत हो गई थी सूचना पर स्वास्थ्य टीम ने गांव पहुंचकर मरीजों का उपचार शुरू किया था लेकिन बीमारी थमने का नाम नहीं ले रही है गांव में अभी भी 1 दर्जन से अधिक लोग बीमारी की चपेट में है रविवार को भी गांव में पहुंची स्वास्थ्य टीम ने बुखार से पीड़ित 24 मरीजों का उपचार किया जिसमें 14 मरीजों की रक्त जांच सैंपलिंग कराई गई सभी को निशुल्क दवाई वितरण कराए जाने के साथ गंदगी भरी नालियों के आसपास डीडीटी कीटनाशक छिड़काव कराया गया स स्वास्थ्य टीम के चिकित्सक डॉक्टर सलिल सचान ने मरीजों को उपचार के दौरान बीमारी से बचाव हेतु बताया कि खानपान का विशेष ध्यान रखें रात्रि का बचा हुआ खाना बिल्कुल ना खाएं आने से पहले हाथों को साबुन से धुले रहने बैठने का का स्थान साफ रखें मच्छरों से बचाव के लिए मच्छरदानी का प्रयोग करें।

## समिति ने की दिव्यांग पेंशन बढ़ाने की मांग

**बिंदकी ( फतेहपुर )।** नगर के राजकीय बस स्टॉप परिसर में अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद दिव्यांग कल्याण समिति की एक बैठक हुई। जिसमें समिति के अध्यक्ष जितेंद्र मिश्र उर्फ अष्टावक्र ने कहा कि वर्तमान समय में दिव्यांग को महज 500 प्रति माह मासिक पेंशन मिल रही है। इतनी कम पेंशन पर्याप्त नहीं है इसलिए कम से कम 3000 प्रतिमाह पेंशन की जाए। बैठक में रोडवेज बस स्टॉप के जीर्णोद्धार, जर्जर सडक के मरम्मतीकरण की मांग की गई। बताया कि जर्जर सडक के कारण पैदल निकलना मुश्किल है। खासकर दिव्यांग सडक से नहीं चल पा रहे हैं। इतना ही नहीं मांग की गई कि बरसात के कारण जो भी कच्चे घर गिरे हैं। खासकर दिव्यांगों को जल्द आवास मुहैया कराए जाए। इसके अलावा 11 वर्ष से अधूरे पडे बिंदकी बाईपास को जल्द बनवाने की मांग की गई। बैठक में आरती गुप्ता, किशनपाल, रामबाबू, आदि मौजूद रहे।

# लूट के मुकदमे में वादी को पुलिस नें बैठाया, परिजनों ने दिया धरना

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**लूट** के मुकदमें में एक आरोपी को दबोचनें के साथ ही पुलिस नें मुकदमें के वादी को ही बंदी बना लिया। जिससे नाखुश उसके परिजन सड़क पर धरना देनें बैठ गये। पुलिस नें लगभग दो घंटे बाद उन्हें सड़क से उठाकर थानें पंहुचाया।दरअसल थाना शमसाबाद क्षेत्र के मोहल्ला ईमली दरवाजा निवासी शमी अहमद पुत्र शकील अहमद नें शहर कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर जानकारी दी कि बीते 25 सितंबर को शाम लगभग 9रू30 बजे वह फर्रुखाबाद से अपने घर जा रहा था, उसी दौरान नाला मछरट्टा तिराहे के निकट दीपक उर्फ वसन्त पुत्र श्यामलाल निवासी नाला मछरट्टा, अमित उर्फ लाला (कचौड़ी) पुत्र पप्पू निवासी दरीवा पश्चिम आ गये। आरोप है कि उन्होंने जेब में हाथ डालकर 17 हजार रूपये लूट लिए और फरार हो गये। पुलिस नें दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।वहीं पुलिस नें शक के आधार पर मुकदमें में वादी शमी को भी कोतवाली में बिठा लिया। इसकी भनक जब उसके परिजनों को लगी तो शमी की माँ शाहनाज, 12 वर्षीय बेटी चांदनी व 25 वर्षीय उजमा के साथ लाल दरवाजे पोस्ट आफिस के सामने सड़क पर धरनें पर बैठ गयी। जिसके बाद घुमना चौकी इंचार चन्द्र प्रकाश तिवारी, नखास चौकी इंचार्ज वि॥ सागर तिवारी आदि आ गये। उन्होंने परिजनों को समझानें का प्रयास कर कोतवाली में बैठे वादी शमी को मौके पर बुला लिया। काफी समझाने के बाद परिजन हटे, पुलिस उन्हें कोतवाली ले आयी।

## आत्मदाह का प्रयास

**फर्रुखाबाद।** जनपद कानपुर के कौशलपुर निवासी भावना राजानी पत्नी संतोष कुमार नें रविवार को दोपहर शहर के मोहल्ला पक्का पुल निवासी अपने भाई किशन लाल श्यामबानी पुत्र मन्नू मल श्याम बानी के घर आकर हंगामा शुरू किया। उसके साथ उनके कुछ परिजन भी थे। उन्होंने उसे बचाने का प्रयास नही किया।

# साइबर ठग ने खाते से उड़ा दिए रुपये

**बांगरमऊ उन्नाव।** अज्ञात साइबर ठग ने प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थी को झांसे में लेकर उससे ओटीपी नंबर पूछ लिया। बाद में ठग ने लाभार्थी के खाते से 1 लाख 24 हजार रुपए किसी अन्य खाते में स्थानांतरित कर लिए। भुक्तभोगी ने घटना की तहरीर कोतवाली तथा साइबर सेल उन्नाव मे दी है। नगर के मोहल्ला न्यू कटरा निवासी प्रमोद कुमार पुत्र हृदय नारायण प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी का लाभार्थी है। कुछ ही दिन पूर्व लाभार्थी के आवास की दूसरी किस्त एक लाख 50 हजार रुपए नगर के एयरटेल पेमेंट बैंक स्थित खाते में आये थे । बीते 23 सितंबर को लाभार्थी ने अपने खाते से नगर के ओवैसी ट्रेडर्स एयरटेल डिस्ट्रीब्यूटर अल्ताफ हुसैन के जरिए 25 हजार रुपए आहरित किये थे । अगले दिन लाभार्थी पुनः पैसा निकालने गया। लेकिन डिस्ट्रीब्यूटर ने बताया कि अब अगले महीने पैसा निकल सकता है। इसलिए वह वापस अपने घर आ गया। साइबर ठग ने झांसा देकर उसके मोबाइल सेट पर आया ओटीपी नंबर पूछ लिया।

# वर्तमान में पत्रकारिता कांटों भरा ताज: डा. तसलीम रहमानी

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**रविवार** को आवास- विकास स्थित कृष्णा देवी बालिका पी.जी. कॉलेज की सभागार में प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एसोसिएशन का चौथा स्थापना दिवस वर्षगांठ कार्यक्रम काफी धूमधाम से एवं हर्षोल्लास से मनाया गया,। जिसमें, लखनऊ, दिल्ली, नोएडा आदि स्थानों से आए वरिष्ठ पत्रकारों ने अपने उद्बोधन में जिले के पत्रकारों से कहा कि वर्तमान में पत्रकारिता कांटो भरा ताज है, यही नहीं पत्रकारिता का 300 वर्ष पुराना इतिहास रहा है पत्रकारों ने अंग्रेजो के खिलाफ आजादी के लिए अपनी कलम से सच्चा संघर्ष किया है तभी हमारा भारत आजादी की छांव में जी रहा है ।



स्थापना दिवस वर्षगांठ कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि जिले की सीडीओ अरुण मोली, अपर पुलिस अधीक्षक अजय प्रताप सिंह, एसडीएम अनिल कुमार, डॉक्टर तस्लीम रहमानी, शंभूनाथ शुक्ला, अनिल महेश्वरी, बीके अवस्थी, एवं प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय सिंह कुशवाहा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की । वही कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ समाजसेवी एवं पत्रकार अनिल मिश्रा द्वारा बड़े ही अच्छे अंदाज में किया गया, कार्यक्रम में प्रतिभाग करने आए जिले के सभी तहसीलों ब्लॉक को के पत्रकारों को संबोधित करते हुए वरिष्ठ पत्रकार सर्वेंद्र अवस्थी और इंदु रेखा कि वर्तमान में पत्रकारों को निष्पक्षता के साथ धैर्य के साथ पत्रकारिता करनी होगी और प्रशासन और पुलिस द्वारा पत्रकारों के साथ भेदभाव पूर्ण व्यवहार किया जाता है। यह है गलत है और हमें एकता के साथ इसका पुरजोर विरोध करना होगा,।

इसी क्रम में एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार चंद्रप्रकाश दीक्षित ने कहा कि पत्रकारों को वक्त के साथ-साथ अपने आप को अपडेट रखना होगा और एकता के साथ अपनी लड़ाई लड़नी होगी राजेश श्रीवास्तव में कहा कि जिले के पत्रकारों को एक सूत्र में बंद कर कार्य करना होगा । तभी यह लड़ाई जीती जा सकती है। इसी क्रम में स्वतंत्र पत्रकार एवं फोटोग्राफर रविंद्र भदोरिया ने कहा जिले के पत्रकारों को निष्पक्षता एवं धैर्य के साथ पत्रकारिता को अंजाम देना चाहिए और समय के साथ साथ हम सभी को आपसी मतभेद भुलाकर एक सूत्र में रहना होगा,।

दिल्ली से आए पत्रकार अब्दुल कयूम ने सर्वप्रथम पत्रकारों को शुभकामनाएं देते हुए कहा की पत्रकारिता वर्तमान में न्यूनतम शिखर पर जा पहुंची है पत्रकार साथियों की रक्षा भी हम नहीं कर सकते हैं । यह बड़ी चिंता का विषय है ।अगर कोई पत्रकार सच्ची घटना को उजागर करता है तो उसके ऊपर पुलिस एवं प्रशासन द्वारा झूठे मुकदमे मारपीट एवं दबाव बनाया जाता है वही जो लोग पत्रकारिता के नाम पर व्यवसाय कर लाशों के ढेर पर चलकर अपनी इमारत खड़ी करते हैं । ऐसे पत्रकारों से पत्रकार समाज को सावधान रहना चाहिए हमें एकता में रहने की जरूरत है,। इसी क्रम में पत्रकार रामदास सागर आभास मिश्रा सहित दर्जनों पत्रकारों ने अपने अपने विचार व्यक्त किए । एटा से आए पत्रकार विशन पाल सिंह ने कहा कि पहले पत्रकार बिना कैमरे के सादा रूप में पत्रकारिता करते थे लेकिन वर्तमान में मोबाइल से पत्रकारिता कर रहे हैं। पत्रकारिता में आर्थिक स्थिति काफी कमजोर हो जाती है क्योंकि आजकल विज्ञापन भी नाममात्र मिलता है हम लोग बिना प्रमाण के कुछ नहीं लिख सकते हैं ।पत्रकार सच्ची घटना प्रकाशित करते हैं लेकिन पुलिस व राजनेता उस पर राजनीति करते हैं सोशल मीडिया पर सरकार शिकंजा कस रही है । इसी क्रम में सपा नेता करण सिंह ने कहा कि पहले तो मैं एसोसिएशन को धन्यवाद देता हूं और कहा की पत्रकारिता की ताकत वह होती है जो सत्ता को भी पलट सकती है लेकिन वर्तमान कि सरकार में आम जनता की एक नहीं सुनी जा रही है ।

वही पत्रकार सरकार को भी जागरूक करने का काम करते हैं और आम जनता की आवाज बनकर निष्पक्ष पत्रकारिता कर उनकी आवाज सरकार तक पहुंचाते हैं पत्रकारों को मजबूत रहकर पत्रकारिता करनी होगी ।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित।
स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

पायनियर
लखनऊ, सोमवार, 27 सितम्बर, 2021



# बाइक लूट गैंग का पर्दाफाश

**संवाददाता।** टाण्डा, अम्बेडकरनगर।

**बाइक लूट गैंग** का पर्दाफश करते हुए अलीगंज पुलिस ने एक अभियुक्त को अवैध तमंचा कारतूस व दो बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया है। अलीगंज थानाक्षेत्र के सम्हारिया गाँव के हाइवे पर गत 22 सितम्बर की रात्रि में अवैध तमंचा के बल पर बाइक संख्या यूपी 32 एमएफ6004 को अज्ञात बदमाशों ने लूट लिया था जिसकी जानकारी होने पर पुलिस ने धारा 379 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना शुरू किया और मुकदमे को लूट की धाराओं में तरमीम कर दिया।

पुलिस कप्तान आलोक प्रियदर्शी के निर्देश पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमें अलीगंज पुलिस को सफ्लता हाथ लगी। अलीगंज थानाध्यक्ष नागेंद्र सरोज ने बताया कि वे सम्हारिया में अपने साथ वरिष्ठ उपनिरीक्षक हीरा लाल यादव कांस्टेबल सूरज कुमार, हरसोविन्द व विजय शंकर यादव के साथ चेकिंग कर रहे थे कि संदिग्ध रूप से बस्ती की तरफसे आ



## तमंचा, कारतूस व बाइक के साथ एक लुटेरा गिरफ्तार

रहे बजाज प्लेटिना चालक को रोका तो उसके पास वैध कागजात नहीं मिले और जामा तलाशी में एक अवैध तमंचा व दो ज़िंदा कारतूस भी बरमाद हुआ। अभियुक्त का नाम लड्डू उर्फ शैलेश यादव पुत्र राम जगत निवासी छोटी पैकोलिया कोतवाली टाण्डा है जिसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त उसके घर से एक टीवीएस बाइक भी बरामद की गई। गिरफ्तार अभियुक्त ने अपने साथियों का नाम रामकुमार पुत्र राम सकल, चन्दन पुत्र राधेश्याम व सोनू पुत्र राम किशोर समस्त निवासीगण छोटी पैकोलिया कोतवाली टाण्डा बताया।उक्त बाइक बस्ती जनपद के कलवारी थाना से गत 18 सितम्बर को लूट की गई थी जिस मामले में कलवारी पुलिस ने अलीगंज थाना के सम्हारिया से लूट की है बाइक यूपी 32 एमएफ6004 को 24 सितम्बर को बरामद करते हुए रामकुमार पुत्र राम सकल, चन्दन पुत्र राधेश्याम व सोनू पुत्र राम किशोर समस्य निवासीगण छोटी पैकोलिया कोतवाली टाण्डा को गिरफ्तार कर लिया था। बहरहाल 18 सितम्बर को कलवारी व 22 सितम्बर 2021 को अलीगंज थानाक्षेत्र में बाइक लूट करने वाले गैंग का पर्दाफाश पुलिस ने कर दिया है तथा कलवारी पुलिस ने तीन व अलीगंज पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है।

## मांस तस्करी के आरोप में पुलिस अधीक्षक ने सिपाही को किया निलंबित

**अम्बेडकरनगर।** स्वाट टीम से लाइन हाजिर किया गया सिपाही पशु तस्करी में लिप्त होने के मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी आलोक प्रियदर्शी ने सिपाही को निलंबित करते हुए जांच थानाध्यक्ष बसखारी को दिया है। बीते दिनों पुलिस हिरासत में युवक की मौत मामले में एसपी आलोक प्रियदर्शी ने सख्त कार्रवाई करते हुए पूरी स्वाट टीम को लाइन हाजिर कर दिया था।घटना क्रम के दो वर्ष पूर्व बसखारी थाना क्षेत्र के किछौछा पुलिस चौकी में तैनात रहा सिपाही अमलेश यादव भी शामिल था। बताया जाता है कि वह स्वाट टीम में तैनाती के दौरान भी किछौछा पुलिस चौकी के सरकारी आवास में रहा करता था। लाइन हाजिर होने के बाद भी पुलिस लाइन में रहने की बजाश् वह इसी आवास में रह रहा था।चर्चा है कि इस बीच उसने पशु तस्करों की मदद करनी शुरू कर दी। इसमें कुछ स्थानीय नागरिक भी शामिल रहे। सिपाही होने का फ्यदा उठाते हुए अमलेश पर आरोप है कि वह अवैध कारोबार को बढ़ावा देने लगा। इसी बीच शनिवार को दोपहर यह खबर मिली कि सिपाही के आवास में बाइक खड़ी है, जिस पर प्रतिबंधित पशु मांस मौजूद है। यह खबर मिलते ही बसखारी पुलिस सक्रिय हो गई। नागरिकों का आक्रोश भड़कने न पाए इससे पहले एसओ श्रीनिवास पांडेय स्वयं भारी पुलिस बल लेकर किछौछा पुलिस चौकी पहुंच गए।

# नागरिकता समाप्त कर मुस्लिमों को वोटिंग से किया जाए वंचितः जगतगुरु परमहंस

● हिंदू राष्ट्र के लिए धर्म संसद का हुआ आयोजन 2 अक्टूबर को जगत गुरु परमहंस लेंगे जल समाधि



धर्म संसद में जगत गुरु परमहंस के साथ संत महंत

**अयोध्या।** वैष्णो नगरी अयोध्या से भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने के लिए संतो और सनातन धर्म को मानने वालों की आवाज बुलंद हो रही है और संतों का मानना है कि जब धर्म के आधार पर देश का बंटवारा हुआ तो भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करने में समस्या क्या है। अयोध्या राम घाट स्थित आचार्य पीठ तपस्वी छावनी में जगतगुरु परमहंस आचार्य की अध्यक्षता में संत सनातन धर्म संसद का आयोजन किया गया जिसमें संतो ने एक स्वर से भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने की मांग। धर्म संसद की अध्यक्षता करते हुए जगतगुरु परमहंस आचार्य ने कहा की अगर 2 अक्टूबर के पहले भारत को हिंदू राष्ट्र नहीं घोषित किया गया तो मैं दिन में 12 बजे मां सरयू के गोद में जल समाधि लूंगा। उन्होंने बताया की इसके पहले 1 अक्टूबर को 11 बजे दिन में धर्म संसद का आयोजन किया जाएगा जिसमें पूरे देश से हजारों हिंदू संगठन भाग लेंगे और भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करने की मांग राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री से करेंगे।

जगतगुरु ने कहा कि पाकिस्तान और बांग्लादेश मुस्लिम राष्ट्र हो सकते हैं जो हमारे देश भारत से अलग हुए हैं तो भारत हिंदू राष्ट्र क्यों नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि देश की सरकार है मौलवियों को पैसा देती हैं ऐसे में संतो को भी केंद्र सरकार ?100000 महीना दे और मठ मंदिरों की बिजली पानी की सप्लाई निशुल्क कर दे। उन्होंने कहा कि जहां मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र है वहां संतों और हिंदुओं को मारा जा रहा है प्रताड़ित किया जा रहा है ऐसे में देश को हिंदू राष्ट्र घोषित करके मुस्लिमों की नागरिकता और वोटिंग देने का अधिकार समाप्त कर देना चाहिए।

## एक ही व्यक्ति को कई बार दिया गया शौंचालय

**भीटी, अम्बेडकरनगर।** भीटी ब्लॉक में जितना भ्रष्टाचार हुआ है उसका अंदाजा नहीं लगाया जा सकता लगातार पीड़ित दफ्तर के चक्कर लगाते लगाते उनके पांव में छाले पड़ गये हैं लेकिन इसके बावजूद भी कोई जांच नहीं हो पा रही है। जांच के नाम पर आश्वासन दे दिया जाता और ना ही उन्हें न्याय मिल पा रहा है। कहीं एक ही व्यक्ति को ग्राम प्रधान व सचिव की मिलीभगत से एक पंचवर्षीय में कई बार शौचालय का लाभ दिया गया। कई ऐसे परिवारों को आवास का लाभ दे दिया गया जिनके पास पहले से मकान मौजूद है तथा जिन लोगों के पास रहने के लिए सही ढंग से छप्पर भी नसीब नहीं है उन्हें आवास के लाभ से वंचित किया गया है। ऐसे परिवार बारिश के मौसम में जिस तरह से गुजर बसर कर रहे हैं उसका हाल गरीब परिवार ही बता सकते हैं। भ्रष्टाचार से भीटी ब्लाक का पुराना नाता रहा है। सरकार की इतनी बड़ी महत्वकांक्षी योजना सार्वजनिक शौचालय पंचायत भवन का निर्माण अभी कई ग्राम सभाओं में पूरा ही नहीं हो सका है।

# कबड्डी चैम्पियनशिप का आयोजन



**अयोध्या।** सांसद कबड्डी चैम्पियनशिप के तहत डाभासेमर स्टेडियम में आयोजन किया गया। मसौधा ब्लॉक की 25 ग्रामसभाओं की टीमों ने प्रतिभाग किया। चैम्पियनशिप का उद्घाटन पूर्व विधायक रामू प्रियदर्शी व समापन उत्तर प्रदेश कबड्डी संघ के अध्यक्ष विकास सिंह ने किया। विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला पंचायत सदस्य गिरीश पांडेय डिप्पुलए जिला पंचायत सदस्य इंद्रभान सिंहए जिला महामंत्री भाजपा मनोज वर्मा ने किया। कार्यक्रम के समापन पर विजेताए उपविजेता टीमों को ट्रॉफीए स्पोर्ट्स किटए प्रमाण पत्र व प्रतिभाग करने वाली सभी टीमों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। फईनल में डाभासेमर ने 37 अंक प्राप्त करके जीत हासिल की। वहीं दूसरे नम्बर पर नजीरपुर को 14 अंक प्राप्त हुए। उत्तर प्रदेश कबड्डी संघ के अध्यक्ष विकास सिंह ने कहा कि खिलाड़ियों की प्रतिभाओं में निखार लाने हेतु उन्हें अपेक्षित अवसर प्रदान करने के लिए सरकार कटिबद्ध है। ग्रामीण क्षेत्रों में खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए इस तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन होना चाहिए।खेल हमारे जीवन का आवश्यक हिस्सा है। स्वस्थ्य शरीर व दिमाग को विकसित करने के लिए खेल महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में दर्शकों की मौजूदगी रही।

# अग्रहरि समाज को भी राजनीति में दी जाए प्राथमिकता

● अग्रहरि समाज के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष विदुप अग्रहरि को किया गया सम्मानित



कार्यक्रम में विधायक हर्ष के साथ विदुप अग्रहरी।

**प्रयागराज।** अग्रहरि समाज के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष विदुप अग्रहरि का आज अग्रहरि वैश्य समाज जिला इकाई द्वारा जिलाध्यक्ष विजय गुप्ता की अध्यक्षता में चांदी का मुकुट गदा भेंट कर भव्य अभिनंदन व स्वागत किया गया। श्याम भवन लाउडर रोड पर आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए विदुप अग्रहरि ने प्रतापगढ़ के सांसद और व्यापारी संगम लाल गुप्ता पर हुए जानलेवा हमले की कटु निन्दा करते हुए दोषियों को सख्त सजा देने की मांग की। विदुप अग्रहरि ने समाज को राजनीति में प्राथमिकता देने की सरकार से मांग की।

स्वागत समारोह के मुख्य अतिथि फ्तेहपुर विधायक विकास गुप्ता ने कहा कि विदुप अग्रहरि के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर अग्रहरि समाज को सामाजिक राजनीतिक और आर्थिक चेतना पैदा होना निश्चित है।

नगर उत्तरी विधायक हर्षवर्धन बाजपेयी जिला शासकीय अधिवक्ता गुलाब चन्द्र अग्रहरि व्यापारी नेता दुर्गा प्रसाद गुप्ता और पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शारदा अग्रहरि ने कहा कि अग्रहरि समाज एक विलक्षण प्रतिभा वाली है। किन्तु समाज में अपनी पहचान खो चुकी है। किन्तु विदुप अग्रहरि के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर इस समाज को पुन: पहचान मिलेगी यह विश्वास है। जिलाध्यक्ष विजय गुप्ता ने समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत करते हुए कहा कि अब हमें भी अग्रहरि समाज का होने का गौरव प्राप्त होने वाला है। स्वागत करने वालों में राम सखा अग्रहरि सुनील अग्रहरि विनय अग्रहरि खुशबू अग्रहरि साक्षी अग्रहरि आरती अग्रहरि उषा अग्रहरि संजीव अग्रहरि बीनू अग्रहरी बंसीलाल अग्रहरि धर्मेंद्र शिवप्रसाद जितेन कुमार ओम प्रकाश सोहन लाल अनिल सुधीर प्रकाश अमृतलाल शामिल रहे।

## क्विक न्यूज

### जीएम प्रमोद कुमार ने सारनाथ एक्सप्रेस में यात्रियों से की बातचीत

**प्रयागराज।** महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे प्रमोद कुमार ने आज सारनाथ एक्सप्रेस में यात्रा की और ट्रेन में साफ़सफ़ाई के संबंध में यात्रियों से फीडबैक लिया। स्टेशन और स्टेशन परिसर में स्वच्छता के संबंध में भी फीडबैक लिया। महाप्रबंधक मुख्य वाणिज्य प्रबंधक सी एंड पीएस एसपी वर्मा मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी डा शिवम शर्मा और वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक प्रयागराज विपिन कुमार के साथ स्लीपर और वातानुकूलित श्रेणी में यात्रा करने वाले यात्रियों के साथ बातचीत की। महाप्रबंधक ने ट्रेनों में स्वच्छता बनाए रखने की अपील करने के साथ स्वच्छता के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए ब्रोशर भी वितरित किए। लगभग 150 यात्रियों से बात कर फीडबैक लिया गया। अधिकांश यात्रियों ने स्वच्छता पर प्रसन्नता और संतोष व्यक्त किया और कहा कि हाल के वर्षों में स्टेशन परिसर की सफ़ाई में बहुत सुधार हुआ है। कुछ यात्रियों ने कुछ सुधार दिए जो आगे लागू किए जा सकते हैं। यात्रियों के साथ ट्रेन यात्रा शुरू करने से पहले महाप्रबंधक ने मानिकपुर स्टेशन का निरीक्षण किया और स्वच्छता पखवाड़ा के तहत वहां की सफ़ाई का जायजा लिया।

### वैश्विक दृष्टिकोण और टीम भावना से हो कार्य

**प्रयागराज।** दुनिया का सबसे तेजी से विकसित होता हुआ रियलमी ग्लोबल रैंकिंग्स में सर्वोच्च छह स्मार्टफोन वेंडर्स में से एक बन गया है। उद्योग में एक प्रतिष्ठित कंपनी के रूप में इस विकसित होते हुए ब्रांड ने केवल तीन साल में ही यह उपलब्धि हासिल कर ली। माधव शेठ वाईस प्रेसिडेंट रियलमी एवं चीफएक्ज़िक्यूटिव ऑफिसर रियलमी इंडिया व यूरोप ने कहा स्थापना युवाओं को किफायती मूल्य में बेहतरीन डिज़ाईन एवं शानदार परफॉर्मेंस वाले उत्पाद प्रदान करने के विश्वास के साथ हुई है। इसी कारण अब तक इतने सारे मानक स्थापित कर पाया। युवा व मजबूत टीम के सहयोग से हमने वैश्विक दृष्टिकोण रखते हुए मुख्य बाजारों में तीव्र वृद्धि की और नए बाजारों में तेजी से विकास किया। कंपनी के फाउंडर एवं चीफएक्ज़िक्यूटिव ऑफिसर स्काई ली ने अपने ओपन लैटर में कहा पिछले तीन सालों में हम एक नवजात शिशु से लेकर अब शेर के रूप में बड़े होकर आगे बढ़ रहे हैं। कंपनी की युवा टीम की औसत आयु उनतीस साल से कम है।

### रणजी ट्रॉफी ट्रायल के लिए अंशुल श्रीवास्तव का चयन



**अम्बेडकरनगर।** नगर के तमसा मार्ग निवासी अभय कुमार श्रीवास्तव के पुत्र अंशुल श्रीवास्तव जो की नगर के सी. बी. सिंह लॉ कॉलेज के बीए एलएलबी के छात्र हैं का चयन राज्यस्तरीय क्रिकेट ट्रायल के लिए अयोध्या मंडल स्तर पर हुआ है। उप्र क्रिकेट एसो. द्वारा अयोध्या में आयोजित राज्य स्तरीय क्रिकेट ट्रायल में बेहतर प्रदर्शन करने के बाद अंशुल ने ना केवल परिवार का मान बढ़ाया है बल्कि अम्बेडकरनगर जिले का भी नाम रोशन किया है। अभय श्रीवास्तव के पुत्र अंशुल श्रीवास्तव की रुचि बचपन से ही क्रिकेट में थी। बचपन से ही वे एक होनहार खिलाड़ी थे। इनका दूसरे चरण का चुनाव कानपुर में ग्रीन पार्क स्टेडियम में 26 सितंबर को होना है।

### सक्रियता के साथ सभी को करना होगा कार्य

**प्रयागराज।** लोग अब भारत की अग्रणी डिजिटल मनोरंजन कंपनी हंगामा द्वारा शुरू किए गए लाइफस्टाइल ब्रांड हंगामा हाई लाइफके साथ बेहतर मनोरंजन का आनंद उठा सकते हैं। इस रेंज में ब्लूटूथ हेडफोन सही मायने में वायरलेस ईयरबड्स नेकबैंड और ब्लूटूथ स्पीकर जैसे शरीर को सुख देने के लिए डिजाइन किए उपभोक्ता टेक्नालॉजी वाले उत्पाद मौजूद हैं। हर खरीदारी के साथ उपभोक्ताओं को हंगामा म्यूजिक और हंगामा प्ले हंगामा के म्यूजिक और वीडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म का सालाना सब्सक्रिप्शन भी मिलता है।

### राज्यस्तरीय योग प्रतियोगिता के लिए 24 खिलाड़ी चयनित

**अम्बेडकरनगर।** अंबेडकरनगर योग एसो. के तत्वाधान में 39 में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए रेडियन चिल्ड्रन एकेडमी में जिला स्तरीय योगा टीम चयन का आयोजन किया गया, 90 योगा खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। योगाचार्य डॉ विनय चौधरी, मंगेश कुमार मन, रजत मौर्य ने अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन किया। सचिव मंगेश कुमार ने बताया कि महाराजा सुहेलदेव मेमोरियल 39 राज्य स्तरीय प्रतियोगिता ऑफलाइन/ ऑनलाइन दोनों माध्यमों से ठाकुर हुकुम सिंह किसान पीजी कॉलेज बहराइच में 9 अक्टूबर से 15 अक्टूबर के बीच आयोजित की जाएगी। 10 से 12 वर्ष बालिका वर्ग में रिद्धियांशी त्रिपाठी, साक्षी पांडे, श्रीजा गुप्ता, सौम्या राज 12-14 वर्ष बालिका वर्ग में प्रगति, स्तुति सिंह, वैष्णवी सिंह, सफ़्रा फातिमा 12 से 14 वर्ष बालक वर्ग में ओमेश्वर, नैतिक तिवारी, उत्कर्ष पांडे, आर्यन दुबे 14 से 16 वर्ष बालिका वर्ग में मोनिका वर्मा, प्रिया तिवारी, शहेर मेहंदी, रिद्धि श्रीवास्तव, 14 से 16 वर्ष बालक वर्ग में सचिन, शगुन यादव, अभ्युदित, शिवांक, 16 से 18 वर्ष बालिका वर्ग में दीक्षा रैसभ जंकर व बालक वर्ग में अंकित पटेल तथा 21 से 25 वर्ष पुरुष वर्ग वर्ग में मन्नू चौहान, 30से 35 वर्ष मे शशिकला महिला वर्ग से जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी।

# रामलीला समितियों ने तय की रूपरेखा



**संवाददाता।** अयोध्या

**आगामी** रामलीला महोत्सव के संदर्भ में नगर की रामलीला समितिओं के पदाधिकारियों ने केन्द्रीय दुर्गापूजा एवं रामलीला समन्वय समिति के अध्यक्ष मनोज जायसवाल और अन्य पदाधिकारियो के साथ एडीएम नगर वैभव शर्मा एस पी सिटी विजय पाल सिंह सिटी मजिस्ट्रेट सत्येंद्र सिंह से मुलाकात किया और उनके समक्ष अपने रामलीला के कार्यक्रमों की रूप रेखा और उससे संबंधित समस्याओं को रखा।

बैठक में कोविड.19 नियमों का पालन करते हुए रामलीला रावण दहन और राजगद्दी का कार्यक्रम किस प्रकार से किया जाए इस विषय पर चर्चा हुई बैठक में केन्द्रीय समिति के सह संयोजक गगन जायसवाल पुलिस विभाग के समन्वयक जे एन चतुर्वेदी विदुत् विभाग के प्रमुख सुप्रीत कपूर चौक रामलीला के कन्हैया अग्रवाल साहबगंज रामलीला के अशोक सिंह कोठापार्चा रामलीला के सिधार्थ महान और आशीष महेंद्रा वजीरगंज जप्ती रामलीला के ऋषिकेश मौर्या हैदरगंज रामलीला के राजन गुप्ता और करम अली पुरवा के पार्षद संतोष सिंह उपस्थित रहे।

# अब गांव में भी बह रही है विकास की गंगाः वेद प्रकाश

● घर-घर जनसंपर्क कर सरकार की उपलब्धियों से अवगत कराया ●मडना में चार बूथों पर विधायक ने किया का घर-घर जनसंपर्क

**संवाददाता।** पूरा बाजार अयोध्या



**साढ़े चार साल** पहले भाजपा ने जनता से जो जो वादा किया था उसे पूरा कर दिखाया अब जनता की आवश्यकता के अनुसार विकास कार्य कराया जा रहा है गांव में विकास की गति देखकर ऐसा लग रहा है कि गांव में विकास की गंगा बह रही है उक्त उद्गार मडना में बूथ स्तर पर जनसंपर्क के दौरान विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने व्यक्त किया विधायक ने मडना मे बूथ नंबर 384, 385, 386, 387 बूथों पर बूथो के प्रभारी क्रमश: अशोक माझी रामकेवल राजभर अरविंद यादव भरत राजभर के साथ बूथो पर पड़ने वाले घरों में घर.घर जाकर जनसंपर्क कर सरकार की उपलब्धियों को गिनाया तथा उपलब्धियों से संबंधित पत्रिका भी वितरित किया।

उन्होंने कहा कि किसानों की आय दोगुना करने महिलाओं को उज्जवला गैस कनेक्शन देने शौचालय किसान अनुदान व सुलभ शौचालय तथा गन्ना व धान की समय पर सरकारी खरीदारी कर उसका भुगतान एक सप्ताह के अंदर किसानों को दिया गया विधायक के साथ जिला प्रभारी पद्मसेन चौधरी ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि शिवेंद्र सिंह अनुसूचित मोर्चा के महामंत्री हरिभजन गौड, ब्लॉक अध्यक्ष नंदकुमार सिंह, ब्लॉक महामंत्री ओमप्रकाश यादव, राजेश पाठक सहित अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

## 2022 में पुनः बहुमत की सरकार बनायेगी भाजपाः सचिन

**अम्बेडकरनगर।** पण्डित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती के उपलक्ष्य में भाजपा युवा मोर्चा ने पुरे प्रदेश में 'मोदी जी का अंत्योदय अभियान' (लाभार्थी संवाद) के रूप में हर मण्डल में मनाया गया। अध्यक्षता आकाश वर्मा ज़िलाध्यक्ष भाजयुमो तथा संयोजक सचिन आज़ाद पाण्डेय के कुशल संयोजन में अम्बेडकरनगर जिले के सभी 23 मंडलों में मंडल संयोजकों ने अपनी पूरी तन्मयता से इस दिन को उत्सव के रूप में मनाया गया। ज़िला संयोजक सचिन आज़ाद ने जलालपुर नगर मण्डल में लाभार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि दीन दयाल जी के अंत्योदय के सपने को पूरा करने के लिए भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी अनवरत मेहनत कर रहे हैं। अपने 6 साल से अधिक के कार्यकाल में अभी तक एक भी घण्टे की छुट्टी व्यक्तिगत कारण से नहीं ली। भाजपा युवा मोर्चा मोदी जी को प्रेरणास्रोत मानकर पूरे जोश के साथ 2022 के चुनावों में पुन: उत्तर प्रदेश में प्रचण्ड बहुमत की सरकार बनाने जा रहा है।

# समर्पित होकर करें समाज की सेवाः मिथिलेश

**अम्बेडकरनगर।** सेवा कार्य समर्पण और त्याग से किए जाने पर जन सामान्य के दिलों में जगह बनाई जा सकती है।सेवा ही धर्म मानकर गरीबों और वंचितों के लिए समर्पित होकर कार्य करने से समाज के अन्तिम व्यक्ति का उदय किया जा सकता है। पण्डित दीनदयाल उपाध्याय जी का दर्शन भी यही था कि समाज के अन्तिम पायदान पर जीवन यापन कर रहे लोगों की उत्थान कर देश को समृद्धि शाली बनाया जा सकता है। पण्डित दीनदयाल उपाध्याय जी द्वारा बताए गए रास्ते पर चल कर भाजपा कार्यकर्ता समाज में सेवा कार्य कर रहे हैं। उक्त विचार भाजपा जिलाध्यक्ष डाक्टर मिथिलेश त्रिपाठी ने प्रदेश नेतृत्व के निर्देशन में चलाए जा रहे घर घर सम्पर्क अभियान के अंतर्गत टांडा विधान सभा क्षेत्र के मण्डल बसखारी की बूथ संख्या 190 दौलतपुर महमूदपुर की घरों में जन सम्पर्क के दौरान व्यक्त किया।



भाजपा जिलाध्यक्ष डाक्टर मिथिलेश त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा संचालित योजनाएं और कार्यक्रम समाज के सबसे गरीब परिवारों के कल्याण को ध्यान में रखकर बनाया गया है। भाजपा की केंद्र सरकार के मुखिया प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी और मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ जी की नीतियां समाज के हर वर्ग के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने वाला है। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि भाजपा जिलाध्यक्ष डाक्टर मिथिलेश त्रिपाठी के नेतृत्व में संचालित घर घर सम्पर्क अभियान के अंतर्गत जनपद की सभी बूथों पर भाजपा जनप्रतिनिधि और नेता, कार्यकर्ता लगकर लोगों को सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी देते हुए उनको प्राप्त लाभ की चर्चा कर रहे हैं। अभियान के प्रथम दिन पूर्व जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा, रमाशंकर सिंह, पूर्व सांसद हरिओम पाण्डेय, पूर्व मंत्री धर्म राज निषाद, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुधीर सिंह मिंटू, भारती सिंह, विधायक संजू देवी, अनीता कमल, पूर्व विधान सभा प्रत्याशी अवधेश द्विवेदी, भूमि विकास बैंक डायरेक्टर यमुना प्रसाद चतुर्वेदी, चेयर मैन सरिता गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष मनोज मिश्र, रमेश चंद्र गुप्त, सुमन पाण्डेय, संतोष कुशवाहा, जिला महामंत्री बाबा राम शब्द यादव, अमरेन्द्र कांत सिंह, जिला मंत्री दीपक तिवारी, चंद्रिका प्रसाद, संजय सिंह, पंकज वर्मा, अल्प संख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष जावेद मलिक, भाजपा नेता के के मिश्रा, बच्चू लाल भारती, श्याम बाबू गुप्ता, अमरनाथ सिंह, मण्डल अध्यक्ष राजेन्द्र निषाद ने सम्पर्क किया।

# सपा की राष्ट्रीय प्रवक्ता जूही सिंह ने कोरोना योद्धाओं को किया सम्मानित

**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता और महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह ने कटरा मधुर मिलन गेस्ट हाउस में सौरभ सिंह बाबा द्वारा आयोजित कोरोना योद्धाओं को माला पहनाने के साथ शॉल मेडल देकर सम्मानित किया गया। ज़िलाध्यक्ष योगेश चन्द्र यादव महानगर अध्यक्ष सै इफ्तेखार हुसैन की उपस्थिति में नगर महासचिव रवीन्द्र यादव रवि के संचालन में वरिष्ठ डॉक्टर्स जूनियर डॉक्टर्स पत्रकार तथा सफ़ाई कर्मचारियों को असली कोरोना योद्धा मानते हुए सम्मानित करते हुए कोरोना काल में किए गए उनके अभूतपूर्व योगदान की प्रशंसा की गई। सर्वप्रथम जूही सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आरम्भ किया। डॉक्टर द्वारा मधुर धुन पर कोरोना काल में मरीजों के लिए किए गए कार्य का डॉंस के माध्यम से मंचन कर वाह वाही लूटी। सहारा हॉस्पिटल के डा नूर मोहम्मद नईमी डा ए के शेख डा एम ए शेख शकुन्तला हॉस्पिटल की उमा जायसवाल डा लोकेश त्रिपाठी डा ज्ञानेन्द्र तिवारी डा शहला खान डा अजय यादव डा अबिनन्दन शास्वत डा टी एन पाण्डेय डा श्वेता सिंह डा पराग शर्मा डा उत्तम सिंह डा हेमन्त शुक्ला डा अजय मिश्रा सहित 65 डॉकटर्स को सम्मानित किया गया। वहीं इलेक्ट्रॉनिक व प्रिन्ट मीडिया के लोगों के साथ सफ़ाई कर्मचारियों व सफ़ाई नायकों को भी अंगवस्त्रम मेडल व सर्टिफ़िकेट देकर उनके कोरोना काल में किए गए योगदान की प्रशंसा की गई।कार्यक्रम आयोजक सौरभ सिंह बाबा विजय सिंह टाईगर संजय यादव मोनू यादव मोहित यादव ने अतिथियों का स्वागत करते हुए सभी के प्रति आभार जताया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जूही सिंह विशिष्ट अतिथि सपा की ज़िला पंचायत प्रत्याशी मालती यादव के साथ ज़िलाध्यक्ष योगेश चन्द्र यादव ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।इस मौक़े पर महानगर अध्यक्ष सै इफ्तेखार हुसैन महासचिव रवीन्द्र यादव पूर्व सासंद धर्मराज पटेल पंधारी यादव पूर्व विधायक विजमा यादव डा ऋचा सिंह गीता पासी अनिता श्रीवास्तव



मंजू यादव सबिहा मोहानी इन्दू यादव सविता कैथवास निशा शुक्ला अनुप यादव महावीर यादव इसरार अन्जुम मोइन हबीबी मो अज़हर संदीप यादव नाटे चौधरी सैफ फ़रीदी तारिक सईद अज्जू रुपनाथ यादव सै मो हामिद जयशंकर रावत मो सुलतान ज़ामिन हसन काशान सिद्दीकी अब्दुल्ला तेहामी जयभारत यादव सै मो अस्करी उपस्थित थे।

## नगर आगमन पर जगह-जगह किया गया जोरदार स्वागत

**प्रयागराज।** महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष व राष्ट्रीय प्रवक्ता जूही सिंह के महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद प्रथम नगर आगमन पर फाफामऊ तेलियरगंज जार्जटाउन ज़िला कार्यालय इलाहाबाद विश्वविद्यालय सहित अनेकों स्थान पर सपाईयों ने फूल माला पहना कर भव्य स्वागत किया।ज़िलाध्यक्ष योगेश चन्द्र यादव महानगर अध्यक्ष सै इफ्तेखार हुसैन महिला सभा की ज़िलाध्यक्ष अनिता श्रीवास्तव महानगर महिला सभा अध्यक्ष मंजू यादव आदि द्वारा ज़िला कार्यालय पर फूल माला व बुके भेंट कर ज़ोरदार स्वागत किया। जूही सिंह कार्यक्रम के बीच समाजवादी पार्टी के राज्य सभा सदस्य कुँवर रेवती रमण सिंह के आवास पर जाकर उनसे भेंट की।महिलाओं युवाओं को सम्बोधित करते हुए अखिलेश यादव का संदेश भी दिया कहा 2022 में अगर अखिलेश यादव की सरकार नहीं बनी तो जो आज के हालात हैं। इससे भी बदतर हालात आम जनमानस के होंगे। योगी सरकार कोई काम तो कर नहीं रही है। सिर्फ अखिलेश यादव के कामों को दिखा कर फीता काट रही है। कोरोना काल में चाहे व्यापारी हों या फिर अधिवक्ता डाक्टर्स या आम नागरिक हर घर या तो कोरोना से प्रभावित हुआ या अस्पतालों में ऑक्सीजन व दवाई के अभाव मे दम तोड़ कर क़ब्रिस्तान या शमशान घाट पहुंचा। कितनों को तो बिना अंतिम संस्कार के रेत मे दबा दिया गया। यह त्रासदी कोई भूला नहीं है। आने वाला दिन बेहतर हो इस लिए सिर्फ अखिलेश यादव की सरकार बनाना ज़रुरी है।ज़िला कार्यालय पर ज़िला महासचिव संदीप पटेल अनिल यादव पूर्व विधायक सत्यवीर मुन्ना मो इसराइल महबूब उसमानी वज़ीर खाँ आदि रहे।

# तालिबान को मान्यता

## संयुक्त राष्ट्र महासभा में मतभेद

**अफगानिस्तान** के भविष्य पर संयुक्त राष्ट्र महासभा में अमेरिका तथा चीन समर्थकों में विभाजन की स्थिति है जिसे निर्णय करना है कि तालिबान की अंतरिम सरकार को मान्यता दी जाए या नहीं। इस मामले में चीन की लफ्फाजी जारी है। अमेरिका के पास संख्याबल है। महासभा तेजी से देशों के एक ऐसे मंच में बदलती जा रही है जिनको तालिबान पर अपना दृष्टिकोण स्पष्ट करना है तथा यह चुनना है कि वे किस पक्ष में हैं। अंततः महासभा को एक निर्णय पर पहुंचना है। यह चाहे जो हो, पर सर्वसम्मति से नहीं होगा तथा समूह से प्रभावित होगा। चीन-रूस-पाकिस्तान धुरी ने जल्दी से एक समूह बनाया है। हालांकि, रूस यह कह कर सही पक्ष में खड़े होने का प्रदर्शन कर रहा है कि तालिबान की अंतरिम सरकार को मान्यता देने में उस समय तक जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए जब तक तालिबान अपने आश्वासनों का सम्मान नहीं करते हैं। लेकिन यथार्थ में वह चाहता है कि इस धुरी को अफगानिस्तान में प्रभाव डालने वाली शक्ति के रूप में दुनिया स्वीकार कर ले। चीन इसे अपने तथा अमेरिका के बीच इच्छाशक्ति के टकराव की तरह देख रहा है। वह चाहता है कि संयुक्त राष्ट्र संस्थायें तालिबान के खिलाफसारे प्रतिबंध उठा लें तथा अमेरिका अफगानिस्तान का विदेशी मुद्रा भंडार जारी कर दे जिसे उसने फ्रीज कर दिया है। पाकिस्तान आगे बढ़ कर एक रोडमैप की मांग कर रहा है जिसका अर्थ सीधे अंतरिम सरकार को मान्यता देना है। इस धुरी के सदस्य तालिबान तथा पर्व सरकार के राजनेताओं से मिलने काबुल जा चुके



हैं तथा वे आतंकवाद पर लगाम लगाने एवं समावेशी सरकार बनाने की मांग कर रहे हैं। अमेरिकन समूह भी यही मांग कर रहा है। पी-5 या संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के स्थाई सदस्यों में महासभा से भी अधिक विभाजन है। फ्रांस वर्तमान समय में आंकुस पनडुब्बी प्रकरण से नाराज है और उसे चीन व रूस के खिलाफअमेरिका व ब्रिटेन के साथ खड़े होने में परेशानी हो रही है। स्थाई सदस्यों के कठोर दृष्टिकोण को देखते हुए यह बाकी दुनिया की क्षमता पर निर्भर है कि वह मान्यता के निर्णय पर बाकी दुनिया को एक बहुसंख्यक निर्णय की ओर ले जाए। जहां तक धुरी के समर्थन या तालिबान के भीतर अंतर्निहित वैचारिक टकराव का सवाल है, तालिबान ने अब तक अपने द्वारा पहले किए अत्याचारों पर कोई पश्चाताप नहीं किया है जिससे वह दुनिया की नजरों में अविश्वसनीय बना हुआ है। उसे अपनी मान्यता प्राप्त होने तक थोड़ी नरमी दिखाने की भी चिन्ता नहीं है। वे अपना प्रतिगामी धार्मिक एजेंडा लागू करने के मामले पर आगे बढ़ने का इरादा स्पष्ट कर चुके हैं। उन्होंने महिलाओं के साथ व्यवहार तथा अंतरिम सरकार में उनकी अनुपस्थिति के बारे में दुनिया की राय को अनदेखा किया है। वहां धार्मिक पुलिस एक बार फिर सामने आ गई है जो इस्लामी कानून लागू करवा रही है। उन लोगों को रक्षा व खुफिया मंत्रालयों में रखा गया है जो पहले गुंआतानामो जेल में बंद थे। धार्मिक पुलिस के पूर्व प्रमुख ने हत्याओं व हाथ-पैर काटने की सजा वापस लाने की मांग की है। ऐसे में देखना होगा कि तालिबान की वर्तमान जिद का क्या कारण है। उनका विश्वास है कि मानवीय सहायता देने वाली वैश्विक संस्थायें अफगानिस्तान के लोगों को भूख से मरने नहीं देंगी, भले ही वे उसकी सरकार को मान्यता न दें। तालिबान इस बारे में प्रतीक्षा करने का खेल खेल रहे हैं।

# गुजरात में परिवर्तन की प्रक्रिया

**दूसरे स्थानों की तुलना में गुजरात के नौजवान जातिवाद के बजाय राज्य में आधुनिक योजनाओं, प्रगति तथा गुणवत्तापूर्ण सामाजिक व आर्थिक विकास के पक्ष में हैं।**



**प्रफुल्ल गोराड़िया**
(लेखक पूर्व राज्यसभा सदस्य हैं)



भारत का परम्परागत विवेक कर्तव्यों को ब्रह्मा, विष्णु व महेश में बांटता है जो आवश्यकतानुसार स्रष्टि का सृजन, पालन और संहार करते हैं। कोई अकेला देवता ये सारे काम नहीं कर सकता है, भले ही वह चाहे जितना शक्तिशाली ही क्यों न हो। लेकिन जनता एक मंत्री या मुख्यमंत्री से उम्मीद करती है कि वह चुनावों में विजय प्राप्त करे, सरकार का संचालन करे, मंत्रियों की निगरानी करे, सभी विधायकों पर नजर रखे तथा फिर चुनाव जीते। गुजरात के मामले में मुख्यमंत्री को इस बात का श्रेय नहीं दिया जा रहा है कि उन्होंने 2017 का चुनाव जीता, बल्कि इसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता की शक्ति पर जीता चुनाव बताया जा रहा है। यह पुराना विश्वास है कि निर्वाचित होने के बाद मुख्यमंत्री को अगले चुनाव तक पद पर रहना चाहिए जो सामान्यतः पांच साल बाद होता है। यहां तक कि अक्सर अमेरिकन राष्ट्रपति भी अपना चार साल का कार्यकाल पूरा नहीं कर पाते हैं। राजनेता वर्ग में पक्का विश्वास है कि भूपेंद्र भाई की छोटी सी कंपनी ने साबरमती रिवर फ्रंट का निर्माण किया है जिससे अहमदाबाद का सौंदर्य बढ़ गया है। दूसरा विश्वास यह है कि उन्होंने अहमदाबाद की बस रैपिड ट्रांजिट व्यवस्था भी बनाई है जो अन्य शहरों की तुलना में ऐसी योजना बेहतर तरीके से संचालित कर रही है, जबकि दूसरे शहरों में ऐसी योजनायें परवान नहीं चढ़ सकी हैं। इन उपलब्धियों के बाद से ही भूपेंद्र भाई भाजपा के दिमाग में ऐसी आधुनिक योजनाओं के निर्माता के रूप में थे जो बिल्कुल सटीक थीं तथा समय पर पूरी हुईं। वे लेउवा पटेल के बजाय कड़वा पटेल हैं। माना जाता है कि वे भगवान राम के पुत्रों लव व कुश के वंशज हैं और इसी कारण उनके नाम में 'ल' और 'क' है।

एक अन्य तथ्य पर भी लोगों का ध्यान नहीं जाता है जिसे अवसर कहते हैं। अधिकांश विधायक चुनाव जीतने पर मंत्री बनने की इच्छा रखते हैं, बशर्ते कि उनका संबंध चुनाव में सत्ता प्राप्त करने वाली पार्टी से हो। गुजरात में इन विधायकों की संख्या 182 है। जो विधायक इस स्थिति में नहीं आ पाते हैं, उनकी उम्मीदें आमतौर से टूट जाती हैं जब तक कि बड़े पैमाने पर कोई दलबदल न हो। यदि बहुमत वाली पार्टी में लगभग 100 विधायक हों तो 25 को मंत्री पद मिल सकता है, लेकिन ऐसे में बाकी 75 का क्या होगा। उनके पास स्वयं को आगे बढ़ाने का कोई अवसर नहीं होता है, बस वे एक विधायक बन कर रह जाते हैं जो अवसर की प्रतीक्षा कर सकता है। इसलिए यह उपयुक्त है कि सत्तारूढ़ पार्टी अपनी सरकार में परिवर्तन करती रहे। चूंकि सभी मंत्री सक्षम नहीं होते हैं, इसलिए उनमें परिवर्तन की जरूरत होती है।

यह सच है कि भारत की खास परिस्थितियों में अधिकांश पार्टियों को एक ओबीसी के स्थान पर समान प्रतिनिधित्व करने वाले ओबीसी को लाना पड़ता है। ऐसे में आमतौर से उसके कामकाज को अनदेखा करना पड़ता है। लेकिन अब समय बदल रहा है। आज के नौजवान जाति को उतनी प्राथमिकता नहीं देते हैं जितनी उनके पिता या बाबा देते थे। ये नौजवान जीवन में कुछ प्राप्त करना चाहते हैं। यदि समाज व अर्थव्यवस्था आगे नहीं बढ़ते हैं तो उनके पास भी आगे बढ़ने का अवसर बहुत सीमित होता है। इसका अर्थ है कि

> **कुछ महीने पहले असम की तरह गुजरात की सरकार में परिवर्तन से स्पष्ट है कि भाजपा राजनीति को आधुनिक बनाने के लिए फैसले लेने से नहीं हिचकती है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए पार्टी नेतृत्व में परिवर्तन से जरा भी संकोच नहीं करती है। यह स्थिति कांग्रेस के एकदम उलट है जो एक पारिवारिक बिजनेस में बदल गई है।**

पेशों में गुणवत्तापूर्ण विकास तथा मात्रात्मक वृद्धि जरूरी है। नौजवान समझ गए हैं कि वे विकास की उम्मीद उस समय तक नहीं कर सकते हैं जब तक देश की राजनीति पर जाति का बंधन लगा हुआ है। यदि राजनीति नहीं बदलती है तो समाज में केवल राजनीति को ही बढ़ावा मिलेगा, अर्थव्यवस्था में प्रगति नहीं होगी तथा समाज गतिहीन बना रहेगा। यह स्थिति विनाशकारी हो सकती है। संक्षेप में कहा जाए तो यदि चुनाव जीतने की इच्छा रखने वाली पार्टी का नेता विकास नहीं कर सकता है तथा केवल यथास्थिति बनाए रखता है तो उसके बजाय दूसरी पार्टी चुनाव में अपने आप विजय प्राप्त कर सकती है।

उल्लेखनीय है कि गुजरात में आज तक तीसरी पार्टी को स्थान नहीं मिला है और यहां केवल कांग्रेस व भाजपा हैं। ऐसे में तीसरी शक्ति के रूप में उभरने का प्रयास करने वाले सभी लोग विफल रहे हैं। तीसरी पार्टी के रूप में उभरने का प्रयास करने वाले अंतिम व्यक्ति गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री केशूभाई पटेल थे जिनका देहान्त हो चुका है। लेकिन इस नई पार्टी से चुनाव जीतने वालों में केशूभाई अकेले थे। हालांकि, अगले विधानसभा चुनाव में तीन पार्टियां चुनाव में उतरेंगी जिनमें भाजपा व कांग्रेस के अलावा आम आदमी पार्टी-आप भी शामिल है। इस तिकोने मुकाबले से भाजपा की स्थिति बेहतर हो जाएगी। गुजरात ऐसा राज्य है जहां राजनीति पर अर्थव्यवस्था भारी पड़ती है। लेकिन कांग्रेस ने जातिवाद को असाधारण ऊंचाइयों तक पहुंचाया। ऐसा खासकर उस समय हुआ जब माधवसिंह भाई सोलंकी मुख्यमंत्री थे। उसने यह रणनीति उत्तर प्रदेश और बिहार से ली थी। लेकिन इसके बावजूद गुजरात में कांग्रेस का पतन हुआ। कांग्रेस पार्टी ने कुछ चुनाव विभिन्न जातियों से गठजोड़ कर लड़े जिनमें खाम, यानी क्षत्रिय, हरिजन, आदिवासी व मुसलमान शामिल हैं। कांग्रेस की दूसरी गलती उसका समाजवाद था जो गुजराती सोच से मेल नहीं खाता है। कांग्रेस कुछ साल तक सत्ता में इसलिए बनी रही क्योंकि उसका मुकाबला करने वाला कोई नहीं था।

उल्लेखनीय है कि गुजरात के सबसे कद्दावर नेताओं ने स्वयं को राज्य की सीमाओं तक सीमित रखने के बजाय स्वयं को देश की सेवा हेतु समर्पित किया। स्वामी दयानंद सरस्वती ने आर्यसमाज की स्थापना करने के साथ ही शुद्धि की वैदिक अवधारणा या हिंदूवाद की ओर स्वैच्छिक वापसी को पुनर्जीवित किया। गांधीजी ने भले ही अहमदाबाद में कोछराब आश्रम की स्थापना की हो, पर वे कभी राज्य नेता के रूप में सीमित नहीं रहे। सरदार पटेल ने असाधारण रूप से देश के लिए काम किया तथा स्वतंत्रता के बाद पूरे देश को एकजुट किया। उस समय देश के पांच में से दो हिस्से ब्रिटिश भारत के बजाय देशी रियासतों के थे। वर्तमान समय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश की सेवा कर रहे हैं जिसके बारे में बहुत कुछ लिखा गया है और लिखा जाएगा।

लेकिन कुछ महीने पहले असम की तरह गुजरात की सरकार में परिवर्तन से स्पष्ट है कि भाजपा राजनीति को आधुनिक बनाने के लिए फैसले लेने से नहीं हिचकती है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए पार्टी नेतृत्व में परिवर्तन से जरा भी संकोच नहीं करती है। यह स्थिति कांग्रेस के एकदम उलट है जो एक पारिवारिक बिजनेस में बदल गई है और जहां केवल प्रशस्ति गायन करने वाले दरबारियों को ही सहन किया जा सकता है।

हाल ही में विधानसभा चुनाव से केवल चार महीने पहले कैप्टेन अमरिंदर सिंह के इस्तीफे से सारी बातें स्पष्ट हो जाती हैं। नए आने वाले लोगों द्वारा उनका अपमान बहुत कुछ कह देता है। इससे पूरी तरह साफहो जाता है कि एक समय महान पार्टी रही कांग्रेस आज केवल अपने सुदूर अतीत की छाया बन कर रह गई है जो कब का समाप्त हो गया है।

# स्थानीय विकास का महत्व

> **"व्यवस्था तभी सही ढंग से काम कर सकती है जब एक सीमा तक मानकों में परिवर्तन किया जाए।"**

**विनयशील गौतम**
(लेखक जाने-माने प्रबंध सलाहकार हैं)



रिकार्ड रखना सिविल प्रशासन के कार्यों का अभिन्न अंग है। लेकिन भूमि रिकार्ड जैसे मामलों में अखिल भारतीय संदर्भ तलाशने में अधिकतर समस्या पैदा होती है। इसका कारण मापन की इकाई, एकड़, बीघा, आदि का होना है जिसे देश के विभिन्न भागों में अलग-अलग नामों से जाना जाता है। जब संदर्भ की इकाई सीमित व स्थानीय प्रकृति की होती है तो ज्यादा समस्या नहीं होती है। लेकिन जब विभिन्न क्षेत्रों के बीच तुलना करनी जरूरी हो जाए तो समस्या गंभीर रूप धारण कर लेती है। यह समस्या का अंत नहीं है। भारत के कुछ हिस्सों, जैसे गोवा में भूमि स्वामित्व अभी पुर्तगाली संदर्भ व्यवस्था के अनुरूप ही चल रहा है। इससे भूमि के स्वामित्व का पता लगाना अपेक्षाकृत रूप से अधिक जटिल हो जाता है तथा इसका आधिकारिक स्वामी तय करने में कठिनाई होती है। इसलिए बिजनेस को ऐसी स्थितियों से निपटना पड़ता है जिसके बारे में उसके पास सही संदर्भात्मक सूचना नहीं होती है।

इससे भूमि विकास मुद्दों का अखिल-भारतीय पैटर्न जटिल तथा कभी-कभी अत्यधिक जटिल हो जाता है। यदि नियोजन से संबंधित उद्देश्यों के लिए इकाई के नामकरण का प्रायोगिक संदर्भ समान प्रकृति का न हो तो स्थानीय स्तर पर अपरिचित व गलत मानकों का प्रयोग होने लगता है। इसके कारण ऐसी स्थिति पैदा हो जाती है जहां जमीनी यथार्थ तथा नियोजन हेतु मानकों के प्रयोग में विरोधाभास पैदा हो जाते हैं। इस कारण जहां सटीकता की तलाश हो, वहां भी किसी तरह काम चलाना पड़ता है। कभी-कभी इससे काम चल सकता है, लेकिन दूसरे अवसरों पर तात्कालिकता का एक तत्व हावी हो जाता है। महत्वपूर्ण




बात है कि भूमि इकाइयों के परस्पर परिवर्तन का कोई शब्दकोष नहीं है। अतः इनकी कल्पना में कठिनाई पेश आती है।

ऐसी स्थिति में राष्ट्रीय स्तर पर केवल एक खास किस्म का नियोजन संभव हो पाता है तथा नियोजन की अन्य किस्मों को स्थानीय स्तर के लिए छोड़ दिया जाता है। इसका उदाहरण लघु सिंचाई का सांदर्भिक ढांचा है। प्रभावी रूप से यह काम अनेक क्षेत्रों में जारी है। लेकिन इन जटिलताओं से सिविल कर्मचारी के औपचारिक कौशल निर्माण में कमियां आ जाती हैं जिनके कारण वह व्यवस्था संचालन का काम शुरू करने के पहले ही समस्याओं में घिर जाता है। औसत भारतीय सिविल कर्मचारी स्मार्ट, सतर्क तथा यथार्थ पर गहराई से नजर रखने वाला होता है। इन गुणों के कारण वह रचनात्मक रूप से अनेक प्रकार के काम कर सकता है। चूंकि विकास नियोजन की एक महत्वाकांक्षा संदर्भ के ढांचों का मानकीकरण है, इसलिए भूमि इकाइयों और विविधता के इस मुद्दे को घटाने की जरूरत है ताकि इसे प्रबंधन योगय सीमा में लाया जा सके। इसकी शुरुआत मापक इकाइयों के एक प्रकार से समानीकरण से की जा सकती है। इनकी शुरुआत जिला स्तर से की जा सकती है। सौभाग्य से यह काम निकट अतीत में व्यावहारिक उद्देश्यों से शुरू हो गया है।

यह भारतीय प्रशासन की शक्ति है कि जहां स्थानीय स्तर पर समाधान खोजने होते हैं और जहां औपचारिक तरीके विफल हो जाते हैं वहां मूलभूत भारतीय खोजी प्रवृत्ति लागू होती है। इसलिए मानकों में लचीलापन बरतने की जरूरत है। यदि मानकों तथा आयामों में कुछ प्रतिशत का विचलन सहन किया जा सकता है तो व्यवस्था काम कर सकती है। अत्यधिक दृढ़ता के कारण समस्यायें पैदा हो सकती हैं। आर्थिक रूप से ज्यादा सफल गुजरात, केरल या कर्नाटक जैसे राज्यों में इस समस्या से निपटने का ज्यादा प्रभावी तरीका खोजा गया है। जो राज्य सीधे ब्रिटिश शासन के अंतर्गत आते थे वहां बाहर से लाई गई मापक इकाइयां लागू करने के बहुत गंभीर प्रयास हुए थे, अतः वहां सामाजिक यथार्थ तलाशने में प्रशासन को कठिनाई होती है। स्वतंत्रता के 75वें वर्ष में प्रवेश के समय उत्सव मनाने के साथ ही राष्ट्रीय विकास के अनेक क्षेत्रों में यथार्थ को पहचानने का भी समय है जहां विश्लेषण, निवेश, आदि के मानकों में कुछ परिवर्तन जरूरी है। हमें यह सोचने की आवश्यकता है कि स्थानीय व क्षेत्रीय विकास प्रक्रियाओं को समुचित महत्व दिया जाए। भाषा व नस्ल की तुलना में ऐसी स्थितियों से निपटने के लिए ज्यादा गहन दृष्टिकोण तथा विश्लेषण की जरूरत है।

## आप की बात

### सावधानी आवश्यक

**अफगानिस्तान** में तालिबान के सत्ता पर कब्जे को देखते हुए सरकार जम्मू कश्मीर में आतंकवाद के विस्तार के खिलाफ सतर्कता बरत रही है। केन्द्र सरकार ने यहां सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की है। भारत की चिन्ता इस तथ्य से बढ़ गई है कि तालिबान ने विश्व समुदाय को यह आश्वासन नहीं दिया है कि वे अलकायदा जैसे आतंकी समूहों से अपने संबंध तोड़ रहे हैं तथा भारत के दुश्मन पाकिस्तान-आधारित आतंकी समूहों जैसे लश्करे तैयबा व जैशे मुहम्मद को शरण नहीं देंगे। तालिबान के सत्ता में पहुंचने से इन समूहों के हौसले बढ़ सकते हैं और वे हिंसक घटनाओं के लिए कश्मीर में लड़ाकू भेज सकते हैं। आतंकियों और उनके प्रायोजकों के लिए कोई जगह दूर नहीं है और इस संदर्भ में कश्मीर की सुरक्षा समीक्षा जरूरी हो जाती है।ऐसा नहीं कि तालिबान से जुड़े हत्यारे कश्मीर में प्रवेश करना चाहेंगे, बल्कि वास्तव में पाकिस्तान अमेरिकी सैनिकों के चले जाने के बाद से अफगानिस्तान में पैदा स्थिति का लाभ उठा कर आतंकी समूहों को संरक्षण देकर उनको कश्मीर में अफगान क्षेत्र से प्रवेश कराना चाहेगा। अतः, भारत को सावधान रहना होगा।

– **नीलेश रंजन**, कानपुर

### उदार एवं प्रगतिशील है हिन्दुत्व

**आज** दुनिया के 90 प्रतिशत से अधिक हिंदू भारत में रहते हैं। इस प्रकार हिंदुत्व अपने इतिहास और व्यावहारिकता के कारण मुख्यतः भारत-केन्द्रित है। लेकिन हिन्दुत्व एक प्रगतिशील विचारधारा है, जिसका दृष्टिकोण हमेशा से उदार एवं सकारात्मक प्रकृति का रहा है। आखिरकार पश्चिमी देशों में हुई आतंकी घटनाओं में कोई हिंदू क्यों संलिप्त नहीं पाया गया है? आखिर कोई हिंदुत्व समूह बंदूक लहराने वाला नहीं है, जबकि मुस्लिम दुनिया में ऐसे समूहों की कोई कमी नहीं है? आखिर हिंदुत्व समूह 'समान नागरिक संहिता' की पैरवी क्यों करते हैं, जबकि दुनिया भर में इस्लामवादी 'शरीया' चाहते हैं? यदि हम वैश्विक दृष्टिकोण से अन्य विचारधाराओं की तुलना में हिंदुत्व पर गंभीर बहस करना चाहते हैं तो ऐसे अनेक आयाम हैं। लेकिन आयोजक ऐसी बहस से बचना चाहते हैं। दुर्भाग्य से हिंदुत्व के संरक्षक के रूप में देखे जाने वाले आरएसएस जैसे संगठन भी इस विमर्श से बचना चाहते हैं। ऐसे में इन विरोधाभासों पर विचार होना चाहिए कि कैसे खलीफत-समर्थक गांधीजी कैसे 'हिंदू देशभक्त' बन जाते हैं। इन मुद्दों पर एक सकारात्मक बहस होनी चाहिए।

– **अविनाश श्रीवास्तव**, वाराणसी

### समाधान की अनिवार्यता

**फसलें** पैदा करने के लिए परम्परागत यूरिया के अत्यधिक प्रयोग से पर्यावरण को भारी व स्थाई नुकसान हो रहा है। यह नुकसान मृदा की घटती गुणवत्ता है जिसका जलवायु पर विपरीत प्रभाव पड़ता है तथा ग्लोबल वार्मिंग बढ़ती है। इस प्रकार एक ओर परंपरागत यूरिया जनसंख्या के लिए ज्यादा भोजन पैदा करने का काम करती है, वहीं दूसरी ओर यह पर्यावरण को नुकसान पहुंचाती है जो स्वस्थ जीवन की प्रमुख शर्त है। समुचित विकल्प के अभाव में दुनिया एक दुविधा में फंस गई है और हानिकारक परंपरागत यूरिया के अत्यधिक प्रयोग का समाधान तलाशने की जरूरत है।भूमि व जल संसाधनों की कमी तथा उनका क्षरण लगातार बढ़ती जनसंख्या के लिए भोजन, आजीविका व पोषण सुरक्षा की भारी चुनौती पेश करता है। इसलिए ऐसे समाधान की जरूरत है जो खाद्य उत्पादन की की समस्याओं के साथ पर्यावरण को सुरक्षित रखने की समस्याओं का सामना कर सके। कुछ विकल्प सामने आए हैं जिन पर ध्यान देने की जरूरत है।

– **देवेंद्र कौशिक**, मेरठ

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**यदि** भाजपा सदस्य मुसलमानों को पसंद नहीं करते हैं तो उन्हें मुसलमानों द्वारा निर्मित मकान छोड़ देने चाहिए व बताना चाहिए कि मुस्लिम उनके लिए कैसे काम करते हैं।

– **राकेश टिकैत**
किसान नेता



**फ्रांस** और अमेरिका दोनों के ही भारत के साथ संबंध मजबूत करने में हित शामिल हैं। हम इसका पुरजोर समर्थन करते हैं।

– **एंटोनी ब्लिंकेन**
अमेरिकी विदेश सचिव



3000 किलोग्राम हेरोइन का पकड़ा जाना अप्रत्याशित घटना है और भारत में मुक्त रूप से चल रहे बड़े आपराधिक गिरोह की ओर संकेत करता है।


– **पी चिदंबरम**
कांग्रेस नेता

सिधौली टैक्सी स्टैंड का मामला

# वसूली का ऑडियो वायरल, केंद्रीय मंत्री ने मीडिया प्रभारी को हटाया

संवाददाता। सीतापुर

**सिधौली कस्बे** में टैक्सी स्टैंड से अवैध वसूली का ऑडियो वायरल होने से केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर को आखिरकार एक्शन लेना पड़ा। अवैध वसूली का आरोप जिस नेता पर लगा है वह सत्ताधारी दल भाजपा से ताल्लुक रखता है लेकिन अवैध वसूली का आरोप लगाने वाले जिस भारतीय किसान यूनियन के नेता का साथ में बातचीत का जो ऑडियो वायरल हुआ है उसके हिम्मत की दाद देखिए कि वह सत्ता पक्ष के नेता से अपना हिस्सा देने के बाद ही अवैध वसूली करने की बात डंके की चोट पर कर रहा है वायरल ऑडियो में केंद्रीय मंत्री मोहनलालगंज से सांसद कौशल किशोर के मीडिया प्रभारी सौरभ सिंह और भारतीय किसान यूनियन के नेता संत नगर पश्चिमी के सभासद प्रतिनिधि दीपू जायसवाल के बीच सिधौली में अवैध टैक्सी स्टैंड से अवैध वसूली को लेकर क्या कुछ वार्ता हो रही है। ऑडियो वायरल होने के बाद केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर ने सौरभ सिंह को मीडिया प्रभारी के पद से हटा दिया है इस आशय की जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से दी। इस मामले में सीतापुर जनपद के सिधौली नगर पंचायत में प्राइवेट टैक्सी चालकों द्वारा 23 अगस्त को एसडीएम सिधौली को एक प्रार्थना पत्र दिया था। चालक फुरकान राजू, इरफान विजय, आसिफ अकील, शानू, आकाश, सोनू, रमेश, कल्लू, विकास, अभिषेक,



निर्मल आदि द्वारा दिए गए शिकायती पत्र में कहा गया था कि कोरोनो संक्रमण के चलते विगत एक माह पूर्व सरकार ने प्राइवेट, सरकारी टैक्सी से किसी भी प्रकार का टोकन वसूली न करने का आदेश जारी किया था. टेंपो चालकों द्वारा प्रार्थना पत्र में सांसद मीडिया प्रभारी सौरभ सिंह पर अवैध वसूली का आरोप आरोप लगाया गया था शनिवार को वायरल ऑडियो में इस अवैध वसूली की पुष्टि कर दी। बता दें कि एक माह पूर्व उच्च न्यायालय और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद टैक्सी-टेंपो स्टैंड के ठेके को 27 अगस्त 2021 को नगर पंचायत सिधौली के अधिकारी के द्वारा निरस्त कर, बकाया धनराशि को कैंसिल कर दिया गया था. उसके बाद भी इन सत्ताधारी लोगों द्वारा नियमों को ताख पर रख कर, दबंगई के दम पर गरीब ड्राइवरों को डरा धमका कर जबरन वसूली कर रहे हैं। विवादित मामले में जिलाध्यक्ष की सिफारिश का भी ऑडियों सुन चटकारा लिया जा रहा है।

# बोलीं एआरटीओ, प्लीज हेलमेट लगाइए!

● गांधीगीरी के जरिए यातायात नियमों के पालन की अपील

संवाददाता। सीतापुर

**सड़क पर** चालान काटने वाले अफसर हाथो में फूल लेकर चालको से यातायात नियमों के पालन की गुजारिस करते नजर आए। रविवार को द्वितीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत शहर के प्रमुख मार्गो पर जागरूकता अभियान चलाया गया। शहर के लालबाग चौराहों, बहुगुणा चौराहों, रोडवेज चौराहा, मछरेहटा चुंगी, टोल प्लाजा पर बिना हेलमेट- सीट बेल्ट के वाहन चला रहे चालको को फूल देकर यातयात नियमों के पालन की अपील की गई। साथ ही हेलमेट लगाकर चल रहे बाइक सवारों को भी फूल देकर प्रशंसा की गई। एआरटीओ प्रशासन माला बाजपेई ने कहा कि हेलमेट सीटबेल्ट न लगाने से घायलों की संख्या मृतको बदल जाती है। सीतापुर में हेलमेट लगाकर बाइक चलाने वालों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है। जोकि अच्छा संकेत है। यातायात के नियम जनमानस की सुरक्षा के लिए बनाए गये हैं। सड़क पर सुरक्षित सफर के लिए यातायात नियमों का पालन करना आवश्यक है। यात्रीकर अधिकारी शैहपर किदवई ने कहा कि जागरूकता कार्यक्रमों का उद्देश्य सड़क हादसों में न्यूनतम स्तर तक कमी लाना है। कार्यक्रम के दौरान दर्जनों वाहनों पर जागरूकता स्टीकर भी चस्पा किए गए।



सीतापुर-गांधी गिरी के जरिए लोगो को समझाती एआरटीओ माला बाजपेयी।

## क्विक न्यूज

### थाने से सटे मकान से लाखों की चोरी

**रामपुरमथुरा सीतापुर।** सीतापुर के थाना रामपुर मथुरा के पास एक घर से लाखों की चोरी कर बेखौफचोरों ने पुलिस को खुली चुनौती दी है। इस दुस्साहसिक वारदात के बाद रामपुर मथुरा पुलिस की कार्यशैली पर सवालिया निशान भी उठने लगे हैं। जबकि क्षेत्रीय नागरिकों में पुलिस के प्रति नाराजगी है। आपको बता दें, कि सुशील मिश्र का मकान रामपुर मथुरा थाने की बांउड्रीवॉल से सटा हुआ है। पड़ोस में चल रहे निर्माण कार्य के लिए ईटों का ढ़ेर लगा है। इसी के सहारे शनिवार की रात हौसला बुलंद चोर सुशील की छत पर चढ़कर घर के भीतर दाखिल हुए। इसके बाद कमरे में रखी अल्मारी का लॉक्र तोड़कर एक लाख 58 हजार रुपये की नगदी, सोने व चांदी के जेवरातों समेत करीब पांच की कीमत का माल बटोर ले गए। सुबह घटना की जानकारी होने पर गृहस्वामी ने पुलिस को तहरीर दी। थाना प्रभारी रामपुर मथुरा ने जांच कर कार्रवाई की बात कही है। गृह स्वामी सुशील मिश्र ने चोरी की घटना के संबंध में 'पायनियर' को जानकारी दी।

### रामपुर कला इलाके के मदरियापुर में हुआ हादसा

**सीतापुर।** सीतापुर में बारिश के चलते कच्ची दीवारों के ढहने का सिलसिला थम नहीं रहा है। अब थाना रामपुर कला क्षेत्र के मदरियापुर मजरा चौडिया भज्जूपुर में कच्ची दीवार ढहने से मलबे में दबकर एक अधेड़ की मौत हो गई। पिछले दो दिनों से रुक-रुककर हो रही बरसात के कारण रविवार सुबह 6 बजे मदरियापुर में रामदुलारे के घर की कच्ची दीवार अचानक भरभराकर ढह गई। मलबे के नीचे 55 वर्षीय रामदुलारे पुत्र गजराज दब गया। हादसे के बाद अफरा-तफरी के बीच ग्रामीणों ने आनन-फानन में मलबा हटाकर उसे बाहर निकाला। नाजुक हालत में उसे सिधौली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत में सुधार न देख घरवाले उसे लेकर लखनऊ के लिए रवाना हुए। लेकिन रामदुलारे ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद क्षेत्रीय कानूनगो व लेखपाल ने गांव पहुंचकर हालातों का जायजा लिया।

### नकली गुटखा बनाने वाले को पुलिस ने भेजा जेल

**बरेली ।** नकली गुटखा बनाने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा और उसके साथियों की तलाश शुरू कर दी सबारादरी थाना क्षेत्र की श्रीनगर कॉलोनी मे महंत की चक्की के सामने स्थित गली में बीती रात छापामार कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक मकान में चल रही नकली गुटखा बनाने की फैक्ट्री पकड़ी स पुलिस ने मौके से मकान मालिक अनिल शर्मा पुत्र कृष्ण कुमार शर्मा को गिरफ्तार कर लिया स जबकि उसके साथी दिनेश पंडितए नितिन गुप्ताए सचिन गुप्ताए फरार हो गए स पुलिस ने मौके से नकली गगन गुटखा बनाने वाली एक मशीन भी बरामद की स इसके अलावा पुलिस ने एक कट्टे में 30 किलो तंबाकूए दो कट्टो में 400 पैकेट नकली गुटखा बरामद किया स पुलिस के अनुसार अनिल शर्मा और उसके साथी नकली गगन गुटका बनाकर उसे असली के दामों में देखते थे और बीती रात गुटका बेचते समय ही पुलिस ने अनिल शर्मा को गिरफ्तार किया और उसके फरार साथियों को गिरफ्तार करने की कोशिश शुरू कर दी।

### डाक विभाग कर्मचारी की सड़क दुर्घटना में मौत

**बरेली ।** ड्यूटी पूरी होने के बाद मोटरसाइकिल से घर लौट रहे डाक विभाग के एक संविदा कर्मचारी की रास्ते में ही रोडवेज बस की चपेट में आकर मौत हो गई स पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा सफरीदपुर थाने के गांव खानपुर निवासी 25 वर्षीय पंकज पुत्र सीताराम की कल शाम नवाबगंज थाना क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई स पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि पंकज पीलीभीत के कलीनगर स्थित डाक विभाग के कार्यालय में संविदा कर्मचारी था और पिछले शनिवार को ड्यूटी समाप्त होने के बाद वापस अपने घर लौट रहा था स लेकिन जब नवाबगंज पहुंचा तभी पीछे से आ रही रोडवेज की बस में उसकी बाइक को टक्कर मार दी स जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया स दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने बस को रोकने की कोशिश की तो उसका चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया स सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घायल को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया और उसके घर वालों को सूचना दे दी ।

### हर वर्ग की हितैषी है भाजपाः राजेश वर्मा

**सीतापुर।** भारतीय जनता पार्टी के सफल साढ़े 4 वर्ष पूर्ण होने पर रविवार को पार्टी कार्यकर्ताओं ने ब्लाक, मंडल और बूथ स्तर पर घर घर जाकर भारतीय जनता पार्टी की नीतियों को गिनाने का काम किया और बताया कि पार्टी सिर्फऔर सिर्फजनता के लिए समर्पित है। इसी कड़ी में भाजपा जिला अध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा व सांसद राजेश वर्मा घर घर पहुंचे और जनता से संवाद स्थापित किया जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने बताया की भारतीय जनता पार्टी जनता के लिए ही समर्पित है, साढ़े 4 वर्षो में राम मंदिर से लेकर विकास के सभी वादे पूरे किए।

# मीना मंच छात्राओं को करता है उत्साहितः निर्मला भार्गव



सीतापुर-केक काटकर मीना का जन्मदिन मनाती शिक्षिका निर्मला भार्गव व अन्य

संवाददाता। सीतापुर

**मीना जन्मोत्सव** उच्च प्राथमिक विद्यालय बीहट बीरम मछरेहटा में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मीना ने केक काटकर अपना जन्मदिन मनाया। विद्यालय को गुब्बारों एवं रंग बिरंगी झन्डियो से खूब सजाया गया। मीना के केक काटते ही समस्त शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं ने ताली बजाकर मीना के जन्मदिन का स्वागत किया और जन्मदिन पर आर्शीवाद दिया। मीना कक्षा सात की बालिका मीरा है। इस अवसर पर मीना सहित सभी बच्चों को केक, टाफी और मिष्ठान आदि का वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापिका निर्मला भार्गव ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि पढ़ाई का कोई मोल नहीं है। संदीप तिवारी ने छात्र छात्राओं को एक शैक्षिक गीत के माध्यम से बच्चों में ऊर्जा का संचार भर दिया। इस मौके पर सिद्धराम गौतम, कुसुम लता सहायक अध्यापिका, महेंद्र पाठक अनुदेशक, हर्षिता सिंह अनुदेशक, ज्योति मौर्य अनुदेशक आदि उपस्थित रहे।

# सपाइयों ने श्रमदान कर भरे हाईवे के गड्ढे



संवाददाता। सीतापुर

**उत्तर प्रदेश** में डबल इंजन की सरकार है अभी कुछ दिन पहले स्थानीय विधायक ने एक गेस्ट हाउस में पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि महोली विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली सभी सड़कें अतिशीघ्र गड्ढा मुक्त कर दी जाएंगी इस दौरान उन्होंने सरकार के साढ़े 4 साल के कामों की तारीफकी उन्होंने यह नहीं बताया कि साढे 4 साल में योगी ने अखिलेश सरकार के कामों का नाम बदलकर वाहवाही लूटी है दिल्ली से लखनऊ तक एनएच 24 सरकार के गड्ढा मुक्त सड़कों की असलियत बयां कर रही है। यह बात हाइवे पर सड़को में गड्ढे भरते हुए मीडिया से सपा नेता अरूण दीक्षित ने कही। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के लोगों ने आज सड़क के गड्ढे भरने का काम किया है हो सकता है सरकार इससे शर्मिंदा हो और सड़क निर्माण का कार्य प्रगति पर पहुंचे। समाजवादी पार्टी के इस कार्यक्रम की अगुवाई कर रहे सपा नेता अरुण दीक्षित(मोनू) एवं गौरव अग्निहोत्री जिला सचिव समाजवादी युवजन सभा ,अवनेश शर्मा, शिवम शर्मा, राहुल मिश्रा, राजन दीक्षित, श्रेय शुक्ला, अनुज कश्यप, फराज, ऋषभ, हर्षित पांड ,आदि मौजूद रहे।

# सपा सरकार बनी तो देगी युवाओं को रोजगारः किरन


सीतापुर-जनसम्पर्क करती सपा नेत्री किरन पासी

**सीतापुर।** सपा सरकार बनते ही युवाओं को रोजगार मिलेगा, महिलाओं को पेंशन दी जाएगी, बालिकाओं को लैपटाप वितरण किया जाएगा जिससे पूरे प्रदेश का विकास हो पाएगा। यह बात सपा नेत्री किरन पासी ने हरगांव विधानसभा में जनसम्पर्क करते हुए कही। उन्होंने कहा बूथ को मजबूत करके अखिलेश यादव को फिर से मुख्यमंत्री बनाया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि भाजपा सिर्फ घोषणाएं करती है, धरातल पर कुछ भी नहीं है, महंगाई से लोग कराह रहे है, हर इंसान परेशान है, सड़क गड्ढा मुक्त नहीं करा पाएं है। सपा नेत्री ने हरगांव विधानसभा के गांव मलिहाबाद, बहेरवा, अकैचनपुर टप्पा, पचेहरा सहित दर्जनाओं का भ्रमण किया। इस मौके पर सपा कार्यकर्ता मोहम्मद रफीक, इश्तियाक, रामप्रकाश यादव, श्रीराम विश्वकर्मा, अमन कुमार, राम दुलारे, राम शंकर तिवारी, कमल कुमार आदि मौजूद रहे।

# भरभरा कर ढह गई दर्शक दीर्घा

संवाददाता। सिंगाही खीरी

**सांसद निधि** से आठ लाख की लागत से बन रहा महरानी सूरथकुमारी फुटबाल दर्शक दीर्घा मामूली बरसात नही झेल पाया और भर भरा कर गिर गया। राजा प्रताप विक्रम शाह इण्टर कालेज सिंगाही के खेलग्राउड पर महरानी सूरथकुमारी फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन सौ सालों से हो रहा है राज्य स्तरीय टूनामेंट में काफी भीड़ जमा होती है दर्शकों को फुटबॉल का लुफ्त लेने में कोई कठिनाई हो ना हो इसलिए जनता की मांग पर खीरी सांसद अजय मिश्र टेनी ने अपनी सांसद निधि से आठ लाख रुपये से दर्शक दीर्घा के निर्माण के लिए दिये थे। दर्शक दीर्घा के निर्माण की जिम्मेदारी कार्रवाई संस्था यूपी सिडको को सौंपी गई लेकिन दर्शक दीर्घा के निर्माण में बेहद लापरवाही बरती गई है जिसका परिणाम है कि अभी हाल में हुई मामूली बरसात में



दर्शक दीर्घा भरभरा कर गिर गई जिसको लेकर खेल प्रेमियों में रोष व्याप्त है। राजा प्रताप विक्रांता इंटर कॉलेज के अध्यक्ष डॉक्टर एन यू खान ने बताया कि फुटबॉल खेल ग्राउंड पर बन रही दर्शक दीर्घा मैं कार्यवाही संस्था के द्वारा घोर लापरवाही की गई है जिसकी शिकायत मुख्य जिला विकास अधिकारी से की गई।

# प्रधान संघ की अध्यक्ष बनीं सुनीता व माधुरी राज महामंत्री

**निघासन-खीरी।** निघासन में प्रधान संघ की बैठक आहुत की गयी जिसमें सर्व सहमति से प्रधान संघ के अध्यक्ष पद के चुनाव का निर्णय लिया गया जिसके उपरान्त चुनाव सम्पन्न कराया गया जिसमे तीन दावेदार दिलीप कौर,रेनू वर्मा,सुनीता देवी ने अध्यक्ष पद के दावेदारी की जिसमें कुल चौतिस वोटो में से सुनीता देवी उन्नीस वोटे पाकर विजय हुई। उसके बाद प्रधान संघ की कार्यकारिणी का सर्व सहमति से चयन किया गया। निघासन प्रधान संघ के अध्यक्ष पद के लिये चुनाव संम्पन्न कराया गया जिसमे तीन प्रधानो ने अध्यक्ष पद की दावेदारी की जिसमे दिलीप कौर को छह वोट व रेनू वर्मा नौ,सुनीता देवी प्रधान प्रतिनिधि श्याम मोहन दीक्षित उन्नीस वोट पाकर विजयी घोषित की गयी।चुनाव कमेटी मे हरीश पान्डेय, वीरेद्र मिश्रा, रामकुमार, सच्चिदा नंद पाण्डेय व दरवेश यादव आदि लोगो ने निक्ष्पक्ष



चुनाव कराया गया। उसके बाद प्रधान संघ की कार्यकारणी का गठन किया गया जिसमे उपाध्यक्ष राम कुमार यादव, सौरभ वर्मा, आकाश मित्तल, सुखदेव सिंह, पंकज मौर्या, रफीक, बालक राम गिरि व महामंत्री माधुरी पत्नी चन्द्रहास, शिव राज कनौजिया, नेकू अवस्थी, राम विलास, मंत्री आरती देवी, राज कुमार, राजकुमारी राज किशोर विक्की,श्याम सुंदर लाल, अमित सिंह, जसवंत कोषाध्यक्ष राहुल यादव, मनोज कुमार निषाद, मीडिया प्रभारी सोनू पान्डेय ढखेखा खालसा को मनोनीति किया गया। सभी प्रधान संघ के पदाधिकारियों को युवा भाजपा नेता आशीष मिश्रा मोनू ने माला पहनाकर बधाई दी व संठगन को सुचारू रूप से चलाने का अनुरोध किया ताकि किसी प्रधान का किसी प्रकार का शोषण हो सके। इस दौरान नागेद्र सिंह सेंगर, रत्ती राम लोधी मीडिया प्रभारी ,विकास मिश्रा, प्रज्ञा नंद श्रीवास्तव, ब्रज किशोर मौर्य, दीपा देवी, रामकुमार, अहमद नूर, संतोष शुक्ला व विनोद कुमार सहित तमाम प्रधानगण मौजूद रहे।

# प्रादेशिक फुटबाल टूर्नामेंट का समारोह हुआ आयोजित

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** पब्लिक कॉलेज कप प्रादेशिक फुटबाल टूर्नामेंट का उद्घाटन समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया है। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि पलिया विधायक रोमी साहनी ने फीता काटकर फुटबॉल मैच की शुरुआत की इस कार्यक्रम की अध्यक्षता गोला विधायक अरविंद गिरि ने की। ज्ञातव्य है कि नगर के खेल प्रेमियों व युवाओं में खेल भावना प्रेरित करने के उद्देश्य से विगत कई वर्षों से फुटबाल व हॉकी मैच का आयोजन नगर में होता रहा है किंतु वैश्विक महामारी कोरोना के चलते इस तरह के आयोजन संभव नही हो सके थे। प्रदेश के अलग अलग जनपदों से आमंत्रित टीमे मेरठ, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहांपुर, संपूर्णानगर, गोला, लखीमपुर, लखनऊ, कानपुर, फतेहपुर, मिर्ज़ापुर, बनारस, गोरखपुर, कुशीनगर- पडरौना के बीच मैच होगा। उद्घघाटन मैच गोला क्लब गोला और संपूर्णानगर के बीच हुआ व दूसरा मैच लखीमपुर और शाहजहांपुर के बीच हुआ। 26 सितम्बर से मैच प्रारंभ हुआ व 2 अक्टूबर को मैच का समापन होगा। रामप्रकाश अग्रवाल, विनय गुप्ता, पंकज यादव , हरिओम भसीन, घनश्याम अग्रवाल, पंकज पुरवार, संजय बंसल, भूपेश साहनी, अरविंद सिंह, अतुल अग्रवाल, डॉक्टर यदुलेश मुरारी सक्सेना, राजेश पुरवार, योगेंद्र साहनी, सतनाम सिंह, जितेंद्र गट्टानी, महेंद्र गिरि, दीपक हालन, पंकज राजपूत, पवन साहनी, धर्मेंद्र गिरि, रमेश गोयल, राजीव कुमार गुप्ता, दीपक श्रीवास्तव, चंदन सेठी, दिनेश गुप्ता, रामगुलाम पांडेय, अवधेश मिश्रा, जनार्दन गिरि, मधुसूदन गिरि, विजय माहेश्वरी, सभासद, खेलप्रेमी, पत्रकारबन्धु, व्यापारीगण, समाजसेवी व नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित है।

# चोरियों का खुलासा, तीन चोर गिरफ्तार



**लखीमपुर-खीरी।** कुछ दिन पर्व शहर में हुई तीन चोरियों का खुलासा करते हुए पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से करीब बीस लाख रुपये के जेवर व नकदी बरामद हुई। प्रेसवार्ता के बाद तीनों को जेल भेज दिया गया है।

सीओ सिटी अरविंद कुमार वर्मा ने बताया कि थाना कोतवाली सदर पुलिस द्वारा कुछ दिवस पहले शहर में हुई तीन चोरियों का सफल अनावरण करते हुए 03 अभियुक्तों जीशान, साहिबे आलम व अजय रस्तोगी को लगभग 20 लाख रूपये की कीमत के चोरी के जेवरात व नगदी सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त साहिबे आलम उर्फ अजय पुत्र गुड्डू व जीशान पुत्र कय्यूम के विरुद्ध जनपद बहराईच, बाराबंकी, सीतापुर व खीरी में चोरी, आर्म्स एक्ट व गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत पूर्व में कई अभियोग पंजीकृत है। घटना के सफल अनावरण पर पुलिस अधीक्षक खीरी विजय ढुल द्वारा पुलिस टीम के उत्साहवर्धन हेतु 25 हजार रुपये नगद पुरस्कार की घोषणा की गयी। गिरफ्तार लोगों की पहचान जिशान पुत्र कय्यूम निवासी ठकुरन टोला कस्बा व थाना तंबौर जनपद सीतापुर, साहिबे आलम उर्फ अजय पुत्र गुड्डू निवासी नरियन टोला कस्बा व थाना तंबौर जनपद सीतापुर व .अजय रस्तोगी पुत्र चन्द्रसेन रस्तोगी निवासी मेला मैदान थाना कोतवाली सदर जनपद खीरी के रूप में हुई। इनके कब्जे से 65 चांदी के सिक्के, एक हार, एक अंगुठी, एक जोड़ी कान के झाला, 06 कंगन, एक चेन, एक ब्रेसलेट, एक जोड़ी बिछिया, एक मंगलसूत्र, एक बुंदीदार चेन, पांच सुपारी, दो नारियल, दस पान का पत्ता, दो प्लेट, 22 हजार रुपये नगद सहित चोरी करने के उपकरण दो लोहे की रॉड, एक ग्राइन्डर, एक पेचकस, एक रस्सी व पांच दस्ताने बरामद किए। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक प्रभातेश कुमार श्रीवास्तव (थाना कोतवाली सदर), उप निरीक्षक देवेंद्र कुमार, उप निरीक्षक रंजीत सिंह, हेड कांस्टेबल विजय शर्मा, हेड कांस्टेबल हेमंत सिंह, कांस्टेबल मनीष यादव व मांगेराम शामिल रहे।

# चेहल्लुम को लेकर बैठक आयोजित

**मोहम्मदी-खीरी।** चेहल्लुम को लेकर नगर चौकी पर एक बैठक आयोजित की गयी। जिसमें चेहल्लुम कमेटी सहित संभ्रांत नागरिक सम्मिलित हुए। बैठक में कोतवाल राकेश गुप्ता ने कहा कि मोहर्रम और चौहललुम गम का माह है। कोविड 19 के तहत घरों और इमामबाड़े में सोशल डिस्टेंटिग के साथ आयोजित करें। कोई भी जुलूस नहीं निकाला जाऐगा। कस्बा इंचार्ज राजेश कुमार यादव ने कहा कि इस सार्वजनिक स्थानों पर कोई कार्यक्रम चेहलम के आयोजित नहीं किए जाएंगे। वहीं उन्होंने सभी से अनुरोध करते हुए कहाकस्बा इंचार्ज राजेश कुमार यादव ने कहा कि इस सार्वजनिक स्थानों पर कोई कार्यक्रम चेहलम के आयोजित नहीं किए जाएंगे। वहीं उन्होंने सभी से अनुरोध करते हुए कहा जीवन को सुरक्षित रखने के लिए हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें। कोविड-19 को देखते हुए मास्क जरूर लगाएं। बैठक में कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद अब्बास नकवी, भाजपा महामंत्री रवि शुक्ला, नीरज रस्तोगी उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता, पूर्व चेयरमैन मोहम्मद मुबीन खां, मोहम्मद हसन नकवी, एडवोकेट सुशील वर्मा, मो. इलियास, इरफान शिबलू, आलिम रजा, जहीर हसन, असलम रिजवी व भोला जैदी सहित मीडिया के लोग मौजूद रहे।

## कस्ता मंडल अध्यक्ष का हुआ स्वागत

**बेहजम-खीरी।** भाजपा युवा मोर्चा के कस्ता मंडल अध्यक्ष बनाए जाने पर कस्बे में प्रथम आगमन से पहले कस्बा बेहजम के पौराणिक गौरी शंकर मंदिर शिव भोलेनाथ का आशीर्वाद लेकर सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ सैकड़ों वाहनों के काफिले के साथ कस्ता के लिए रवाना हुए। इसमें बेहजम मंडल अध्यक्ष संजय दीक्षित ने भाजपा कार्यालय के सामने कस्ता मंडल अध्यक्ष विकास सिंह भदोरिया का माल्यार्पण कर स्वागत किया।इसमें बेहजम मंडल अध्यक्ष संजय दीक्षित ने भाजपा कार्यालय के सामने कस्ता मंडल अध्यक्ष विकास सिंह भदोरिया का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अजय वर्मा, भाजपा नेता आदित्य कुमार शुक्ला, मंडल उपाध्यक्ष आदर्श मिश्रा, विनय अवस्थी,कृष्णा अवस्थी ,आकाश मिश्रा उर्फ सोमू मिश्रा, विकास शुक्ला, दीपू सिंह, विकास सिंह ,आदि सैकड़ों युवा मोर्चा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने 15 पूर्व प्रधानों व तत्कालीन सचिवों की काटी आरसी

● 6 पूर्व प्रधानों को नोटिस, हड़कंप

● संतोषजनक उत्तर न देने पर की जाएगी वसूली की कार्रवाई

संवाददाता । लखीमपुर-खीरी

**रविवार को** डीएम डॉ अरविंद कुमार चौरसिया ने आडिट आपत्तियों के निस्तारण में पाई गई कमियों के संतोषजनक उत्तर न देने वाले 15 तत्कालीन ग्राम प्रधानों से वसूली हेतु 19.31 लाख की आरसी जारी की।

वही 6 ग्राम पंचायतों के तत्कालीन ग्राम प्रधानों को आडिट आपत्तियों के निस्तारण हेतु नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। इन छह मामलों में कुल 2.24 करोड़ की धनराशि सन्निहित है। इसमे संतोषजनक उत्तर न मिलने पर संबंधित ग्राम प्रधानों एवं सचिवों से इसकी भी वसूली की जाएगी।

डीएम ने बताया कि मुख्य लेखा परीक्षा सहकारी समितियां एवं पंचायते उप्र द्वारा जिले की ग्राम पंचायतों द्वारा कराए गए कार्यों का बारीकी से वार्षिक प्रतिवेदन (आडिट)किया गया।

जिसमें 15 ग्राम पंचायतो में धनराशि का अपहरण मिलने पर उनके स्तर से संबंधित सचिवों व प्रधानों से साक्षयो सहित उनका पक्ष जाना, उत्तर ना मिलने अथवा उत्तर संतोषजनक न मिलने पर संबंधित ग्राम प्रधानों व सचिवों को उत्तर प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1947 की धारा 27 एवं नियम 256 के तहत अपहरण धनराशि के आधे आधे भाग की वसूली भू राजस्व की भांति संबंधित ग्राम प्रधान एवं सचिव से किए जाने के आदेश पारित किए। वही 6 ग्राम प्रधानों से ऑडिट में मिली कमियों के निस्तारण हेतु नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। डीएम ने बताया कि आरसी जारी किए गए 15 ग्राम प्रधानों से वित्तीय अनियमितता के चलते 19.31 लाख की आरसी के जरिए वसूली की जाएगी।

आडिट आपत्तियों पर छह तत्कालील ग्राम प्रधानों को डीएम ने नोटिस जारी की। कुल 2.24 करोड़ की धनराशि प्रश्नों के दायरे में है। फूलमती तत्कालीन प्रधान, निवासी ग्राम गिरधरपुर कालोनी ब्लाक पलिया, राम सहाय तत्कालीन ग्राम प्रधान पढुआ, ब्लाक पलिया, बालकराम तत्कालीन प्रधान, ग्राम पचपेड़ा, ब्लाक पलिया, रूपेन्द्र सिंह, तत्कालीन प्रधान ग्राम मिर्चिया, ब्लाक पलिया, श्रीमती सुशीला देवी ग्राम प्रधान।डीएम ने बताया कि इन 6 ग्राम पंचायतों के तत्कालीन ग्राम सचिवों को डीपीआरओ के स्तर से नोटिस निर्गत कर जवाब मांगा जा चुका है। यदि इन 6 ग्राम पंचायतों के प्रधानों व सचिवों ने तय समय में संतोषजनक उत्तर नहीं दिया तो आरसी जारी करके वसूली कराई जाएगी।

पायनियर
लखनऊ, सोमवार, 27 सितंबर, 2021



# डीएम ने बांदा जेल का औचक निरीक्षण किया

संवाददाता। बांदा



**जिलाधिकारी** अनुराग पटेल ने आज पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन के साथ मण्डल कारागार बांदा का किया आकस्मिक निरीक्षण। निरीक्षण के समय डिप्टी कलेक्टर सौरभ यादव सहित पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। मण्डल कारागार बांदा में बैरक नम्बर-2बी की सघन तलासी ली गयी जिसमें किसी भी प्रकार की अवैध समाग्री नहीं पायी गयी। पाकशाला, भोजनालय कक्ष का निरीक्षण किया गया जिसमें साफ सफई व्यवस्था ठीक थी। जेलर प्रमोद कुमार त्रिपाठी ने बताया कि तीन कैमरे खराब हैं। इस पर जिलाधिकारी ने कहा कि खराब सीसीटीवी कैमरों की कम्पलेन की गयी, तो वे सही जानकारी नही दे पाए। साथ ही तनहाई बैरक नम्बर 15 एवं 16 का भी निरीक्षण किया गया जिसमें कैदी मुख्तार अंसारी निरूद्ध है। जिलाधिकारी के द्वारा वहां की भी सघन तलासी करायी गयी जहां पर अवैध समाग्री नही प्राप्त हुई। जेलर द्वारा जानकारी दी गयी कि तनहायी बैरक में आठ सीसीटीवी कैमरे लगे हैं और सभी संचालित हैं इसके बाद मण्डल कारागार के अस्पताल का भी निरीक्षण किया गया। डा. जीसी मिश्रा एवं फार्मासिस्ट दिलीप कुमार उपस्थित थे। इसके बाद वीडीओ कांफ्रेसिंग कक्ष का भी निरीक्षण किया गया। वीसी रूम में लगे एलईडी टीवी भली भांति चल रहे थे। जिलाधिकारी अनुराग पटेल ने जेलर को निर्देशित किया कि बन्द पडे सीसीटीवी कैमरों को तत्काल बनवाकर अवगत कराया जाए।

# डीएचओ ने योजनाओं की जानकारी लेने आए किसानों को भगा दिया

● सीएम पोर्टल के माध्यम से की गई शिकायत

संवाददाता। हमीरपुर

**सरकार** की योजनाओं की जानकारी लेने आये किसानों को जिला उद्यान अधिकारी ने डांटकर भगा दिया। किसानों ने इस मामले की शिकायत सीधे मुख्यमंत्री के पोर्टल में की है। जानकारी के मुताबिक जिला उद्यान अधिकारी की उदासीनता व किसानों के साथ अभद्र व्यवहार के चलते सरकार की ज्यादातर महत्वाकांक्षी योजनाएं फ्लाप हो रही है।

सरीला ब्लाक के रिहुटा गांव के किसान शैतान सिंह राजपूत व धगवा गांव के किसान तुलाराम व बीरा गांव के कई किसानों ने सीएम से लिखित शिकायत की है कि वह विभाग में डीएचओ विजय पाठक से सरकारी योजनाओं की जानकारी लेने गये थे जैसे ही वह डीएचओ के दफ्तर में घुसे तभी व कुछ सुनने के पहले किसानों को तुरंत दफ्तर से बाहर निकल जाने को कहा जब किसानों ने कहा कि साहब व बागवानी व फूल, सब्जी संबंधी योजनाओं की जानकारी लेने आये इसके बाद भी उनका गुस्सा आसमान में चढ़ गया और चपरासी से किसानों को धक्का मारकर भगा दिया।

किसानों ने सीएम पोर्टल के माध्यम से शिकायत की है कि डीएचओ की हिटलरी के चलते अब किसानों ने दफ्तर में आना ही बंद कर दिया है यही कारण है कि किसानों की समस्त योजनाएं फ्लाप हो गयी है। इस मामले में विभाग के निदेशक नरेंद्र सिह तोमर का कहना है कि इस मामले में वह डीएचओ से बात कर मामले की जानकारी करेगे। डीएचओ विजय पाठक ने इस मामले में कुछ भी बताने से साफइंकार कर दिया है।

## बजरंग दल की दो दिवसीय विभाग चिंतन बैठक संपन्न

संवाददाता। बांदा

**विश्व** हिन्दू परिषद, बजरंग दल जिला बांदा की दो दिवसीय विभाग चिंतन बैठक सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज अतर्रा चुंगी में संपन्न हुई। जिसमें बांदा चित्रकूट विभाग के सभी प्रखंडों के पांच पांच दायित्व वान पदाधिकारियों सहित विभाग तथा जिले के समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे।

दो दिवसीय बैठक में प्रमुख रूप से मुख्य अतिथि के रूप में बजरंग दल कानपुर प्रांत के प्रांत संयोजक अजीत राज जी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। बैठक के प्रथम सत्र में मुख्य अतिथि अजीत राज जी के द्वारा अपने बौद्धिक उद्बोधन में कार्यकर्ता निर्माण सभी प्रखंडों में मिलन केंद्र चलाना सभी प्रखंडों खंडों में बल उपासना केंद्र शुरू करना तथा सभी प्रखंडों में बजरंग दल के एक दिन के मासिक वर्ग के बारे में विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक के द्वितीय सत्र में प्रात: सभी बजरंगी यों को शारीरिक प्रशिक्षण दिया गया जिससे कार्यकर्ता शारीरिक रूप से मजबूत हो सके तथा संगठन की संपूर्ण कार्यपद्धती के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

## जिला पंचायत अध्यक्ष ने सुनी मोदी के मन की बात

उरई ( **जालौन** )। महीने के आखिरी रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के लोगों से विभिन्न विषयों को लेकर अपने मन की बात करते चले आ रहे हैं। रविवार को जैसे ही मोदी के मन की बात का प्रसारण शुरू हुआ तो हर रोज की तरह अपने आवास पर जनता की समस्याओं को सुन रहे जिला पंचायत अध्यक्ष डा. घनश्याम अनुरागी वहीं पर मोदी के मन की बात को सुनने लगे। इस दौरान वहां पर अनेकों पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र सिंह सेंगर, आशुतोष शर्मा, अनुभव चतुर्वेदी सहित अनेकों लोगों ने भी पीएम नरेंद्र मोदी के मन की बातों को गंभीरता से सुना। बाद में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री अनुरागी ने कहा कि हमारे पार्टी के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब तक विभिन्न विषयों को लेकर अपने मन की बात देश की जनता के सामने कर चुके हैं।

# एसिड अटैक की घटना को लेकर इप्टा ने नुक्कड़ नाटक कर किया जागरूक

संवाददाता। कोंच (जालौन)



**भारतीय** जन नाट्य संघ (इप्टा) इकाई कोंच द्वारा नगर में छात्राओं एवं महिलाओं के साथ बढ़ रही यौन दुष्कर्म, छेड़छाड़, एसिड अटैक आदि घटनाओं से आम जन मानस को जागरूक करने के लिए नगर के विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ नाटक दस्तक का मंचन कर स्थानीय प्रशासन से इस प्रकार की घटनाओं पर रोक लगाने की मांग की गयी। इसी के साथ रंगकर्मियों ने नागरिकों से प्रशासन का हरसंभव सहयोग करने की भी अपील की।

छह दिन पहले नगर के इतिहास में पहली बार हुई घातक केमिकल अटैक की घटना से मर्माहत इप्टा कोंच के रंगकर्मियों ने रविवार को संगठन के प्रांतीय सचिव डा. मोहम्मद नईम बॉबी, इकाई संरक्षक अनिल कुमार वैद एड, सचिव पारसमणि अग्रवाल, कोषाध्यक्ष भास्कर गुप्ता के नेतृत्व में ऐतिहासिक चंदकुआं चौराहा, सर्राफा बाजार एवं सागर चौकी पर नुक्कड़ नाटक कर लोगों को जागरूक किया। दर्शकों को संबोधित करते हुए प्रांतीय सचिव डॉ मोहम्मद नईम बॉबी ने महिलाओं के साथ हो रही हिंसा की रोकथाम के लिए लोगों से अपनी चुप्पी तोड़ने का आहवान किया।

इप्टा संरक्षक अनिल कुमार वैद एडवोकेट ने दर्शकों का आभार व्यक्त करते हुए लोगों से प्रशासन का सहयोग करने की अपील की।

# शहीदों का यही पैगाम जारी रखना है संग्राम

संवाददाता। चित्रकूट




**शहीद**-ए-आजम भगत सिंह के 114वें जन्मदिवस 28 सितम्बर पर नौजवान भारत सभा के कार्यकर्ताओं ने शहीद भगत सिंह स्मृति अभियान के तहत भगत सिंह पुस्तकालय भैरमपुर में डा. गौहर रजा निर्देशित फिल्म इंकलाज दिखाई।

रविवार को फिल्म इंकलाब दिखाने के बाद भगत सिंह के विचारों पर चर्चा करते हुए नौजवान भारत सभा के सदस्य सुरेश ने कहा कि शहीदे-ए-आजम भगत सिंह को याद करना कोई रश्म अदायगी नहीं है, बल्कि इनके विचार आज के अंधेरे माहौल में बेहतर भविष्य की रोशनी की मशाल हैं। 23 साल की उम्र में फांसी के फंदे को चूंमने वाले उस नौजवान ने सिर्फ देशभक्ति के आवेश में आकर प्राणों की आहुति नहीं दी, बल्कि भारत देश की आजादी को लेकर कांग्रेस की अगुवाई में चलने वाले आजादी के आन्दोलन को लेकर उनके सवाल और आशंकायें ठोस जमीन पर खड़ी थीं। सुरेश ने बताया कि भगत सिंह के पास नये भारत के निर्माण का ठोस खाका था, जो देश काल समाज की परिस्थितियों के ठोस मूल्यांकन पर आधारित था।

# हाईटेंशन लाइन पर कार्य कर रहा लाइनमैन करंट की चपेट में आकर झुलसा

● घटना के बाद जिम्मेदार जवाब देने से कतराए

संवाददाता। रामपुरा (जालौन)

**33** केवी उप केन्द्र के रामपुरा फीडर के महूटा पुलिया पर ट्यूबवेल की बिजली की लाइन जोड़ते समय लाइनमैन अवधेश कुमार पुत्र मुलचर निवासी नगरा को 11 हजार की लाइन के करेन्ट लगने से बुरी तरह घायल हो गया। करेन्ट लगने से लायनमैन के हाथ व पैर में आग लगने से कई जगह जलने के कारण घाव भी हो गये। घटना रविवार शाम 4.30 के लगभग की हैं। लाइनमैन जब 11 हजार की लाइन पर काम कर रहा था तो करेन्ट लगने की घटना कैसे घटी। कुछ लाइनमैन ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि जब 11 हजार की लाइन पर काम किया जाता हैं तब 33 केवी उप केंद्र पर बिजली चालू करने वाली मशीन का नीचे का हिस्सा हटा दिया जाता हैं। अगर ऐसा नहीं होता हैं तो करेन्ट लगने की संभावना बढ़ जाती हैं।

**लापरवाही से घटित हुई घटना**

**रामपुरा**। 33 केवी उप केन्द्र रामपुरा की कार्यशैली बेहद लापरवाह किस्म की हैं। 33 केवी का सरकारी नम्बर अधिकांश बंद जाता हैं। जिसकी शिकायत कई बार नगरवासी बिजली विभाग के जेई तथा एसडीओ से कर चुके हैं, लेकिन कर्मचारियों में कोई परिवर्तन नहीं आया। जिस समय लाइनमैन को करेन्ट लगा तो 33 केवी उप केन्द्र दो बार काल करने के उपरांत फोन उठा। एसडीओ अभिषेक सोनकर ने बताया कि अभी इस मामले में कुछ नहीं कह सकते।

## पाइप लाइन बिछाने की गति में तेजी लाने के निर्देश

जालौन ( **उरई** )। जल जीवन मिशन योजनांतर्गत नमामि गंगे के अपर जिलाधिकारी ने काशीपुरा में पानी की टंकी और पाइप लाइन बिछाने का कार्य देखा। निर्माण कार्य की धीमी प्रगति देख मजदूर व मशीन बढ़ाने के निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे प्रतिपाल सिंह के नेतृत्व में पीएमसी एवं टीपीआई टीम ने ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम काशीपुरा में पानी की टंकी के निर्माण और पाइप लाइन बिछाने के कार्य एवं प्रगति को देखा। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बोरिंग स्थल, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट और पंप हाउस समेत अन्य कार्यों को देखा। गांव में पाइप लाइन बिछाने का कार्य धीमा देखकर उन्होंने मशीनों और मजदूरों की संख्या बढ़ाने के निर्देश कांट्रेक्टर बृजगोपाल को दिए। निर्देश दिए कि खुदाई के बाद मिट्टी भराई का कार्य भी यथाशीघ्र करें। वहीं, पीएमसी एवं टीपीआई टीम ने कार्य की गुणवत्ता की जांच की। जिसमें कार्य संतोषजनक होता हुआ पाया गया। जिस पर उन्होंने कांट्रेक्टर को निर्देश दिए कि कार्य समयावधि एवं मानक के अनुरूप ही किया जाए।

# मौत के साये में पढ़ रहे नौनिहाल



संवाददाता। चित्रकूट

**जिला** मुख्यालय स्थित सीपी सिंह आवासीय विद्यालय में विद्यालय संचालक की मनमानी खूब देखने को मिल रही है। 33 केवीए की हाईवोल्टेज तारें गुजरने के बाद भी विद्यालय को मान्यता देकर नन्हे-मुन्हे नौनिहाल मौत के साये में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। रविवार को सीपी सिंह आवासीय विद्यालय संचालक की मनमानी इस कदर हावी है कि जिला विद्यालय निरीक्षक व बेसिक शिक्षाधिकारी कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।

ऐसे में कभी भी कोई अनहोनी हो सकती है। हजारों बच्चे मौत के साये में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। जिम्मेदार अधिकारी सिर्फ अपनी जेबें भरने में जुटे हैं। किसी के जीवन व मौत से कोई मतलब नहीं है। जिम्मेदार अधिकारी किसी बडी घटना का इंतजार कर रहे हैं। प्राइवेट विद्यालयों की मनमानी किसी से छुपी नहीं है। विद्यालय संचालक मनमानी ढंग से फीस लेने के साथ सरकारी मानकों को दर-किनार कर कार्य कर रहे हैं।

शासन-प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों की सह प्राइवेट विद्यालय संचालकों को मिली हुई है। इससे विद्यालय संचालक गरीब अभिभावकों को लूट रहे हैं।

## कोदा-सांवा की खेती गरीब किसानों का बनेगी सहारा

**चित्रकूट**। भारत में कृषि के लिहाज से और स्वास्थ्य के हिसाब से मोटे अनाज सदैव से ही उपयोगी रहे हैं। मोटे अनाज को फिर से चलन में लाने को दीनदयाल शोध संस्थान कृषि विज्ञान केन्द्रों से किसानों में जागरूकता अभियान चला रही है।

रविवार को दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन व कोषाध्यक्ष बसंत पंडित ने किसानों में एक बार फिर से मोटे अनाजों के प्रति रुझान बढाने को खासा रुचि दिखा रहे हैं। विभिन्न किस्मों के मोटे अनाजों की फसलों का प्रदर्शन तैयार कराया गया है। मोटे अनाज कोदो, कुटकी आज उपेक्षित अनाज में शामिल हो गये हैं। किसान धान, गेहूं व अन्य अनाज की खेती करने में रुचि दिखा रहे हैं, लेकिन कोदो की पौष्टिकता के बारे में इसका झुकाव बढ रहा है।

बंदरकोल गांव में दीनदयाल शोध संस्थान के कृषि विशेषज्ञ सत्यम चौरिहा ने बताया कि कोदो आदि की फसलें गरीब आदिवासी क्षेत्रों में लगाई जा रही हैं। ये फसलें सितम्बर में पककर तैयार हो जाती हैं।

# दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर किसान कल्याण दिवस का आयोजन

संवाददाता। बांदा

**जनपद** के सभी विकास खण्डों में पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर गरीब कल्याण दिवस के रूप में मनाये जाने हेतु आज किसान कल्याण दिवस का आयोजन किया गया जिसमें विकास खण्ड बडोखर खुर्द एवं विकास खण्ड महुआ में जिलाधिकारी के द्वारा प्रतिभाग किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष रामकेश निषाद ने विकास खण्ड बडोखर खुर्द में जनसमान्य को सम्बोधित करते हुए कहा कि केन्द्र सरकार एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं एवं विगत साढ़े चार वर्षों में सरकार की उपलब्धियों को भी अवगत कराया और कहा कि पात्र लाभार्थियों को ही इस योजना का लाभ मिलना चाहिए। अन्त्योदय के क्रम में हमारी सरकार कार्य कर रही है और गरीबों के कल्याण सम्बन्धी जो भी योजनायें हैं उनका लाभ पात्र लाभार्थियों को मिलना चाहिए साथ ही विभिन्न विभागों के द्वारा लगाये गये स्टालों का भी अवलोकन किया गया।

सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने विकास खण्ड महुआ में जनसमान्य को सम्बोधित करते हुए कहा कि किसाना कल्याण दिवस के अवसर पर हमारी सरकार की पारदर्शी योजनायें चल रही हैं।

उन्होंने जनसमान्य से आग्रह किया कि स्टालों के माध्यम से आप लोग विभिन्न प्रकार की योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें और इन योजनाओं से लाभान्वित हों। उन्होंने कहा कि यह आप लोंगो का अधिकार है कि शासन की जो भी लाभार्थी परक योजनाएं है वे पात्र लाभार्थियों तक पहुंचे। जिलाधिकारी अनुराग पटेल ने बताया कि प्रदेश के साथ जनपद के समस्त विकास खण्डों में बडी भव्यता के साथ गरीब कल्याण मेले का आयोजन किया गया है। विकास खण्डों पर क्षेत्र पंचायत के साथ अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा भी प्रतिभाग किया गया।

विकास खण्ड बबेरू में चन्द्रपाल कुशवाहा एवं विकास खण्ड कमासिन में अध्यक्ष जिला पंचायत एवं विकास खण्ड तिन्दवारी में आयुक्त महोदय द्वारा प्रतिभाग किया गया। उन्होंने यह भी अवगत कराया कि प्रत्येक विकास खण्ड पर लगभग 1500 से 2000 के लगभग प्रतिभागी उपस्थित रहे। एक हजार व्यक्तियों का सम्पूर्ण जनपद में मेले के दौरान स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। 360 आयुष्मान कार्डों का वितरण किया गया।

# कचरा घर में तब्दील हुआ गौशाला

संवाददाता। कुसमिलिया (जालौन)



**कुसमिलिया** गांव में अवारा मवेशियों को रखने के लिए बनीं गौशाला बारिश में दलदल बन गई हैं। बरसात में पूरी तरह से जलमग्न गौशाला में केवल दो खम्बे और गेट ही दृष्टिगत हो रहा है बाकी गौशाला का नामोनिशान ही मिट गया है। ऐसा लगता है कि यहां कभी गौशाला बनी भी थी या नहीं।

अफसर भले ही सब कुछ ठीक होने का दावा कर रहे हो, लेकिन हालात बेहद खराब हैं। ब्लॉक डकोर के बिभिन्न गांवों की दशा भी एक समान ही प्रतीत हो रही है। अन्ना पशुओं की स्थिति अतिसोचनीय हो गयी है। कुछ दिनों की बारिश में अलग-अलग गांवों में 20 से अधिक मवेशियों की मौत हो गई। मौजूदा समय में भी गौशालाओं की हालत बद से बदतर हैं। बारिश के जलभराव से डकोर के कुसमिलिया गांव में गौशाला कई महीनों से ही बंद कर दी गई। गौशाला बंद होने से पशुओं के खाने और उनके नियमित उपचार की व्यवस्था न होने से जानवर बीमार हो रहे हैं जिसके चलते बीमार पड़ने वाले जानवर इलाज के अभाव में दम तोड़ दे रहे हैं। बताते चलें कि ब्लॉक डकोर के गांव कुसमिलिया में अवारा मवेशियों को रखने के लिए गौशाला बनाई गई थी।

## पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र देकर बढ़ाया हौसला

**चित्रकूट**। शहर के बल्दाऊगंज में प्रभास महासंघ एवं प्रभास छात्र मोर्चा की बैठक की अध्यक्षता कर रही महासंघ की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष साधना आनन्द ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र देकर कार्यकर्ताओं को माला पहनाकर हौसला आफजाई की। रविवार को प्रभास महासंघ की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष साधना आनन्द ने प्रभास छात्र मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष शिवप्रकाश सिंह, जिलाध्यक्ष अरुण कुमार, जिला मंत्री धर्मेन्द्र भास्कर, मानिकपुर ब्लाक अध्यक्ष छेदीलाल राजपूत, ब्लाक प्रभारी शमशेर सिंह चौहान, कर्वी ब्लाक अध्यक्ष शीलू कुमार, ब्लाक प्रभारी गुलाब वर्मा, छात्र मोर्चा का जिला सचिव पप्पू कुमार को नियुक्त किया है। नियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनायें देते हुए महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष लवलेश विराग ने संगठन के उद्देश्यों पर चर्चा कर कहा कि राष्ट्र व समाज निर्माण में युवाओं व छात्रों की भागीदारी जरूरी है। हमारे कार्य व्यवहार व विचार युवापन से ही तय होते हैं।

## अपहृत बालिका को पुलिस ने किया बरामद

**चित्रकूट**। पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के निर्देश में सीओ सिटी शीतला प्रसाद पाण्डेय की अगुवाई में शिवरामपुर चौकी प्रभारी अजय जायसवाल की टीम ने बालिका के अपहरण व एससी-एसटी के मामले में बालिका को सकुशल बरामद किया है। रविवार को शिवरामपुर चौकी के प्रभारी अजय जायसवाल व सिपाही मयंक तिवारी, कमलेश तथा महिला सिपाही सीमा देवी ने बालिका को बरामद कर कानूनी कार्यवाही की है। रैपुरा थाने के दरोगा शिवपूजन यादव की टीम ने क्षति पहुंचाने व एससी-एसटी एक्ट के वारंटी ओमदत्त पुत्र सुन्दरलाल निवासी बांधी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

## सड़क दुर्घटनाओं में दो घायल

मौदहा ( **हमीरपुर** )। कोतवाली क्षेत्र में अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जिसमें एक की हालत चिंताजनक होने पर उसे सदर अस्पताल रेफर कर किया गया। जानकारी के अनुसार मंगू अरतरा गांव निवासी अपने गांव से मौदहा की ओर जा रहा था तभी अरतरा मार्ग पर अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे घायल होकर गिर गया ग्रामीणों ने आनन-फानन में मौदहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां उसकी हालत चिंताजनक होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रफर कर दिया। दूसरी घटना शिवांशु इंगोहटा निवासी अपने दोस्तों के साथ स्कूटी पर सवार होकर मौदहा की ओर आ रहा था वैसे ही पढ़ोरी मोड़ पर स्कूटरी पीछे से आ रही मोटरसाइकिल जिसमें उसके दोस्त सवार थे स्कूटी में टक्कर मार दी जिससे स्कूटी सवार घायल होकर गया।

## मासूम के साथ किया दुष्कर्म

सुमेरपुर ( **हमीरपुर** )। सुमेरपुर क्षेत्र में कल देर रात आरोप के मामले में जेल से जमानत में छूट कर आये एक युवक ने मासूम बच्ची को सामुदायिक शौचालय से उठाकर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक सुमेरपुर कस्वा निवासी सुरेश कुमार बलात्कार के आरोप में कई महीनों से जेल की सीखचों में बंद था,अभी दो सप्ताह पहले वह जेल से जमानत में छूट कर आया है कस्बे में एक आठ वर्षीय मासूम सामुदायिक शौचालय गयी थी, तभी वहशी युवक उसे उठाकर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया जब काफी देर तक बालिका नही लौटी तो परिवारीजनों ने उसे खोजना शुरु किया तो खेतो में लड़की की रोने की आवाज आ रही थी ग्रामीणों ने मौके पर जाकर आरोपी को पकड़कर पुलिस को हवाले कर दिया पुलिस ने उसे आज पास्को एक्ट के तहत रिपोर्र दर्ज कर जेल भेज दिया है।

## धोखाधड़ी कर ट्रैक्टर का ऋण निकाला

राठ ( **हमीरपुर** )। रुपयों का लालच देकर गारंटर बनाने के नाम पर कुछ लोगों ने चौकीदार के नाम पर ट्रैक्टर का ऋण निकाल लिया जब चौकीदार से बैंक कर्मी रुपये लेने पहुचे तो वह भौचक्का रह गया इस मामले की लिखित शिकायत पुलिस से की है। मझगवां थाने के टोलारावत गांव निवासी महमूद ने पुलिस को बताया कि वह मझगवां थाने में चौकीदार है। सात माह पहले गांव के एक व्यक्ति ने 20 हजार रुपये का लालच देकर उसको ट्रैक्टर एजेंसी ले गया। जहां जरिया थाने के अमूंद गांव निवासी एक व्यक्ति आया और शराब के नशे में गारंटर के नाम पर उससे कागजों पर हस्ताक्षर करा लिए। बताया कि कुछ दिनों बाद वह दिल्ली मजदूरी करने चला गया। बताया चार दिन पहले फाइनेंस वाले उसके घर पर आये और उसके भाई को ट्रैक्टर की किस्त जमा करने के लिये कहने लगे।

## जहर खाकर आत्महत्या करने का किया प्रयास

राठ ( **हमीरपुर** )। मुस्करा थाने के छानी गांव निवासी धीरू पुत्र रामतिलक ने अज्ञात कारणों के चलते जहर खा लिया। परिजन इलाज के लिये सीएचसी ले गये। हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने उसे रेफर कर दिया। वहीं कोतवाली के कुम्हारिया गांव निवासी 60 वर्षीय केदार बाबू पुत्र हिंदूपत और कुर्रा गांव निवासी 18 वर्षीय विशाल पुत्र संतोष ने जहर खा लिया। राठ कस्बे के दीवानपुरा मोहल्ला निवासी 17 वर्षीय रविंद्र पुत्र देशराज बाइक से किसी काम को लेकर जा रहा था। रास्ते में संतुलन बिगड़ जाने पर वह बाइक से गिरकर घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए सीएचसी ले गये।

## बुलेट में मॉडीफाई साइलेंसर होने पर किया चालान

**चित्रकूट**। पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के निर्देश पर यातायात प्रभारी योगेश कुमार यादव ने ट्रैफिक चौराहा में बुलट मोटरबाइक में मॉडीफाई साइलेंसर लगाकर चलने वालों का ई-चालान किया है। यातायात नियमों का पालन न करने वाले 70 वाहनों का 68 हजार रुपये का ई-पेंडिंग चालान कर राजस्व को लाभ पहुंचाया है। रविवार को यातायात प्रभारी योगेश कुमार यादव ने ट्राफिक्र चौराहा में बुलेट मोटरबाइकों की जांच की। 10 बुलेट वाहनों में मॉडीफाई साइलेंसर लगे होने पर चालान किया। यातायात प्रभारी ने बुलेट चालकों से मानक के अनुसार साइलेंसर लगाने को कहा। उन्होंने वाहनों की जांच दौरान यातायात नियमों का पालन न करने वाले 70 वाहनों का 68 हजार रुपये ई-पेंडिंग चालान कर राजस्व को लाभ पहुंचाया। उन्होंने वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने को भी कहा।

## आम रास्ते में पक्का निर्माण रुकवाने की मांग

जालौन ( **उरई** )। आम रास्ते पर अतिक्रमण कर पड़ोसी पक्का निर्माण कर आम रास्ता बंद कर रहा है। रोकने पर झगड़ा करने लगा। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर आम रास्ते पर निर्माण रुकवाने की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम औरेखी निवासी रामसेवक ने पुलिस को बताया कि उसे आवासीय पट्टा मिला था। जिस पर उसने आवास बनाया है। आवास से निकलने के लिए एक आम रास्ता भी दी गई है। लेकिन उनके पड़ोसी उक्त आम रास्ते को बंद कर पक्का निर्माण करा रहे हैं। यदि आम रास्ता बंद हो जाता है तो उसे निकलने में दिक्कत होगी। जिसके चलते जब उसने पड़ोसी को आम रास्ता बंद न करने के लिए कहा तो वह गाली, गलौज करते हुए धमकी देने लगे। पीड़ित ने पुलिस से निर्माण कार्य रूकवाने की गुहार लगाई है। वहीं पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## बाइक सवार युवकों ने महिला के साथ की टप्पेबाजी

कोंच ( **जालौन** )। एक महिला के साथ बाइक सवार दो युवकों ने टप्पेबाजी की घटना को अंजाम दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोंच कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चचेंड़ा निवासी भदेवरा के पूर्व प्रधान मानसिंह का नगर में ब्लॉक कॉलनी में मकान बना हुआ है।रविवार की दोपहर मानसिंह की पत्नी कस्तूरी देवी पैदल ही मकान से गांव जा रही थी तभी पंचानन चौराहे के समीप एक बाइक पर हेलमिट लगाये दो युवक आये और कस्तूरी को रोककर बोले कि तुम्हारे बच्चे की आज मौत हो सकती है। यह बात सुनते ही कस्तूरी अपनी सुध बुध खो बैठी और कुछ दूरी पर आगे जाते ही उक्त युवक कस्तूरी के गले में से ओम बना सोने का लॉकेट, चांदी की एक चूड़ी व कानों में पहने सोने के बाला उतारकर रफूचक्कर हो गये। वहीं घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कस्तूरी से घटना के बाबत जानकारी लेते हुए युवकों की तलाश तेज कर दी है।

# पात्रों का नाम काट आपात्रों की झोली में डाल दिया पीएम आवास

संवाददाता। नसीराबाद रायबरेली



**गरीब असहाय** लोगों के लिए राज्य सरकार से लेकर केंद्र सरकार हर वर्ष रहने के लिए पीयम के रूप में छत मुहैया करा रही है परंतु विभागीय अधिकारी कर्मचारी सरकार की छवि को पलीता लगाने से बाज नहीं आ रहे हैं कुछ ऐसे अधिकारी हैं जो एसी कमरों में बैठकर आवासों की जांच कर कागज कालम पूरा करते हुए पात्रों का नाम काट कर आपात्रों की झोली में पीएम आवास सौंप दे रहे है अब ऐसा क्यों करते हैं यह जांच करने वाले अधिकारी कर्मचारी व आवास पाने वाले ही जाने ठीक ऐसा ही एक मामला विकास खंड छतोह क्षेत्र के ग्राम पंचायत छतोह में देखने को मिला है उक्त ग्राम पंचायत में पीएम आवास सूची के जरिए पात्रों के लिए कई आवास आवंटन हुए है ग्रामीण नीलम पत्नी प्रेम सिंह गुड्डुन पत्नी लवकुश सिंह सीमा पत्नी अजय सिंह का कहना है कि पीएम आवास सूची में हम लोगों का नाम था और आवास मिलना था परंतु गांव की राजनीति के तहत ब्लॉक के कर्मचारी ब्लॉक मुख्यालय में ही बैठ कर कागज कालम पूरा करते हुए हम लोगों को अपात्र दिखाकर दूसरो को आवास दै दिया जबकि हम लोगों के पास रहने के लिए मड़ैया के अलावा और कोई अन्य आवास नहीं है और ना ही कोई आय की आमदनी है लोगों ने कहा कि हम लोगों के पास छोटे-छोटे बच्चे हैं सीमा पत्री अजय सिंह दोनों पति-पत्नी पैरों से विकलांग है और यह लोग छोटे-छोटे बच्चों के साथ मढैया में ही गुजर बसर कर रहे हैं उक्त लोगों ने मांग की कि इस मामले में जिले से तीन सदस्यीय टीम द्वारा जांच करवाई जाए तब पूरा मामला आईना की तरह साफहो जाएगा कि आवास के लिए कौन पात्र है और कौन आपात्र इस मामले में जब ग्राम पंचायत सचिव ओमप्रकाश के मोबाइल नंबर पर संपर्क किया गया तो फोन नहीं उठा

**आवास के विषय में जांच अधिकारी द्वारा जांच कर पात्रों को** आवास आवंटन कराया जाता है आवास लिस्ट में नाम काटने की जानकारी हमें नहीं है उक्त सभी आवास पाने हेतु पात्र हैं दोबारा जांच करवा कर हमारी तरफसे तीनो को आवास दिलवाया जाएगा

**वर्तमान प्रधान प्रतिनिधि शोहराब खां ग्राम पंचायत छतोह**

अभी मैं नया आया हूं मामला जानकारी में नहीं है अगर ऐसी बात है तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी

# निर्माण की दिशा में आगे बढ़ रहा भाजपा का ओबीसी मोर्चा : अभिलाष

संवाददाता। ऊंचाहार,रायबरेली

**भारतीय जनता** पार्टी ओबीसी मोर्चा अपने समाज में भाजपा की नीतियां व उपलब्धियां पहुंचा कर पार्टी से समाज के लोगो को जोड़ने में अग्रणी भूमिका अदा कर रहा है । इसी कारण से प्रदेश के मुख्य मंत्री का ओबीसी मोर्चा के प्रति अधिक भरोसा बढ़ा है भाजपा ओबीसी मोर्चा रायबरेली के तत्वाधान में परिचय बैठक के दौरान ऊंचाहार विधान सभा में उक्त बातें पार्टी के क्षेत्रीय मंत्री अभिलाष कौशल ने व्यक्त किए । बैठक में मंडल गौरा ,रोहनिया के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे ।जिसमें क्षेत्रीय मंत्री अभिलाष चंद्र कौशल जिला अध्यक्ष राधेश्याम सोनी द्वारा सभी कार्यकर्ताओं का स्वागत माला पहनाकर भाजपा ओबीसी मोर्चा में काम करने के लिए बधाई व हार्दिक शुभकामनाएं दी। आने वाले 2022 के विधान सभा चुनाव में ओबीसी मोर्चा को विशेष जिम्मेदारी देने के लिए सभी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार जताया और प्रदेश में पुन: योगी सरकार को वापस लाने के लिए संकल्प लिया । इस मौके पर अभिलाष कौशल ने कहा कि सरकार ने अनेकों जन कल्याण योजनाएं शुरू की है । जिससे लोगों का भाजपा के प्रति भरोसा बढ़ा है । बैठक में ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री व प्रतापगढ़ सांसद संगम लाल गुप्ता के ऊपर जानलेवा हमले की निंदा की । और कहा कि जिसने भी यह घृणित कार्य किया है उसके ऊपर कठोर से कठोर कार्रवाई हो ।कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष गौरव अनुराग मिश्रा, अवधेश जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष राजू यादव, मंडल अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा वीरेंद्र साहू ,फूल सिंह जायसवाल ,मंडल अध्यक्ष रोहनिया राममूरत जायसवाल, गुड्डू यादव आदि लोग रहे।

## क्विक न्यूज

### कोर्ट के आदेश पर दुष्कर्म व मारपीट का मामला दर्ज

**लालगंज,रायबरेली।** तीन साल बाद ही सही कोर्ट के आदेश पर लालगंज पुलिस ने दुष्कर्म व मारपीट के मामले में चार लोगों के खिलाफमुकदमा दर्ज कर लिया है। हलोर समसपुर,महराजगंज निवासिनी युवती का कहना है कि उसकी मौसी लालगंज के पूरेबन्धन मजरे मीठापुर गांव की रहने वाली है। वह अगस्त 2018 में मौसी के घर आई थी जहां पर उसे अकेला पाकर गांव के ही युवक अंकित पटेल ने दुष्कर्म किया था। विरोध करने पर अंकित समेत रामविशाल,अतुल व राजेश पटेल ने उसकी पिटाई की थी।लालगंज कोतवाली से लेकर पुलिस अधीक्षक तक से शिकायत पर कोई कार्रवाही न होने पर पीड़िता ने न्यायालय का सहारा लिया था। कोर्ट के आदेश पर आरोपित अंकित आदि चार लोगों के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया है।

### किशोरी ने लगाया दुष्कर्म का आरोप

**लालगंज,रायबरेली।** नाबालिक किशोरी को प्रेमजाल में फंसाकर शादी का झांसा दिया और उसके साथ दुष्कर्म करता रहा।जब किशोरी गभर्वती हुई तो उसका गभर्पात करा दिया।पीड़िता परिजनों के साथ कोतवाली पहुंची और आरोपित युवक समेत उसके परिजनों के विरूद्ध मामले का शिकायती पत्र दिया है। किशोरी का आरोप है कि गांव का ही एक युवक शादी का झांसा देकर छह माह से उसके साथ दुष्कर्म करता रहा।गभर्वती होने पर युवक ने उसे दवा खिला दी जिससे गभर्पात हो गया। उसने परिजनों को यह बात बताई तो वह सब शिकायत लेकर युवक के घर पहुंचे तो युवक के परिजन मारपीट पर अमादा हो गए। पीड़िता ने मामले का शिकायती पत्र कोतवाली पुलिस को देते हुए युवक समेत तीन लोगों के विरूद्ध गंभीर आरोप लगाए है।

### प्रेमी युवक शादी करने के बाद प्रेमिका को छोड़कर हुआ फरार

**लालगंज, रायबरेली।** कोर्ट मैरिज कर जिसे पत्नी बनाया उसे ही छोंड़कर प्रेमी युवक फरार हो गया।तिवारी का पुरवा मजरे लालूमऊ गांव की रहने वाली युवती का कहना है कि बीती 21 सितंबर को उसने अपने प्रेमी अभिषेक यादव निवासी टेढ़े का पुरवा मजरे अम्बारा पश्चिम गांव निवासी युवक से प्रेम विवाह किया था।अभिषेक उसे किराए के मकान में लेकर रहने लगा और पत्नी बनाकर कई बार शीरीरिक संबंध बनाए।लेकिन25 सितंबर को अभिषेक ने उसे गांधी चौराहा स्थित एक होटल में बैठा दिया और खुद गायब हो गया। देर शाम तक जब युवक वापस नही लौटा तो युवती अपनी रिश्तेदारी टेढ़े का पुरवा गांव चली गई। रविवार को कोतवाली पहुंच कर पीड़िता ने मामले का शिकायती पत्र कोतवाली पुलिस को दिया है।

### श्रावस्ती में 4 अक्टूबर को लगेगा अप्रेन्टिसशिप मेला

**श्रावस्ती।** शासन के निर्देश पर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भिनगा में 4 अक्टूबर को अप्रेन्टिसशिप मेले के आयोजन हेतु मु य विकास अधिकारी ईशान प्रताप सिंह की अध्यक्षता में अप्रेन्टिसशिप समिति के सदस्यों के साथ एक बैठक की गयी। जिसमें समस्त प्रतिष्ठानोंए उद्योगों एवं सरकारी कार्यालयों के अध्यक्ष से अनुरोध किया गया कि अपनी संस्थाए कार्यालय को अप्रेन्टिसशिप पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करायें। मुख्य विकास अधिकारी ने कौशल विकास के प्रधानाचार्य आई0टी0आई0 नीति मिश्रा को निर्देश दिया कि कौशल विकास एवं आई0टी0आई0 द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके प्रशिक्षणार्थियों को अप्रेन्टिसशिप पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराकर नियोजित करायें। इसके साथ ही सहायक उपायुक्त जिला उद्योग केन्द्र को निर्देशित किया गया कि जनपद के समस्त प्रतिष्ठानों उद्योगों को अप्रेन्टिसशिप पोर्टल पर रजिस्टर्ड करायें। इस मौके पर नोडल आई0टी0आई0 प्रधानाचार्य नीति मिश्रा आई0टी0आई0 प्रधानाचार्य हरीश मिश्रा सहायक उपायुक्त जिला उद्योग केन्द्र अरविन्द भाष्करए परामर्शदाता मनोजए रामचन्द्र उपस्थित रहें।

### रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत

**ऊंचाहार,रायबरेली।** लखनऊ प्रयाग राज मार्ग पर बागवान ढाबा के पास रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत हो गई। तो वही उसका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। प्रतापगढ़ जिले के नवाबगंज कोतवाली अंतर्गत वाजिदपुर गांव निवासी आदर्श रविवार की सुबह करीब 11.00 बजे अपनी माता पुष्पा देवी के साथ बाइक से इलाज कराने रायबरेली जा रहा था। तभी अरखा फ्यूल बागवान ढाबा के पास प्रयागराज की ओर से आ रही तेज रफ्तार रोडवेज बस में बाइक की डिग्गी में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार महिला सड़क पर जा गिरी। जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। तथा बेटा आदर्श भी गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं स्थानीय लोगों ने घायल आदर्श वर्मा को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया है।

# जिला भाजपा कार्यालय पर पदाधिकारियों ने सुना मन की बात का 81वां संस्करण

संवाददाता। अमेठी



**भारतीय जनता** पार्टी जनपद अमेठी के कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष दुर्गेश त्रिपाठी की अध्यक्षता एवम राज्यसभा सांसद अशोक बाजपेयी की उपस्थिति में गौरीगंज स्थित जिला भाजपा कार्यालय पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात की 81वां संस्करण सुनी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज एक बार फिर अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के जरिए राष?ट्र को संबोधित करते हुएए नदियों को बचाने पर जोर दिया।

पीएम मोदी ने कहा दीनदयाल जी के जीवन से हमें कभी हार न मानने की भी सीख मिलती है। विपरीत राजनीतिक और वैचारिक परिस्थितियों के बावजूद भारत के विकास के लिए स्वदेशी मॉडल के विजन से वे कभी डिगे नहीं। आज बहुत सारे युवा बने.बनाए रास्तों से अलग होकर आगे बढ़ना चाहते हैं। वे चीजों को अपनी तरह से करना चाहते हैं। दीनदयाल जी के जीवन से उन्हें काफी मदद मिल सकती है। पीएम मोदी ने कहा बच्चों में जागरूकता बढ़ाने के लिए आयुष मंत्रालय ने एक दिलचस्प पहल की है और इसका बीड़ा उठाया है। हमारे प्रोफेसर आयुष्मान जी ने यह आयुष्मान कॉमिक बुक का नाम है इसमें अलग.अलग कार्टून किरदारों के जरिए छोटी.छोटी कहानियां तैयार की गई है साथ ही एलोवेरा तुलसी आंवला गिलोय नीमए अश्वगंधा और ब्राम्ही जैसे सेहतमंद मेडिकल प्लांट की उपयोगिता बताई गई है। जिला प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद के समस्त बूथों पर सभी कार्यकर्ताओं ने मन की बात सुनी।जिला कार्यालय पर केशव सिंह जिला महामंत्री रामप्रसाद मिश्र जिला कोषाध्यक्ष पूर्व विधायक चन्द्रप्रकाश मिश्र मटियारी विजय किशोर तिवारी संतोष सिंह मंडल अध्यक्ष अजय अग्रवाल मंडल अध्यक्ष गौरीगंज नगर अंशु तिवारी आईटी संयोजक सहित प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गरीबों की मदद को आगे आएं संगठन: अशोक

संवाददाता। मुसाफिरखाना अमेठी

**अखिल भारतवर्षीय** यादव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष व सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक यादव ने अपने प्रदेशव्यापी दौरे के द्वितीय चरण में शनिवार को मुसाफिरखाना कस्बे में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन की मजबूती के लिए मिलकर काम करते हुए कमजोर लोगों की मदद करने का काम करे ।

शनिवार को लखनऊ से आजमगढ़ जाते समय राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित मुसाफिरखाना कस्बे में आयोजित पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओ ने प्रदेश अध्यक्ष अशोक यादव का जिलाध्यक्ष उदय राज यादव के नेतृत्व में फूलमालाओं से स्वागत किया ।मुंशीगंज रोड स्थित कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष अशोक यादव ने कहा कि संगठन के माध्यम से विभिन्न जिलों से जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेज कर जाति आधारित जनगणना कराने की मांग की है ।इसके साथ ही संगठन के माध्यम से बिना किसी भेदभाव के सभी जाति व समुदाय के कमजोर तबके के लोगो की मदद के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है ।संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि मजबूत संगठन के माध्यम से सामाजिक कुरीतियों को दूर करने का प्रयास जारी है ।कार्यक्रम के अंत में जिलाध्यक्ष उदय राज यादव ने कार्यक्रम में शामिल सभी अतिथियों व समाज के लोगो का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन लोगो की मदद के लिए हमेशा तत्पर है ।कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष इंद्र सेन यादव मंडल उपाध्यक्ष विजय यादव गिरीश यादव एडवोकेट डॉ हीरा लाल यादव राम तीरथ यादव एहरि प्रसाद यादव गुरु शरन यादव बृजेश यादव आशीष यादव देव राज यादव अक्षय प्रताप यादव हर्ष यादव धर्म राज यादव मनोज यादव रोहित यादव दिनेश यादव सुनील यादव शत्रोहन यादव उदयराज प्रदीप अभिमन्यु विनोद सूर्यभान शिवा यादव राज कुमार यादव शिवराम यादव स्वामीनाथ राम करन विकास यादव संदीप यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे ।

### एमएलसी समर्थकों ने मनाया जन्मदिन

**गौरीगंज अमेठी ।** विधान परिषद सदस्य का जन्मदिन समर्थकों ने बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया इस मौके पर समर्थक पुरवो व गाँवो में जाकर लोगो के बीच जाकर मीठा बाटे व खुशियां साझा किये। विदित हो कि विधान परिषद सदस्य दीपक सिंह विकास खण्ड के सेवई हेमगढ़ से ताल्लुक रखते है। जिनका जन्मदिन 25 सितम्बर को हुआ है। उन्होंने जीवन की राजनीति क्की शुरूआत कांग्रेस पार्टी से की। इस दौरान शाहगढ़ के दो बार ब्लाक प्रमुख रहे। इस बार वह प्रमुख बनाने में कामयाब रहे। जिनका क्षेत्र में जनता व सम्भ्रांत लोगो के बीच काफी मजबूत जनाधार है। सेवई कोट में एम एल सी प्रतिनिधि राजेश पाठक ने उनके जन्मदिन के अवसर पर केक काटकर उनके चित्र को केक खिलाया। तथा उनके दीर्घायु होने की कामना की।

# गायत्री परिवार कार्यकर्ता बैठक में सम्मान समारोह

संवाददाता। अमेठी



**आज गायत्री** शक्तिपीठ अमेठी पर गायत्री परिवार की जनपदीय कार्यकर्ता बैठक का आयोजन जिला समन्वयक डॉ0 त्रिवेणी सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में युग निर्माण योजना के लिए समय दान देने वाले युग सैनिकों को तिलक लगाकर व पूज्य गुरुदेव का साहित्य देकर सम्मानित भी किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत में गायत्री विद्यापीठ की बालिकाओं ने स्वागत गीत व परिव्राजक इंद्रदेव ने युग की यही पुकार बसंती चोला रंग डालो गीत गाकर लोगों को प्रेरित किया। डॉ0 त्रिवेणी सिंह ने लोगों को संबोधित करते हुए शांतिकुंज हरिद्वार के कार्यक्रमानुसार सभी सदस्यों को गाँवों में जन सम्पर्क कर पूज्य गुरुदेव के विचारों को जन.जन तक पहुंचाए व मिशन द्वारा चलाये जा रहे गृहे गृहे गायत्री यज्ञ एवं उपासना दीप यज्ञ वृक्षारोपण व्यसन मुक्ति कार्यक्रमों से जोड़ा जाए। कार्यक्रम में उपस्थित जनों ने अपने.अपने लक्ष्य निर्धारित किये व उसे पूरा करने की दिशा में कार्य योजना बनाई।

कार्यक्रम को राधेश्याम तिवारी जी ने संबोधित करते हुए विगत दिनों शांतिकुंज के तत्वावधान में जनसंपर्क अभियान की चर्चा करते हुए कहा कि ये युग संधि बेला का समय हैए युग परिवर्तन निश्चित है हमें अपनी भूमिका निभाने में पीछे नहीं रहना है।उक्त कार्यक्रम में गायत्री सिंह राम लौट तिवारी सुभाष चंद्र द्विवेदी रमेश चंद्र पांडेय डॉ0 दीपक सिंह सुभाष तिवारी राम यश मौर्य गणेश सिंहए सत्यम अग्रहरि वेद प्रकाश श्रोवास्तव जगदीश सिंह कुसुमलता प्रज्ञा सिंह चिंतामणि पांडेय अशोक मिश्रा सुनीता सिंह सहित जनपद के कई ब्लाक के पदाधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## सीओ का पीआरओ बन ठगी करने वाले युवकों के खिलाफ मामला दर्ज

**लालगंज,रायबरेली।** हरिजन एक्ट की धाराओं में दर्ज मामला समाप्त कराने के नाम पर सीओ का पीआरओ बन अवैध वसूली करने वाले दो युवकों के विरूद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पूरेबेचू मजरे कुम्हड़ौरा गांव निवासी गंगाराम पुत्र रामचरन साहू का डेढ़ माह पहले उसका गांव के ही एक युवक से विवाद हो गया था जिसमें युवक ने गंगाराम के विरूद्ध दलित उत्पीडन का मुकदमा दर्ज कराया था।गंगाराम का आरोप है कि पूरेअमृत मजरे कुम्हड़ौरा निवासी शिवम दीक्षित पुत्र संतोष दीक्षित ने अपने साथी शिवम सिंह पुत्र सुरेंद्र सिंह निवासी दीपेमऊ की बात सीओ का पीआरओ बनकर कराई और तीस हजार रूपये में मामला समाप्त कराने की बात कही। विश्वास में आकर उन्होंने तीस हजार रूपये दे दिए।कुछ दिन बाद जब मामला समाप्त नहीं हुआ तो वह इसकी जानकारी करने सीओ कायार्लय पहुंच गए। वहां मौजूद लोगों ने बताया कि सीओ का कोई पीआरओ नहीं होता है तो गंगाराम को ठगी का अहसास हुआ और उसने दोनों आरोपितों के विरूद्ध मामले का शिकायती पत्र दिया। कोतवाल इंद्रपाल सिंह ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है। जांच की जा रही है।

# 'नाचे हनुमान जी नचावें रघुरैया- स्वामी रामभद्राचार्य'




संवाददाता। रायबरेली

**सतांव विकासखंड** के मां गौरा पार्वती मेला प्रांगण में आयोजित दिव्य श्री राम कथा के पांचवे दिन जगतगुरु स्वामी रामभद्राचार्य ने भगवान श्री राम के हनुमान प्रेम का व्याख्यान करते हुए भजन के द्वारा संपूर्ण वातावरण को राममय कर दिया ।उन्होंने भजन षिारिधर नाचे और नाचे सब गईया,नाचे हनुमान जी नचावे रघुरैयाष् से श्री रामकथा की शुरुवात की। जगतगुरु श्री रामभद्राचार्य ने कहा कि श्री राम कथा का आनंद तभी है जब वक्ता और श्रोता दोनों सुर लय ताल मिलाकर कथा का रसपान करें। दिव्य श्री रामकथा के आयोजन में प्रेम की ही वार्ता होगी, प्रेम प्रकट हो जाए तो परमात्मा खुद प्रकट हो जाएंगे प्रेम के बिना जीवन का कोई अर्थ नहीं है। रघुकुल रीत सदा चली आई प्राण जाए पर वचन न जाई चौपाई के माध्यम से बताया कि प्रभु श्री राम स्वयं सत्य के कब्जे में हैं। स्वामी रामभद्राचार्य ने प्रसंग को विस्तारित करते हुए कहा कि विषयी लोग सदैव सत्य के कब्जे में रहते हैं। वे सदैव झूठ ही बोलते हैं उन पर असत्य हावी हो जाता है। साधक सत्य और असत्य दोनों के वश में होते हैं। इसलिए जब साधक पर सत्य हावी रहता है, तब तक तो ठीक है परंतु असत्य हावी होते ही उसे समस्या होती है। वह ना चाहते हुए भी असत्य बोलने लगता है। जगतगुरु ने राजनीति व धन के बारे में बताया कि नीति के बिना कभी राज नहीं चलता है और धर्म के बिना कभी धन नहीं टिकता। इस अवसर पर संगीतमय कथा में हजारों महिला पुरुष धर्मानुरागीगण मौजूद रहे।

# दूसरों का जीवन बचाने के लिए रक्तदान अवश्य करें : एसपी



रक्तदान शिविर में उपस्थित एसपी

**जगदीशपुर अमेठी ।** दूसरों का जीवन बचाने के लिए रक्तदान अवश्य करें उक्त बातें पुलिस अधीक्षक अमेठी दिनेश सिंह ने रक्तदान के दौरान बीएचईएल जगदीशपुर में कही । जगदीशपुर औद्योगिक क्षेत्र स्थित इंडोगल्फ फर्टिलाइजर्स यूरिया फैक्ट्री मे शनिवार को रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया ।जहां पर पुलिस अधीक्षक अमेठी दिनेश सिंह बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए और उन्होंने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए रक्तदान को महादान बताया और कहा कि रक्तदान से किसी भी व्यक्ति के जीवन को बचाया जा सकता है साथ ही साथ स्वस्थ्य लोगो से रक्तदान करने की अपील की । इस अवसर पर इण्डोगल्फ के पदाधिकारी व सीईओ राजेन्द्र साखे सहित तमाम लोग मौजूद रहे ।

## भिनगा में पीस कमेटी की बैठक हुई आयोजित

संवाददाता। श्रावस्ती

**भिनगा . आगामी** त्यौहार के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य के निर्देशानुसार क्षेत्राधिकारी नगर हौसिला प्रसाद द्वारा थाना को0भिनगा पर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रभारी निरीक्षक सहित थाना स्थानीय पर मौजूद समस्त उ0नि0 कर्मचारीगण व थाना क्षेत्र के स भ्रांत व्यक्ति व ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।क्षेत्राधिकारी ने आगामी त्यौहार के स बंध में उपस्थित संभ्रांत व्यक्तियों से समस्या और सुझाव को सुनकर यथासंभव समस्या के निराकरण का आश्वासन दिया साथ ही प्रभारी यथासंभव समस्या के निराकरण का आश्वासन दिया साथ ही प्रभारी निरीक्षक को0भिनगा को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी स मानित व्यक्तियों से त्यौहार को शांतिपूर्ण तरीके से कोविड.19 नियमों का पालन करते हुए मनाने व कानून व्यवस्था कायम रखने का अनुरोध किया।

# भाजपा की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएंगे अमेठी के साइबर योद्धा

संवाददाता। अमेठी

**आगामी विधानसभा** चुनाव को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी अमेठी ने विधानसभा चुनाव से पहले अपनी आईटी और सोशल मीडिया टीम की घोषणा जिलाध्यक्ष दुर्गेश त्रिपाठी ने की।भाजपा केन्द्र की मोदी सरकार एवम प्रदेश सरकार की जनकल्याण कारी योजनाओं को जनजन तक पहुंचाने के लिए एवं विपक्ष द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से विभिन्न प्रकार की फैलाई जा रही अफ्वाहें इत्यादि को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए भारतीय जनता पार्टी अमेठी ने अपने स्काई बर योद्धाओं की तैनाती की है जिससे विपक्ष द्वारा एवं असामाजिक तत्वों द्वारा फैलाई जा रही भ्रांतियों को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार किए गए हैं। जिला प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि संजीव तिवारी उर्फ अंशु जिला संयोजक आईटी विभाग प्रशांत शुक्ला जिला संयोजक सोशल मीडिया विभाग सचिंद्र पाण्डेय जिला सह संयोजक आईटी विभाग सिद्धनाथ सिंह जिला सहसंयोजक सोशल मीडिया विभाग सनी दुबे रीधेश जिला सहसंयोजक सोशल मीडिया विभाग इसी प्रकार से विधानसभाओं में भी नियुक्त किया गया है जो इस प्रकार है दुर्गेश यादव अमेठी में माधव द्विवेदी गौरीगंज राहुल शुक्ला जगदीशपुर सर्वेशमणि विश्वकर्मा तिलोई में आईटी विभाग के विधानसभा संयोजक बनाए गए हैं इसी प्रकार प्रवीण पांडे अमेठी संबल दुबे गौरीगंज प्रशांत शुक्ला जगदीशपुर अनिल सिंह तिलोई तिलोई विधानसभा के विधानसभा संयोजक सोशल मीडिया विभाग नियुक्त किया गया है ।

## दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**ऊंचाहार,रायबरेली।** बीते माह 30अगस्त को एक युवक ने महिला के घर में घुसकर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। महिला की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर युवक की तलाश शुरू कर दी। रविवार की सुबह पुलिस ने आरोपित युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। एक गांव निवासी महिला का आरोप है कि उसका पति परिवार की रोजी-रोटी चलाने के लिए परदेस में रहकर मजदूरी का कार्य करता है। बीते 30 अगस्त की रात पड़ोस का युवक उसके घर मे घुस आया। और उसके साथ दुष्कर्म किया। शिकायत करने पर जानमाल की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। महिला की तहरीर पर पुलिस ने युवक के खिलाफ केस दर्ज कर युवक की तलाश शुरू कर दी थी। रविवार की सुबह कोतवाली पुलिस ने आरोपित युवक को चंड़रई चौराहे से गिरफ्तार कर कोतवाली ले आई। कार्यवाहक कोतवाल राम राज कुशवाहा ने बताया कि चंडरई गांव निवासी अनुज कुमार पर दुष्कर्म का केस दर्ज किया गया था। जिसे आज गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

## जहरीले जीव की काटने से मासूम की मौत

**ऊंचाहार,रायबरेली।** रात के अंधेरे में एक मासूम को किसी जहरीले जीव ने काट लिया । जिससे उसकी मौत हो गई है । घटना शनिवार शाम की है । क्षेत्र के हटवा गांव निवासी राम बरन पटेल की पुत्री संगीता (10) घर में खेल रही थी । तभी किसी जहरीले जीव ने उसे काट लिया । जिससे उसकी हालत खराब हो गई । इससे पहले कि परिजन उसका इलाज कराते , मासूम की मौत हो गई है ।

## उ प्र माध्यमिक शिक्षक संघ श्रावस्ती कार्यकारिणी की बैठक संपन्न

**श्रावस्ती।** भिनगा . अशोक कुमार कैलाश नाथ उ0 मा0 विद्यालय कोड़री अमवा में प्रा0 माध्यमिक शिक्षक संघ श्रावस्ती के कार्यकारिणी की एक बैठक पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रविवार को आयोजित हुई ।बैठक में अवशेष मूल्यांकन पारिश्रमिक भुगतान पर चर्चा हुई साथ ही संघ द्वारा शासन स्तर पर पैरवी करने का निर्णय लिया गया। प्रधानाचार्य ज्योति प्रकाश पान्डेय ने टीवी चैनलों और आनलाईन शिक्षण व्यवस्था की भूमिका पर चर्चा करते हुए आम जन मानस और शिक्षकों को इन पद्धतियों से स्वयं व छात्र छात्राओं को जोड़ने पर बल दिया। आयोजित बैठक में जिलाध्यक्ष गुरु बचन सिंह जिलामंत्री ओंकार नाथ शुक्ल सेवानिवृत्त शिक्षक मिथिलेश कुमार मिश्रा राजेश कुमार यादव सुर्य नारायण पान्डेय उमाशंकर तिवारी अरविंद मिश्रा जितेंद्र मिश्रा अशीष कुमार राम छबीले मिश्रा ओम प्रकाश वर्मा गुरु नरायन पाठक उदय राज मिश्रा ज्योति प्रकाश पान्डेय सहित विद्यालय के सभी शिक्षक मौजूद रहे।

# यहां तो 'मंत्री' की भी नहीं चलती!

संवाददाता। बस्ती

**जिले** के प्रभारी मंत्री राजेंद्र सिह उर्फ मोती सिंह ने एक सप्ताह पहले अखबार नबीसों के शिकायत पर जिला अस्पताल के एसआईसी डा. आलोक वर्मा को त्वरित रिप्लेस करने का निर्देश डीएम को दिया था। एक सप्ताह बीत गया, मगर इस मामले में क्या कार्रवाई हुई, और क्या हो रही है, इसका पता ही नहीं चल पा रहा है। यह पूरे जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है, सवाल कर रहें है कि जब मंत्री के आदेश का यह हश्र है, तो अन्य का क्या होता होगा? सीएमओ डा. अनूप श्रीवास्तव बताया कि डीएम मैडम ने एडीएम को जांच दिया, वहीं एडीएम अभय मिश्र ने बताया कि अभी उन्हें जांच नहीं मिली, कहा, पता करके बताता हूं। डीएम आवास से भी नहीं मिली कोई जानकारी। डीएम के सीयूजी नंबर पर जब बात करने का प्रयास किया तो अर्दली ने कहा मैडम अंदर है, खाली होने पर बात करवाता हूं। यह पहली बार नहीं है, जब जिले के प्रभारी मंत्री के आदेश और निर्देश का पालन अधिकारी नहीं कर रहे हैं, महिनों हो जाते हैं, कार्रवाई होना या करना तो दूर की बात, कार्रवाई का ही पता नहीं चल पाता। इससे पहले प्रभारी मंत्री के हर्रैया भ्रमण के दौरान भाजपा नेताओं ने मनरेगा सहित हर्रैया ब्लॉक में व्याप्त भ्रष्टाचार की पोल खोलते हुए जांच कराने की मांग की थी। नाराज मंत्री ने मौजूद सीडीओ को त्वरित जांच और कार्रवाई करने का निर्देश दिया था, आदेश और निर्देष दिए लगभग तीन माह हो गए, मगर अभी तक जांच का ही पता नहीं चला, कार्रवाई तो दूर की बात है। बताया गया कि शिकायतकर्त्ता जांच में ही सहयोग नहीं कर रहे है। जबकि जांच शिकायतकर्ता की नहीं, बल्कि मनरेगा के कार्यो की होनी है। इसी तरह एक सप्ताह पहले प्रभारी मंत्री सरकार के साढ़े चार साल की उपलब्धियां बताने जिले में आए थे, प्रेसवार्ता के दौरान एक स्वर में पत्रकारों ने जिला अस्पताल के एसआईसी के अनियमित कार्यो की पोल खोलते हुए उन्हें मरीज और पत्रकार हित में हटाने की मांग की, इस पर प्रभारी मंत्री ने डीएम को त्वरित एसआईसी को रिप्लेस करने को कहा।

- प्रेसवार्ता में पत्रकारों की शिकायत पर मंत्री ने डीएम को 'एसआईसी' को हटाने का दिया था निर्देश
- क्या कार्रवाई हुई, और क्या हो रही है, इसकी जानकारी नहीं दे पा रहा कोई अधिकारी
- सीएमओ ने कहा- एडीएम कर रहे जांच और एडीएम बोले अभी नहीं मिला है ऐसा आदेश
- डीएम आवास से भी नहीं मिली जानकारी जिलाधिकारी ने भी नहीं दिया कोई रिस्पांस

## एसआईसी के पक्ष में फिर सक्रिय हुआ दवा कारोबारियों का सिंडीकेट

वैसे जब भी किसी सीएमओ या एसआईसी या फिर एमओआईसी पर आफत आती है, तो दवा कारोबारियों का सिंडिकेट सामने आ जाता है। इन सिंडिकेट का प्रभाव जिले से लेकर लखनउ तक रहता हैं, इन्हें राजनैतिक समर्थन भी मिलता रहता है। इससे पहले इनकी ताकत तत्कालीन सीएमओ डा. जेएलएम कुशवाहा एवं कप्तानगंज में तैनात एमओआईसी के मामले में देखा जा जा चुका है। सीएमओ के खिलाफकार्रवाई से लेकर तबादला तक सदर विधायक दयाराम चौधरी और एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह के प्रतिनिधि हरीष सिंह को पूरी ताकत लगा देनी थी, तब जाकर कार्रवाई हुई। यह सिंडिकेट हमेषा अपने फायदे के लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का इस्तेमाल करता रहा है, और आवष्यकता पड़ने पर उनकी मदद भी करता रहा। एसआईआई के मामले में भी यह सिंडिकेट तन-मन और धन से लगा हुआ है। चर्चा तो इस मामले में एक 'माननीय' के दखल देने की भी हो रही है, कारण माननीय के आदमी का अस्पताल में ठेकापटटी के कार्य में लगा होना बताया जा रहा है।

# बच्चों के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए तैयार किये जा रहे हैं एंबेसडर

- डा. सोनी ने प्रशिक्षु शिक्षकों को वितरित किए प्रमाणपत्र

संवाददाता। संतकबीरनगर

**आयुष्मान** भारत स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत रविवार को शिक्षकों को हेल्थ वेलनेस एंबेसेडर बनाने के लिए चलाए जा रहे चार दिवसीय प्रशिक्षण के प्रथम बैच का समापन शिक्षकों को प्रमाणपत्र वितरण के साथ संपन्न हुआ। बघौली ब्लॉक बीआरसी पर पीएचसी प्रभारी चिकित्सा अधिकारी और प्रशिक्षिका डा0 सोनी सिंह ने सभी प्रशिक्षु शिक्षकों शिक्षिकाओं को प्रमाणपत्र वितरित किया गया। इस अवसर पर डा0 सोनी सिंह ने स्कूल को स्वास्थ्य से जोड़कर एक रूप में स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम चलाने को आज समय की आवश्यकता बताया, किशोर



प्रमाण पत्र प्रदान करती डॉ0 सोनी — पायनियर

किशोरियों के शारीरिक और मानसिक बदलाव और सामाजिक मान्यताओं के विभिन्न पहलुओं को शिक्षकों द्वारा बेहतर व्यवहारिक तरीके से समझा सकते हैं। किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के जिला सलाहकार दीनदयाल वर्मा ने बताया कि जनपद के सभी ब्लॉक बीआरसी पर एक साथ चल रहे शिक्षकों के प्रशिक्षण के पहले बैच में जनपद से कुल 365 शिक्षकों को प्रशिक्षण देकर (स्वास्थ्य दूत) हेल्थ वेलनेस एंबेसडर बनाया गया है। प्रथम चरण में कुल 9 बैच चलाए गए, जबकि जनपद में कुल 27 बैच का प्रशिक्षण कार्यक्रम होगा।

# कुछ ऐसे होता है यहां पर गोलमाल!

- बिचौलिए की भूमिका निभा रहे 'एडीओ' पंचायत
- दो सचिव ने 'डीपीआरओ' और 'एडीओ' के भ्रष्टाचार की खोली पोल
- इच्छित धन न देने वाले सचिवों पर दर्ज कराई जाती है एफआईआर
- गबन के दोषी सचिव प्रधान और बैंक मैनेजर के खिलाफ नहीं दर्ज कराया गया मुकदमा

संवाददाता। बस्ती

**कुदरहा** ब्लॉक में तैनात ग्राम विकास अधिकारी अवधेश कुमार राव और गौर में तैनात ग्राम विकास अधिकारी अखिलेश कुमार चौधरी ने पंचायती विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार की पोल खोलकर तहलका मचा दिया है। उच्चाधिकारियों को लिखे पत्रों में कहा गया है कि डीपीआरओ और एडीओ पंचायत होटल और आवास परं बुलाकर सौदा करते हैं। और एफआईआर दर्ज कराने का डर दिखाकर उगाही की जाती है। इस अनैतिक कार्य में डीपीआरओ की मदद एडीओ पंचायत कर रहे हैं। इस दौरान जो सचिव पैसा नहीं देता उसके खिलाफ दोष न होने के बावजूद मुकदमा दर्ज करा दिया जाता है। पैसा देने वाले दोषी बैंक मैनेजर, सचिव और प्रधान को बरी कर दिया जाता है। अखिलेश चौधरी ने पत्र में लिखा है कि उसने किसी चेक पर हस्ताक्षर नहीं किया, फिर भी इसलिए मुकदमा दर्ज करवा दिया, क्योंकि उसने डीपीआरओ और एडीओ की बात नहीं मानी। यही बात अवधेश कुमार राव ने भी अधिकारियों को लिखी है। कहा कि कोई भी गलती न होने के बावजूद एडीओ पंचायत आंनद कुमार सिंह ने मुकदमा दर्ज करवा दिया।

यह पहली बार नहीं है, जब विभाग के दो सचिवों ने डीपीआरओ और एडीओ पंचायत के कालेकारनामें की पोल खोली है। इससे पहले कई प्रधान और सचिव पोल खोल चुके हैं, और अधिकारियों की पोल खुल भी चुकी है। किस तरह धन के लालच में सरकारी धन का गबन करने वालों को छोड़ दिया जाता है, और निर्दोष को फंसा दिया जाता है, इसका खुलासा इन दोनों सचिवों ने किया। विभाग के अधिकारियों पर इससे पहले भी इसी तरह के कई आरोप लग चुके है। मगर, आवास और होटल में बुलाकर सौदेबाजी की यह पहली घटना है। इससे विभाग में फैले भ्रष्टाचार का पता चलता है। इन दोनों सचिवों का कहना है कि जिस विभाग के अधिकारी भ्रष्टाचार में लिप्त हो उस विभाग का भगवान ही मालिक है। अगर बाबू और सचिव लिप्त है, तो कोई बड़ी बात नहीं है। कहते हैं कि डीपीआरओ पर इससे पहले भी अन्त्योष्टि स्थल में करोड़ों रुपये के बंदरबांट का आरोप लग चुका है, यह आरोप जांच में साबित भी हो चुका है, और फिरसे वहीं काम करने लगे हैं, जिसे छोड़कर वह गए थे, बस इन्होंने तरीका बदल दिया। कहते हैं कि आवास और होटल के कमरे में बुलाते समय पूरी सावधानी बरती जाती है, कोई वीडियो न बना ले इसके लिए कमरे के बाहर ही मोबाइल को रखवा लिया जाता है। पकड़े जाने के डर से मोबाइल पर सौदेबाजी नहीं की जाती, बल्कि एडीओ के माध्यम से आवास और होटल में बुलाया जाता हैं, अखिलेष चौधरी का दावा है कि अगर मोबाइल के लोकेषन से पता किया जाए तो उसका, डीपीआरओ और एडीओ पंचायत का लोकेशन महारानी होटल में मिलेगा। कहते हैं कि डीपीआरओ होटल में लगभग एक माह तक रहे, और हजारों रुपये का भुगतान सचिवों से चंदालगाकर एडीओ पंचायत की ओर से किया गया।

# जनहित में नहीं होगा ईंट पर जीएसटी: रवि उदय पाल

- ईंट निर्माताओं ने बैठक कर बनाई रणनीति

संवाददाता। संतकबीरनगर

**जिला** ईट निर्माता समिति के अध्यक्ष रवि उदय पाल की अध्यक्षता में ईट निर्माताओं की बैठक रविवार को खलीलाबाद में हुई। बैठक में ईट निर्माताओं ने सरकार द्वारा बढ़ाये गये जीएसटी का पुरजोर विरोध करते हुए रणनीति तैयार किया। बैठक में महामंत्री दिनेश कुमार सिंह, हाजी इकबाल अहमद, राम आशीष उपाध्याय, सुभाष जैन, योगेन्द्र सिंह बघौली, दीपू यादव, गुलाम हुसैन, बृजेश यादव, मन्नू पाण्डेय, अनूप कुमार जैन, सुधीर जैन, अमित जैन, अमरेश सिंह, सर्वजीत यादव, मनोज तिवारी, शमशाद अहमद, समीर अहमद, राजेश कुमार, शैलेन्द्र चौधरी,



विरोध जताते ईट निर्माता — पायनियर

मृत्युजय सिंह, जमील अहमद, बेचन प्रसाद, सुशील सावलाानी, अनिल कृपलानी सहित जिले के सभी ईट निर्माता उपस्थित रहे। ईट निर्माताओं ने कहा कि ईट पर 5 प्रतिशत से 12 प्रतिशत जीएसटी बढ़ाने से ईट का मूल्य बढेगा और इस महंगाई की मार जनता के ऊपर पड़ेगा। ईट पर बढ़ाये गये जीएसटी जनहित में नही है। जो गरीब, छप्पर, खपडैल के मकान में रह रहा है और वर्तमान समय में घरो का निर्माण सरकार के महत्वाकाक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर बनवा रहा है। उन्हें ईट जीएसटी बढ़ोत्तरी के कारण महंगे दामो में ईट मिलेगा और उन्हें मकान निर्माण की लागत महंगी हो जायेगी। ऐसी परिस्थितियो में सरकार को गहनता से विचार के बाद जीएसटी जो पूर्व में निर्धारित है वही रखे। जिससे ईट निर्माताओं के कार्य में महंगाई का बोझ न बढ़े और जनहित में कार्य हो सके। जिला ईट निर्माता समिति के अध्यक्ष एवं ईट भट्ठा रवि उदय पाल तथा भट्ठा मालिक सुधीर जैन ने कहा कि जीएसटी की दर 5 प्रतिशत से बढ़ाकर 12 प्रतिशत करने से लगभग 500 रू0 से 700 रू0 प्रति हजार तक का अतिरिक्त बोझ सीधा जनता पर पड़ेगा जिससे मंदी की मार से जूझ रहे ईट उद्योग में और भयंकर मंदी आ जाएगी और आने वाले समय में बहुत ईट भटठे भी बंद होंगे तथा लेबरों की बेरोजगारी आगे और बढ़ेगी। ईट भट्ठा मालिक कल्लू सिंह एवं सुशील सावलानी ने बताया कि अभी पिछले दिनों लखनऊ में केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में हुई हेज कन्सिल की मीटिंग में केन्द्र सरकार द्वारा ईट भटठो पर हेज की दर 5 प्रतिशत से बढ़ाकर 12 प्रतिशत कर दी गई जो की बहुत अन्यायपूर्ण है। यह ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार उत्पन्न कराने वाला एकमात्र उद्योग है और इस व्यवसाय से ईट भटठो के आसपास के छोटे-छोटे ग्रामीण किराना व अन्य दुकानदार भी प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े हुए रहते है। पिछले दो वर्षो से लगातार कोरोना ने इस व्यवसाय की कमर तोड़ दी है।

# भाजपा किसान मोर्चा के पदाधिकारियों के चयन पर अब उठ रहे हैं सवाल

संवाददाता। बस्ती

**भाजपा** किसान मोर्चा के जारी नये पदाधिकारियों की सूची को लेकर सवाल उठने लगे है। भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व उपाध्यक्ष चंद्रेष प्रताप सिंह ने कहा कि पुराने कार्यकर्त्ताओं की उपेक्षा की गई। जिन लोगों ने पिछले चार साल तक किसानों, नौजनवानों और भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई, और पार्टी की ओर से दिए गए हर निर्देष का पालन किया, उसे स्थान न देकर ऐसे लोगों को पदाधिकारी बना दिया गया, जो आयातित, धन पषु, चापलूस और चटुकार में लिप्त रहते है। कहा कि एक विषेष वर्ग के लोगों को सबसे अधिक पदाधिकारी बनाया गया।

भाजपा जिलाध्यक्ष महेष षुक्ल और भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष दिलीप पांडेय की ओर से 25 सिंतबर 21 को जारी पदाधिकारियों की सूची में छह उपाध्यक्ष, दो महामंत्री, छह मंत्री सहित कुल 19 लोगों का नाम षामिल है। जिन लोगों को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया, उनमें आलोक पांडेय नगर, वरुण पांडेय गौर, प्रदीप सिंह हर्रैया, संदीप पांडेय पकरीजई, सुनील कुमार 'उमेष' गनेषपुर एवं गौरवमणि त्रिपाठी कप्तानगंज। अमृत कुमार वर्मा कुदरहा एवं नागेंद्र बहादुर सिंह बहादुरपुर को जिला महामंत्री, प्रदीप द्विवेदी हर्रैया, वरुण सिंह हर्रैया, पवन वर्मा 'पिंटू' साउंघाट, सुनील पांडेय 'प्रधान' महसों, विकास चौधरी सदर एवं पवन कुमार चौधरी मुंडेरवा को जिला मंत्री, बच्चालाल चौधरी साउंघाट को जिला कोषाध्यक्ष, पंकज मिश्र मुंडेरवा को जिला मीडिया प्रभारी, सत्येंद्र विष्वर्मा गनेषपुर को जिला कार्यालय प्रभारी एवं सतीष कुमार राजू मुंडेरवा को जिला सोषल मीडिया प्रभारी बनाया गया।

# फसलों को रोग से बचाये जाने की दी गई जानकारी

संवाददाता। संतकबीरनगर

**जिलाधिकारी** श्रीमती दिव्या मित्तल के निर्देश के क्रम में जिला कृषि रक्षा अधिकारी, पी0सी0 विश्वकर्मा ने जनपद के समस्त किसान भाईयों के सूचनार्थ/जानकारी हेतु बताय है कि खरीफकी मुख्य फसल धान में बालियॉ फूॅट रही है। जिसमें विभिन्न प्रकार के रोग/कीट का लक्षण दिख रहा है। जिसके निदान हेतु लक्षण एवं उपचार की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि मिथ्या कंण्डुआ रोग एक फफूॅद रोग है इस रोग में धान की बाली के दाने पीले और काले रंग के आवरण से ढक के स्पोर लग जाते है। इस रोग को जनपद में हरदिया रोग के नाम से जाना जाता है। इस रोग का लक्षण दिखाई देने पर कापर हाइड्राक्साइड 77 प्रतिशत डब्लू0पी0 की 02 किग्रा0 मात्रा प्रति हे0 अथवा पिकोसीस्ट्रोबिन 7.05 प्रतिशत और प्रोपिकोनाजोल 11.7 प्रतिशत एस0सी0 की 01



जिला कृषि अधिकारी पी0सी0 विश्वकर्मा।

किग्रा0 मात्रा 500-600 लीटर पानी में घोलकर प्रति हे0 की दर से छिड़काव करना चाहिए। इसी प्रकार गन्धीबग कीट का प्रकोप होने पर जो बॉलियों की दुग्धावस्था में दाने वन रहें दूध को चूस कर हानि पहुचाते है इसके उपचार हेतु एजाडिरेक्टिन 0.15 प्रतिशत ई0सी0 की 2.5 ली0 मात्रा प्रति हे0 की दर से 500-600 ली0 पानी में छिड़काव करना चाहिए अथवा इस कीट के रासयनिक नियंत्रण हेतु मैलाथियान 5 प्रतिशत अथवा फेनवेल रेट 0.04 प्रतिशत धूल की 20-25 किग्रा0 मात्रा का प्रति हे0 फसल पर बुरकाव करना चाहिए।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस ने लगाई चौपाल

**गोंडा।** मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस की चौपाल व स्कूल, कालेजों के साथ नगर के मोहल्लों में जागरूकता कार्यक्रम का सिलसिला तेजी से चल रहा है। अपराधों की रोकथाम के लिये शासन के निर्देश व पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में मिशन शक्ति अभियान के तृतीय चरण में व्यापक प्रचार प्रसार के लिए टीम द्वारा रविवार को कोतवाली क्षेत्र के कस्बा चौकी अंतर्गत नगर भैरवनाथ पुरवा में चौपाल लगाया गया। जिसमे महिला आरक्षी ज्योति राजभर व महिला आरक्षी सुमन ने छात्र छात्राओं से संवाद स्थापित कर मिशन शक्ति अभियान के विषय में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही समाज में घटित हो रही घटनाओं के उदाहरण के माध्यम से सजग रहने के लिये प्रेरित किया। सुरक्षा की दृष्टि से आपातकालीन सेवा-112, विमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्डलाइन 1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, स्वास्थ्य विभाग की एम्बुलेंस 102 व 108 के बारे में विस्तार से बताया।

# दो अदद बैटरी के साथ बेलहर पुलिस ने एक को किया गिरफ्तार

संवाददाता। संतकबीरनगर

**पुलिस** अधीक्षक डा0 कौस्तुभ के निर्देशन अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के मार्गदर्शन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना बेलहरकला पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 179 / 2021 धारा 379 / 411 भादवि में वांछित अभियुक्त अनिल यादव पुत्र रामनवल निवासी अगियौना थाना बेलहरकला को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया। विदित हो कि उक्त अभियुक्त द्वारा राधेश्याम पुत्र श्रीराम गुप्ता निवासी बेलौहा बाजार थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर के ट्रक नं0 यूपी 58टी 2773 जो कि झुड़िया पेट्रोल पंप के सामने खड़ी थी उसमें से 02 अदद बैट्री चोरी कर लिया गया जिसके संबंध में वादी उपरोक्त द्वारा गत 25, सितम्बर को थाना



पुलिस के गिरफ्त में अभियुक्त — पायनियर

बेलहरकला में मु0अ0सं0 177 / 2021 धारा 379 भादवि पंजीकृत कराया गया था। बेलहरकला पुलिस द्वारा त्वरित गति से कार्यवाही करते हुए अभियोग का अनावरण कर प्रकाश मे आये अभियुक्त अनिल यादव पुत्र रामनवल यादव निवासी अगियोना थाना बेलहरकला को रविवार को सांथा ब्लाक उत्तरी गेट से गिरफ्तार कर अभियुक्त की निशानदेही पर चोरी किये गये 02 अदद बैट्री को बरामद किया गया। गिरफ्तार करने वाले टीम में उ0नि0 सदरुल आलमीन, का0 बहादुर सिंह, का0 विनय कुमार, का0 अर्चित गिरि शामिल रहे।

## सरयू पुल पर यातायात बन्द

**करनैलगंज ( गोंडा )।** सरयू पुल के अप्रोच का हिस्सा क्षतिग्रस्त होने के बाद पुल के आगे व पीछे पक्की दीवाल बनाकर अनिश्चितकाल के लिए यातायात बन्द कर दिया गया है।

लखनऊ हाइवे पर स्थित सरयू पुल के अप्रोच के नीचे की दीवार ढहने से एक लाख यात्रियों व करीब दो हजार से अधिक वाहनों के सामने आवागमन की समस्या उतपन्न हो गई है। लोगों को 25 से 30 किलोमीटर की अधिक दूरी तय करके जिला मुख्यालय से लखनऊ तक आना जाना होगा। जनता की समस्या व दुर्घटना से बचाव के लिये लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता गोपाल पत्रलेख,अवर अभियंता रामनिवास व मुकेश प्रजापति विभाग के कर्मचारियों के साथ रविवार की सुबह 7 बजे पुल पर पहुंच गये। अधिकारियों ने ईंट, सीमेंट व मौरंग मंगाकर दो राजगीर मिस्त्री व 6 श्रमिकों को लगाकर अप्रोच के पास पुल पर दीवार बनवाने का कार्य शुरू करा दिये। अधिकारियों ने बताया कि अप्रोच धंसने व दीवार टूटने से पुल पर चौपहिया वाहन का आवागमन बन्द कर दिया गया। जिससे शनिवार की सुबह से यात्रियों को 25 से 30 किलोमीटर अधिक चल कर मुख्यालय तक पहुंचना पड़ता है। अधिकारियों ने बताया कि सेतु निर्माण निगम के अधिकारियों से वार्ता हुई है, सोमवार को आने को बोले हैं। अप्रोच मरम्मत या फिर अन्य कार्य तकनीकी जांच के बाद ही होगी। इससे यह बता पाना मुश्किल है। कि आवागमन कब बहाल होगा। उन्होंने बताया कि सहायक अभियंता श्री पत्रलेख उच्चाधिकारियों को स्थित से अवगत कराने प्रदेश मुख्यालय गये हैं।

# घर-घर संपर्क अभियान का शुभारंभ

संवाददाता। मीरजापुर

**भारतीय** जनता पार्टी ने प्रदेशव्यापी अभियान के तहत योगी सरकार के साढ़े चार वर्ष पूर्ण होने पर 26 सित बर से 02 अक्टूबर 2021 तक बूथ स्तर पर घर दृ घर स पर्क अभियान के तहत सामुदायिक केन्द्र,बरियाघाट, मीरजापुर से बूथों पर घर-घर स पर्क अभियान का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह जी के नेतृत्व में आर भ किया गया। जिलाध्यक्ष द्वारा वासलीगंज शक्तिकेन्द्र के बूथ नं. 317 में घर दृ घर स पर्क कर केन्द्र व प्रदेश सरकार के कार्यों को बताते हुए पत्रक दिया। श्री सिंह जी ने सरकार के द्वारा किये जा रहे मु त टीकाए मु त राशनए खुशहाल किसानए अपराधियों पर नकेलए बेघरों को मिले घर, रोजगार, नारी-शक्ति का स मान, आस्था की नमन, घर-घर बिजली व अनेकानेक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए स पर्क किया। साथ में जिले के सभी मण्डलों में भारतीय जनता पार्टी के सभी जन प्रतिनिधिगण व जिला पदाधिकारीगणों ने कार्यक्रम को चलाया। जिले भर में 517 बूथों पर घर-घर स पर्क अभियान के तहत स पर्क किया गया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष जी के साथ बूथ पर निवास करने वाले बूथ अध्यक्ष व बूथ समिति सदस्य, शक्तिकेन्द्र संयोजक,शक्तिकेन्द्र प्रभारी, कार्यक्रम के जिला अभियान प्रमुख जिला उपाध्यक्ष भाजपा श्याम सुन्दर केशरी, जिलामंत्री कौशल श्रीवास्तव, हेमन्त त्रिपाठी, नितिन गुप्ता, आशुकान्त चुनाहे, युवा मोर्चा अध्यक्ष सिद्धार्थ मिश्रा,रामकुमार विश्वकर्मा, प्रेमशिला सिंह,प्रत्याशी टंडन, जिला पदाधिकारीगण, जिला व मोर्चों के पदाधिकारियों के साथ नगर महामंत्री श्याम सिंह, नितिन विश्वकर्मा सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश दुबे ने दिया।

## पाल समाज को सही सम्मान सपा ने दिया : जानकी पाल

**मीरजापुर।** पालए बघेल व धनगर समाज को एकजुट करने के लिए सपा की जनसंदेश यात्रा का पाल बहुल गांव दुहौवाए महुआरी में जनचैपाल लगाई गई। इस मौके पर समाज के लोगो ने एकजुट होकर अपनी अलग पहचान बनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री जानकी पाल ने कहा कि मिशन 2022 की तैयारी में जुटी सपा ने अलग.अलग जातियों को लामबंद करने के उद्देश्य से जन जागरण यात्रा शुरू की है। पाल बघेल धनगर समाज को एकजुट करने के लिए जितना स मान पाल समाज को सपा ने दिया हैए उतना किसी दल ने नहीं दिया। समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रदेश सचिव श्यामलाल पाल ने कहा कि 2022 में एकजुट होकर सपा की सरकार बनवाने में सहयोग करें।उन्होंने कहा कि अगर 2022 में सपा सरकार बनने पर सभी को 300 यूनिट बिजली मु त दी जाएगी साथ ही बेरोजगारी भत्ता भी पंद्रह सौ कर दिया जाएगा।

## जनसमस्याओं का कराया जायेगा समाधानः सन्तोष सिह

**सोनभद्र।** जनसत्ता दल लोकतांत्रिक द्वारा विकास खंड रावर्ट्सगंज के ग्राम पंचायत मारकुंडी स्थित चकरिया गाव मे जन चौपाल लगा कर स्थानीय लोगों की समस्याओं पर चर्चा व विचार विमर्श किया गया जनसत्ता दल लोकतान्त्रिक के वरिष्ठ नेता व सामाजिक कार्यकर्ता सन्तोष सिह चन्देल ने कहा कि स्थानीय लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए हर तरह का प्रयास किया जायेगा उन्होंने बताया कि जन चौपाल में बडी सं या में उपस्थित स्थानीय लोगों द्वारा बताया गया कि जिला मु यालय से बिल्कुल निकट की ग्राम पंचायत होने के बाद भी देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना स्वच्छ भारत अभियान के अन्तर्गत लोगों को दिये जाने वाले शौचालय भी पूरी तरह से लोगों को नहीं मिल पाए हैं। पात्र व्यक्तियों तक प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण तक का लाभ भी नहीं मिल पाया है लोगों को विधवा विधवा विकलांग पेंशन तक नहीं मिल पा रही है। जन चौपाल के दौरान अजीत कुमार कनौजिया व मनीष कुमार को निर्देशित किया गया कि ऐसे सभी लोगों की सूची बनाई जाय जो योजनाओं के लिए पात्र है पर उन्हें योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। श्री चन्देल ने कहाकि शिक्षा स्वास्थ्य समेत अन्य सभी समस्याओं के समाधान के लिए जनपद के प्रशासनिक तन्त्र के साथ ही जनप्रतिनिधियों से वार्ता किया जायेगा।

# लव जिहाद में एक और गिरफ्तार

संवाददाता। गोंडा

**तहसील** क्षेत्र करनैलगंज में लव जिहाद का तेजी से इजाफा हो रहा है। यहां जेहाद का यह दूसरा मामला सामने आया है। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज करके आरोपी युवक को गिरफ्तार कर गहनता से छानबीन शुरू कर दिया है।

बता दें कि धर्मांतरण पर कानून लागू होने के बावजूद लव जिहाद का मामला नहीं थम रहा है। एक समुदाय के युवक ने अपने माँ बाप की सह पर एक दूसरे समुदाय की लड़की को बहला फुसला कर चुपके चोरी उसका धर्म परिवर्तन कराकर उसे अपने घर में छिपाए रखा। पीड़ित लड़की पक्ष के परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध जालसाजी, धर्म परिवर्तन निषेध अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है। मामला कोतवाली करनैलगंज क्षेत्र का है। दर्ज एफआईआर में कहा गया है कि नियाज अहमद पुत्र शमीम अहमद निवासी सदर बाजार द्वारा करनैलगंज इलाके की एक हिन्दू समुदाय की लड़की को कई तरह का प्रलोभन देकर अपने जाल में फंसा लिया। उसके बाद उसके बाद पिता शमीम अहमद और मां सलमा बानो के साथ 23 सितम्बर को गोंडा कचहरी ले जाकर एक पाँच सौ रुपये के स्टाम्प पर वैवाहिक घोषणा पत्र तैयार कराया। जिसके गवाह नियाज अहमद के पिता शमीम व मां सलमा बानो को बनाया गया। पीड़ित पक्ष का आरोप है अभियुक्तों ने उसकी पुत्री को लालच देकर जबरन धर्म परिवर्तन कराया है। इन लोगों द्वारा धर्म परिवर्तन कराने के संबंध में जिला मजिस्ट्रेट से अनुमति भी नहीं ली गई है। फर्जी तरीके से जालसाजी करके कागजात के आधार पर धर्मांतरण कराया गया है। 24 सितंबर की शाम पीड़ित पिता अपने लड़के व भाई के साथ अपने लड़की से मिलने शमीम के घर गया तो आरोपियों द्वारा गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए भगा दिया। इस बावत लव जिहाद के आरोप में करनैलगंज पुलिस ने धारा 506, 420 व उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम 3\5 की धारा में मुकदमा दर्ज किया है।

कोतवाल प्रदीप कुमार सिंह ने बताया आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है तथा युवती को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा जाएगा। बाकी दो अभियुक्त घर से फरार है। उसकी गिरफ्तारी की तलाश जारी है।

# जडेजा ने दिलाई केकेआर पर रोमांचक जीत

भाषा। अबुधाबी

**रविंद्र** जडेजा ने अपने आक्रामक तेवरों का दिलचस्प नजारा पेश करते हुए रविवार को यहां आठ गेंदों पर 22 रन बनाए जिससे चेन्नई सुपर किंग्स ने कुछ विषम पलों से गुजरने के बाद कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) पर दो विकेट की रोमांचक जीत दर्ज करके इंडियन प्रीमियर लीग में अपना विजय अभियान जारी रखा।

चेन्नई के सामने 172 रन का लक्ष्य था। फाफ डुप्लेसिस (30 गेंदों पर 44 रन) और रुतुराज गायकवाड़ (28 गेंदों पर 40 रन) ने पहले विकेट के लिए 74 रन जोड़कर उसे अच्छी शुरुआत दिलाई। मोईन अली ने 28 गेंदों पर 32 रन बनाए लेकिन वह जडेजा थे जिन्होंने मुश्किल परिस्थितियों में दो चौके और दो छक्के जड़े जिससे चेन्नई ने आठ विकेट खोकर लक्ष्य हासिल किया। केकेआर ने इससे पहले नियमित अंतराल में विकेट गंवाए। उसके शीर्ष क्रम में केवल राहुल त्रिपाठी (33 गेंदों पर 45 रन) ही उपयोगी योगदान दे पाए। नितीश राणा (27 गेंदों पर नाबाद 37) और दिनेश कार्तिक (11 गेंदों पर 26 रन) के प्रयासों से केकेआर ने अंतिम तीन ओवरों में 44 रन जुटाए जिससे टीम ने छह विकेट पर 171 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। चेन्नई को अंतिम दो ओवरों में 26 रन की दरकार थी। ऐसे में जडेजा ने प्रसिद्ध कृष्णा के 19वें ओवर की आखिरी चार गेंदों पर दो छक्के और दो चौके लगाए। सुनील नारायण (41 रन देकर तीन) अंतिम ओवर करने आए जिसमें चेन्नई को चार रन चाहिए थे। नारायण ने बेहतरीन गेंदबाजी करके सैम करेन (चार) और जडेजा का आउट कर दिया लेकिन दीपक चाहर विजई रन लेने में सफल रहे। चेन्नई की यह आईपीएल बहाल होने के बाद लगातार तीसरी जीत है जिससे उसके 10 मैचों में 16 अंक हो गए हैं और वह अंकतालिका में शीर्ष पर पहुंच गया है। केकेआर ने लगातार दो जीत के बाद हार झेली। उसके 10 मैचों में आठ अंक हैं। चेन्नई ने पावरप्ले में बिना किसी नुकसान के 52 रन बनाए। गायकवाड़ और डुप्लेसिस ने गेंदबाजों को हावी नहीं होने दिया। इयोन मोर्गन ने पावरप्ले में चार गेंदबाज आजमाए लेकिन चेन्नई की सलामी जोड़ी ने गेंद को सीमा रेखा तक पहुंचाना जारी रखा। गायकवाड़ की टाइमिंग शानदार थी। उन्होंने नारायण पर दो छक्के जड़ने के बाद आंद्रे रसेल का स्वागत भी छह रन से किया लेकिन अगली गेंद उनके बल्ले का किनारा लेकर कवर में कैच में बदल गई। उन्होंने तीन छक्कों के अलावा दो चौके भी लगाए। चेन्नई ने 11वें ओवर में 100 का आंकड़ा छुआ। इसमें मोईन का योगदान भी था जिन्होंने लॉकी फर्गुसन पर चौका और छक्का लगाकर हाथ खोले थे। गायकवाड़ की तरह डुप्लेसिस भी अर्धशतक तक नहीं पहुंच पाए। फर्गुसन ने डीप प्वाइंट पर उनका अच्छा कैच लपका। डुप्लेसिस ने सात चौके जमाए। सुनील नारायण ने अंबाती रायुडु (नौ) का ऑफ स्टंप थर्राकर चेन्नई को दबाव में ला दिया। रन नहीं बन पाने के दबाव में मोईन ने अपना विकेट गंवा दिया।

## चेन्नई का विजय अभियान जारी



## कोहली टी-20 क्रिकेट में 10,000 रन बनाने वाले पांचवें बल्लेबाज बने

**दुबई।** विराट कोहली क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप टी-20 में 10,000 रन बनाने वाले दुनिया के पांचवें और भारत के पहले बल्लेबाज बन गए। कोहली ने रविवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की तरफ से मुंबई इंडियन्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। आरसीबी के कप्तान को इस मुकाम पर पहुंचने के लिए केवल 13 रन की जरूरत थी और उन्होंने जसप्रीत बुमराह पर छक्का जड़कर 10,000वां रन बनाया। आईपीएल के बाद आरसीबी और अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप के बाद इस प्रारूप में भारतीय कप्तानी छोड़ने की घोषणा कर चुके कोहली जल्द ही सर्वाधिक टी20 रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में चौथे स्थान पर पहुंच गए। उन्होंने डेविड वार्नर (10,019) को पीछे छोड़ा। कोहली से अधिक रन अब वेस्टइंडीज के क्रिस गेल (14,275) और कीरोन पोलार्ड (11,195) तथा पाकिस्तान के शोएब मलिक (10,808) के नाम पर दर्ज हैं।

# कोहली और मैक्सवेल का अर्द्धशतक, मुंबई इंडियंस को मिला 166 रन का लक्ष्य



भाषा। दुबई

**कप्तान** विराट कोहली के 51 रन (42 गेंद, तीन चौके, तीन छक्के) के बाद ग्लेन मैक्सवेल की 56 रन (37 गेंद, छह चौके, तीन छक्के) की अर्धशतकीय पारी से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) ने रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग मैच में मुंबई इंडियंस के खिलाफ छह विकेट पर 165 रन का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया। कोहली ने शुरू से ही आक्रामकता बरती, जिसमें उन्होंने ट्रेंट बोल्ट पर पारी की दूसरी ही गेंद पर आकर्षक छक्का जड़ा जिन्होंने काफी किफायती गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 17 रन देकर एक विकेट हासिल किए। जसप्रीत बुमराह (चार ओवर में 36 रन देकर तीन विकेट) ने मुंबई इंडियंस को पहली सफलता दिलाई। दूसरे ही ओवर में सलामी बल्लेबाज देवदत्त पडीक्कल खाता खोले बिना पवेलियन पहुंच गए। एक ओवर बाद कोहली ने बुमराह पर छक्का लगाकर टी20 क्रिकेट (अंतरराष्ट्रीय, घरेलू और फ्रेंचाइजी) में अपने 10,000 रन भी पूरे किए। वह ऐसा करने वाले पांचवें और पहले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। इस तरह पावरप्ले में आरसीबी ने एक विकेट पर 48 रन बनाए। विकेटकीपर बल्लेबाज श्रीकर भरत ने भी अपने कप्तान से प्रेरणा लेकर 24 गेंद में 32 रन बनाए जिसमें दो चौके और इतने ही छक्के शामिल थे। भरत ने राहुल चाहर (33 रन देकर एक विकेट) पर अपनी पारी के दोनों छक्के जड़े लेकिन इसी गेंदबाज ने उनकी पारी समाप्त की। वह चाहर पर दूसरा छक्का जड़ने के बाद अगली गेंद पर डीप कवर में सूर्यकुमार यादव को कैच दे बैठे जिससे दूसरे विकेट की 68 रन की साझेदारी भी समाप्त हुई। इसी ओवर में हार्दिक पंड्या ने कोहली को आउट करने का मौका गंवा दिया और आसान कैच लपकने से चूक गए। अब मैक्सवेल क्रीज पर उतरे और टीम ने 10 ओवर में दो विकेट पर 82 रन बनाए। कोहली ने इस दौरान अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने और मैक्सवेल ने इसी तरह रन बनाते हुए तीसरे विकेट के लिए 51 रन की साझेदारी निभाई। लेकिन एडम मिल्न ने 16वें ओवर में आरसीबी के कप्तान कोहली को आउट कर यह भागीदारी तोड़ी। एबी डिविलियर्स (11) ने भी आते ही इरादे जतला दिए और दूसरी गेंद को छक्के के लिए भेज दिया जिससे बुमराह के इस ओवर में 13 रन बने। फिर मैक्सवेल ने अगले ओवर में दो चौके और एक छक्का लगाकर 17 रन बटोरने के अलावा अपना अर्धशतक भी पूरा किया। पर बुमराह ने 19वें ओवर में जमे हुए बल्लेबाज मैक्सवेल और खतरनाक दिख रहे डिविलियर्स दोनों के महत्वपूर्ण विकेट झटके, वर्ना स्कोर इससे बड़ा हो सकता था।

## क्विक न्यूज

### चेल्सी के पूर्व गोलकीपिंग कोच लेस्ली क्लीवेली ईस्ट बंगाल से जुड़े

**कोलकाता।** इंग्लिश प्रीमियर लीग की शीर्ष टीम चेल्सी के पूर्व गोलकीपिंग कोच लेस्ली क्लीवेली को एससी ईस्ट बंगाल ने इस सत्र में अपने गोलकीपरों की मदद के लिए अनुबंधित किया है। क्लब ने रविवार को यह घोषणा की। क्लीवेली बांग्लादेश की सीनियर राष्ट्रीय टीम के साथ सफल कार्यकाल के बाद ईस्ट बंगाल के मुख्य कोच मैनुएल मनोले डियाज की कोचिंग टीम का हिस्सा बन गए है। क्लीवेली ने कहा, मुझे इस क्षेत्र में काम करने का अनुभव है। बांग्लादेश की राष्ट्रीय टीम का हिस्सा होने कारण मै लोगो की भावनाओं को भी अच्छी तरह से समझता हूं जो फुटबॉल के प्रति जुनूनी है। एससी ईस्ट बंगाल बड़ा फुटबॉल क्लब है और मुझे उसका हिस्सा बनने पर गर्व है। ईस्ट बंगाल की टीम मे अरिंदम भट्टाचार्य, शंकर रॉय और सुवम सेन के रूप मे तीन गोलकीपर है।

### जेहान रूस में फार्मूला 2 चैम्पियनशिप रेस में तीसरे स्थान पर रहे

**सोच्चि।** भारत के जेहान दारूवाला रूस मे रविवार को आयोजित फार्मूला 2 चैम्पियनशिप रेस मे तीसरे स्थान पर रहे। क्वालीफाइंग रेस मे दूसरे स्थान पर रहने वाले जेहान मुख्य रेस मे एक स्थान खिसक गए। मौजूदा सत्र मे उन्होंने चौथी बार पोडियम (शीर्ष तीन) स्थान पर रहते हुए रेस को खत्म किया है। रेडबुल जूनियर टीम का यह ड्राइवर 96 अंकों के साथ अंक तालिका मे सातवें स्थान पर है। खराब मौसम के कारण यहां दो स्प्रिंट रेसों मे से एक को रद्द कर दिया गया। ऑस्कर पेस्ट्री लगातार दूसरी बार रेस जीतने मे सफल रहे जिससे उन्होंने ड्राइवरों की समग्र तालिका मे शीर्ष पायदान पर अपनी बढ़त और मजबूत कर ली।

### पीएसजी ने मोंटपेलियर को हराकर लगातार आठवीं जीत दर्ज की

**पेरिस।** फ्रेंच लीग मे शीर्ष पर चल रहे पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने शनिवार को यहां मोंटपेलियर को 2-0 से हराकर लगातार आठवी जीत दर्ज की। पार्स डेस प्रिंसेस स्टेडियम मे मिडफील्डर इदरिसा गुए ने 14वें मिनट मे पहला गोल दागा जबकि स्थानापन्न खिलाड़ी जूलियन ड्रेक्सलर ने 88वें मिनट मे पीएसजी को 2-0 से आगे कर दिया जो निर्णायक स्कोर साबित हुआ। पीएसजी की टीम एक बार फिर सुपरस्टार लियोनल मेस्सी के बिना उतरी जो घुटने मे सूजन के कारण दो मैचों में नही खेल पाए है और मंगलवार को मैनचेस्टर सिटी के खिलाफ होने वाले चैंपियन्स लीग मुकाबले के लिए फिट होने की कोशिश कर रहे है। अन्य मैचो मे गत चैंपियन लिली ने स्ट्रेसबर्ग को 2-। से हराया जबकि नीस ने सेंट एटीने को 3-0 से शिकस्त दी। लियोन ने लोरिएंट से।-। से ड्रॉ खेला।

### रीयल मैड्रिड को विलारीयाल ने गोल रहित बराबरी पर रोका

**मैड्रिड।** रीयल मैड्रिड को शनिवार को यहां स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लीगा मे विलारीयाल ने गोल रहित बराबरी पर रोका जिससे टीम का लगातार पांच मैच मे जीत का क्रम भी थम गया। मौजूदा सत्र मे सभी प्रतियोगिताओ मे यह पहला मौका है जब टीम किसी मैच मे गोल करने मे नाकाम रही। पहले सात मैचो मे टीम ने 22 गोल किए जबकि उसके खिलाफ सिर्फ आठ गोल हुए। टीम ने लीग के शुरुआती छह मैचो मे 21 गोल किए थे जो 1987-88 के बाद उसका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। मैड्रिड की टीम ला लीगा में पिछले 25 मैचों से अजेय है। इस ड्रॉ के बावजूद मैड्रिड ने अंक तालिका के शीर्ष पर सेविला पर तीन अंक की बढ़त बना रखी है जिसने इस्पानयोल को 2-0 से हराया। सेविला ने हालांकि मैड्रिड से एक मैच कम खेला है।

# सानिया ने ओस्ट्रावा में सत्र का पहला खिताब जीता

भाषा। ओस्ट्रावा (चेक गणराज्य)

**भारत** की स्टार टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा ने सत्र का पहला खिताब जीता जब रविवार को उन्होंने और चीन की उनकी जोड़ीदार शुआई झेंग ने यहां ओस्ट्रावा ओपन के महिला युगल फाइनल में केटलिन क्रिस्टियन और एरिन रोटलिफ की जोड़ी को हराया। भारत और चीन की दूसरी वरीय जोड़ी ने अमेरिका की क्रिस्टियन और न्यूजीलैंड की रोटलिफ की तीसरी वरीय जोड़ी को खिताबी मुकाबले में एक घंटा और चार मिनट में 6-3 6-2 से शिकस्त दी।



चौंतीस साल की सानिया और झेंग ने इस डब्ल्यूटीए 500 प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में इरी होजुमी और माकोतो निनोमिया की जापान की चौथी वरीय जोड़ी को सीधे सेटों में 6-2 7-5 से हराया था। सानिया सत्र में दूसरी बार फाइनल में खेल रही थी। इससे पहले उन्होंने पिछले महीने अमेरिका में क्रिस्टिना मशाले के साथ मिलकर डब्ल्यूटीए 250 क्लीवलैंड प्रतियोगिता के फाइनल में जगह बनाई थी जहां इस जोड़ी को शिकस्त का सामना करना पड़ा था।

# राजस्थान को जीत की राह पर लौटने के लिए बल्लेबाजी में सुधार की जरूरत

भाषा। दुबई

**राजस्थान** रॉयल्स को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदों को जीवंत रखने के लिए सोमवार को यहां तालिका में सबसे निचले पायदान पर काबिज सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ जीत की राह पर लौटना होगा। इसके लिए टीम के बल्लेबाजों को लय में चल रहे कप्तान संजू सैमसन का साथ देना होगा। राजस्थान की टीम नौ मैचों में आठ अंकों के साथ तालिका में सातवें (रविवार के मैचों से पहले) स्थान पर काबिज है जबकि सनराइजर्स हैदराबाद को नौ मैचों में सिर्फ एक सफलता मिली है और टीम प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गई है। यूएई में आईपीएल के दूसरे चरण के शुरू होने के बाद राजस्थान ने पंजाब किंग्स के खिलाफ दो रन से जीत दर्ज की जबकि शनिवार को उसे तालिका में शीर्ष पर काबिज दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 33 रनों से करारी शिकस्त मिली। दूसरी ओर



हैदराबाद की टीम को दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब के खिलाफ क्रमशः आठ विकेट और पांच रन से शिकस्त मिली। तालिका में निचले स्थान पर काबिज टीमों के मुकाबले में राजस्थान की टीम हैदराबाद के खिलाफ अपने मौकों को भुनाना चाहेगी। भारत में लीग के पहले चरण में राजस्थान ने हैदराबाद को 55 रन से हराया था। राजस्थान की गेंदबाजी इकाई ने अपने प्रभावशाली प्रदर्शन को जारी रखते हुए शनिवार को दिल्ली की मजबूत टीम को छह विकेट पर 154 पर रोक दिया था, लेकिन बल्लेबाजी विभाग में सैमसन को छोड़कर (नाबाद 70) सभी ने निराश किया।

**टीम**

**राजस्थान रॉयल्स:** संजू सैमसन (कप्तान), लियाम लिविंगस्टोन, एविन लुईस, डेविड मिलर, क्रिस मॉरिस, ओशाने थॉमस, मुस्ताफिजुर रहमान, तबरेज शम्सी, ग्लेन फिलिप्स, चेतन सकारिया, रियान पराग, राहुल तेवतिया, आकाश सिंह, अनुज रावत, केसी करियप्पा , यशस्वी जायसवाल, शिवम दुबे, श्रेयस गोपाल, कार्तिक त्यागी, मयंक मार्कंडे, जयदेव उनादकट, कुलदीप यादव, महिपाल लोमरोर।

**सनराइजर्स हैदराबाद:** केन विलियमसन (कप्तान), डेविड वार्नर, मनीष पांडे, शेरफेन रदरफोर्ड, ऋद्धिमान साहा, श्रीवत्स गोस्वामी, राशिद खान, विजय शंकर, मोहम्मद नबी, अभिषेक शर्मा, भुवनेश्वर कुमार, सिद्धार्थ कौल, खलील अहमद, टी नटराजन, बासिल थंपी , संदीप शर्मा, शाहबाज नदीम, अब्दुल समद, जे सुचित, जेसन होल्डर, विराट सिंह, प्रियम गर्ग, केदार जाधव, मुजीब-उर-रहमान, जेसन रॉय।

मैच शाम सात बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा।

# सीनियर खिलाड़ी के तौर पर जिम्मेदारी लेना चाहती थी

भाषा। मैकॉय

**भारतीय** महिला टीम की अनुभवी तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी ने रविवार को कहा कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय मैच में मिली हार के बाद यहां तीसरे और आखिरी एकदिवसीय मैच में टीम को सांत्वना भरी जीत दिलाने में अहम योगदान देने की उन्हें खुशी है। गोस्वामी ने अपने 10 ओवरों में 37 रन खर्च कर तीन अहम विकेट चटकाए और दबाव में विजई चौका लगाया। उन्हें इस प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इस 38 वर्षीय अनुभवी खिलाड़ी के बल्ले से निकले चौके ने ऑस्ट्रेलिया महिला टीम के 26 मैचों से चले आ रहे जीत के सिलसिले को रोक दिया। जीत के लिए 265 रन के लक्ष्य का पीछा करते भारत ने तीन गेंद शेष रहते आठ विकेट पर 266 रन बनाकर जीत दर्ज की। भारत की लक्ष्य का पीछा करते हुए यह सबसे बड़ी जीत है। इस जीत के बावजूद भारतीय टीम ने श्रृंखला।–2 से गंवा दिया। झूलन ने मैच के बाद कहा, हम बस आखिर तक मैच में बने रहने और सही तरीके से खेल खत्म करने की कोशिश कर रहे थे। शुक्रवार (दूसरे एकदिवसीय में) को गेंदबाजों के लिए परिस्थितियां मुश्किल थी और आज सीनियर गेंदबाज के तौर पर मैं उदाहरण पेश करना चाहती थी। मैं नई गेंद का अच्छी तरह से इस्तेमाल करना चाहता थी। उन्होंने कहा, मुझे पता था कि मुझे विकेट मिल सकते हैं। मैंने यही किया था। मैदान में अपना सर्वश्रेष्ठ देना, सकारात्मकता बनाए रखना महत्वपूर्ण है और सीनियर खिलाड़ी के तौर में यही मैं यही करना चाहती थी।




# भारत ने आस्ट्रेलिया को तीसरे वनडे में दो विकेट से हराया

भाषा। मैकॉय (आस्ट्रेलिया)

**युवा** यस्तिका भाटिया के करियर के पहले अर्धशतक और सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा के साथ उनकी शतकीय साझेदारी से भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने रविवार को यहां तीसरे और अंतिम एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में आस्ट्रेलिया को दो विकेट से हराकर उसके लगातार 26 मैचों में जीत के क्रम को रोक दिया।

भारतीय महिला टीम ने श्रृंखला।–2 से गंवा दी लेकिन क्लीनस्वीप से बचने में सफल रही। आस्ट्रेलिया के 265 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए यस्तिका ने 69 गेंद में 64 जबकि शेफाली ने 91 गेंद में 56 रन की पारी खेली। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 101 रन की साझेदारी भी की जिससे भारत ने तीन गेंद शेष रहते आठ विकेट पर 266 रन बनाकर जीत दर्ज की। यस्तिका ने अपनी पारी में नौ चौके मारे जबकि शेफाली ने सात बार गेंद को बाउंड्री के दर्शन कराए। अंत में दीप्ति शर्मा ने 30 गेंद में 31 और स्नेह राणा ने 27 गेंद में 30 रन की पारी खेलने के अलावा सातवें विकेट के लिए 33 रन जोड़कर भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई। भारत ने 47वें ओवर में दीप्ति का विकेट गंवाया लेकिन स्नेह ने इसी ओवर में ताहलिया मैकग्रा पर लगातार तीन चौके जड़कर भारत को जीत की दहलीज पर पहुंचा दिया। निकोला कैरी ने 49वें ओवर में स्नेह को आउट किया लेकिन अनुभवी झूलन गोस्वामी (नाबाद 08) ने अंतिम ओवर की तीसरी गेंद पर सोफी मोलिन्यु के खिलाफ चौका जड़कर भारत को जीत दिला दी।




आस्ट्रेलिया की ओर से अनाबेल सदरलैंड ने 30 रन देकर तीन विकेट चटकाए। इससे पहले भारतीय गेंदबाजों ने एक बार फिर आस्ट्रेलिया को वापसी करने का मौका दिया जिससे मेजबान टीम ने नौ विकेट पर 264 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया।

आस्ट्रेलिया की टीम एक समय 25वें ओवर में चार विकेट पर 87 रन बनाकर संकट में थी लेकिन एशलेग गार्डनर (67) और पिछले मैच में शतक जड़ने वाली बेथ मूनी (52) के बीच 98 रन की साझेदारी की बदौलत वापसी करने में सफल रही। ताहलिया मैकग्रा ने भी 32 गेंद में 47 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली। भारत के लिए झूलन ने 37 रन देकर तीन जबकि पूजा वस्त्रकार ने 46 रन देकर तीन विकेट चटकाए। आस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया। टीम में वापसी कर रही राशेल हेन्स (13) और एलिसा हीली (35) ने पहले विकेट के लिए 8.1 ओवर में 41 रन जोड़कर टीम को सतर्क शुरुआत दिलाई। दूसरे वनडे में दिल तोड़ने वाली हार के बाद झूलन ने हेन्स को मिड आफ पर कैच कराके भारत को पहली सफलता दिलाई। चार गेंद बाद झूलन ने कप्तान मेग लेनिंग (00) को भी विकेटकीपर रिचा घोष के हाथों कैच करा दिया। एलिसा इसके बाद रन आउट हुई जबकि पूजा ने एलिस पैरी (26) को आउट करके आस्ट्रेलिया को चौथा झटका दिया। आस्ट्रेलिया की टीम हालांकि इसके बाद गार्डनर और मूनी के बाद साझेदारी की बदौलत वापसी करने में सफल रही।

# स्टिमक ने सैफ चैंपियनशिप के लिए 23 खिलाड़ियों की घोषणा की, उदांता की वापसी

भाषा। नई दिल्ली

**भारतीय** फुटबॉल टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने मालदीव में होने वाली सैफ चैंपियनशिप के लिए 23 सदस्ईय टीम की घोषणा की जिसमें बेंगलुरू एफसी के विंगर उदांता सिंह की वापसी हुई है। इसी महीने नेपाल के खिलाफ दो अंतरराष्ट्रीय मैचों से बाहर रहे उदांता ने एक से 16 अक्टूबर तक होने वाले क्षेत्रीय टूर्नामेंट के लिए टीम में जगह बनाई है।

चेन्नईयिन एफसी के विशाल कैथ को तीन गोलकीपर में जगह मिली है जबकि धीरज सिंह मोइरेंगथम टीम का हिस्सा नहीं हैं। दो अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए काठमांडू गई भारत की 25 सदस्ईय टीम में शामिल डिफेंडर आकाश मिश्रा, मिडफील्डर बिपिन सिंह और प्रणय हलधर को भी टीम में जगह नहीं मिली है। खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ सोमवार को बेंगलुरू में एकत्रित होंगे और अगले दिन मालदीव के लिए रवाना होंगे। स्टिमक और तकनीकी स्टाफ के अन्य सदस्य उसी दिन सीधे टीम के साथ जुड़ेंगे।



चैंपियनशिप में हिस्सा लेने वाली अन्य टीमें बांग्लादेश, नेपाल, श्रीलंका और मेजबान मालदीव हैं। प्रत्येक टीम एक-एक बार एक-दूसरे से भिड़ेंगे जिसके बाद शीर्ष पर रहने वाली दो टीमें फाइनल में जगह बनाएंगी। स्टिमक ने कहा, एशिया के इस हिस्से में शीर्ष फुटबॉल टीम होने के कारण हम सैफ चैंपियनशिप को लेकर उत्साहित हैं। ए चार से पांच मैच हमारे लिए काफी महत्वपूर्ण होंगे क्योंकि इनके अलावा हमें अगले सत्र में एएफसी एशियाई कप क्वालीफायर के तीसरे दौर की शुरुआत से पहले एक साथ एकत्रित होने का मौका नहीं मिलेगा। इन मैचों से हमें अपने खेल के कुछ विभागों में सुधार करने में मदद मिलनी चाहिए। भारत ने सैफ चैंपियनशिप (पहले सार्क कप) का खिताब सात बार जीता है। भारत 1993 में लाहौर, 1997 में काठमांडू, 1999 में मडगांव, 2005 में कराची, 2009 (अंडर 23 टीम) में ढाका, 2011 में नई दिल्ली और 2015-16 में तिरूवनंतपुरम में चैंपियन बना। भारत अपने अभियान की शुरुआत चार अक्टूबर को बांग्लादेश के खिलाफ करेगा।

### भारत का ग्रुप चरण का कार्यक्रम

**चार अक्टूबर:** भारत बनाम बांग्लादेश (भारतीय समयानुसार शाम साढ़े चार बजे से)
**सात अक्टूबर:** भारत बनाम श्रीलंका (भारतीय समयानुसार शाम साढ़े चार बजे से)
**10 अक्टूबर:** भारत बनाम नेपाल (भारतीय समयानुसार रात साढ़े आठ बजे से)
**13 अक्टूबर:** भारत बनाम मालदीव (भारतीय समयानुसार रात साढ़े आठ बजे से)

**टीम**

**गोलकीपर:** गुरप्रीत सिंह, अमरिंदर सिंह और विशाल कैथ।
**डिफेंडर:** प्रीतम कोटल, सेरिटन फर्नांडिस, चिंगलेनसाना सिंह, राहुल भेके, सुभाशीष बोस और मंदार राव देसाई।
**मिडफील्डर:** उदांता सिंह, ब्रेंडन फर्नांडिस, लालेंगमाविया, अनिरूद्ध थापा, सहल अब्दुल समद, जैकसन सिंह, ग्लेन मार्टिन्स, सुरेश सिंह, लिस्टन कोलासो और यासिर मोहम्मद।
**फारवर्ड:** मनवीर सिंह, रहीम अली, सुनील छेत्री और फारूख चौधरी।

# भारत सुदीरमन कप में थाईलैंड से 1-4 से हारा

भाषा। फिनलैंड

**भारत** को रविवार को यहां सुदीरमन कप के ग्रुप ए के शुरूआती मैच में थाईलैंड से।–4 से हार का सामना करना पड़ा जिससे उसके नॉकआउट चरण के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीद खतरे में पड़ गई है। उसके लिए केवल एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला की पुरूष जोड़ी ही एकमात्र जीत हासिल कर सकी।

पीवी सिंधू के अलावा चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी की पुरूष युगल जोड़ी भी इस मुकाबले में नहीं खेल रही थी। इससे जीत दिलाने की जिम्मेदारी सीनियर खिलाड़ी जैसे किदाम्बी श्रीकांत तथा अश्विनी पोनप्पा और एन सिक्की रेड्डी के कंधों पर थी। लेकिन श्रीकांत तथा अश्विनी और सिक्की की जोड़ी अपने मैचों में हार गए जबकि युवा मालविका बंसोद को भी महिला एकल में हार का सामना करना पड़ा। इससे तीन बार सेमीफाइनल में पहुंच चुके थाईलैंड के खिलाफ पहले तीन मैचों के बाद ही भारत का नतीजा निकल गया था। पूर्व नंबर एक श्रीकांत को तीन बार के विश्व जूनियर चैम्पियन कुनलावुत वितिदसर्ण से 50 मिनट में 9-21 19-21 से हार का सामना करना पड़ा। सिक्की और अश्विनी भी जोंगकोलफान कितिथाराकुल और राविंडा प्राजोंगजाई की दुनिया की आठवें नंबर की जोड़ी से 21-23 8-21 से हार गईं। मालविका ने पोर्णपावी चोचुवोंग के खिलाफ अपनी क्षमता का शानदार प्रदर्शन किया लेकिन उनमें विपक्षी को परेशान करने का पैनापन नहीं था जिससे वह दुनिया की 10वें नंबर की खिलाड़ी से महिला एकल में 11-21 14-21 से हार गईं। अर्जुन और कपिला ने पुरूष युगल में 147वीं रैंकिंग की सुपाक जोमकोह और किटिनुपोंग केद्रेन की जोड़ी पर 21-18 21-17 से शानदार जीत दर्ज की। पांचवें और अंतिम मैच में बी साई प्रणीत और तनीषा क्रास्टो की जोड़ी को दुनिया की तीसरे नंबर की देचापोल पुवारानुक्रोह ओर सपसिरी ताराटानचाई की जोड़ी से 13-21 11-21 से पराजय का सामना करना पड़ा। भारत अब सोमवार को गत चैम्पियन चीन से खेलेगा जिसके बाद उसका सामना बुधवार को मेजबान फिनलैंड से होगा। भारत दो बार 2011 और 2017 में टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल तक पहुंचा है।



# स्वस्थ भविष्य के लिए

मौजूदा महामारी ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार में सार्वजनिक स्वास्थ्य पेशेवरों के लिए अनेक लाभकारी अवसर पैदा किए हैं। इनके बारे में विस्तार से बता रहे हैं **डॉ. हन्नाह जार्डन**

कोविड -19 महामारी तथा पर्यावरण के स्वास्थ्य प्रभावों व अनेक देशों में बूढ़ी होती आबादी के रूप में हम जन स्वास्थ्य में अनेक चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। इसका मतलब है कि अत्यधिक कुशल सार्वजनिक स्वास्थ्य पेशेवरों की मांग बढ़ रही है।

नई चुनौतियों के साथ जनसंख्या स्तर पर स्वास्थ्य में सुधार के अनेक अवसर आते हैं और सार्वजनिक स्वास्थ्य चिकित्सकों को महामारी विज्ञान, संचारी रोगों के नियंत्रण, आपदा प्रबंधन, प्रमुख स्वास्थ्य सेवा संगठनों और स्वास्थ्य अर्थशास्त्र सहित अनेक विषयों में ज्ञान व कौशल की एक विस्तृत श्रृंखला की आवश्यकता होती है।

प्रशिक्षण आमतौर पर स्नातकोत्तर स्तर पर किया जाता है और मास्टर कार्यक्रम हेतु प्रतिबद्ध होने से पहले अपना शोध करना महत्वपूर्ण है- सही कार्यक्रम चुनने से रोजगार अवसरों की एक विस्तृत श्रृंखला के द्वार खुल सकते हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) का सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) का प्रमुख ध्यानाकर्षण सार्वजनिक स्वास्थ्य नीति और विश्व स्तर पर प्रेक्टिस करना हैं।

**एसडीजी 3**

महामारी विज्ञान रोग के कारणों, नियंत्रण और रोकथाम में प्रभावी सार्वजनिक स्वास्थ्य अभ्यास और अनुसंधान दोनों को रेखांकित करने वाला अनुशासन है। महामारी विज्ञान की अवधारणाओं और विधियों का ज्ञान और समझ प्रभावी सार्वजनिक स्वास्थ्य अभ्यास के लिए एक बुनियादी आवश्यकता है और किसी भी अच्छे सार्वजनिक स्वास्थ्य की डिग्री का एक अनिवार्य घटक है।

स्वास्थ्य आवश्यकताओं का आंकलन करना और स्वास्थ्य संबंधी असमानताओं से निपटना भी स्थानीय, राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यों की कुंजी है। सार्वजनिक स्वास्थ्य स्नातकों को कार्यक्रम नियोजन, कार्यक्रमों की निगरानी और मूल्यांकन की समझ की आवश्यकता होती है।

स्वास्थ्य सुरक्षा सार्वजनिक स्वास्थ्य की प्रमुख आधारशिलाओं में से है। संचारी रोगों का नियंत्रण स्वास्थ्य सुरक्षा के प्रमुख कार्यों में आता है और कोविड-19 महामारी के मद्देनजर, विश्व स्तर पर स्वास्थ्य प्रणालियां अपनी नीतियों व प्रक्रियाओं का पुनर्मूल्यांकन कर रही हैं, जिसके लिए प्रतिभाशाली व कुशल सार्वजनिक स्वास्थ्य चिकित्सकों के सहयोग की आवश्यकता होती है।

सार्वजनिक स्वास्थ्य चिकित्सकों को भी क्षेत्रीय, राष्ट्रीय, जिला व सामुदायिक स्तरों पर स्वास्थ्य नीति को प्रभावित करने और उसे आकार देने के जरिए सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत करने में भूमिका निभानी होती है।

> सार्वजनिक स्वास्थ्य चिकित्सकों को भी क्षेत्रीय, राष्ट्रीय, जिला व सामुदायिक स्तरों पर स्वास्थ्य नीति को प्रभावित करने और उसे आकार देने के जरिए सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत करने में भूमिका निभानी होती है।

स्वास्थ्य नीति में करियर बनाने के इच्छुक लोगों के लिए विभिन्न स्वास्थ्य देखभाल संदर्भों में प्रबंधन तथा नेतृत्व सिद्धांतों और शैलियों को कैसे लागू किया जाए, इसकी समझ विकसित करना बेहद उपयोगी हो सकता है। सार्वजनिक स्वास्थ्य एक जटिल और बहुआयामी अनुशासन है- यह कला और विज्ञान दोनों है, और इसमें समाज के व्यापक लाभ के लिए सामाजिक परिवर्तन और स्वास्थ्य व भलाई को बढ़ावा देने की शक्ति है।

विभिन्न क्षेत्रों में योग्य सार्वजनिक स्वास्थ्य चिकित्सकों की मांग है। सूचना विश्लेषक भूमिकाओं, वरिष्ठ सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रबंधन पदों, स्वास्थ्य संवर्धन में विशेषज्ञों और स्थानीय, क्षेत्रीय व राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवाओं में सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों की मांग बढ़ रही है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर, सार्वजनिक स्वास्थ्य स्नातकों को सरकारों, स्वास्थ्य विभागों, विश्वविद्यालयों, अस्पतालों, साथ ही साथ गैर-सरकारी संगठनों में नेतृत्वकारी भूमिका निभाने, सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रम में हस्तक्षेप और मूल्यांकन में, अनुसंधान और नीति-निर्माण में उत्कृष्ट अवसर मिल सकते हैं।

यदि आप सार्वजनिक स्वास्थ्य में करियर बनाने पर विचार कर रहे हैं, तो एक ऐसे पीजी कार्यक्रम की तलाश करें जो राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय संदर्भों में सार्वजनिक स्वास्थ्य गतिविधियों की एक विस्तृत शृंखला को समझने और शुरू करने के लिए आवश्यक अनुसंधान, मूल्यांकन व विश्लेषणात्मक कौशल विकसित करने में आपकी सहायता करे। कुछ संस्थान उन लोगों के लिए ऑनलाइन कार्यक्रम पेश करते हैं जो काम के साथ अध्ययन को जोड़ना चाहते हैं, जबकि अन्य अधिक गहन पूर्णकालिक अध्ययन का अवसर देते हैं, जिससे केवल एक वर्ष में व्यक्ति परास्नातक हो जाता है।

सार्वजनिक स्वास्थ्य शिक्षा प्रत्यायन एजेंसी द्वारा मान्यता प्राप्त कार्यक्रमों की तलाश करें। यह ऐसी उच्च गुणवत्ता वाला कार्यक्रम सुनिश्चित करता है जो विश्व स्तर पर नियोक्ताओं की आवश्यकताओं के काफी अनुरूप बना होता है।

**(लेखक ब्रिटेन के शेफील्ड विश्वविद्यालय, यूके में स्कूल आफ हेल्थ एंड रिलेटेड रीसर्च में विश्वविद्यालय शिक्षक हैं)**

# वैश्विक अनुभव पाने के लिए आवश्यक

रिमोट इंटरनेशनल इंटर्नशिप के कई फायदे हैं। उनमें से कुछ के बारे में विस्तार से बता रहे हैं **सचिन गुप्ता**

कोरोनावायरस ने शिक्षण के पारंपरिक तरीके को बिगाड़ दिया है। बढ़ती अनिश्चितताओं के साथ शिक्षा व काम को ऑनलाइन करना नया सामान्य है और शिक्षण की खाई को पाटने का सबसे अच्छा विकल्प भी। रिमोट वर्किंग या सुदूर रहकर काम करना कैसा दिखता है? रिमोट वर्किंग से तात्पर्य किसी दूरस्थ स्थान से अंतर्राष्ट्रीय अनुभव प्राप्त करना है, वो भी बगैर कार्यालयी समय के दौरान कार्यालय में उपस्थित हुए और बगैर वैश्विक जानकारी प्राप्त किए।



**सचिन गुप्ता**
**चांसलर, संस्कृति विश्वविद्यालय**

रिमोट अंतर्राष्ट्रीय इंटर्नशिप नया सामान्य है जिसके असंख्य लाभ हैं। यह छात्रों को वैश्विक बाजार बनाने और समान विचारधारा वाले साथियों से जुड़ने में मदद करती है जो उनके भविष्य के भागीदार, हितधारक आदि हो सकते हैं, कोई भी अपने अंतरराष्ट्रीय करियर को कहीं से भी शुरू कर सकता है। अंतर्राष्ट्रीय वर्चुअल इंटर्नशिप वैश्विक अनुभव पाने में मदद कर सकती है।

**रोजगार की उच्च संभावना**

एक वैश्विक कंपनी के साथ दूरस्थ इंटर्नशिप आपको कैरियर से संबंधित कौशल प्राप्त करने में मदद करेगी जो आपको भविष्य के नियोक्ताओं के लिए मूल्यवान संपत्ति बनने में मदद कर सकती है, जैसे कि समय प्रबंधन, अंतर-सांस्कृतिक प्रवाह व आत्मानुशासन और रचनात्मकता। आपके रेज्यूमे में संज्ञानात्मक योग्यताएं होने से आपका रेज्यूमे उन्नत हो सकता है जिससे अंततः आपके रोजगार की संभावना बढ़ जाएगी।

**वैश्विक कनेक्टिविटी को बढ़ावा देती है**

रिमोट वैश्विक इंटर्नशिप में भाग लेने से आपको अपने नेटवर्क को व्यापक बनाने में मदद मिल सकती है और आपको अपने स्वयं के वैश्विक परिप्रेक्ष्य को विकसित करने और पोषित करने के लिए प्रोत्साहन मिल सकता है। आप विभिन्न देशों के वैश्विक सहकर्मी समुदाय का हिस्सा बन जाएंगे। आप नई वैश्विक आवश्यकताओं के अनुसार सीखेंगे और दूसरी संस्कृति और उनकी विशिष्ट कार्य प्रथाओं की अधिक समझ और खूबियां जान पाएंगे, कनेक्शन के माध्यम से प्रेरणा और नए विचार प्राप्त करेंगे।

**उन्नत अंतरराष्ट्रीय रोजगार-उपयोगी योग्यताएं सीखते हैं**

जैसा कि हम हर क्षेत्र के संचालन में भारी बदलाव देख सकते हैं। दुनिया भर में कई नियोक्ता अपनी पारंपरिक कार्य प्रणालियों को नए डिजिटलीकृत कार्य वातावरण में बदल रहे हैं। इसलिए, इन इंटर्नशिप में भाग लेने से आपको डिजिटल साक्षरता प्राप्त करने में मदद मिलती है। यह अंततः उन नए कौशल का निर्माण करेगी जो विश्व स्तर पर उपयोग किए जाते हैं। वीडियो कॉन्फ्रेंस में संवाद करना, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से अपना काम प्रस्तुत करना, टीम के साथ ऑनलाइन बातचीत करना आपके समग्र रोजगार कौशल को बढ़ावा देने में मदद करेगा।

**अपने करियर - लक्ष्यों को ढालें**

वर्चुअल ग्लोबल इंटर्नशिप आपके करियर लक्ष्यों में स्पष्टता ला सकती है और आपको यह चुनने में मदद करती है कि कौन सा उद्योग आपके लिए है? आपका चयनित उद्योग कैसे काम करता है? आप अपने लक्ष्यों को परिभाषित कर सकते हैं और तय कर सकते हैं कि अपना समय और प्रयास कहां और क्यों निवेश करना है।

**यात्रा का समय और खर्च बचाएं**

रिमोट इंटर्नशिप आने -जाने को खत्म कर देती है। यदि आप किसी वैश्विक शहर में विदेश में इंटर्नशिप कर रहे हैं, तो अक्सर एक घंटे या उससे अधिक समय तक आना-जाना सामान्य है। घर से काम करने से यात्रा का बड़ा खर्चा कम होता है और समय की भी बचत होती है।

# बिजनेस स्कूल

## वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बन गए

डिजिटलीकरण के कारण देश में व्यावसायिक शिक्षा को नया रूप देने की मांग बढ़ रही है। **प्रोफेसर कीर्ति शर्मा** बता रही हैं कि कैसे भारतीय बी-स्कूल छात्रों को विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनने के लिए तैयार कर सकते हैं




बहुत बार जब मैं ऑनलाइन और मुख्यधारा के प्रिंट मीडिया दोनों में व्यापार और व्यावसायिक शिक्षा से संबंधित लेखों के बारे में पढ़ती हूं, तो कुछ प्रमुख शब्द या कीवर्ड जो मेरे सामने आते हैं : वे हैं टिकाऊ, प्रभावशाली, समाज, प्रतिभा, मूल्य, पोषण, उद्यमशीलता, रचनात्मकता, विशिष्ट, उत्कृष्टता, अनुसंधान, नीति, अभ्यास, निर्णयकर्ता, नेता, प्रदर्शन, संस्कृति, डिजिटल, एआई-एम / सी शिक्षण, स्वायत्तता और डिजाइन-सोच। इसने मुझे सोचने पर मजबूर कर दिया कि एक भारतीय छात्र को विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी माहौल में प्रतिस्पर्धा करने के लिए कौन सी सामग्री और नुस्खा होना चाहिए?

यह फिर मुझे व्यवसाय की डिग्री हासिल करने के मूल सार पर वापस ले आता है। सामान्य तौर पर, अधिकांश लोगों के दो प्राथमिक लक्ष्य होते हैं, जब वे बी-स्कूल में आते हैं - "मैं अमीर बनना चाहता हूं" और "मैं दुनिया में कुछ ऐसा फर्क डालना चाहता हूं जो मायने रखता है"। वर्तमान पीढ़ी दूसरे लक्ष्य के बारे में अधिक चिंतित है, इसलिए यह भारतीय बी-स्कूलों के लिए पारंपरिक पाठ्यक्रम को समकालीन पाठ्यक्रम की ओर ले जाने के प्रति पुनर्विचार करना लगभग अनिवार्य बना देता है।

मेडिकल कॉलेजों में डॉक्टर छात्रों को पढ़ाते हैं और सीनियर पोस्ट ग्रेजुएट छात्र जूनियर को पढ़ाते हैं, इसी तरह एक लॉ स्कूल में - प्रैक्टिस करने वाले वकील उभरते वकीलों को पढ़ाते हैं। लेकिन एक बी-स्कूल में, सभी विद्वानों के पास उद्योग में प्रत्यक्ष नेतृत्व करने और निर्णय लेने का तजुर्बा नहीं होता है। इसलिए भारतीय बी-स्कूल शिक्षा व पाठ्यक्रम में इन चुनौतियों का समाधान करने की आवश्यकता है। मैं भारतीय बी-स्कूलों के लिए निम्नलिखित छह समाधान प्रस्तावित करना चाहती हूं ताकि उनके छात्रों को विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनने के लिए तैयार किया जा सके, जहां भविष्य प्रौद्योगिकी और नवाचार द्वारा आकार दिया गया हो।

**प्रौद्योगिकी केन्द्रित :** बी-स्कूलों के पास अब कार्यात्मक पाठ्यक्रमों में प्रौद्योगिकी से संबंधित विषय नहीं रखने का विकल्प नहीं है। हम एड-टेक, हेल्थ-टेक, एचआर-टेक, फिन-टेक आदि के युग में जी रहे हैं। जैसा कि हम प्रौद्योगिकी की बढ़ती व्यापकता को देखते हैं, इसे बी-स्कूल में मार्केटिंग, वित्त, संचालन, रणनीति, अर्थशास्त्र, सार्वजनिक नीति और निश्चित रूप से सूचना प्रबंधन जैसे समस्त कार्यात्मक डोमेन में कटौती करनी चाहिए।

**उद्योग-संस्थान आप्लावन (इमर्शन) :** व्यावहारिक नेतृत्व या निर्णय लेने का अनुभव नहीं रखने वाले शिक्षक की सीमा का समाधान करने के लिए, पाठ्यक्रम को अनिवार्य ग्रीष्मकालीन-इंटर्नशिप के अलावा इस हस्तक्षेप की अनुमति देनी चाहिए। इससे उन्हें विभिन्न समस्याओं से अवगत होने और उनके विश्लेषणात्मक कौशल में सुधार करने में भी मदद मिलेगी।

**इनक्यूबेशन सेंटर :** एक जीओआई एमएसएमई इन्क्यूबेशन योजना है जिसके तहत वे संस्थानों को उद्यमिता और प्रबंधकीय कौशल विकसित करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करते हैं। बी-स्कूल नए उत्पादों व विचारों को नया करने का अवसर प्रदान कर सकते हैं। वास्तव में इसे "स्वतंत्र अध्ययन के पाठ्यक्रम" के रूप में पेश किया जा सकता है और इसका आकलन किया जा सकता है। यह छात्रों को स्वयं सीखने और विकास यात्रा-पथ तैयार करने की स्वतंत्रता देगा।

**बूट कैंप :** हमने टेक्नोलॉजी बूटकैंप्स को नियोक्ताओं के बीच लोकप्रिय होते देखा है। आज लगभग हर कंपनी टेक्नोलॉजी कंपनी बनती जा रही है। इसलिए बी-स्कूलों को उत्पाद विकास, मूल्य निर्माण, वितरण मॉडल जैसी शिक्षण अवधारणाओं के पारंपरिक तरीकों को बदलने हेतु उनमें विशिष्ट कौशल पर ध्यान केंद्रित करने वाले बूट शिविरों को शामिल करना चाहिए। इसलिए वे बी-स्कूल, जो पाठ्यक्रमों की विस्तृत श्रृंखला में कुछ बूट शिविरों की पेशकश कर सकते हैं, अपने छात्रों के लिए एक प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त बनाएंगे क्योंकि मूल्यांकन मानदंड के कारण इनकी पवित्रता होगी और पूरा होने पर डिग्री का हिस्सा होंगे।

**एआई-डेटा साइंस फोकस :** बैंकों, रेस्तरां, सरकारी कार्यालय से लेकर अस्पतालों तक हर व्यवसाय में किसी न किसी तरह की तकनीक अत्याधुनिकता होती है। इसलिए, भारतीय बी-स्कूलों को विपणन, वित्त, संचालन व रणनीति के कार्यात्मक डोमेन में कुछ इनपुट शामिल करना चाहिए। ऐसे कुछ विषयों में शामिल होना चाहिए : आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग एप्लिकेशन, ब्लॉक-चेन, साइबर-सुरक्षा, ई-कॉमर्स कार्यान्वयन, नवाचार आदि। फील्ड पाठ्यक्रमों को शामिल किया जाना चाहिए जहां विशिष्ट उद्योग में प्रवेश लेने के इच्छुक छात्र एफएमसीजी की उत्पादन इकाइयां या चिकित्सा उपकरण, बैंक, रिफाइनरी, बिजली कंपनी जैसे उद्योगों में वास्तविक समस्याओं और प्रौद्योगिकी के उपयोग को समझ सकते हैं।

**विशिष्ट विकल्प :** बिजनेस स्कूलों को वैश्विक योग्यता-मांग के अनुसार नए समकालीन विकल्प पेश करने चाहिए जैसे कि मार्केटिंग और वित्त में मशीन लर्निंग एप्लिकेशन में विकल्प, ब्लॉक-चेन सर्विस, हेल्थकेयर मार्केटिंग, फूड इनोवेशन, रियल एस्टेट प्रबंधन और निजी इक्विटी प्रबंधन और भारत के साथ व्यापार करना।

इस डिजिटल युग में भारत में व्यावसायिक शिक्षा को नया रूप देने की मांग बढ़ रही है। दुनिया की लगभग एक तिहाई आबादी जेन जेड या जूमर्स पीढ़ी है। ये भविष्य के कार्यबल और नेता भी हैं। छात्रों के लिए वैश्विक प्रतिस्पर्धा में बढ़त बनाने के लिए बी-स्कूलों को सिर्फ विज्ञापन और छात्रवृत्ति से परे ध्यान केंद्रित करना चाहिए। नए मार्गों का निर्माण करने के लिए साहस की आवश्यकता होती है, जो विभिन्न बी-स्कूलों के लिए उनकी क्षमताओं, संसाधनों और स्थान के मुताबिक भिन्न हो सकते हैं। लेकिन डिजिटल तकनीक के कारण यह असंभव नहीं है। भारत को एक फायदा यह है कि हम समूची आर्थिक गतिविधियों के बीच में हैं। भारत के साथ व्यापार करना यूरोप और अमेरिका के सभी समर-स्कूलों में एक लोकप्रिय पाठ्यक्रम है। छात्रों के पास प्रतिस्पर्धा में बढ़त होनी चाहिए क्योंकि वे वहीं बैठे हैं, यह देखने के लिए कि भारत में व्यवसाय कैसे बढ़ रहा है, भारत में नए महारथी कैसे जन्म ले रहे हैं। इसलिए, भारतीय बी-स्कूलों के पास सबसे महत्वपूर्ण लाभों में से एक यह है कि वे वहीं स्थित हैं जहां कार्रवाई होती है। यह सही समय है जब बिजनेस स्कूलों को प्रासंगिक बने रहने के लिए क्रांतिकारी नवाचारों की आवश्यकता है।

**- लेखक एमडीआई गुरुग्राम में एमडीआई मार्केटिंग हैं।**

# सुनहरे कार्यक्रम का लाभ उठाएं

तथाकथित गोल्डन वीजा कार्यक्रम, जो निवेश के जरिए निवास अधिकार प्रदान करते हैं, विदेशी नागरिकों को यूरोपीय देश में कानूनी आवास प्राप्त करने की अनुमति देते हैं जिसके बाद वे कुछ शर्तों के पूरा होने पर उस देश की नागरिकता प्राप्त करते हैं। इन कार्यक्रमों में देश के निवेश लक्ष्यों को पूरा करने के लिए विशिष्ट परिसंपत्तियों व अधिकार क्षेत्र में पूंजी निवेश की आवश्यकता होती है। निवेश आमतौर पर अचल संपत्ति या विनियमित निवेश कोष में करना होता है। ये कार्यक्रम भारतीयों को तेजी से आकर्षक करते जा रहे हैं क्योंकि वे अनेक ऐसे लाभों के द्वार खोलते हैं जो अन्यथा भारतीय नागरिकों की पहुंच में नहीं आते हैं। हालांकि भारत से इन कार्यक्रमों की निरंतर मांग की गयी है, लेकिन कोविड -19 महामारी ने संपन्न भारतीयों को इस मार्ग पर पहले से अधिक गंभीरता से विचार करने के लिए प्रेरित किया है। अपनी भावी पीढ़ियों में निवेश के बतौर, धनी, महत्वाकांक्षी व उद्यमशीलता से प्रेरित समाज इन निवेश कार्यक्रमों के जरिए रेजीडेंसी में निवेश करता है। वे अपनी अगली पीढ़ी के लिए अधिक गतिशीलता व वैश्विक व्यापार पहुंच के बीज बोते हैं ताकि भारत को एक अर्थव्यवस्था के रूप में मजबूत और गौरवमयी बनाया जा सके। 2020 की वैश्विक धन प्रवासन रिपोर्ट के अनुसार, 7000 से अधिक भारतीय एचएनडब्ल्यूआई विदेशों में निवेश करने के इच्छुक थे। भारतीयों के लिए, शिक्षा, रोजगार, व्यावसायिक संभावनाओं, पुरस्कारों, बुनियादी ढांचे, जीवन की गुणवत्ता आदि के उच्च कथित मूल्य पश्चिम में प्रवास हेतु आकर्षक विक्रय बिंदु रहे हैं। उपलब्ध निवेश प्रवास विकल्पों में से, उपमहाद्वीप में यूरोपीय कार्यक्रम एक तीव्रता से बढ़ती मांग बन गए हैं। एक प्रतिष्ठित रिपोर्ट के अनुसार 2020 में, निवेश कार्यक्रमों द्वारा यूरोपीय निवास से संबंधित भारतीयों की पूछताछ में 62 प्रतिशत की वृद्धि हुई और जिसमें से 30 प्रति की वृद्धि उल्लेखनीय स्तर पर मई 2021 के उपरांत रही। सही भी है, क्योंकि 500 साल पहले, पश्चिम अधिक व्यापार के लिए पूर्व की ओर देखता था। यह प्रवृत्ति अब उलट रही है जब पूरब, चीन और भारत सहित पश्चिम में अधिक व्यापार की तलाश में है। इस तरह के व्यापार ने चीन को 30 साल से कम समय में संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोपीय संघ के बराबर बना दिया है। और इसमें कोई शक नहीं कि भारत को वैश्चिक प्रभुत्व के लिए भी यही रास्ता अपनाना चाहिए।

**आकर्षण**-अपना यूरोपीय गोल्डन वीजा हासिल करने वाले निवेशक यूरोपीय नागरिकता पाने का अपना रास्ता खोल लेते हैं। यह निवेशक और उनके परिवार के सदस्यों को -जहां चाहे वहां रहने, काम करने और सेवानिवृत्त होने के लिए - यूरोपीय संघ के समस्त 27 देशों तक की आसान पहुंच उपलब्ध कराता है। निवेशक के बच्चे अपनी पसंद के किसी भी यूरोपीय संघ के देश में यात्रा करने, अध्ययन करने, बसने और काम करने के लिए स्वतंत्र हैं। भारतीयों के लिए, यूरोपीय संघ गर्मजोशी भरा और




स्वागत करने वाला है, और बुलंदियों की प्राप्ति का एक रणनीतिक भागीदार है। यूरोपीय संघ में व्यापक रूप से अंग्रेजी भाषा बोली जाती है और प्रत्येक देश संयुक्त राज्य अमेरिका के विपरीत संस्कृति और विशिष्ट विरासत का प्रतिनिधित्व करता है। भारतीय प्रवासियों और स्थानीय भारतीय दूतावासों द्वारा भारतीय भोजन, संस्कृतियों व उत्सवों को मनाया जाता है। उनके साथ हुई हमारी बातचीत के अनुसार, उदाहरण के लिए, साइप्रस में भारतीय डायस्पोरा के लिए भारतीय उच्चायोग अन्य बातों के अलावा, समुदाय-संचालित उत्सव समारोहों को प्रोत्साहित करता है और उनकी व्यवस्था करता है। अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए यूरोप में एक समृद्ध, अद्वितीय विरासत है। पुर्तगाल, ग्रीस, स्पेन, फ्रांस या इटली का दौरा करते समय आमतौर पर कोई भी चकित रह जाता है। भारत की तरह, यूरोप का इतिहास 2000 वर्षों से भी अधिक पुराना है, पुनः, संयुक्त राज्य अमेरिका के विपरीत। संस्कृति से लेकर कुछ बेहतरीन विश्वविद्यालयों तक, बिना या कम लागत पर सुलभ - रेजीडेंसी कार्यक्रमों में निवेश करने से उन्हें अन्य से आगे रहने की अनुमति मिलती हैं। यूरोप के स्वर्ण वीवीएसए कार्यक्रम भी अन्य की तुलना में काफी ज्यादा सस्ते हैं, और कम समय लेने वाले भी हैं।

**आवश्यकता**-गोल्डन वीजा कार्यक्रम की आवश्यकताएं आवेदन किए जाने वाले देश के आधार पर भिन्न होती हैं। उदाहरण के लिए, पुर्तगाल गोल्डन वीजा, जो वर्तमान में भारतीय नागरिकों के बीच सबसे लोकप्रिय है, के लिए कम से कम पांच लाख यूरो की संपत्ति की खरीद करनी या कम से कम साढ़े तीन लाख यूरो के विनियमित निवेश कोष में निवेश करने की आवश्यकता होती है।

स्पेन, पुर्तगाल या ग्रीस जैसे देश अचल संपत्ति, वैकल्पिक निवेश कोष, कंपनियों, सरकारी बांडों और विशिष्ट उद्योगों में विदेशी पूंजी निवेश करके निवास प्रदान करते हैं। इसके विपरीत, स्विट्जरलैंड, इटली और ऑस्ट्रिया जैसे यूरोपीय संघ के देशों को अधिक सक्रिय निवेश विधियों की आवश्यकता होती है, जैसे कि रोजगार के अवसर पैदा करना।

पुर्तगाल गोल्डन वीजा, यूरोपीय नागरिकता पथ पर चलने के सबसे आसान तरीकों में से एक है। निवेश के अलावा, व्यक्ति को धन के स्रोत की वैधता, स्वच्छ आपराधिक रिकॉर्ड, और निर्दिष्ट निवेश अवधि के लिए खुद को और अपने आश्रितों को बनाए रखने की क्षमता को

साबित करनी होगा। आवेदकों को पुर्तगाल में रहने और काम करने व 5 साल बाद नागरिकता के लिए आवेदन करने का पूरा अधिकार है। न्यूनतम ठहरने की शर्तें बहुत ही संतुलित हैं और सालाना केवल सात दिनों में प्राप्त की जा सकती हैं।

**प्रक्रिया**-अधिकांश प्रक्रियाएं अब डिजिटल रूप से पूरी हो गई हैं। हालांकि, निराशा से बचने के लिए आवेदन प्रक्रिया में मदद करने हेतु एक विश्वसनीय निवेश सलाहकार और आव्रजन वकील को बनाए रखने की सलाह दी जाती है। आवेदन और अनुमोदन प्रक्रिया आमतौर पर छह से नौ महीने के भीतर पूरी हो जाती है। आवेदन के अनुमोदन के बाद, निवेशक को बायोमेट्रिक निवास परमिट प्राप्त होता है, जो फिर कुछ शर्तों को पूरा करने पर नागरिकता प्राप्ति की ओर ले जाता है।

**वैधता**-अलग अलग देशों की अलग अलग वैधता है। हालांकि नवीनीकरण प्रक्रिया विशुद्ध रूप से प्रशासनिक है, मगर नवीनीकरण यह जांचने का प्रयास करता है कि निवेश नियमों के अनुसार किया जा रहा है और परमिट प्राप्त करने पर इसका परिसमापन नहीं किया गया है। पुर्तगाली और स्पेनिश परमिट हर 2 साल में नवीनीकृत किए जाने चाहिए, जबकि ग्रीक और साइप्रस परमिट हर 5 साल में नवीनीकृत किए जाने चाहिए।

**- लेखक आशीष सराफ एरीथा कैपिटल पार्टनर्स के संस्थापक और सीईओ हैं।**